CMYK
www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शुक्रवार, 4 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक – 110 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



राज्य के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस सरकार का साहसिक कदम — पृष्ठ 2
■ हम सब ज़हरीली गैस से भरे गुब्बारे हो गए हैं
■ इंडिया बनाम भारत या इंडिया जो भारत है? — पृष्ठ 6
■ पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ चुपचाप सुरक्षा समझौते को दी मंजूरी
■ कैमरून में बंदूकधारियों ने की आठ मछुआरों की हत्या — पृष्ठ 7
मनोज तिवारी ने क्रिकेट को कहा अलविदा — पृष्ठ 8

# सावन की पहली झड़ी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, किसान खुश



**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में हो रही लगातार वर्षा से किसानों के चेहरे में मुस्कान बिखर गई हैं। वहीं कई क्षेत्रों में पानी के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। प्रदेश में 1 जून से 31 जुलाई तक सबसे अधिक वर्षा 830.1 मिमी सुकमा में हुई है, जो सामान्य से 33 फीसदी अधिक है। सबसे कम वर्षा सरगुजा में 314 मिमी जो सामान्य से 54 फीसदी कम है। वहीं रायपुर में 752.9 मिमी, महासमुंद में 619.8, कोंडागांव में 458.3 मिमी, कांकेर में 577.7 मिमी, राजनांदगांव में 623.4 मिमी, गरियाबंद में 619.2 मिमी, दुर्ग में 589.6 मिमी, बिलासपुर में 577.4 मिमी, बलौदाबाजार में 578 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

प्रदेश में दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर हैं।इसके चलते शहर के मुख्य मार्ग और गली-मोहल्लों में भी पानी भर गया है प्रदेश के कई हिस्सों में रूक-रूककर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आई है।बारिश को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक अभी आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगस्त माह में भरपूर वर्षा होने के आसार है। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### निगम करे नाव की व्यवस्था : चंदेल

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने जलभराव पर कहा कि रायपुर नगर निगम बरसात के दौरान नाव की व्यवस्था करे, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक़्क़त न हो। इसके साथ एसडीआरएफ़ को भी तैनात करे, जिससे गाड़ियों की आवाजाही हो सके।

## बलौदाबाजार सहित कसडोल क्षेत्र में नदी-नाले उफान पर



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदाबाजार सहित कसडोल क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर आ गई है। खेत खलिहान लबालब हो गए हैं जिसके कारण पूरा क्षेत्र जलमग्न दिखाई दे रहा है। बलौदाबाजार स्थित खोरसी नाला में भी उफान के चलते मगरचबा, खैरघटा एवं पाहंदा गावं के समीप पानी पहुंच गया है। जहां लोगो को सावधानी रहने की बात कही गई है। पानी का बहाव देखने नगर के लोगो का भी आवाजाही शाम तक देखा गया। वही कसडोल सिरपुर मार्ग में बल्दाकछार के पास सड़क में पानी आ जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया है।

ज्ञात हो कि बलौदाबाजार एवं कसडोल नगर सहित पूरे अंचल में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है जिसके कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है और जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश से क्षेत्र के छोटे बड़े सभी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# रायपुर, कोरबा और अंबिकापुर में कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी की दबिश



■ दस्तावेजों की जांच जारी

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में एक बार फिर से ईडी के छापे पड़े हैं। रायपुर, कोरबा और अंबिकापुर में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने कारोबारियों के घर दबिश देकर दस्तावेजों की जांच कर रही है। ऐसा कहा जा रहा है जिन कारोबारियों के घर जांच चल रही है वे आईएएस रानू साहू के करीबी हैं।

रायपुर के कचना इलाके में स्वर्णभूमि स्थित रोहित अग्रवाल के घर जांच जारी है। रोहित तेंदूपत्ता के कारोबार से जुड़े हैं। ईडी की टीम सुबह से दस्तावेजों की जांच कर रही है। कोरबा में स्टेशन रोड निवासी पूर्व पार्षद और व्यवसायी शिव अग्रवाल के यहां सुबह 5 बजे से ईडी की टीम ने दस्तक दी। घर के लोग कुछ समझ पाते तब तक टीम ने घर के सभी लोगों को एक कमरे में रखकर कर जांच करना शुरू किया। करीब 5 घंटे तक जांच के बाद ईडी की टीम खाली हाथ वापस लौट गई।

सीतामढ़ी में नवीन टाइल्स और जमीन कारोबारी पवन अग्रवाल के ठिकानों पर भी दस्तावेजों की जांच जारी है।इनके पिताजी शिव अग्रवाल जोगी कांग्रेस से 2018 में विधानसभा चुनाव लड़े थे। अभी तक कार्रवाई का अपडेट सामने नहीं आया है।

कोरबा में ही व्यवसाई रूड़ मल अग्रवाल के घर और दुकान में भी छापा मारा गया है। अधिकारियों के साथ सुरक्षाबल के जवान घर के बाहर निगरानी करते देखे गए। रुड़ मल अग्रवाल के घर कार्रवाई के दौरान अब तक क्या मिला है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इससे पहले बुधवार को ईडी की टीम ने रायगढ़ में सुनील रामदास अग्रवाल के ठिकानों पर कार्रवाई की थी। हालांकि टीम कल ही लौट गई थी।

# दिल्ली बिल लोकसभा में पास

## गृह मंत्री शाह बोले, केंद्र को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकार



■ आप सांसद रिंकू बचे सत्र के लिए निलंबित
■ अब बिल को राज्यसभा में किया जाएगा पेश
■ कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने किया विरोध

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। संसद के मानसून सत्र के 11वें दिन गुरुवार को लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल पास कर दिया गया। वहीं, स्पीकर ओम बिड़ला ने आप सांसद सुशील कुमार रिंकू को बाकी बचे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। रिंकू को निलंबित करने का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी लाए थे। रिंकू पर वेल में आकर कागज फाड़ने का आरोप था। अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

लोकसभा में 2 बजे दिल्ली अध्यादेश विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दलों को गठबंधन का नहीं, दिल्ली का सोचना चाहिए। एक बात तय है कि चाहे कितना भी अलायंस कर लें, सरकार तो नरेंद्र मोदी की ही आ रही है। शाह ने ये भी कहा कि मणिपुर पर जितनी चर्चा चाहें, कर लें, मैं जवाब दूंगा। वहीं इस दौरान कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके सहित अन्य विपक्षी दलों ने बिल का कड़ा विरोध किया। अमित शाह ने विधेयक के पक्ष में तर्क देते हुए सदन में कहा, 'अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को संदर्भित करता है जिसमें कहा गया है कि दिल्ली को लेकर किसी भी मुद्दे पर सरकार को कानून बनाने का अधिकार है।' उन्होंने बताया कि संविधान में भी हमें ये अधिकार दिया गया। अमित शाह ने आगे कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी, राजेंद्र प्रसाद और डॉ. बी.आर. अंबेडकर भी दिल्ली को राज्य का दर्जा दिए जाने के विरोध में थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन को दिल्ली की नहीं सिर्फ अलायंस की चिंता है। ये विधेयक का विरोध राजनीति के लिए कर रहे हैं।

> विपक्षी गठबंधन को दिल्ली की नहीं सिर्फ अलायंस की चिंता है। ये विधेयक का विरोध राजनीति के लिए कर रहे हैं। नेहरू, पटेल भी दिल्ली को राज्य का दर्जा दिए जाने के विरोध में थे : अमित शाह, गृह मंत्री

> शाह के मुंह से नेहरू की तारीफ अच्छी लगी। दिल्ली में ऐसी छेड़खानी होती रहेगी तो आप अन्य राज्यों के लिए भी ऐसे बिल लाते रहेंगे : अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस

# कोयला खदानों की नीलामी से छत्तीसगढ़ को मिले 147 करोड़

## विकासात्मक वृद्धि को सशक्त बनाने और सहायता देने केंद्र सरकार की ठोस पहल

■ झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को भी मिला लाभांश

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कोयला मंत्रालय ने कोयला खानों की नीलामी से प्राप्त 704 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि छह कोयला धारक राज्यों- छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को हस्तांतरित कर दी है।

यह वित्तीय हस्तांतरण इन राज्यों की विकासात्मक वृद्धि को सशक्त बनाने और सहायता देने की एक ठोस पहल है।

704 करोड़ रुपये की आवंटित राशि 18 कोयला खानों के लिए अग्रिम राशि की पहली किस्त का प्रतिनिधित्व करती है, जिनकी वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी के छठे दौर और पांचवें दौर के दूसरे प्रयास के तहत सफलतापूर्वक नीलामी की गई थी।

| राज्य | पहली किश्त |
| --- | --- |
| छत्तीसगढ़ | 147,38,30,625 रु. |
| झारखंड | 130,99,10,684 रु. |
| मध्यप्रदेश | 188,85,92,781 रु. |
| महाराष्ट्र | 18,75,00,000 रु. |
| ओडिशा | 199,81,43,795 रु. |
| प. बंगाल | 18,75,00,000 रु. |

हस्तांतरित की गई राशि का राज्यवार विवरणानुसार कोयला खान विकास और उत्पादन समझौते (सीएमडीपीए) के सुधार ने इस महत्वपूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त किया। सीएमडीपीए के अनुसार, सफल बोलीदाताओं ने कोयला ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जारी हिंसा को आज (3 अगस्त) तीन महीने पूरे हो गए। बिष्णुपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प हुई।

स्थिति को संभालने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले छोड़े। जिसमें 20 महिलाएं घायल हो गईं।




# अब कैबिनेट सेक्रेटरी को मिला सेवा विस्तार

■ लोकसभा चुनाव तक अपने पद पर बने रहेंगे राजीव गौबा



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय मिश्र के सेवा विस्तार पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बावजूद केंद्र सरकार ने कैबिनेट सेक्रेटरी राजीव गौबा को लगातार तीसरी बार एक साल का सेवा विस्तार दे दिया है। अब वे लोकसभा चुनाव तक अपने पद पर बने रहेंगे। झारखंड कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1982 बैच के अधिकारी गौबा को 2019 में उन्हें पहली बार दो साल के लिए कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया था। अगस्त 2021 में सेवा निवृत्ति के बाद उन्हें एक साल के लिए सेवा विस्तार मिला। अगस्त 2022 में उन्हें दूसरी बार एक साल के विस्तार दे दिया गया। अब उन्हें फिर से तीसरी बार सेवा विस्तार मिल गया है। वे लोकसभा चुनाव 2024 तक अपने पद पर बने रहेंगे।

**जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के प्रमुख वास्तुकार -** गौबा को जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 का प्रमुख वास्तुकार माना जाता है। इसी अधिनियम के तहत केंद्र सरकार ने सूबे में लागू धारा 370 को रद्द कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। कैबिनेट सचिव बनने से पहले गौबा केंद्रीय गृह मंत्रालय में सचिव और उससे पहले शहरी विकास मंत्रालय में सचिव थे। यही नहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनाती से पहले वे झारखंड के मुख्य सचिव भी रहे थे।

### राहुल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** 'मोदी उपनाम' मानहानि मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा। उन्होंने इस मामले में उनकी सजा पर निलंबन से गुजरात हाई कोर्ट के इनकार को उच्चतम न्यायलय में चुनौती दी है। तीन न्याधीशों की पीठ पूर्व सांसद की याचिका पर सुनवाई जारी रखेगी।

### ज्ञानवापी मामला अब पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का आदेश दे दिया, लेकिन इस फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इससे पहले श्रृंगार गौरी मुकदमे की मुख्य याचिकाकर्ता राखी सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट पिटीशन दाखिल कर दी। मतलब मुस्लिम पक्ष की याचिका पर किसी फैसले से पहले उनका पक्ष भी सुना जाए। उधर, इस मामले में बौद्ध समाज भी सामने आ गया है। गुरु सुमित रतन भंते ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उनका दावा है कि ज्ञानवापी उनका मठ है। उन्होंने कहा कि देश में तमाम ऐसे मंदिर हैं, जो बौद्ध मठों को तोड़कर बनाए गए हैं। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को अंजुमन

### 16 अगस्त से दोबारा लोगों के लिए खुलेगा 'अमृत उद्यान'

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान (मुगल गार्डन) दूसर बार आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। आमतौर पर यह उद्यान प्राय: फरवरी माह में एक महीने के लिए खोला जाता है। लेकिन इस साल यह 16 अगस्त से दोबारा लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

## अनुच्छेद 370 हटाने के 5 साल बाद भी हिंसा से नहीं मिली मुक्ति

# औसतन रोजाना एक मौत को देख रहा कश्मीर

**जम्मू,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। इस महीने की पांच तारीख को कश्मीर में जिस अनुच्छेद 370 को हिंसा का प्रमुख कारण बताते हुए हटा दिया गया था उसके 5 साल बीत जाने के बाद भी कश्मीर को हिंसा से मुक्ति नहीं मिल पाई है। हिंसा में कमी तो है पर आज भी कश्मीर प्रतिदिन एक मौत को देखने को मजबूर है। इसकी पुष्टि खुद सरकारी आंकड़े करते थे। सरकारी आंकड़े बताते थे कि 2019 से लेकर 1 अगस्त 2023 तक के 5 साल के अरसे में कश्मीर ने 1277 मौतें देखी हैं। इनमें हालांकि सबसे बड़ा आंकड़ा आतंकियों का ही था जिनके विरूद्ध कई तरह के आप्रेशन चला उन्हें मैदान से भाग निकलने को मजबूर किया गया लेकिन नागरिकों व सुरक्षाबलों की मौतें भी यथावत हैं। आंकड़े कहते थे कि 819 आतंकी इस अवधि में ढेर कर दिए गए। तो इसी अवधि में 222 सुरक्षाकर्मियों को शहादत देकर इस सफलता को प्राप्त करना पड़ा। आतंकियों द्वारा नागरिकों को मारने का सिलसिला भी यथावत जारी था। हालांकि पुलिस के दावानुसार, इस अवधि में कोई भी नागरिक कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया के दौरान नहीं मारा गया बल्कि इन 5 सालों में जो 236 नागरिक मारे गए उन्हें आतंकियों ने ही मार डाला। इतना जरूर था कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आतंकियों के सबसे अधिक हमले प्रवासी नगरिकों के साथ साथ हिन्दुओं पर भी हुए हैं। जो लगातार जारी हैं। पिछले साल पांच अगस्त की बरसी की पूर्व संध्या पर भी आतंकियों ने पुलवामा मे ग्रेनेड हमला कर एक बिहारी श्रमिक की जान ले ली थी। अगर इन आंकड़ों पर जाएं तो कश्मीर ने प्रतिदिन औसतन एक मौत देखी है और आतंकियों व अन्य मौतों के बीच 2:1 का अनुपात रहा है।

# देश

उवाच "

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को बुलाने की मांग करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही जब शुरू हो तो पीठासीन के पद पर वे स्पीकर साहब (ओम बिरला) को देखना चाहते हैं, स्पीकर हमारे कस्टोडियन है, उनको बुलाकर पद पर बैठाइए, जो भी मसला है, हम आपस में समाधान कर लेंगे:- **अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 25.2 |
| मुंबई | 30.8 | 26.8 |
| कोलकाता | 34.5 | 26.6 |
| चेन्नई | 39.8 | 28.0 |

# राज्य के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस सरकार का साहसिक कदम

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य में कांग्रेस सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में कैबिनेट ने राज्य हित में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने 3 जुलाई से विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में कुछ आवश्यक बदलाव शुरू करने की प्रक्रिया शुरू की है। 21 तारीख तक कैबिनेट में विचार-विमर्श के बाद कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों को पेश और तौला जा चुका है और राज्यपाल ने भी राज्य सरकार के इन विधेयकों को स्वीकार कर अपनी सहमति दे दी है। सरकारों द्वारा समय-समय पर जनसंख्या और सामाजिक परिस्थितियों पर विचार करने के बाद आवश्यक संशोधन करके विधेयक पेश करने की प्रथा है। इस बार कांग्रेस सरकार अति पिछड़ों, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसने नागरिक विधेयक पेश किए हैं जो दलित और शोषित समुदायों को आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रूप से मुख्यधारा में



■ मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में कैबिनेट ने राज्य हित में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए

लाने से संबंधित हैं। 5 जुलाई से 18, 19, 20 और 21 जुलाई तक पेश किये गये विधेयक दोनों सदनों में सर्वसम्मति से पारित किये गये। 1 जुलाई को नौ महत्वपूर्ण विधेयकों को राज्यपाल ने भी मंजूरी दे दी। हालांकि विधेयकों पर विभिन्न तरीकों से चर्चा की गई, कानून मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अर्थशास्त्री, बुद्धिजीवी और राज्य के लोग अपना विश्वास व्यक्त करेंगे। एच.के.पाटिल ने आगे कहा है, कानूनी विशेषज्ञ, समाज सुधारक और सभी समुदायों के नेता इस विधेयक के पक्ष में हैं, जिसे राज्य के हित में पेश किया गया है। वहीं जिन लोगों ने सोचा था कि राज्य में गारंटी कार्ड योजना की घोषणा के बाद कुछ होगा, उन्हें झटका लगा है। ?

ऐसा कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की इच्छा के अनुरूप कानून मंत्री एचके पाटिल द्वारा समीक्षा और पेश किए गए बिल लोगों द्वारा स्वीकार किए जाएंगे। कर्नाटक विनियोग अधिनियम, 2023 के तहत कानून मंत्री एच के पाटिल ने नौ महत्वपूर्ण विधेयकों की समीक्षा की है। चालू वित्तीय वर्ष में भुगतान के खर्चों पर लंबी चर्चा हुई है. सरकार ने कहा कि यह विधेयक राज्य की संचित निधि से विनियोग के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 204 के प्रावधानों के अनुसार पेश किया गया है।

## कर्नाटक सीएम मिले राजनाथ सिंह से, दशहरा के दौरान एयर शो की मांग

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उनसे प्रसिद्ध दशहरा उत्सव के दौरान एक एयर शो आयोजित करने का अनुरोध किया। रक्षा मंत्री को सौंपे गए एक पत्र में मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रसिद्ध मैसूरु दशहरा उत्सव कर्नाटक की भव्यता का प्रदर्शन करता है। पत्र में कहा गया, '2017 और 2019 में, दशहरा उत्सव को मैसूर के टॉर्चलाइट परेड ग्राउंड में भारतीय वायु सेना द्वारा प्रदर्शित एक विशेष एयरशो का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसने हजारों पर्यटकों और कन्नडिगाओं का ध्यान आकर्षित किया। अनुरोध है कि कृपया निर्देशित करें कि मैसुरू में नादहब्बा दशहरा 2023 के दौरान पहले की तरह ही 'एयर शो' हो।' सिद्दारमैया ने खुद यह पत्र राजनाथ सिंह को सौंपा। बाद में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से उनके कार्यालय में मुलाकात की और बातचीत की। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की और बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे की कमियों पर चर्चा की। गडकरी ने उन्हें समस्याओं के समाधान के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेजने का आश्वासन दिया। सिद्दारमैया ने राज्य के लिए स्वीकृत की जाने वाली नौ विभिन्न परियोजनाओं का एक पत्र भी गडकरी को सौंपा।

स्कूल नौकरी मामला

## ईडी का दावा, सुजय भद्र ने अवैध कमाई के लिए रिश्तेदारों के बैंक खातों का किया इस्तेमाल

**कोलकाता,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल में स्कूल भर्ती मामले के मुख्य आरोपी सुजय कृष्ण भद्र ने गलत कमाई के पैसे को इधर-उधर करने के लिए अपनी बेटी और दामाद के बैंक खाते का इस्तेमाल किया। 28 जुलाई को कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में प्रस्तुत आरोपपत्र में ईडी के अधिकारियों ने कहा कि एक ओर जहां भद्र ने आय का एक हिस्सा अपनी बेटी और बेटे के नाम पर संपत्ति खरीदने में इस्तेमाल किया - दूसरी ओर, ससुराल वालों ने अपराध की रकम को ठिकाने लगाने के लिए अपने करीबी रिश्तेदारों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने दक्षिण कोलकाता के एक पॉश इलाके में 2.5 करोड़ रुपए के एक आवासीय फ्लैट का उल्लेख किया है जो आरोपी के दामाद के नाम पर पंजीकृत है। फ्लैट खरीदने के लिए धनराशि का एक हिस्सा, जैसा कि आरोप पत्र में उल्लिखित है, वेल्थ विजार्ड नामक एक कॉर्पोरेट इकाई द्वारा दिए गए ऋण के रूप में दिखाया गया था, जहां भद्र प्रमुख शेयरधारक थे। 28 जुलाई को पेश की गई चार्जशीट में कॉर्पोरेट इकाई का भी नाम दिया गया है। ईडी के अधिकारियों को भद्र और उनके करीबी रिश्तेदारों के नाम पर कई बैंक खातों का पता चला है, जिनमें कई फर्जी आवक और जावक प्रेषण शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने पहले ही भद्र और उनके करीबी रिश्तेदारों के नाम पर 'संदिग्ध' संपत्ति को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। केंद्रीय एजेंसी द्वारा पहले ही भद्र और उनके करीबी सहयोगियों से जुड़े कई बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं।



## संसद से

### अधिवक्ता संशोधन विधेयक राज्यसभा से पारित

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। न्यायिक परिसरों को दलालों से मुक्त करने वाला अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2023 गुरुवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। यह विधेयक एक अगस्त को सदन में पेश किया गया था और इससे अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन होगा। सदन में संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि इस विधेयक से वकीलों और मुवक्किलों के बीच दलालों से मुक्ति पाने में मदद मिलेगी। इससे लीगल प्रैक्टिशनर्स एक्ट 1869 में दलालों से संबंधित कुछ प्रावधानों का रद्द करेगा। श्री मेघवाल ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के लिए बीमा दायरे में लाने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि विधेयक में उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय, सत्र न्यायालय, जिला मजिस्ट्रेट और राजस्व अधिकारी अपने परिसरों में दलालों की सूची बना सकेंगे और उनका प्रवेश प्रतिबंधित कर सकेंगे। दलाल पर 500 रुपए का जुर्माना या तीन महीने की कैद की सजा या दोनों सजा दी जा सकेगी।

### प्रेस एवं नियत कालिक पत्रिका निबंधन विधेयक पारित

राज्यसभा ने आज प्रेस एवं नियत कालिक पत्रिका निबंधन विधेयक 2023 को आज ध्वनिमत से पारित कर दिया जिसमें पत्रिकाओं के लिए पंजीयन कराने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इसमें ऐसा प्रावधान किया गया है कि आतंकी गतिविधियां या अवैधानिक गतिविधियों के लिए सजायाफ्ता और राष्ट्रीय सुरक्षा के विरुद्ध गतिविधि चलाने वाले को पत्रिका प्रकाशन की अनुमति नहीं मिलेगी। बगैर पंजीयन के पत्रिका के प्रकाशन पर पांच लाख रुपए तक का जुर्माना होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज इस विधेयक पर हुयी चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि प्रेस एवं बुक्स निबंधन कानून 1867 के स्थान पर यह विधेयक लाया गया है। इसमें गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पाने के लिए लाया गया है। उस समय अंग्रेज अपने सुविधा के अनुसार कानून बनाते थे लेकिन अब इसमें सुगमता लाने के लिए कई बदलाव किये गये हैं। उन्होंने कहा कि अब तक जिला मजिस्ट्रेट से टाइटल जारी किया जाता था जिसमें आमतौर पर छह महीने का समय लगता था। अब इस कानून में ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था की गयी है और 60 दिनों में स्वतः ही टाइटल को मंजूरी मिल जायेगी।

### अपतटीय क्षेत्र खनिज संशोधन विधेयक पर संसद की मुहर

राज्यसभा ने खनिज क्षेत्र में सुधारों को आगे बढाने वाले अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास और विनिमयमन) संशोधन विधेयक 2023 को गुरूवार को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है जिससे इस पर संसद की मुहर लग गयी है। भोजनावकाश के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने जैसे ही विधेयक पर चर्चा शुरू करायी विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग की। उनकी मांग न माने जाने के कारण समूचे विपक्ष के सदस्य कुछ देर नारेबाजी करने के बाद सदन से बहिर्गमन कर गये। खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि समुद्री क्षेत्रों में खनन का विनियमन करने वाले इस विधेयक को 2002 के अधिनियम में संशोधन के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि विधेयक में पर्यावरण, जैव विविधता और खनन क्षेत्रों के आस पास रहने वाले लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रावधान किया गये हैं ।

## सार संक्षेप

### गुवाहाटी में बुजुर्ग की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम पुलिस ने गुवाहाटी में मस्जिद जा रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या में शामिल होने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान जावेद अली के रूप में हुई और यह घटना 27 जुलाई को शहर के हतीगांव इलाके में हुई। जबकि तीन संदिग्धों दारोग अली, महिबुल इस्लाम और नूर मोहम्मद को बारपेटा जिले के बागबोर इलाके में एक पुलिस अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। 'बोगा' नाम के चौथे आरोपी को टेटेलिरताल से हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, दारोग अली को विश्वसनीय जानकारी के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ करने के बाद अन्य तीनों को पकड़ा गया।

### राष्ट्रपति पांच को जाएंगी तमिलनाडु में मदुमलाई टाइगर रिजर्व

चेन्नई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच अगस्त को मदमुआलाई टाइगर रिजर्व (एमटीआर) में थेप्पाकाडु हाथी शिविर पहुंचेंगी। उनकी यात्रा के मद्देनजर, राज्य वन विभाग ने गुरुवार से दो दिनों के लिए एमटीआर के पास रिसॉर्ट्स और लॉज को बंद करने का आदेश दिया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यदि रिसॉर्ट और लॉज चालू रहेगा, तो इससे यातायात जाम हो जाएगा, क्योंकि पर्यटक वाहन इस मार्ग से गुजरेंगे। वन विभाग ने पर्यटकों द्वारा फॉरेस्ट गेस्ट हाउस के लिए की गई अग्रिम बुकिंग को रद्द कर दिया है और राशि वापस कर दी है। राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर से मसाईनागुड़ी पहुंचने का कार्यक्रम है।

### ठाणे कॉलेज में एनसीसी छात्रों पर क्रूरता से बरसाये डंडे, एनसीपी ने की कार्रवाई की मांग

मुंबई/ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में विद्या प्रसारक मंडल के कॉलेज में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के लिए प्रशिक्षण ले रहे कुछ छात्रों को कथित तौर पर सजा के तौर पर पाश्चिक तरीके से डंडे बरसाये गए। एक अज्ञात वरिष्ठ एनसीसी प्रशिक्षक द्वारा जूनियर छात्रों की क्रूर पिटाई का एक कथित वीडियो गुरुवार को सामने आया, जिसने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृहनगर ठाणे में लोगों को सदमे में डाल दिया है। इस वीडियो पर कोई तारीख नहीं है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता जितेंद्र अवहाद ने कथित घटना पर दुःख व्यक्त किया और मांग की कि सरकार को मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। आव्हाड ने मुंबई में मीडियाकर्मियों से कहा, 'यह अविश्वसनीय है... ऐसा हो रहा है... हम इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं।'

## स्टालिन 18 को मछुआरा समुदाय के साथ करेंगे बातचीत

**चेन्नई,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। महत्वपूर्ण मुद्दों को सुलझाने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन 18 अगस्त को रामनाथपुरम में मछुआरा समुदाय के साथ बातचीत करेंगे। यह बैठक श्रीलंकाई नौसेना द्वारा राज्य के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी और उनकी नौकाओं को जब्त करने पर हस्तक्षेप की लगातार मांग के बीच हो रही है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर बात करेंगे। 2020 से श्रीलंकाई नौसेना ने 619 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 83 नौकाएं जब्त की। 83 नावों में से 67 अभी भी श्रीलंकाई नौसेना के कब्जे में हैं। मुख्यमंत्री ने पहले नावों की मरम्मत कार्यों के लिए 6 करोड़ रुपए के मुआवजे पैकेज की घोषणा की थी। इस बीच, राज्य की सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार भी कच्चातीवू द्वीप को वापस हासिल करने पर जोर दे रही है, जो वर्तमान में श्रीलंकाई प्रशासन के अधीन है। पिछले महीने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की नई दिल्ली यात्रा से पहले, स्टालिन ने कच्चाथीवू मुद्दे और मछुआरों की गिरफ्तारी के संबंध में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था। इस बीच, स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार बुनियादी ढांचे के विकास और मछली पकड़ने के बुनियादी ढांचे के उन्नयन को भी बड़ा बढ़ावा दे रही है। नागपट्टिनम जिले के अरुकोटुथुराई और वेल्लापलम में मछली पकड़ने के बंदरगाह का निर्माण किया जा रहा है।



## किसानों की कर्जमाफी के फैसले पर मुख्यमंत्री को विधायकों ने दी बधाई

**हैदराबाद,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा के गुरुवार से शुरू हुए सत्र के दौरान विधायकों ने मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव से उनके कक्ष में मुलाकात की और तेलंगाना के किसानों के कल्याण के लिए फैसले लेने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने हाल ही में कैबिनेट द्वारा लिए गए कई फैसलों के साथ-साथ कल लिए गए किसान कर्जमाफी के फैसले पर भी मुख्यमंत्री को बधाई दी। मुख्यमंत्री केसीआर ने बुधवार को 19 हजार करोड के किसानों के कर्जमाफी का आदेश दिया था। इस विषय पर वृहस्पतिवार को विधानसभा स्थित सीएम चैंबर में राज्य के सभी संयुक्त जिलों के मंत्रियों, विधायकों और जन प्रतिनिधियों ने मख्यमंत्री को फूल भेंट किए और जिलों के सदस्य के रूप में मुख्यमंत्री केसीआर के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने किसानों की ओर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले कृषि मंत्री सिंगीरेड्डी निरंजन रेड्डी ने मुख्यमंत्री के आने का इंतजार किया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। कृषि मंत्री ने किसानों का कर्ज माफ करने के लिए कृषि विभाग और तेलंगाना के किसानों की ओर से मुख्यमंत्री केसीआर को धन्यवाद दिया।

■ मुख्यमंत्री केसीआर ने बुधवार को किसानों के 19 हजार करोड के कर्जमाफी का दिया आदेश

इस अवसर पर विधायकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य भर में सभी किसान परिवार जश्न मना रहे हैं। उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार एक बार फिर खेतिहर किसानों की पक्षधर बनकर खड़ी हो गई है, मुख्यमंत्री केसीआर एक बार फिर किसानों के हितैषी बनकर खड़े हो गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री केसीआर को मंत्री हरीश राव के अधीन मेडक जिले के विधायक, मंत्री गुंटकंदला जगदीश रेड्डी के अधीन नलगोंडा जिले के विधायक, मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी के अधीन निज़ामाबाद जिले के विधायक, , मंत्री सत्यवती राठौड़, मंत्री कोप्पुला ईश्वर, गंगुला कमलाकर, केटीआर के तहत करीमनगर जिले के संयुक्त विधायक, श्रीनिवास गौड़, आदिलाबाद जिले के संयुक्त विधायक मंत्री इंद्रकरण रेड्डी, मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी के नेतृत्व में आदिलाबाद जिले के संयुक्त विधायकों, मंत्री महमूद अली, श्रीनिवास यादव के नेतृत्व में हैदराबाद के विधायकों और कई अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री केसीआर के प्रति आभार व्यक्त किया।



## अमरनाथ यात्रा में लंगर वालों ने समेटना शुरू किया अपना बोरिया बिस्तर



■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। अमरनाथ यात्रा में अब शामिल होने वालों की संख्या नगण्य होने का परिणाम है कि श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे लंगरवाले परेशान हो गए हैं। उनकी परेशानी का कारण यात्रियों की अनुपस्थिति में उनका खराब हो रहा भोजन है। और उन्हें लंगर लगाने की अनुमति इन्हीं शर्तों पर मिली थी कि जब तक यात्रा जारी रहेगी, उन्हें लंगर खुला रखना होगा। हालांकि इस बार जिन 123 संस्थाओं को लंगर लगाने की अनुमति दी गई थी उनमें से आधे से अधिक यात्रा के ढलान पर आते ही अपना बोरिया बिस्तर बांध कर गुम हो चुकी हैं। बचे हुए में से 50 परसेंट भी जल्द से जल्द अपने लंगरों को बंद कर देना चाहते हैं। ऐसे में अगर अधिकतर लंगर बंद हो जाते हैं तो सबसे बड़ी परेशानी उन श्रद्धालुओं को पेश आने वाली है जो अभी भी यात्रा में शिरकत कर रहे हैं। हालाकि अब प्रतिदिन शिरकत करने वालों का आंकड़ा दो से तीन हजार के आंकड़े को पार नहीं कर पा रहा है। ऐसे में बचे खुचे लंगरवालों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे अपनी व्यवस्थएं अगले आदेश तक बनाए रखें। ऐसे में बाबा बर्फानी लंगर संगठन के प्रधान राजन गुप्ता कहते थे कि हम पहले भी अमरनाथ यात्रा की अवधि को सीमित करने की मांग करते आए हैं क्योंकि पिछले कई सालों से यह देखा जा रहा है कि अमरनाथ यात्रा के प्रतीक हिमलिंग के पिघलते ही यात्रा ढलान पर आ जाती है औरफिर श्रद्धालुओं की तलाश करनी पड़ती है। अमरनाथ यात्रियों की संख्या में कमी आने के कई अन्य कारणों में जम्मू-पठानकोट नेशनल हाईवे पर दो पुलों को बंद कर दिए जाने से बनी अव्यवस्था के अतिरिक्त हिमलिंग का पिघल जाना भी शामिल है। पिछले साल भी खराब मौसम के कारण कई दिन पहले ही यात्रा की समाप्ति की घोषणा कर दी गई थी और फिर रक्षाबंधन के दिन छड़ी मुबारक की स्थापना की औपचारिकता निभाई गई थी। इस बार यह यात्रा 31 अगस्त तक रक्षाबंधन के दिन तक चलनी है और प्रशासन की परेशानी यह है कि वह 2 से 3 हजार के बीच शामिल हो रहे श्रद्धालुओं के लिए अभी भी 2 लाख के करीब सुरक्षाकर्मियों को सुरक्षा के लिए तैनात किए हुए है।

■ 123 में से आधे से ज्यादा बंद हुए, बाकी भी बंद करने की अनुमति चाहते हैं

## दूसरे व्यक्ति को जीवन दान से बड़ी मानवता की सेवा नहीं हो सकती: डॉ. मांडविया

■ डॉ कला अय्यर

**नई दिल्ली,** 3 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को नई दिल्ली में 13वें भारतीय अंगदान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि भारत में पिछले एक दशक में अंग दान की दर तीन गुना हो गई है।

मंडाविया ने कहा, '2013 में 5,000 की तुलना में अब देश में सालाना 15,000 से अधिक अंग दान किए जाते हैं, किसी अन्य व्यक्ति को जीवन देने से बड़ी मानवता की सेवा नहीं हो सकती है। 13वां अंगदान दिवस समारोह मृत दाता परिवारों को उनके प्रियजनों के अंग दान करने के साहसिक निर्णय के लिए सम्मानित करने, मृत अंग दान पर जागरूकता फैलाने और अंग दान और प्रत्यारोपण के क्षेत्र में काम करने वाले चिकित्सा पेशेवरों के योगदान को मान्यता देने के लिए उन्हें पुरस्कार देकर आयोजित किया गया था।



समारोह को संबोधित करते हुए डॉ मंडाविया ने कहा कि उन सभी लोगों के योगदान को पहचानना और उनकी सराहना करना महत्वपूर्ण है जो इस प्रयास का हिस्सा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने देश में अंगदान बढ़ाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अंग दाताओं के लिए छुट्टी की अवधि 30 दिन से बढ़ाकर 60 दिन कर दी गई है, 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी गई है और अंग दान की प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार देश में अंग दान को लोकप्रिय बनाने के लिए और अधिक नीतियां और सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस वर्ष आज़ादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में, अंग दान के लिए जागरूकता अभियान 'अंगदान महोत्सव' शुरू किया गया है।

केंद्र सरकार के मंत्रालयों, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, अस्पतालों, संस्थानों और मेडिकल कॉलेजों, गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी के साथ अंगदान महोत्सव पूरे देश में शहर से लेकर गांव स्तर तक जुलाई 2023 को अंग दान माह के रूप में मनाया गया।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय : स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह उनको सुपुर्द नहीं की जा सकी और अतएव एतद्द्वारा उनको को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/ सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | पवन कुमार ताम्रकार (कर्जदार), दुर्गेश देवी ताम्रकार (सह-कर्जदार), वार्ड नंबर 30, तामेर पारा, निकट होटल मान, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001/ एलएचआरपीआर00001448775 | मौजा ग्राम कोहका, वार्ड नंबर 7, दुर्गा नगर, फ्लैट नंबर सी-403, पीएचएन 14/19, खसरा नंबर 2146, 2147 आरएनएम दुर्ग आशीर्वाद अपार्टमेंट कोहका भिलाई-491443. चौहद्दी - उत्तर : लॉबी, दक्षिण : खुला क्षेत्र,, पूरब : फ्लैट नंबर सी-403, पश्चिम : खुला | 12-07-2023 रू. 20,52,437/- | 04-07-2023 |
| | पवन कुमार ताम्रकार (कर्जदार), दुर्गेश देवी ताम्रकार (सह-कर्जदार), वार्ड नंबर 30, तामेर पारा, निकट होटल मान, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001/ एलएचआरपीआर00001448834 | मौजा ग्राम कोहका, वार्ड नंबर 7, दुर्गा नगर, फ्लैट नंबर सी-403, पीएचएन 14/19, खसरा नंबर 2146, 2147 आरएनएम दुर्ग आशीर्वाद अपार्टमेंट कोहका भिलाई-491443. चौहद्दी - उत्तर : लॉबी, दक्षिण : खुला क्षेत्र,, पूरब : फ्लैट नंबर सी-403, पश्चिम : खुला क्षेत्र, | 12-07-2023 रू. 99,554.92/- | 04-07-2023 |
| | शीतल राकेश जैन (कर्जदार), राकेश भबूतमल जैन (सह-कर्जदार), बी 202 ओम कॉम्प्लेक्स फाफाडीह, रायपुर, रायपुर-492001/ एलएचआरपीआर00001299766 | फ्लैट नंबर बी 102, ब्लॉक पीएचएन 28 मैत्री छाया, ग्राम धनोरा दुर्ग, खसरा नंबर 85 63 1 64 1 दुर्ग-491001. चौहद्दी - उत्तर : फ्लैट नंबर 101, दक्षिण : खुला आकाश, पूरब : फ्लैट खुला आकाश, पश्चिम : जीना | 18-07-2023 रू. 29,71,069/- | 31-01-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को उक्त बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

तिथि : 04-08-2023
सीन : दुर्ग

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड



HIRA
HIRA FERRO ALLOYS
हीरा फेरो एलॉयज लिमिटेड

39 वीं वार्षिक आम सभा के नोटिस, ई वोटिंग सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि,

1. कंपनी की 39 वीं वार्षिक आम सभा (ए.जी.एम) सोमवार, 28 अगस्त, 2023 को प्रातः 11:30 बजे (भारतीय मानक समय), दूसरी मंजिल पर, हीरा आर्केड नए बस स्टैंड के पास, पंडरी, रायपुर में सामान्य और विशेष व्यवसाय को लेन-देन करने के लिए, जैसा कि, एजीएम सूचना दिनांक 8 मई, 2023 में निर्धारित किया गया है।
2. कंपनी की ए.जी.एम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट- 2022-23 के लिए, कंपनी की वेबसाइट www.hiraferroalloys.com और एनएसडीएल www.evoting.nsdl.com की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
3. निर्णायक तिथि 21 अगस्त ,2023 को जिन अंशधारकों ने अंश भौतिक रूप में या डीमैट रूप में रखे है, वह अपने मत का प्रयोग आम और विशेष व्यापार जैसा की एजीएम के नोटिस दिनांक 8 मई, 2023 में बताया गया है, वह नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से, अपना मत डाल सकते हैं। सदस्यों को सूचित किया जाता है कि (अ) एजीएम की वार्षिक रिपोर्ट और नोटिस गुरुवार, 3 अगस्त, 2023 को ई-मेल के माध्यम से प्रेषित किया गया है (ब) इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया शुक्रवार, 25 अगस्त, 2023 प्रातः 09:00 (भारतीय मानक समय) से शुरू होगी और रविवार, 27 अगस्त, 2023 को शाम 5.00 बजे (भारतीय मानक समय) पर समाप्त होगी और उसके पश्चात मतदान की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी (स) सदस्य एजीएम में मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं।
4. यदि कोई व्यक्ति जो सूचना के प्रेषण (21 जुलाई, 2023) के बाद कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कट ऑफ डेट (21 अगस्त, 2023) पर शेयर रखता है, वे व्यक्ति अपने डीपी आईडी और ग्राहक आईडी या फोलियो नं के साथ evoting@nsdl.co.in और rnt.helpdesk@linkintime.co.in और mohit.chande@hfal.in पर एक अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड, मतदान की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या/ शिकायतों के मामले में लॉगिन आदि से संबंधित सूचना प्राप्त कर सकते हैं।
5. व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है कट-ऑफ की तारीख तक, केवल उन व्यक्तियों को ए.जी.एम में मतदान के साथ-साथ दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा।
6. सदस्य, दूरस्थ ई-मतदान द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद भी सभा में भाग ले सकते है किंतु उन्हे सभा में पुनः मत देने की अनुज्ञा नहीं होगी।
7. सदस्यों से अनुरोध है की वह मतदान की प्रक्रिया के लिए ए.जी.एम के नोटिस दिनांक 8 मई, 2023 एवं एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनका अनुपालन करे।
8. मतदान की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या/ शिकायतों के मामले में लॉगिन आदि से संबंधित (अ) सदस्य जिनका डीमैट खाता एनएसडीएल के साथ है वे हेल्पडेस्क evoting@nsdl.co.in और टोल फ्री नंबर 1800-1020-990 और 1800-22-4430 में संपर्क कर सकते है। (ब) सदस्य जिनका डीमैट खाता सीडीएसएल के साथ है वे helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजे या 022-23058738 और 022-23058542-43 पर संपर्क कर सकते है।

स्थान : रायपुर
दिनांक : 03.08.2023

कृते, हीरा फेरो एलॉयज लिमिटेड
हस्ता.
मोहित चान्दे, कंपनी सचिव

## कवच की कार्यप्रणाली पर मुख्य रूप से फोकस कर रहा है रेलवे

**कोटा।** भारतीय रेलवे दुर्घटनाओं को टालने के लिए वर्तमान में सम्पूर्ण भारतीय रेल में कवच (ट्रेन कोलीजन अवाइडेड सिस्टम) की कार्यप्रणाली पर मुख्य रूप से फोकस किया जा रहा है। अधिकारिक सूत्रों ने आज बताया कि इस अभियान के तहत कोटा मंडल के अंतर्गत विधुत लोको शेड तुगलकाबाद में नवाचार कार्य नियमित रूप कार्य किये जाते है। इसी के तहत बुधवार को रेलवे बोर्ड सलाहकार अरुण सक्सेना ने कवच की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। सक्सेना ने कवच (ट्रेन कोलीजन अवाइडेड सिस्टम) के इन्स्टालेशन एवं संचालित करने के बारे मे आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिये। साथ ही अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों से मुलाक़ात कर फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान।

## 'परिणीति' पर तन्वी डोगरा बोलीं : 'नीति' की परतें खोलने की यह यात्रा अविश्वसनीय रही



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। 'परिणीति' के हर एपिसोड में अभिनेत्री तन्वी डोगरा ने नीति के किरदार को सहजता से प्रदर्शित किया है। हालांकि, आगामी ट्रैक में उनके किरदार का एक काला पक्ष सामने आएगा। यह शो परिणीत कक्कड़ (आंचल साहू द्वारा अभिनीत), नीति जुनेजा (तन्वी) और संजू उर्फ राजीव (अंकुर वर्मा द्वारा अभिनीत) के आपस में जुड़े जीवन पर केंद्रित अपनी मनोरंजक कहानी के साथ दर्शकों को एक भावनात्मक रोलर-कोस्टर पर ले जा रहा है।

यह शो जैसे-जैसे प्यार, दोस्ती और भाग्य की जटिलताओं पर प्रकाश डालता है, एक पात्र विशेष रूप से, सामने आया है, जिसने दर्शकों को उसके बहुमुखी चित्रण से आश्चर्यचकित कर दिया है। नीति के रूप में तन्वी ने चरित्र में एक निर्विवाद आकर्षण लाया है। आगामी ट्रैक किसी भी कीमत पर अपनी शादी की रक्षा करने के उसके दृढ़ संकल्प को प्रकट करेगा, भले ही इसके लिए परिणीत के साथ उसकी दोस्ती को खतरे में डालना पड़े।

### एआई का मेडिकल के क्षेत्र में बेहतरीन काम

## दिल का दौरा व लंग कैंसर का लगेगा पता



**लंदन,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीवन के हर हिस्से को प्रभावित कर रहा है। वहीं, इसकी वजह से स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव आए हैं। ब्रिटेन के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ एंड केयर रिसर्च के मुताबिक एआई ने बीमारियों की स्क्रीनिंग और इलाज दोनों आसान किया है।

एआई के जरिए अस्पतालों को पहले ही पता चल जाता है कि कब कितने बेड की जरूरत है। एआई के जरिए ब्रेस्ट स्क्रीनिंग से रेडियोलॉजिस्ट का काम आधा हो गया है। एनआईएचआर की रिपोर्ट के मुताबिक, अभी एआई के जरिए मेडिकल के 5 क्षेत्रों में बेहतरीन काम हो रहे हैं।

रिपोर्ट तैयार करने वाली वरिष्ठ रिसर्च फेलो डॉक्टर जेमा क्विंट कहती हैं कि एआई पर भरोसा दिखाने का समय आ गया है। आंख में होने वाली संभावित बीमारियों का भी एआई के जरिए पता लगाया जा रहा है। 2,500 लोगों की आंखों की जांच में एआई ने 6 में से 5 में सही भविष्यवाणी की थी।

**लोगों की आंखों की जांच में एआई ने 6 में से 5 में सही भविष्यवाणी की**

### ब्लड टेस्ट से भी नाप सकते हैं दिल का दौरा

आमतौर पर दिल के दौरे का पता अस्पताल पहुंचने के बाद ही चलता है, लेकिन एआई आधारित स्मार्ट स्टेथोस्कोप से घर पर ही प्राइमरी स्टेज में दिल के दौरे का पता चल जाएगा। यह 90 प्रतिशत तक सही बताता है। एक दूसरे शोध से यह पता चला है कि रूटीन ब्लड टेस्ट से भी एआई एप्लीकेशन से पता चल जाएगा कि किसी व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ा था। अभी 100 में से 1 को दिल का दौरा पड़ता है।

एआई के जरिए कैंसर का पता जल्दी चल जा रहा है। एआई सिटी स्कैन से ही कोशिकाओं की ग्रोथ मैप कर सकते हैं। कोशिकाओं की अनियमित वृद्धि से कैंसर होने का पता तुरंत चल जाता है। एआई के जरिए डॉक्टर यह भी पता कर सकते हैं कि कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए किस मरीज को कितनी दवा दी जाए। एआई की वजह से अस्पताल का प्रबंधन आसान हुआ है। अब अस्पताल को पहले से पता होता है कि किसी समय किसी इलाके के अस्पताल को कितने बेड की जरूरत पड़ेगी। दरअसल, ब्रिटेन के शोधकर्ताओं ने ऐसा एआई मॉडल विकसित किया है, जो एंबुलेंस और इमरजेंसी सेवा से जुड़े रहते हैं।

## केरल फिल्म पुरस्कारों पर बढ़ा विवाद, बाहरी एजेंसी से जांच कराने की मांग



**तिरुवनंतपुरम,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। सत्तारूढ़ वाम मोर्चा सरकार की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी की युवा शाखा ऑल इंडिया यूथ फ्रंट (एआईवाईएफ) ने गुरुवार को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और राज्य के संस्कृति मंत्री साजी चेरियन से आग्रह किया है कि केरल राज्य फिल्म पुरस्कारों पर जारी विवाद की जांच बाहरी एजेंसी से कराई जाए। दरअसल, पिछले दिनों निर्देशक विनयन ने निर्देशक रंजीत की आलोचना की थी। रंजीत वर्तमान में केरल राज्य चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष हैं। अकादमी राज्य फिल्म पुरस्कारों का चयन करती है। निर्देशक विनयन ने रंजीत पर आरोप लगाया था कि उन्होंने पुरस्कारों के निर्णय के समय जूरी के फैसले में हस्तक्षेप किया था।

मुख्यमंत्री से एआईवाईएफ ने शिकायत करते हुए अकादमी से बाहर किसी एजेंसी से जांच की मांग की है। लोकप्रिय फिल्म निर्माता विनयन ने भी सीएम से शिकायत करते हुए उन्हें एक ऑडियो क्लिप दी है, जिससे पता चलता है कि विजेताओं के चयन में सबकुछ ठीक नहीं था। इस बीच जूरी के अध्यक्ष गौतम घोष ने किसी भी बाहरी प्रभाव से इनकार करते हुए दावा किया है कि चयन स्वतंत्र और निष्पक्ष था। उनके अनुरोध के आधार पर मुख्यमंत्री ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## 95 वर्षीय भगवानी देवी के उत्साह से आश्चर्यचकित हुई शिल्पा शेट्टी



**मुंबई,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करते हुए 95 साल की भगवानी देवी ने साबित कर दिया है कि उम्र तो बस एक नंबर है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बहुचर्चित रियलिटी शो, इंडियाज गॉट टैलेंट, एक ऐसा मंच है जो हमारे देश की विविध प्रतिभाओं के लिए नए अवसरों के रास्ते खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 'विजयी विश्व हुनर हमारा' के मूलमंत्र के साथ, इस इंटरनेशनल फॉर्मेट ने पहले हफ्ते में ही अपने शानदार प्रदर्शन और प्रतिभागियों के बेमिसाल हुनर पर ढेर सारी तारीफें बटोर ली हैं। इस वीकेंड, दर्शक इतिहास रचते हुए देखेंगे जहां 6 प्रतिभागी गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने का प्रयास करेंगे। हरियाणा की 95 वर्षीय शॉट पुटर भगवानी देवी यह साबित कर दिया है कि जब किसी के सपनों को पूरा करने की बात आती है तो उम्र महज एक नंबर है।

भगवानी देवी के जुनून पर हैरानी जताते हुए जज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने कहा, 95 साल की उम्र में, आपने शतक पूरा कर लिया है। मैं ज़िंदगी को लेकर आपके उत्साह से आश्चर्यचकित हूं। मैं चाहती हूं कि उस उम्र में हम भी ऐसे ही हों। भगवानी देवी के पोते और उनके कोच विकास डागर ने कहा, 95 साल की उम्र में इंडियाज गॉट टैलेंट में दादी की भागीदारी उन लाखों भारतीय महिलाओं के सपनों का सबूत है जो अपने सपनों को सच करने की हिम्मत रखती हैं। सक्रिय जीवनशैली बनाए रखने और शारीरिक रूप से फिट रहने की उनकी लगन ने उन्हें सबसे उम्रदराज शॉट थ्रोअर के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के इस बेमिसाल चैलेंज को स्वीकार करने के काबिल बनाया है। इंडियाज गॉट टैलेंट के मंच पर होना एक अविश्वसनीय अनुभव था। मेरी दादी दूसरों को अपने सपनों को अपनाने और असाधारण हासिल करने के लिए प्रेरित करती हैं।

## 50 साल बाद 11 अगस्त को चंद्रमा के लिए उड़ान भरेगा रूस का यान



**व्लादिवोस्तोक,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। लगभग 50 वर्षों बाद 11 अगस्त की सुबह रूस का पहला चंद्रयान लूना-25 चंद्रमा के लिए उड़ान भरेगा। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में लॉन्च की तारीख 11 अगस्त तय की गई है। एजेंसी के मुताबिक सोयुज-2.1बी रॉकेट फ्रेगेट ऊपरी चरण और स्वचालित स्टेशन के साथ अमूर ओब्लास्ट में स्थित वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से मास्कों के समय के अनुसार सुबह 2.10 बजे (अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार 10 अगस्त को रात 23.10 बजे) उड़ान भरेगा। इससे पहले रूस का पिछला चंद्रयान यान लूना-24 साल 1976 में लॉन्च किया गया था। इसका रिटर्न कैप्सूल लगभग 170 ग्राम चंद्र मिट्टी को पृथ्वी पर वापस लाया था। लूना-25 में रिटर्न कैप्सूल नहीं है। उम्मीद है कि यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला इतिहास का पहला स्टेशन बन जाएगा। मिशन का मुख्य कार्य सॉफ्ट लैंडिंग की प्रौद्योगिकियों का परीक्षण और आंतरिक संरचना का अध्ययन तथा पानी सहित संसाधनों का पता लगाना है।


प्रक्षेपण और रॉकेट से अलग होने के बाद ऊपरी चरण स्वचालित स्टेशन को चंद्रमा की उड़ान के प्रक्षेप पथ पर भेजेगा। साढ़े चार दिनों के बाद स्टेशन चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा और दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरने से पहले कई बार अपनी कक्षा बदलेगा। स्टेशन का वैज्ञानिक कार्य एक वर्ष तक चलने की उम्मीद है।

## मार्च तक तीन भारतीय स्टार्टअप अपने उपग्रह अंतरिक्ष में भेजेंगे : आईएन-स्पेस



**चेन्नई,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) के अनुसार, तीन निजी क्षेत्र के उपग्रह निर्माता अगले साल मार्च तक अपने भू-अवलोकन उपग्रह अंतरिक्ष में भेजेंगे। देश में अंतरिक्ष से जुड़ी वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, उन्हें मान्यता प्रदान करने और निगरानी के लिए अंतरिक्ष विभाग के अधीनस्थ एक स्वायत्त सरकारी नियामक के रूप में आईएन-स्पेस का गठन किया गया है। निजी उपग्रह भेजने वाली तीन स्टार्टअप कंपनियां चेन्नई स्थित गैलेक्सआई स्पेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद स्थित ध्रुव स्पेस और बेंगलुरु स्थित पिक्सेल हैं। आईएन-स्पेस ने कहा कि गैलेक्सआई का पहला उपग्रह दृष्टि 2023 की आखिरी तिमाही में लॉन्च होने की उम्मीद है। गैलेक्सआई ने उच्च रिज़ॉल्यूशन मल्टी पेलोड माइक्रोसैटेलाइट तारा-समूह की योजना बनाई है, जिसमें ऑप्टिकल और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) पेलोड शामिल हैं, जो पर्यावरण, अवैध वेसल मॉनिटरिंग, बीमा अनुप्रयोगों और अन्य को लक्षित करने वाले दृष्टि सेंसर का उपयोग करके डेटा फ्यूजन को सक्षम बनाएगा। आईएन-स्पेस ने स्थिति और अवसरों पर एक परामर्श पत्र में यह बात कही। दूसरी ओर, ध्रुव स्पेस का हाइपरस्पेक्ट्रल मिशन लॉन्च 2024 की पहली तिमाही के दौरान निर्धारित है। क्षेत्रीय नियामक ने यह भी कहा कि सैत्सुरे की सहायक कंपनी कैलेडईओ ने एक मीटर स्थानिक रिज़ॉल्यूशन की छवियां प्रदान करने के लिए चार उपग्रहों के एक समूह की योजना बनाई है। आईएन-स्पेस ने उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए कोई निश्चित समय नहीं बताया है। आईएन-स्पेस ने कहा कि पिक्सेल ने 2023 में पहले वाणिज्यिक चरण के उपग्रहों को लॉन्च करने की योजना बनाई है।

## हमारे ड्रामे को सीमा के दोनों ओर बेहद प्यार मिला है : अदनान सिद्दीकी



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। अदनान सिद्दीकी को यकीन है कि मेरे पास हो तुम हमारे अपने देश की तरह ही भारत में भी अपनी अपार सफलता को दोहरायेगा। इस ड्रामा को लेकर प्रशंसकों के मेल ढेरों मेल मिले और इसने काफी रोमांच पैदा किया। यहां तक कि इसने चीन में भी धूम मचा दी। यह सब इसके जबरदस्त आकर्षण के स्पष्ट संकेत हैं। साथ ही, ज़िंदगी पर पहले बार पाकिस्तानी ड्रामा की पेशकश के समय हमारे शो को मिली उल्लेखनीय प्रतिक्रिया उनके प्रशंसनीय स्वीकृति की गवाही देती हैं। यूट्यूब पर लगातार प्राप्त लाखों व्यूज भी इस बात का निर्विवाद प्रमाण है कि हमारे ड्रामे को सीमा के दोनों ओर बेहद प्यार मिला है। एमपीटीएच मेरी एक और उपलब्धि है। एक खलनायक और दिलकश आदमी, दोनों की भूमिका निभाना तलवार की धार पर चलने जैसा था। सौभाग्य से शेहवार पुरुषों के दिलों में भी जगह बनाने में कामयाब हुआ। प्रशंसकों से मिले मेल का एक बड़ा हिस्सा इन्हीं लोगों का था। हमारे ड्रामों में समाज की सच्ची स्थिति की झलक दिखाई गई है। बेवफाई एक मुद्दा है, बेहद प्रचलित मुद्दा। ड्रामों में समाज में जो हो रहा है, उसी का चित्रण है। कहने का मतलब है कि मैं बेवफाई को सही नहीं ठहराता, भले ही वह रिश्तों में हो, शादी में या रोजमर्रा की ज़िंदगी में आपसी व्यवहार में हो। यह दर्शाता है कि आपकी नैतिकता कितनी कमजोर और ढुलमुल है, कि आप एक कमजोर इंसान हैं। मैं किसी ख़ास जेंडर से जुड़ने को भी बुरा नहीं मानता। चाहे कोई मर्द ही हो, जिसने रिश्ते को तोड़ा हो, या फिर कोई औरत हो, उन्होंने गलत किया है। पीरियड की बात लें। बेशक, जब इस तरह के ड्रामे बनाए जाते हैं, तो दर्शक थोड़ा उद्विग्न हो जाते हैं, क्योंकि ये सभी बेचैन करने वाली सच्चाइयां हैं और कोई उनका सामना नहीं करना चाहता। हमारे ड्रामों की लोकप्रियता के अनेक कारण हैं। कहानी हकीकत से जुड़ी होती है, हम रोजमर्रा की समस्याओं के बारे में बात करते हैं जो लोगों को हर रोज प्रभावित करती है, बिलकुल ज़िंदगी जैसी होती है, उसी तरह। हमने वास्तविक स्थानों में शूटिंग की जो सेट पर शूट किये अधिकतर इंडियन ड्रामा के शोज देखने की तुलना में और ज्यादा वास्तविक फीलिंग प्रदान करते हैं। और हां, इसमें जो फैशन है, उसे भारत में महिलायें पसंद करती हैं।

## रोबोटिक की मदद से की गई जटिल गॉलब्लैडर सर्जरी



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के एक निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने रोबोट की मदद से एक जटिल गाल ब्लैडर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।

फोर्टिस अस्पताल शालीमार के रोबोटिक- लैप जीआई ओंकोलॉजी, बेरियाट्रिक एंड मिनीमल इन्वेसिव सर्जरी के प्रधान निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि 36 वर्षीय महिला का गॉल ब्लैडर आसपास फैली छोटी आंत एवं बड़ी आंत में बुरी तरह से फंसा हुआ था और बाइल डक्ट भी फंसी थी। डॉ जैन ने बताया कि पीड़ित महिला का सीटी स्कैन और पेट स्कैन किया गया और रोबोट की मदद से उनका गालब्लैडर निकालने का फैसला किया गया। उन्होंने बताया कि महिला का इलाज समय पर इलाज न किया जाता तो गालब्लैडर आसपास के अंगों से और चिपक सकता था। उनके गॉलब्लैडर की दीवार भी सख्त हो गई थी।

**■ महिला की छोटी व बड़ी आंत में फंसा गॉल ब्लैडर**

उन्होंने कहा कि हमने सफलतापूर्वक उनकी रोबोटिक सर्जरी की। रोबोटिक-असिस्टेंस से की जाने वाली सर्जरी खासतौर से इस प्रकार की जटिल और चुनौतीपूर्ण प्रक्रियाओं में काफी संभावनाओं से भरपूर है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी काफी फायदेमंद होती है। इसके प्रयोग के लिए लचीले उपकरणों के साथ-साथ बाइल डक्ट को ठीक प्रकार से देखने के लिए विशेषज्ञ तकनीकों का भी लाभ मिलता है।

### जन्मदिवस के अवसर पर

## बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे किशोर कुमार



**मुंबई,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड में किशोर कुमार को ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता हैं जिन्होंने ने सिर्फ अपनी आवाज के जादू से बल्कि फिल्म निर्माण और निर्देशन से भी सिने प्रेमियो का भरपूर मनोरंजन किया।


मध्यप्रदेश के खंडवा में 4 अगस्त 1929 को मध्यवर्गीय बंगाली परिवार में अधिवक्ता कुंजी लाल गांगुली के घर जब सबसे छोटे बालक ने जन्म लिया तो कौन जानता था कि आगे चलकर यह बालक अपने देश और परिवार का नाम रौशन करेगा। भाई बहनों में सबसे छोटे नटखट आभास कुमार गांगुली उर्फ किशोर कुमार का रूझान बचपन से ही पिता के पेशे वकालत की तरफ न होकर संगीत की ओर था। महान अभिनेता एवं गायक के.एल.सहगल के गानों से प्रभावित किशोर कुमार उनकी ही तरह गायक बनना चाहते थे। सहगल से मिलने की चाह लिये किशोर कुमार 18 वर्ष की उम्र मे मुंबई पहुंचे लेकिन उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पायी। उस समय तक उनके बड़े भाई अशोक कुमार बतौर अभिनेता अपनी पहचान बना चुके थे। उन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा हालांकि कभी किसी से नहीं ली थी। बालीवुड में अशोक कुमार की पहचान के कारण उन्हें बतौर अभिनेता काम मिल रहा था। अपनी इच्छा के विपरीत किशोर कुमार ने अभिनय करना जारी रखा। जिन फिल्मों में वह बतौर कलाकार काम किया करते थे उन्हें उस फिल्म में गाने का भी मौका मिल जाया करता था। बतौर गायक सबसे पहले उन्हें वर्ष 1948 में बाम्बे टाकीज की फिल्म जिद्दी में सहगल के अंदाज में हीं अभिनेता देवानंद के लिए 'मरने की दुआएं क्यूं मांगू' गाने का मौका मिला। किशोर कुमार ने वर्ष 1951 में बतौर मुख्य अभिनेता फिल्म आन्दोलन से अपने करियर की शुरूआत की लेकिन इस फिल्म से दर्शकों के बीच वह अपनी पहचान नहीं बना सके। वर्ष 1953 में प्रदर्शित फिल्म लड़की बतौर अभिनेता उनके करियर की पहली हिट फिल्म थी। किशोर कुमार ने 1964 में फिल्म 'दूर गगन की छांव में' के जरिये निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखने के बाद हम दो डाकू 'दूर का राही' बढ़ती का नाम दाढ़ी, शाबास डैडी, दूर वादियों में कहीं, चलती का नाम जिंदगी और ममता की छांव में जैसी कई फिल्मों का निर्देशन भी किया। किशोर कुमार को अपने कैरियर में वह दौर भी देखना पड़ा जब उन्हें फिल्मों में काम ही नहीं मिलता था। बाद में सचिन देव वर्मन की बीमारी के कारण फिल्म आराधना में उनके पुत्र आर.डी.बर्मन ने संगीत दिया। इस फिल्म के लिए 'मेरे सपनों की रानी कब आयेगी तू' और 'रूप तेरा मस्ताना' गाना किशोर कुमार ने गाया, जो बेहद पसंद किया गया। वर्ष 1987 में किशोर कुमार ने निर्णय लिया कि वह फिल्मों से संन्यास लेने के बाद वापस अपने गांव खंडवा लौट जायेंगे। वह अक्सर कहा करते थे कि 'दूध जलेबी खायेंगे, खंडवा में बस जायेंगे' लेकिन उनका यह सपना अधूरा ही रह गया। उन्हें 13 अक्टूबर 1987 को दिल का दौरा पड़ा और वह इस दुनिया को अलविदा कह गए।

## घूंघट से बाहर निकल पानी सप्लाई की जिम्मेदारी निभा रही ग्रामीण महिलाएं

**लखनऊ,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। घूंघट और परदों में रहने वाली ग्रामीण महिलाएं अब घरों से निकलकर गांव में पानी की सप्लाई की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना ने चारदीवारी में रहने वाली ग्रामीण महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। ग्रामीण महिलाएं पम्प हाउस से सुबह और शाम घर-घर तक पानी पहुंचाने का जरिया बनी हैं। आज ये अपने ही गांव में पानी की सप्लाई देने का कार्य सुनिश्चित कर रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग प्रदेश में सैकड़ों महिलाओं को प्रशिक्षित कर रहा है। ग्रामीण महिलाओं को पम्प ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इनमें से कई महिलाओं ने तो पम्प ऑपरेटर के रूप में विभिन्न जिलों में पानी की सप्लाई का मोर्चा भी संभाल लिया है।

विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में कुल 1 लाख 16 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाओं व युवाओं को पंप ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिसमें महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में महिलाओं को भी पंप ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनकी तैनाती इनके अपने ही गांव में की जा रही है। महिलाएं पंप ऑपरेटर का प्रशिक्षण लेकर निश्चित आय प्राप्त करेंगी। इन महिला पंप ऑपरेटर का कार्य गांव में पानी की सप्लाई अच्छी तरह से देना, वोल्ट्ज मीटर, एम्पेयर मीटर लाइट, फिल्टर, मोटर पंप के रख-रखाव का उचित ध्यान रखना है।



**ग्रामीण जलापूर्ति विभाग प्रदेश में सैकड़ों महिलाओं को कर रहा प्रशिक्षित**

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के निर्देश पर योजना के तहत राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत से 2 लोगों को पंप ऑपरेटर कार्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभाग की ओर से प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को एक विशेष पंप ऑपरेटर टूल किट नि:शुल्क दी जा रही है। जिसमें 300 एमएम का पाइप, 130 एमएम का वॉयर कटर, 200 एमएम का पिलर, 100 एमएम का स्क्रू ड्राइवर टू इन वन, विंच सेट और टेस्टर है।

अयोध्या की रहने वाली नीलम, नागपाली ने कहा कि एक साल पहले मुझे जल जीवन मिशन के तहत पंप ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके बाद मुझे अपने ही गांव में रोजगार का अवसर मिला है। इस मिशन से न सिर्फ मेरे घर में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचा है बल्कि मुझ जैसी तमाम महिलाओं को रोजगार भी मिला है। उर्मिला यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से ग्रामीण परिवारों के घरों में स्वच्छ पेयजल की धार पहुंचने से महिलाओं की पानी से जुड़ी बरसों की समस्या का अंत हुआ है। इस योजना ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाला है। आज आर्थिक तौर पर भी मैं सशक्त हुई हूं।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि योगी सरकार की ओर से गांव-गांव में तैनात महिला पंप ऑपरेटर यूपी में नारी सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण हैं। जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर सृजित हुए हैं। महिला पंप ऑपरेटर्स गांव की दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हैं।

रायपुर, शुक्रवार 4 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा

मेवात दंगों में झुलस रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के उस बयान को गैरजिम्मेदारी की पराकाष्ठा ही माना जायेगा जिसमें उन्होंने कहा है कि 'सरकार सभी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं ले सकती।' प्रदेश की कानून-व्यवस्था के मामले में नाकाम और लाचार दिखलाई पड़ रहे श्री खट्टर का बयान उनकी जनसुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही को भी दर्शाता है जो राज्य के नागरिकों के प्रति बुनियादी कर्तव्य है। मुख्यमंत्री खट्टर ने बुधवार को साफ कहा कि 'इसके लिए हमें माहौल को सुधारना पड़ेगा। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस कर सकती है, न ही सेना कर सकती है। इसके लिए सामाजिक सद्भाव ठीक करना पड़ेगा।' वे तो यहां तक कह गये कि 'किसी भी देश में आप चले जाएं हर आदमी की सुरक्षा वहां की पुलिस नहीं कर सकती पर इसके लिए वैसा माहौल बनाना पड़ता है।' वैसे वे यह भूल गये कि सामाजिक सद्भाव को ठीक करना भी सरकार की ही जिम्मेदारी होती है।

मुख्यमंत्री का बयान स्तब्धकारी तो है लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी की प्रशासन पद्धति के अनुरूप है जो हर अच्छी बात का श्रेय लेने में तो पीछे नहीं रहती परन्तु किसी भी असफलता से पल्ला झाड़ लेती है। पिछले 9 वर्षों से अधिक समय तक केन्द्र में सरकार चलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्भवत: भाजपा प्रशासित सारे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिये प्रेरणा स्रोत हैं। देश के अपूर्ण लक्ष्यों के लिये अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को सभा-सम्मेलनों में दोषी ठहराने वाले मोदी अपनी नाकामियों पर या तो चुप्पी साध लेते हैं अथवा उनका ठीकरा विपक्ष पर फोड़ते हैं। भाजपा सरकार का एक दशक का इतिहास अनेकानेक असफलताओं की जिम्मेदारियों से भागने या उनका दोषी दूसरों को बताने का रहा है। इसी का अनुसरण भाजपा की राज्य सरकारें करती हैं। नोटबन्दी और जीएसटी जैसे अविवेकपूर्ण निर्णयों से हुई देश की बदहाली का उत्तरदायी कोई नहीं है। यहां तक कि यह निर्णय किस प्रक्रिया के तहत लिया गया, यह भी अब तक अज्ञात है। कोरोना काल में ऑक्सीजन, दवाओं, बिस्तरों के अभाव में हुई लाखों लोगों की मौत का उत्तरदायी कौन है, यह सवाल भी अब तक अनुत्तरित है। भाजपा की जिन राज्यों में सरकारें हैं वहां टूटती सड़कें और गिरते पुलों का जिम्मेदार कौन है, इसका जवाब ढूंढ़े से भी नहीं मिलेगा। उन राज्यों में होने वाली भगदड़ों से मरने वालों का जिम्मेदार भी कोई नहीं होता। भरी गर्मी में होने वाली आम सभाओं में दर्जनों लू से मर जाएं या बीमार हो जायें तो भी किसी व्यक्ति, अफसर, विधायक मंत्री या सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि यदि ऐसा किया भी गया तो बचाव में पूरी ट्रोल आर्मी उतर आती है। एक नहीं, सैकड़ों ऐसे मामले हो चुके हैं जिनमें दोषी या अपराधी सामने दिखता है परन्तु वह महफ़ूज़ रहता है। इसका कारण यही है- उत्तरदायित्वहीनता।

हाल की कुछ घटनाएं भी इसी गैर जिम्मेदाराना रवैये की मिसालें हैं। मणिपुर की बात करें तो यहां पिछले कुछ वर्षों से आग सुलग रही थी। कुकी एवं मैतेइयों के बीच चल रही हिंसक झड़पों को पूरी तरह से वहां की सरकार और केन्द्र ने नज़रंदाज़ ही नहीं किया वरन एक पक्ष के साथ खड़े होकर आग को भड़कने दिया। वहां अल्पसंख्यक कुकी लोगों को मारा गया, चर्च जलाये गये परन्तु डबल इंजन की सरकार चुप रही। मामला पहले तो विदेश तक पहुंचा और जब अमेरिका में बड़ी मजबूरी में प्रेस के सामने गये मोदी से इस बाबत प्रश्न किये गये तो उन्होंने यह बताने की बजाय कि उनकी सरकार स्थिति को सुधारने के लिये क्या कर रही है, यह समझाते रहे कि 'लोकतंत्र भारत के डीएनए में है।' उन्हें तो यह बतलाना चाहिये था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व विकास के लिये क्या कर रहा है। देश के इतिहास के भीषणतम दंगों में से एक कहे जाने वाले घटनाक्रम के दौरान का 4 मई का वह वीभत्स वीडियो जब देश-दुनिया के सामने आया तो भी राज्य या सरकार का कोई व्यक्ति सामने नहीं आया। वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने वैसे ही दिखावे का प्रकटीकरण करते हुए सार्वजनिक तौर पर अपना इस्तीफा दिया व प्रायोजित तरीके से एक समर्थक द्वारा फड़वाकर जेब में रख लिया, जैसे मोदी जी ने चलते सत्र में संसद के भीतर बयान देने की बजाय बाहर आकर 36 सेकंड का वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने अपने क्रोध व पीड़ा का इज़हार किया था। उसके बाद से आज तक संसद बार-बार विपक्ष की इस मांग को लेकर ठहर रही है कि पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत चर्चा हो, लेकिन सत्ता दल इंकार कर रहा है और प्रधानमंत्री राजस्थान में सभाएं कर रहे हैं। तो गृह मंत्री अमित शाह भी बराबरी के जिम्मेदार हैं वे कानून-व्यवस्था सुधारने की बजाय मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में अगले चुनाव की तैयारी बैठकें कर रहे हैं। उलटे, संसद में गतिरोध के लिये भी वे मानते हैं कि विपक्ष ही जिम्मेदार है।

अलबत्ता, जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं वहां एक चींटी भी मरे तो पूरी भाजपा, उनके समर्थक, मीडिया को क्षण भर में पता चल जाता है। तभी तो मणिपुर की घटनाओं की तुलना जब अन्य राज्यों से की गई तो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने केन्द्र को जमकर फटकार लगाई। वैसे केन्द्र की हो या भाजपा की राज्य सरकारें- उन्हें इन सबका रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता। इसलिये आश्चर्य नहीं होना चाहिये जब खट्टर जैसे सीएम साफ कर देते हैं कि सभी लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा सकती। यह दीगर बात है कि ये उन्हीं मोदी के सबसे विश्वासपात्र लोगों में से एक हैं जो पीएम बनने के पहले कहते थे कि 'मैं हर बात के लिये एकाउंटेबल रहूंगा। एक बच्चा भी मुझसे सवाल कर सकता है और मैं जवाब दूंगा'

# हम सब ज़हरीली गैस से भरे गुब्बारे हो गए हैं

कबीले के सरदार ने अपने एक लड़ाके को दुश्मन कबीले के भीतर दाख़िल होकर एक आदमी को जान से मारने के लिए भेजा। उसे बताया गया था कि उस आदमी के पास हमारे कबीले को तबाह करने की ताकत है और जो उसे मार दिया तो हम हर खतरे से मुक्त हो जाएंगे। उसे बताया गया कि उस कबीले में हमारा एक आदमी पहले से खुफ़िया ढंग से मौजूद है जो वहां पहुंचते ही कैसे और किसे मारना है, इसकी योजना समझा देगा। अपने कबीले को बचाने का जोशीला भाषण सुन लड़ाका तुरंत तैयार हो गया और चल पड़ा अपना भाला और तीर-धनुष लेकर। रास्ते में घना जंगल था। अंधेरा होने पर वह सतर्क था लेकिन एक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। होश आया तो वह एक मचान पर दो लोगों से घिरा हुआ था। उनमें से एक युवा था और दूसरा कुछ उम्रदराज़। पास में कुछ खाना और पानी रखा हुआ था। लड़ाके को होश में आया देख दोनों के चेहरे पर खुशी और तसल्ली का भाव था। उम्र में बड़े व्यक्ति ने फख्र से अपनी जड़ी-बूटी की ओर इशारा करते हुए बताया कि तुम पर तो एक बाघ ने हमला कर दिया था, वो तो सही समय पर तुम्हें इसने देख लिया वरना तुम्हारा बचना नामुमकिन था। लड़ाके की आंखों में विनम्रता और धन्यवाद का भाव था। दोनों ने मिलकर लड़ाके के साथ भोजन किया और शिकार से जुड़े अपने कई अनुभव भी साझा किये। अगले दिन सुबह लड़ाका विदा हुआ तो उसे लगा जैसे किसी मित्र से जुदा हो रहा है। अनुभवी व्यक्ति से उसने हाथ जोड़कर विदा ली, मानों जान बचाने का आभार व्यक्त कर रहा हो। जिस उद्वेलित मन से वह घर से चला था अब वह कमोबेश शांत और खुश था। दो दिन के सफर के बाद वह उस कबीले के अड्डे पर पहुंचा। पहुंचते ही उसके खुफ़िया साथी ने जिस आदमी को उसे मारना था उसका चेहरा दिखाया। वह हैरान रह गया क्योंकि वह जंगल में उसकी जान बचाने वाला वही उम्रदराज़ व्यक्ति था। लड़ाके के हाथ जैसे भारी हो गए थे। भाला उठता ही न था और अचानक से उसने फ़ैसला लिया। चाहे कुछ भी हो जाए वह उन पर हाथ नहीं उठाएगा। आखिर क्यों मारना चाहिए मुझे इन्हें? ये भी मेरे जैसे हैं, मेरी ही तरह जीवन की चुनौतियों को जी रहे हैं। मैं इन्हें नहीं मार सकता।

इस छोटी सी कहानी को यहां लिखने का मकसद केवल इतना है कि मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है और उनके जरिये अनजान लोगों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। सड़कों पर लोगों के वाहन फूंके जा रहे हैं। उनकी अलग पहचान स्थापित की जा रही है ताकि दूरियां बन सके। समूचा प्रचारतंत्र इस काम में झोंक दिया गया है। उसके बाद एक संविधान से चलने वाले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में घृणित अपराधों को अंजाम देने वालों को कवच भी दिया जाता है। हमने सुना था कि पहले दंगा भड़काने के लिए मंदिरों के सामने गाय और मस्जिद के सामने सूअर काटकर फेंक दिए जाते थे। बलवा करवाने वालों का काम हो जाता था।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है।**

हाल ही में अनुभव सिन्हा ने 'अफ़वाह' नाम की बढ़िया फिल्म बनाई है। भीड़ जिस ट्रक को गौमाता का समझकर पीछा करती है उसमें से गधे बाहर आते हैं। इस नए ज़माने में अब खुद को गौरक्षक बताने वाला वीडियो भेजकर चुनौती देता है, उकसाता है और फिर ब्रज अंचल से लगे हरियाणा के नूंह में भड़की हिंसा कई लोगों की जान ले लेती है। व्यवस्था इन दंगों को किसी साज़िश का नतीजा बताकर मुंह पर चादर लपेट कर सो जाती है। ये दंगाई कई सालों से कभी लोगों के फ्रिज में गौमांस ढूंढते हैं तो कभी जानवरों से भरी गाड़ियों को कसाईखाने ले जाई जा रही बताकर भीड़ द्वारा हमला करा देते हैं। चालक को मार देते हैं और जहरीली गैस से भरे गुब्बारे इकट्ठा कर फ़साद करा दिए जाते हैं। ये गुब्बारे 2017 से ट्रेन में भी चढ़ रहे हैं। तब 17 साल के एक बच्चे को ट्रेन में सीट साझा करने के विवाद में मार दिया गया था। अब ये गुब्बारे वर्दी में भी होते हैं। ये यात्रियों की रक्षा के लिए दी गई बन्दूक का इस्तेमाल उन्हें ही मौत के घाट उतारने में कर रहे हैं। देशवासियों में ऐसा डर बैठ गया है कि वे अब यात्रा से डरने लगे हैं। बेरोज़गारी और बेहिसाब मंहगाई से जूझते इंसान बड़ी आसानी से ऐसे गुब्बारों में तब्दील हो रहे हैं। भारत के एक फीसदी अमीरों के पास देश की चालीस फ़ीसदी समृद्धि पर कब्ज़ा हो और पचास प्रतिशत के पास केवल तीन फ़ीसदी संसाधन हो तो इस अभाव में ज़हर भरना कौन सा मुश्किल काम है?

तब क्या कोई उम्मीद नहीं है? मणिपुर, नूंह और ट्रेन में हत्याएं होती रहेंगी और महावीर, बुद्ध और गांधी का यह देश इसी तरह खून से सना रहेगा? कभी अंग्रेज़ों के आगे अपने बलिदान का लहू बहाने वाले देश में अब बेवजह बेगुनाहों का खून बहता रहेगा? क्या हुक्मरान इस खून को अपने वोटों की फसल के लिए खाद की तरह देख रहे हैं? अगर नहीं तो खुलेआम नरसंहार की बात करने वाले क्यों अब तक आज़ाद घूम रहे हैं? क्यों धार्मिक जुलूसों को वही रास्ता चुनना है जहां दंगा भड़क सकता है और क्यों पुलिस उन्हें यह अनुमति भी देती है? उम्मीद की किरण उत्तर प्रदेश के बरेली से आती दिखाई देती है जहां के पुलिस कमिश्नर प्रभाकर चौधरी ने कावंड़ियों की उस ज़िद को नहीं माना जिसमें वे अपना निर्धारित रास्ता बदलना चाहते थे। नतीजतन चंद घंटों में प्रभाकर का तबादला कर दिया गया। 2010 बैच के इन आईपीएस अधिकारी के अब तक 21 बार तबादले हो चुके हैं। अधिकारी जिसकी वजह से बवाल होने से बच गया उसे सम्मान की जगह ट्रांसफर मिलता है। अधिकारी के पिता का साफ़ कहना है कि उनका बेटा बेहद ईमानदार ऑफिसर है और नेताओं से ज़रूरी दूरी बनाए रखता है। इसी का नतीजा है कि बार-बार उसका तबादला कर दिया जाता है। उम्मीद से भरी टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की है जब मणिपुर की हिंसा को लेकर न्यायाधीश ने पूछा कि कितने लोग गिरफ़्तार हुए, कितनी एफआईआर दर्ज़ हुई और क्या दो महीने हालत ऐसे थे कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो चुकी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने वह किया है जो सरकार या फिर केंद्र सरकार को करना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के डीजीपी को जानकारी देने के लिए हाज़िर होने के लिए कहा है। यदि कोर्ट द्वारा जनता के लिए अधिकारी को यूं तलब करना पड़े, तो यह वही परिस्थिति है कि कार्यपालिका अपने कर्तव्य में नाकाम रही है।

एक बात और है। जो पक्ष-विपक्ष की बहस में उलझेंगे तो नुकसान और ज़्यादा होगा। अभी नूंह से गरीब मजदूरों का पलायन हो रहा है। बाद में पूरे देश से होगा। उद्योग चौपट होंगे। आग में सबसे पहले घर बचाना ज़रूरी है। ये नेता लोग सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए कभी भी किसी भी छतरी के नीचे चले आते हैं और आप इनके लिए लड़ने मरने को तैयार रहते हैं। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है- 'चार बातें ध्यान में रखने लायक हैं: आज का नारा- जय जगत, हमेशा का नारा- जय जगत, हमारा नारा- जय जगत, सबका नारा- जय जगत। आज का, कल का, परसों का नारा यही है। इसी से उद्धार होने वाला है। ऐसा तभी होगा जब सोच में एकरूपता आएगी अन्यथा अनेक कारणों दरारें पड़ेंगी, धर्मभेद, जातिभेद, पंथभेद, भाषाभेद, ऐसे टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। समाज की गाड़ी यहीं रुकी हुई है। सब एक दूसरे का हित देखें। इसी में सबका कल्याण है।

**( लेखिका स्वतन्त्र पत्रकार हैं )**

# इंडिया बनाम भारत या इंडिया जो भारत है?

पिछले नौ सालों से भाजपा हमारे देश पर शासन कर रही है। विपक्षी पार्टियों को धीरे-धीरे यह समझ में आया कि भाजपा सरकार न तो संविधान की मंशा के अनुरूप शासन कर रही है और न ही उसकी रूचि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित समावेशी भारत के निर्माण में है। भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों को कमज़ोर करने के लिए कर रही है। इसके अलावा, उसकी नीतियां सरकार के साथ सांठगांठ कर अपना उल्लू सीधा करने वाले पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाली हैं। वह प्रजातांत्रिक अधिकारों को भी कुचल रही है। उसकी राजनीति राममंदिर, लवजिहाद और अन्य अनेक किस्मों के जिहादों, गाय, गौमांस और पहचान से जुड़े मुद्दों के अलावा, हमारे एक पड़ोसी देश पर अति-राष्ट्रवादी कटु हमले करने पर केन्द्रित है। उसकी नीतियों से आम लोगों, और विशेषकर गरीब और कमज़ोर वर्गों, की परेशानियां बढ़ीं हैं। चाहे वह नोटबंदी हो, कुछ घंटों के नोटिस पर देशव्यापी कड़ा लॉकडाउन लगाने का निर्णय हो, बढ़ती हुई बेरोजगारी और महंगाई हो या दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों के दमन में बढ़ोतरी हो- इन सबसे आम लोगों को ढेर सारी परेशानियां भुगतनी पड़ रही हैं।



राम पुनियानी

**विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है।**

भाजपा इस देश की सबसे धनी पार्टी है। उसने इलेक्ट्रोरल बांड्स के ज़रिये अकूत धन इकट्ठा कर लिया है। पीएम केयर फण्ड भी पार्टी की तिजोरी भरने का साधन बन गया है। इसके अलावा, पार्टी को आरएसएस और उसके अनुषांगिक संगठनों के लाखों कार्यकर्ताओं के रूप में प्रचारकों की एक विशाल फ़ौज उपलब्ध है। ये सभी चुनाव के दौरान और वैसे भी भाजपा के लिए काम करते हैं।

इस पृष्ठभूमि में गैर-भाजपा पार्टियों ने ञ्इंडिया' (भारतीय राष्ट्रीय विकास और समावेशिता गठबंधन) का गठन किया है। इस गठबंधन को बैंगलोर में इन पार्टियों के दूसरे सम्मलेन में आकार दिया गया। बैंगलोर में 26 राजनैतिक दलों ने प्रजातंत्र और संविधान को बचाने और भाजपा, जिसका संगठन मतदान केंद्र से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है और जो एक बढ़िया मशीन की तरह काम करता है, से मुकाबला करने के लिए एक साथ मिल कर काम करने का निर्णय लिया है।

इस संगठन के ठोस स्वरूप लेने से भाजपा चौंकन्ना और परेशान हो गई। सबसे पहले उसने एनडीए (राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन) को डीप फ्रीजर से बाहर निकाला। इसमें 38 पार्टियां शामिल हैं, जिनमें से कुछ को छोड़कर सभी अनजान हैं। एनडीए के सम्मलेन में जो बैनर लगाया गया था उसमें केवल शीर्ष नेता का चित्र था और बाकी पार्टियों के नेता उनके आगे दंडवत कर रहे थे।

विपक्षी गठबंधन को इंडिया का नाम देने का निर्णय सचमुच बेहतरीन था और इससे भाजपा और उसके साथी बहुत घबरा गए। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को भला-बुरा कहने के अलावा यह भी कहा कि इस नाम का इस्तेमाल अनुचित है। उनके अनुसार इससे चुनाव में मतदाता भ्रमित हो सकते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने खबर दी है कि इस सिलसिले में दिल्ली के बाराखम्बा पुलिस थाने में एक शिकायत भी भाजपा नेताओं ने दर्ज करवाई है।

भाजपा नेता और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा इस बहस को एक कदम और आगे ले गए। उनके अनुसार इंडिया और भारत शब्द दो अलग-अलग सभ्यताओं के प्रतीक हैं। अंग्रेजों ने हमारे देश को इंडिया का नाम दिया था और हमें इस औपनिवेशिक विरासत से स्वयं को मुक्त करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने 'भारत' के लिए संघर्ष किया था और हमें भारत के निर्माण के लिए काम करना चाहिए।

सरमा पर तीखा पलटवार करते हुए कांग्रेस के जयराम रमेश ने ट्वीट किया:'उनके (सरमा) गुरूजी, श्री मोदी ने पहले से चली आ रही योजनाओं को नए नाम दिए- स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया। उन्होंने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से 'टीम इंडिया' के रूप में काम करने को कहा। यहां तक कि उन्होंने 'वोट इंडिया' की अपील भी की। ज्योंही 26 पार्टियों ने अपने गठबंधन को इंडिया का नाम दिया, उन्हें फिट आ गया और वे इंडिया शब्द के इस्तेमाल को 'औपनिवेशिक मानसिकता' का प्रतीक बताने लगे।'

प्रधानमंत्री इससे इतने परेशान हो गये कि उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल को 'बीजेपी फॉर इंडिया' से 'बीजेपी फॉर भारत' में बदल दिया। प्रधानमंत्री के सभ्यताओं और मूल्यों के टकराव की बात करते ही हिन्दुत्ववादी लेखकों में इस मुद्दे पर लिखने की होड़ मच गयी। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित ने लिखा, 'भारत को मात्र संविधान से बंधे एक राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करना उसके इतिहास, उसकी प्राचीन विरासत, संस्कृति और सभ्यता की उपेक्षा करना है।' इसी गुट के अन्य लेखक तर्क दे रहे हैं कि सभ्यतागत मूल्यों को भारतीय संविधान के मूल्यों पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

भारतीय सभ्यता की इन लेखकों की व्याख्या संकीर्ण है और केवल हिन्दू धर्म की ब्राह्मणवादी परंपरा पर केन्द्रित है। वे भारतीय सभ्यता की हूण और यूनानी सभ्यता से अंत:क्रिया को नजरअंदाज़ कर रहे हैं और भारत में इस्लाम और ईसाई धर्म के आगमन को नीची निगाहों से देखते हुए उसे हमारी सभ्यता पर 'विदेशी आक्रमण' ठहरा रहे हैं। यह आख्यान, जवाहरलाल नेहरु की भारतीय सभ्यता की समझ से एकदम उलट है। नेहरु ने लिखा है, 'भारत एक ऐसी स्लेट है जिस पर एक के बाद अनेकानेक परतों में नए-नए विचार लिखे गए परन्तु कोई भी नयी परत, पिछली परत को पूरी तरह छुपा या मिटा न सकी।'

हेमंत सरमा एंड कंपनी के लिए भारतीय संस्कृति का अर्थ है वह कथित गौरवशाली काल जब ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला था। वे तो चार्वाक, बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक और भक्ति-सूफी संतों जैसे विशुद्ध भारतीयों की परंपरा को भी स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। वे रोमिला थापर, इरफ़ान हबीब, रामशरण शर्मा और हरबंस मुखिया जैसे 'वामपंथी' इतिहासकारों से नफरत करते हैं क्योंकि उनकी दृष्टि में भारतीय सभ्यता का अर्थ है जाति और लिंग आधारित ऊंच-नीच। इन मेधावी इतिहासविदों ने समाज के गहरे सच को उजागर किया। उन्हें केवल 'शासक के धर्म' से मतलब नहीं था। उन्होंने दलितों, महिलाओं और आदिवासियों सहित समाज के सभी वर्गों की बात की और भारतीय सभ्यता की असली विविधता को हमारे सामने रखा।

दरअसल, दक्षिणपंथी विचारधारा ही औपनिवेशिक विरासत की असली वाहक है। वह इतिहास को उसी चश्मे से देखती है जिस चश्मे को हमारे औपनिवेशिक आकाओं ने हमें दिया था। हमारे विदेशी शासक समाज को धर्म के आधार पर बांटना चाहते थे और इसलिए उन्होंने सांप्रदायिक इतिहास लेखन को प्रोत्साहन दिया जो इतिहास को तत्कालीन राजा के चश्मे से देखता है। हेमंत सरमा जैसे लोग इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। हां, इसमें उन्होंने उच्च जातियों और पितृसत्तात्मक व्यवस्था के मूल्यों को भी जोड़ लिया है और यही मिक्सचर बहिष्करण पर आधारित उनकी राजनीति का आधार है।

उनकी राह में मुख्य बाधा है भारत का संविधान। जैसे-जैसे भारतीय राष्ट्रवाद की ताकत और प्रभाव बढ़ने लगा, इन लोगों ने मनुस्मृति और उसके कानूनों का महिमामंडन शुरू कर दिया और वे मुसलमानों, ईसाईयों और साम्यवादियों को देश का 'आतंरिक शत्रु' बताने लगे। भारत के संविधान का विरोध उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है जिसकी स्पष्ट अभिव्यक्ति पूर्व आरएसएस सरसंघचालक के। सुदर्शन ने की थी। उन्होंने कहा था कि संविधान देश के लोगों के लिए किसी काम का नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है। हम केवल उम्मीद कर सकते हैं कि इंडिया, हेमंत सरमा जैसे लोगों की विघटनकारी राजनीति पर भारी पड़ेगा।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

## पावन प्रसंग

# सबसे सर्वोपरि है स्थिर मन

हम असुरक्षित क्यों रहते हैं? अनिश्चित क्यों रहते हैं? क्योंकि हमने मान लिया है कि हमारे साथ सब कुछ बुरा होगा, लोग अपने सुरक्षित भविष्य के लिए पैसा जोड़ते हैं, उसे संग्रहीत करते हैं। यह असुरक्षा, यह अनिश्चिततता- मन को चंचल करती है। हम संचय तो करते हैं-समृद्धि का, साधन का, संपदा का, सद्गुणों का संचय नहीं करते। परिणाम यह होता है कि जितना संचय बढ़ता है, जितना परिग्रह बढ़ता है, उतनी मन की चिंता भी बढ़ती है।

जिनके घर में बहुत सारा सामान है. तो अपने घर की सफाई नहीं कर सकते। सफाई करने के लिए उनकी एक सप्ताह पहले प्लानिंग करनी पड़ेगी कि अब सफाई करनी है, क्योंकि उनके घर में बहुत सामान भरा है, इधर का कूड़ा उधर का कूड़ा। कई बार तो लोग ऐसा करते हैं इस कोने का कूड़ा उस कोने ने कर देते हैं और उस कोनो का कूड़ा इस कोने में। यह मन का जो कचरा है मन का जो कूड़ा है, वही हमको अस्थिर करता रहता है, लेकिन हमें अपने मन को स्थिर करना है इसलिए पहले हम पहचानें, जानें कि कहां-कहां हमारा मन जाता है? हमारे मन को कौन अस्थिर करता है।

व्यक्ति की चिंताएं, शंकाएं उसको सबसे ज्यादा अस्थिर करती है। निषेधात्मक चीजें मन को बहकाती रहती हैं, इसलिए सबसे पहले उन्हें पहचानना जरूरी है, समझना जरूरी है। जहां-जहां नकारात्मकता है, जो-जो चीजें आपको चुभती हैं, उस चुभन को निकालना है, उन गांठों को खोलना है और इसके लिए शुभ विचारों को अपनाना जरूरी है। एक शुभ विचार ही हमारे मन को बदलने के लिए पर्याप्त हैं, बस, उस विचार में वह ऊर्जा होनी चाहिए। हमारे यहां उपनिषदों में चार महावाक्य कहे गए हैं, ये चार ब्रह्मसूत्र हैं, इनके बारे में ज्ञानी जन कहते हैं कि अगर ये चार सूत्र समझ में आ गए तो समझो सारा ब्रह्मसूत्र समझ में आ गया। भगवद्गीता है तो सप्तश्लोकी भगवद्गीता भी है यानी भगवद्गीता के ये सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो सात सौ श्लोक समझ में आ गए। दुर्गासप्तशती है, तो सप्तश्लोकी दुर्गा भी है, इसके सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो दुर्गा सप्तशती समझ में आ गई। बात छोटी सी है, लेकिन एक बात भी अगर समझ में आ जाए, तो जीवन बदलने के लिए यह एक बात भी पर्याप्त है। हमारे जीवन में बहुत सारे काम ऐसे हैं, जो हम नहीं कर सकते, लेकिन भगवत्कृपा से सब कार्य संभव हैं। यह विश्वास, यह श्रद्धा, यह आस्था, हमारे मन को बहुत संबल देते हैं, मन को अस्थिर होने से बचाते हैं, उसे एक जगह टिका देते हैं। जीवन में कई बार बड़ी दुर्घटनाएं घटती हैं, जैसे स्वतंत्रता से पूर्व हमारे देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र यानी गोरखपुर, बलिया, बिहार का कुछ इलाका आदि, इन जगहों में एक दुर्घटना घटी, अंगरेज लोग वहां के कुछ लोगों को पकड़ कर ले गए। ये लोग घर से दूर, परिवार से दूर, रिश्ते-नातों के बिना वहां पर कैसे रहें। वहां तो उन्हें मजदूरी करनी थी, अपने रिश्ते तो उनके देश में ही छूट गए। कोई उन्हें घर वापस बुला नहीं सकता था। फिर रिश्ते बनाने के लिए वहीं कहीं उन्होंने शादी कर ली, अफ्रीकन वगैरह से शादी हुई। अपने साथ अपने देश से वो कुछ नहीं ले गए थे, लेकिन हनुमान चालीसा और तुलसीदासजी की रामायण की यानी श्रीरामचरितमानस की कुछ चौपाइयां उन्हें कंठस्थ थीं। वो हनुमान चालीसा, वो रामचरितमानस उनके लिए एक तरह से संजीवनी बन गई, उन्हें भावनात्मक संबल देने के लिए एक आधार बन गई।

आज भी आप देखो तो जो दूर देश के इलाके हैं, और उनमें बसे हुए भारतीय हैं, उनसे पूछो कि वे अपने साथ क्या लाए थे? जब मन टूटता था, तब उस टूटे-बिखरे मन के लिए उनका संबल क्या होता था? हनुमान चालीसा। आज भी वहां पर जब भारत से कोई कथावाचक जाते हैं तो बड़े अनुराग से वे राम-कथा सुनते हैं क्यों? उन राम के नाम से उन हनुमान जी के नाम ने हनुमान चालीसा की चौपाइयों ने उनके जीवन की डोर बांधे रखी। उनके व्यक्तित्व को बिखरने से बचाया। जीवन की छोटी-बड़ी बातों में बड़ी आस्थाएं छिपी होती हैं। वहां सकारात्मकता का, शुभ चिंतन का, सद्गुणों का विश्वास प्रकाश बिखेरो।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बिहार में जातीय जनगणना के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की तनी भृकुटि, नही करेंगे गैर शैक्षणिक कार्य

बिहार में जातीय गणना के पक्ष में राज्य सरकार हमेशा से रही है। एनडीए के गठबंधन के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जातीय जनगणना की पैरवी करने मोदी से भेंट की थी। भाजपा जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं थी। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कराने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की आवश्यकता आन पड़ी है। शिक्षक संघ ने सरकार पर यह आरोप लगाते हुए खण्डन किया है कि बीपीएससी में आवेदन करने वाले शिक्षकों के फेल कराने की साजिश है। मुख्य सचिव का कहना है कि कोई भी शिक्षक गैरशैक्षणिक कार्य नहीं करेगा। बिहार में शिक्षक संघ और सरकार के बीच विचारधारा की लड़ाई छिड़ गई है। शिक्षक जातीय जनगणना करेंगे तो बीपीएससी की गणना कैसे करेंगे? शिक्षक और सरकार के बीच तलवार खींच गई है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विरुद्ध सरकार कार्य कर रही है इससे शिक्षकों का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा। कई राज्यों में जातीय जनगणना का विरोध हुआ है उसके बावजूद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जातीय जनगणना की ठान रखी है। फैसलों के खिलाफ शिक्षक संघ आ खड़ा हुआ है जिससे बिहार में आगामी जनगणना की मुहिम में व्यवधान पैदा होने की संभावना है। गणना और गैरशैक्षणिक कार्य के लिए शिक्षकों को ही आगे किया जाता है। शिक्षक सरकार की गाइड लाइन की पालन हर हालत में करेंगे। यदि ऐसा नहीं है तो शिक्षकों को निलंबित करने में सरकार एक पल का विचार नहीं करेगी। कोरोना के समय में मरीज की गणना, पशु गणना और शौचालय गणना आदि कार्य शिक्षकों ने किए हैं। मकानों की गणना और मेट्रिक में इंटरमीडिएट परीक्षा के बाद अब जनगणना में लगने से उनके पास पढ़ाई का समय नहीं बचेगा। इन परिस्थितियों में सरकार क्या कदम उठाती है? लोकसभा चुनाव की तैयारी और 2025 में बिहार विधानसभा की भी तैयारी होगी। ऐसे में शिक्षकों पर पड़ने वाली समय की मार को कैसे व्यवस्थित की जाए। उसके लिए सरकार से अपील की जा रही है। शिक्षा मंत्री व पीएम को पत्र लिखकर शिक्षकों ने न्याय की गुहार लगाई है।

# दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या की बढ़ती घटना समाज के लिए चिंताजनक

कोई दिन खाली नही जाता है अखबार में दुष्कर्म की घटना की खबर नहीं छपी हो। आए दिन दुष्कर्म की घटना में दुधमुंही बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत की जाती है। नाबालिग बच्चियों के साथ गैंगरेप की घटनाएं बढ़ती जा रही है। यह सभ्य समाज पर कलंक है। आवारा घूमते बिगड़े युवाओं को परिवार और समाज की कोई फिक्र नहीं है। अपने परिवार और माता पिता का सिर शर्म से झुकाने वाले नालायक बेटे दुष्कर्म और हत्या की वारदात को अंजाम दे रहे है। वहशीपन की बढ़ती दरिन्दगी से समाज की युवा पीढ़ी विश्वसनीयता खोती जा रही है। युवतियों और महिलाओं के साथ अमानुषिक घटना अखबार में पढ़ने मात्र से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पाषाणयुगीन मानव भी इतने क्रूर और निर्लज्ज नहीं थे। शिक्षित परिवार ऐसे बेहूदा कार्य और कभी माफ नहीं किये जाने वाले कार्य करते हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। दुधमुंही बच्चियों के साथ दुष्कर्म और बाद में हत्या करने वाले विकृत मानसिकता वाले युवाओं में विकृति कहां से आती है। दो-तीन साल की बच्चियों को दुलार करते हैं। उस पर विकृति पैदा कर अमानुषिक कृत्य समाज के लिए कलंक है। कलंकित करने वाले नराधमों को फांसी तो दी जाती है लेकिन यह नाकाफी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# देश विदेश

## अमेरिकी सीनेट सक्रिय शूटर अलर्ट पर बंद

**वाशिंगटन**। अमेरिका में कैपिटल पुलिस कार्यालय भवन में एक सक्रिय शूटर की मौजूदगी की रिपोर्टों के बीच अमेरिकी सीनेट को बुधवार दोपहर को बंद कर दिया गया। यूएस कैपिटल पुलिस ने दोपहर करीब तीन बजे ट्वीट किया, हमारे अधिकारी कॉल के जवाब में सीनेट कार्यालय भवनों में और उसके आसपास तलाशी ले रहे हैं। कृपया क्षेत्र से दूर रहें क्योंकि हम अभी भी जांच कर रहे हैं। सीनेट की इमारतों के अंदर मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए कहा गया है। शाम चार बजे यूएस कैपिटल पुलिस ने कहा कि वह सीनेट कार्यालय भवनों को फिर से खोलने के लिए तैयार है।


# पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ चुपचाप सुरक्षा समझौते को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान संघीय कैबिनेट ने चुपचाप अमेरिका के साथ एक महत्वपूर्ण सुरक्षा समझौते को मंजूरी दे दी है। इससे वाशिंगटन से सैन्य हार्डवेयर की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट ने दोनों देशों के बीच संचार अंतरसंचालनीयता और सुरक्षा समझौता ज्ञापन (सीआईएस-एमओए) पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी।

हालांकि, पाकिस्तान और अमेरिका ने अभी तक इस घटनाक्रम पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। सूत्रों ने यह भी पुष्टि की कि संघीय कैबिनेट की बैठक में सीआईएस-एमओए पर सारांश का प्रसार देखा गया।

हालांकि, सूत्रों ने इसकी पुष्टि करने से परहेज किया कि कैबिनेट के अधिकांश सदस्यों ने इसे मंजूरी दी है या नहीं। गौरतलब है कि सीआईएस-एमओए एक समझौता है, जिस पर अमेरिका अपने सहयोगियों और उन देशों के साथ हस्ताक्षर करता है, जिनके साथ वह घनिष्ठ सैन्य और रक्षा संबंध बनाए रखने का इरादा रखता है। सीआईएस-एमओए के तहत, वाशिंगटन को अन्य देशों को सैन्य उपकरण और हार्डवेयर की बिक्री के लिए अमेरिकी रक्षा




■ वाशिंगटन से सैन्य हार्डवेयर की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।
■ पाकिस्तान व अमेरिका ने अभी तक इस पर आधिकारिक बयान नहीं दिया

विभाग के लिए कानूनी कवर भी मिलता है। सीआईएस-एमओए पर हस्ताक्षर यह स्थापित करता है कि दोनों पक्ष एक संस्थागत तंत्र बनाए रखने के इच्छुक हैं।

पाकिस्तान इससे पहले अक्टूबर 2005 के दौरान 15 वर्षों तक इस समझौते में रहा था। 2005 के समझौते पर पाकिस्तान के संयुक्त कर्मचारी मुख्यालय और रक्षा विभाग के बीच हस्ताक्षर किए गए थे। वह समझौता 2020 में समाप्त हो गया। 2023 के नवीनतम समझौते के तहत, अगले 15 वर्षों के लिए दोनों पक्ष संयुक्त अभ्यास, संचालन, प्रशिक्षण, आधार और उपकरण आयोजित करने पर सहमत हुए हैं। हालांकि, सुरक्षा विशेषज्ञ और विश्लेषक पाकिस्तान द्वारा अमेरिका से सैन्य हार्डवेयर खरीदने की संभावना को कम महत्व देते हैं। सेवा में अपने समय के दौरान अमेरिका के साथ काम करने वाले एक वरिष्ठ पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा, वाशिंगटन के दीर्घकालिक हित इस्लामाबाद के साथ मेल नहीं खाते हैं। फिर भी, अमेरिका को कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पाकिस्तान की जरूरत है और इसलिए यह समझौता दोनों के उद्देश्यों को पूरा करता है। इस घटनाक्रम और इसकी गोपनीयता की दूसरी प्रमुख चिंता अमेरिका-पाकिस्तान गठबंधन और काबुल में तालिबान शासन और पाकिस्तान व अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों से सक्रिय विभिन्न आतंकवादी समूहों की प्रतिक्रिया है। आतंकवादी मामलों के विशेषज्ञ ताहिर खान ने कहा, पाकिस्तान को अमेरिका ने उस समय एक सहयोगी के रूप में लिया था, जब अफगान तालिबान अफगानिस्तान में नाटो बलों के साथ लड़ रहे थे। इस्लामाबाद पर कई बार ड्रोन हमलों के जरिए तालिबान के हाई-प्रोफाइल कमांडरों को निशाना बनाने में अमेरिका की मदद करने का आरोप लगा।

## कैमरून में बंदूकधारियों ने की आठ मछुआरों की हत्या

**याउंडे,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। कैमरून के सुदूर उत्तर क्षेत्र में लेक चाड के एक द्वीप में अज्ञात बंदूकधारियों ने कम से कम आठ मछुआरों की गोली मारकर हत्या कर दी है। स्थानीय निवासियों और सैन्य सूत्रों ने कहा कि इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस (आईएसडब्ल्यूएपी) के संदिग्ध सदस्य बुधवार तड़के हुए 'निंदनीय कृत्य' के लिए जिम्मेदार हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि आतंकवादी मछली पकड़ने की गतिविधि पर कर लगाने के लिए इलाके में आए है, लेकिन उन्हें मछुआरों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। इन हत्याओं पर दुख



व्यक्त करते हुए क्षेत्र के एक सैन्य अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि सेना झील को सुरक्षित करने के लिए और अधिक कर्मियों को तैनात करेगी। उल्लेखनीय है कि आईएसडब्ल्यूएपी ने पूर्वोत्तर नाइजीरिया में एक इस्लामी राज्य स्थापित करने के उद्देश्य से बोको हराम समूह के साथ समझौता किया है।

## दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में दो समूहों के बीच गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी क्वेटा में हुई जहां बुधवार रात दो समूहों के सदस्यों के बीच भूमि विवाद को बहस छिड़ गयी जिसके बाद उन्होंने एक-दूसरे पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने बताया कि दोनों समूह शहर के प्रभावशाली परिवारों से थे जो भूमि विवाद को लेकर आपस में भिड़ गए। गोलीबारी में कई लोग घायल भी हुए हैं और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगे की जांच के लिए पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।

## सुडोकू 6276


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | 8 | |
| | 8 | 7 | | 6 | | | | 9 |
| | | | | | 4 | 6 | 3 | 1 |
| | | | 2 | 7 | 6 | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 4 | 9 | 8 | | | |
| 9 | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| 1 | | | | 5 | | 2 | 7 | |
| | 2 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6276



**बायें से दायें:-**

१. किसी बखेड़े या झमेले में पड़ा हुआ
४. क्रमांक
६. घिसाव, घर्षण
७. दया, कृपा (उर्दू)
८. आज्ञाकारी सेवक (उर्दू)
१०. प्राप्त लब्ध (उर्दू)
११. आपस में
१३. पिंजरा (उर्दू)
१४. जल में उत्पन्न
१५. चंदन
१७. स्थान (उर्दू)
१९. सतह, तह
२१. द्वितीय
२२. जांचने वाला
२४. दूसरा जन्म

**ऊपर से नीचे:-**

१. ब्यौरा
२. किसी कार्य के बनने, बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी (उर्दू)
३. मूल्य, दाम (उर्दू)
४. जांच, निरीक्षण (उर्दू)
५. गंभीर, संवेदनशील (उर्दू)
९. रत्नों का ढेर
१०. पराजित
११. शुरूआत, आरंभ (उर्दू)
१२. छूने से पैदा होने वाला
१३. दासी, सेविका (उर्दू)
१४. टूटा-फूटा
१५. श्रमिक (उर्दू)
१६. मृत्यु का देवता
१८. झरोखा
१९. पढ़ा हुआ
२०. तपस्या
२३. उधार, ऋण

### वर्ग पहेली-6275



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 4 अगस्त , 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 2

### राशिफल

मेष -आप का दिन मित्रों और सामाजिक कामों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन का खर्च भी करना पड़ेगा। आपके नए मित्र बन सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायी रहेंगे। सरकारी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। विशेषकर व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति का भी योग है। कार्यालय में उच्च अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन -आप का दिन प्रतिकूलता लेकर आएगा। मानसिक रूप से चिंता और शारीरिक रुप से शिथिलता का अनुभव होगा। काम करने का उत्साह नहीं रहेगा। व्यवसायिक स्थल पर भी अधिकारियों और सहकर्मियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

कर्क -वैचारिक रूप से नकारात्मकता छाई रहने से आज दिनभर शारीरिक और मानसिक रुप से अस्वस्थता बनी रहेगी। आपको नकारात्मकता से दूर रहने की सलाह दी जाती है। क्रोध पर भी आज संयम रखना पड़ेगा। खर्च अधिक होगा।

सिंह -आज पति-पत्नी के बीच अनबन हो जाने से दांपत्यजीवन में क्लेश हो सकता है। आप दोनों में से किसी का स्वास्थ्य न बिगड़े इसका ध्यान रखें। सांसारिक तथा अन्य मामलों के कारण भी आपका मन उदासीन रहेगा।

कन्या -व्यावसायिक क्षेत्र में आज यश प्राप्त होने की संभावना अधिक हैं। सहकर्मियों का साथ मिलेगा।पारिवारिक वातावरण में सुख का अनुभव होगा। शारीरिक और मानसिक रुप से भी आप स्वस्थ रहेंगे। आर्थिक लाभ होगा।

तुला -वैचारिक रूप से विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी और इससे अन्य व्यक्तियों के साथ संबंधों में मेल बना रहेगा। चर्चा-परिचर्चा में भी आप प्रभाव जमा सकेंगे।

वृश्चिक -स्नेहीजनों के साथ संबंधों में सावधानी बरतें। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता के कारण व्यग्रता बनी रहेगी। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन और कीर्ति की हानि होगी। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा।

धनु -विरोधी आज परास्त होंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल है। स्नेहीजनों के साथ समय आनंद सहित गुजारेंगे।

मकर -आज का दिन मिश्रित फलदायी है। परिजनों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव के प्रसंग बनने से मन में ग्लानि छाई रहेगी। निरर्थक खर्च होगा। आरोग्य का ध्यान रखें। विद्यार्थियों को आज अभ्यास में रुचि नहीं होगी।

कुंभ -आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। परिवार का वातावरण आनंद से भरा रहेगा। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकेंगे। आज आप प्रवास और पर्यटन का आनंद भी उठा सकेंगे।

मीन -कोर्ट-कचहरी या स्थायी संपत्ति की झंझट में न पड़ें। एकाग्रता से आज सभी कार्यों में फायदा होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वजनों के वियोग का प्रसंग उपस्थित होगा। परिजनों के साथ मतभेद रहेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## फ्रांसीसी समाचार एजेंसी ने ट्विटर के खिलाफ दायर की याचिका

**पेरिस,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांस की एक समाचार एजेंसी ने कॉपीराइट मामले को लेकर माइक्रोब्लागिंग साइट ट्विटर के खिलाफ याचिका दायर की है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह याचिका बुधवार को दायर की गयी। याचिका में कहा गया है कि मीडिया समूहों की रिपोर्टें और तस्वीरें लंबे समय से ट्विटर , फेसबुक और गूगल जैसे प्लेटफार्मों पर प्रदर्शित की जा रही है इसलिए उन्हें भी मुनाफे का एक हिस्सा मिलना चाहिए।

**कॉपीराइट का है मामला**

याचिका में 2019 के यूरोपीय संघ के उस कानून का हवाला दिया गया है जिसमें 'पड़ोसी अधिकार' व्यवस्था के तहत सामग्री साझा करने के लिए भुगतान को तर्कसंगत ठहराया गया था और गूगल और फेसबुक ने कुछ फ्रांसीसी मीडिया आउटलेट्स को भुगतान करने के लिए सहमति जतायी। फ्रांसीसी समाचार एजेंसी ने अरबपति टाइकून एलोन मस्क के स्वामित्व वाले ट्विटर की ओर से ऐसा कोई भुगतान नहीं किये जाने और इससे इंकार किये जाने का आरोप लगाया है।

## नाइजर से 350 फ्रांसीसी नागरिकों को निकाला गया'

**पेरिस,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांस ने नाइजर में सैन्य द्वारा किए तख्तापलट के कारण 350 से अधिक फ्रांसीसी नागरिकों को को अब तक वहां निकाला है। यह जानकारी फ्रांस के यूरोप एवं विदेश मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने बताया कि नाइजर के नियामी से दो उड़ानें पहले ही रवाना हो चुकी हैं, जिनमें फ्रांसीसी नागरिकों के साथ-साथ यूरोपीय संघ के अन्य देशों के नागरिक भी सवार हैं। मंत्रालय ने कहा कि निकासी उड़ानों में 510 से अधिक लोग सवार हैं। निकासी अभियान के तहत तीसरी उड़ान भी निर्धारित है। मंत्रालय के अनुसार फ्रांस के नाइजर में लगभग 1,200 पंजीकृत नागरिक रहते हैं। इनमें से लगभग 600 नागरिकों ने निकाले जाने की इच्छा व्यक्त की है। फ्रांस के बीएफएमटीवी से बात करते हुए फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने मंगलवार को पुष्टि की कि फ्रांस नाइजर में सैन्य हस्तक्षेप नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले बुधवार को नाइजर के रक्षा एवं सुरक्षा बलों ने कहा कि देश में सैनिकों ने कथित तौर पर बंधक बनाए जाने




के कुछ ही घंटों बाद राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को सत्ता से बेदखल कर दिया। इसके दो दिन बाद नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड के पूर्व नेता जनरल अब्दौराहमाने त्वियानी को 'होमलैंड की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद का अध्यक्ष' नामित किया गया। बाद में उन्होंने संविधान को निलंबित करने और सरकार को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिससे परिषद को सभी विधायी और कार्यकारी प्राधिकरणों का प्रयोग करने का अधिकार मिल गया। श्री बज़ौम ने 2021 में चुनाव जीतने के बाद पदभार ग्रहण किया। साल 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से नाइजर में चार तख्तापलट हो चुका है।

■ लगभग 600 नागरिकों ने निकाले जाने की इच्छा व्यक्त की

## बांग्लादेश में डेंगू मरीजों की संख्या 57,127 हुई

**ढाका,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश में डेंगू के 2,711 नए मामले सामने आए हैं और 12 मरीजों की हुई है। इसके साथ ही डेंगू मरीजों की संख्या 57,127 तथा इस साल जनवरी से अब तक इसके कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 273 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशालय ने बुधवार को बताया कि 2638 मरीजों के साथ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 47,529 हो गई है। बांग्लादेश में पिछले महीने इस संक्रमण के सबसे ज्यादा 43,854 नए मामले सामने आए थे तथा 204 मरीजों ने जान गंवाई थी। बांग्लादेश में जून से सितंबर तक

■ अब तक 273 लोगों की मौत



बरसात के मौसम में डेंगू के मामले सामने आते हैं। इस दौरान यहां मच्छरों से उत्पन्न होने वाली इस बीमारी का अधिक खतरा रहता है।

## चीन में बाढ़ से निपटने में मदद करेगा एप्पल

**बीजिंग,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल चीन के बीजिंग और हेबेई प्रांत में बाढ़ की स्थिति से निपटने में मदद करेगी। कंपनी के प्रमुख टिम कुक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, बीजिंग और आसपास के हेबेई प्रांत में भयानक बाढ़ से प्रभावित लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। एप्पल इस बाढ़ में राहत प्रयासों के लिए दान देगा। मीडिया ने बीजिंग बाढ़ रोकथाम प्राधिकरण का हवाला देते हुए बताया कि शहर में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या 11 तक पहुंच गई, जबकि हेबेई प्रांत में नौ और लोगों की मौत हो गई। वहीं भारी बारिश से राजधानी के 13 जिलों में कुल 44,673 लोग प्रभावित हुए हैं। बीजिंग में विभिन्न इलाकों में फंसे लगभग 127,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ का खतरा अभी भी बना हुआ है। आपदा से हुई आर्थिक क्षति का आकलन अभी भी किया जा रहा है।

## जापान में खानून तूफान से दो की मौत, 61 घायल

**टोक्यो।** जापान के दक्षिणी द्वीप ओकिनावा प्रान्त में शक्तिशाली तूफ़ान खानून के कारण मूसलाधार वर्षा जारी है और वर्षा जनित घटनाओं से गुरुवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तूफान के कारण ओकिनावा में 24 प्रतिशत घरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। इसके अलावा, उरुमा शहर में मोमबत्ती से आग लगने के कारण में एक वृद्ध महिला (89) की जलकर मृत्यु हो गई। इससे पहले बुधवार को, शक्तिशाली तूफान में एक घर ढह गया, जिसमें एक व्यक्ति (90) घायल हो गया था और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

## आज का इतिहास

1666- नीदरलैंड और इंग्लैंड के बीच समुद्री लड़ाई हुई।
1886- कोलंबिया ने संविधान अंगीकार किया।
1870- ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना हुई।
1914- जर्मनी के पहले विश्वयुद्ध में शामिल होने के बाद ब्रिटेन ने भी युद्ध में उतरने की घोषणा की।
1929- अभिनेता, गायक, निर्देशक किशोर कुमार का जन्म।
1935- गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट 1935 को ब्रिटिश राजशाही की मंजूरी मिली।
1954- पाकिस्तान सरकार ने हाफिज जलंधरी द्वारा लिखे गीत को राष्ट्रगान के रूप में अपनाने पर सहमति दी।
1956- देश का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा शुरू हुआ।
1961- अमेरिका के पहले अश ?वेत राष ?ट्रपति बराक ओबामा का जन ?म हुआ था।
1967- विश्व के सबसे लंबे चिनाई बांध नागार्जुनसागर का निर्माण।
1997- मो. ख़ातमी ने ईरान के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
2000- ब्रिटेन की महारानी राजमाता एलिजाबेथ ने अपना सौवां जन्मदिन मनाया।
2001- रूस और उत्तरी कोरिया के बीच सामरिक समझौता हुआ।
2004- नासा ने एल्टिक्स सुपर कम्प्यूटर केसी को कल्पना चावना नाम दिया।
2006- उड़ीसा की महिला मुख्यमंत्री तथा लेखिका नंदिनी सत्पथी का निधन।
2007- अमेरिका ने स्पेस प्रोब फीनिक्स को लॉन्च किया। इसी मिशन ने मंगल की सतह के नीचे पानी और बर्फ होने का पता लगाया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**सावन की पहली झड़ी से ...**

प्रदेश के अन्य हिस्सों के साथ-साथ रायपुर में हो रही लगातार बारिश की वजह से अनेक हिस्से जलमग्न हो गए हैं। राजधानी में भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर के सामने पानी भर गया है। लोगों के साथ गाड़ियों की आवाजाही में परेशानी आ रही है।

**नाले में जा गिरी कार**

बिलासपुर में लगातार बारिश की वजह से नदी-नाले उफान पर आ गए हैं. सड़क पर बह रहे पानी की वजह कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पुराना बस स्टैंड में कार नाले में समा गया. कार में सवार एक ही परिवार के सदस्यों को लोगों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित निकाला। भारी बारिश की वजह से बिलासपुर के चुचुहियापारा रेलवे अंडरग्राउंड ब्रिज में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। लोग जान जोखिम में डालकर अंडरग्राउंड ब्रिज पार कर रहे हैं।

पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने की वजह से हर वर्ष ब्रिज बारिश में डूबता है. इससे सिरगिट्टी, धुमा, पोड़ी, सिलपहरी, गणेश नगर समेत दर्जन भर गांव के लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है. बिना प्लानिंग के बनाए गए अंडर ब्रिज पर अब लोग रेलवे और जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठा रहे हैं.

**नदी-नाले उफान पर**

मुंगेली जिले में लगातार 24 घण्टे से हो रही बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. जिले के नदी-नाले उफान पर है, वहीं जिला मुख्यालय के निचले इलाके में लोगों के घरों में पानी घुस गया है. किसानों के खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है।

**गरियाबंद में अलर्ट जारी**

गरियाबंद जिले में भारी बारिश की वजह से अलर्ट जारी किया गया है. सरकड़ा गांव में कच्चा मकान ढहने से पति-पत्नी दबकर घायल हो गए. भारी मशक्कत के बाद गांव वालों ने पति-पत्नी को मलबे से बाहर निकाला. मुरली निषाद और उसकी पत्नी संतोषी निषाद का अस्पताल जारी है. दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

**बलौदाबाजार सहित...**

नदी नाले उफन पर आ गए हैं। नगर से दो किमी दूर महानदी और जोक नदी में लगातार जल स्तर बढ़ते दिखाई दे रहा है। वही कसडोल सिरपुर मार्ग में बल्दा कछार के पास नाला का पानी सड़क में आ जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया है जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इसी तरह समीपस्थ ग्राम पंचायत खर्री के पास नाला एवम असनींद के पास बरघाट नाला में सुबह पुल से ऊपर पानी बह रहा था। इस लगातार दो दिनों की बारिश से खेत खलिहान भी लबालब हो गया है और नजारा सभी तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है।

**कोयला मंत्रालय ने ...**

मंत्रालय को अग्रिम राशि की पहली किस्त जमा कर दी है। विशेष रूप से, शेष तीन किस्तें बोलीदाताओं द्वारा सीधे संबंधित राज्य सरकारों को जमा की जाएंगी, जिससे इन राज्यों के विकास में उनका योगदान और बढ़ जाएगा। इस पर्याप्त पूंजी निवेश का उपयोग राज्य सरकारें अपने क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए करेंगी। यह बुनियादी ढांचे के विकास, शैक्षिक सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न कल्याणकारी पहलों, समुदायों के उत्थान और समग्र विकास को बढ़ावा देने में रणनीतिक निवेश को सक्षम करेगा।

वाणिज्यिक कोयला खनन की शुरुआत के बाद से, कोयला क्षेत्र राज्य सरकारों को राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसके अलावा, एक बार कोयला खदानें चालू हो जाने के बाद, वे रॉयल्टी और मासिक प्रीमियम के माध्यम से राज्यों की समृद्धि में भी योगदान देंगे। इन खदानों से उत्पन्न राजस्व को राज्यों द्वारा आवश्यक कल्याण कार्यक्रमों के लिए अपनी वित्तीय क्षमता को मजबूत करने, वंचित समुदायों के उत्थान और अन्य प्रमुख विकास परियोजनाओं की सहायता करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।

## दुनिया को जानें

### जस्टिन ट्रूडो का 18 साल बाद पत्नी से तलाक का फैसला

**ओटावा,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (51) और उनकी पत्नी सोफी (48) ने आपसी सहमति से शादी के 18 वर्ष बाद तलाक लेने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। श्री ट्रूडो कनाडा के दूसरे प्रधानमंत्री होंगे, जो इस पद पर रहते हुए तलाक ले रहे हैं। इससे पहले, उनके पिता पियरे ट्रूडो ने प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए, वर्ष 1984 में पत्नी मर्गेरेट से तलाक लिया था। श्री जस्टिन और श्रीमती सोफी के तीन बच्चे हैं। दोनों के तलाक की खबर सुनकर लोग हैरान हैं, क्योंकि इस जोड़ी को लोगों ने खूब सराहा था। श्री ट्रूडो और उनकी पत्नी ने व्यापक चर्चा और काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने अपने बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए माता-पिता के रूप में एकजुट होकर साथ रहने का विकल्प चुना है।



# खेल जगत

## मैं अगले साल होने वाले इंग्लैंड के भारत दौरे का हिस्सा नहीं हूं : मोईन अली

**लंदन,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर मोईन अली ने पुष्टि की है कि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम की अपील के बावजूद वह अगले साल इंग्लैंड के भारत के टेस्ट दौरे का हिस्सा नहीं होंगे। जैक लीच के पीठ में स्ट्रेस फैक्चर के कारण एशेज सीरीज से बाहर होने के बाद सितंबर 2021 में टेस्ट से संन्यास लेने वाले मोईन अली वापस आए। उन्होंने रोमांचक एशेज श्रृंखला में चार मैच खेले। आईसीसी ने मोईन अली के हवाले से कहा, अगले साल होने वाले भारत दौरे के लिए मैकुलम ने मुझसे फिर पूछा, लेकिन मैंने साफ मना कर दिया। मेरे लिए अपने करियर को इस तरह खत्म करना काफी अच्छा रहा। एशेज 2-2 से ड्रा करने के बाद इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट अगले साल 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत की पांच मैचों की श्रृंखला की यात्रा है जिसमें हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में मैच खेले जाएंगे।



# मौजूदा चैंपियन द. कोरिया ने पिछड़ने के बाद जापान पर जीत के साथ शुरू किया अभियान




■ द. कोरिया के लिए जियोलियांग व जुंगहो किम ने दागा एक-एक गोल

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, 3 अगस्त (देशबन्धु)। रयोमा ओका के बेहतरीन मैदानी गोल से तूफानी अंदाज से आगाज कर पहले क्वॉर्टर में बढ़त लेने के बाद आखिरकार पिछली उपविजेता जापान का किला दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले बिखर गया। जियोलियांग पार्क के 26 वें मिनट में दागे गोल से एक एक की बराबरी लेने बाद तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में जुंगहो किम के मैदानी गोल से हासिल बढ़त को आखिर तक कायम रखते हुए मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया ने जापान पर पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 हॉकी के पहले राउंड रॉबिन लीग मैच में बृहस्पतिवार को 2-1 से जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। भुवनेश्वर में इस साल हुए विश्व कप में भी दक्षिण कोरिया ने जापान को इसी अंतर से हराया था। पिछली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में लीग में दोनों टीमों का लीग मैच 3-3 से बराबर रहा था और फाइनल में भी 3-3 की बराबरी के बाद दक्षिण कोरिया ने शूटआउट में 4-2 से जीत के साथ खिताब जीता था।

राइकी फुजीयामा, रयोमी ओका, योसी कातो, युमा नगाई और सेरेना तनाका की अगुवाई में जापान ने मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खासतौर दाएं छोर से तेज हमले बोल कर अपने किले की चौकसी कर रहे कप्तान सेंटर बैक जोंगहयुन जांग और जंगजुन ली जैसे दक्षिण कोरिया के बूढ़े शेरों को चौंका दिया। रयोसी कातो दाएं से गेंद को लेकर दक्षिण कोरिया की डी में पहुंचे और उनके तिरछे पास पर बाएं डी के ठीक उपर रयोमा ओका ने गेंद को कब्जे में ले पूरी रक्षापंक्ति को छका गोल कर जापान को 1-0 से आगे कर दिया। दक्षिण कोरिया को इससे दो मिनट पहले मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला था लेकिन जापान के रिव्यू पर तीसरे अंपायर ने इसके नकार दिया। जापान ने पांच मिनट बाद मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया लेकिन मनाबू यामाशिता के तेज फ्लिक को दक्षिण कोरिया के 'रशर'जूनवू जियोंग ने रोक कर दक्षिण कोरिया को बराबरी पाने से रोक दिया। जिंगवांग हयुन के तेज फ्लिक पर दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले जियोलियांग पार्क ने चतुराई से तेज पुश से गोल कर दक्षिण कोरिया को एक-एक की बराबरी दिला दी।

दक्षिण कोरिया ने तीसरे क्वॉर्टर में अपनी रणनीति बदली और शुरू से जापान के गोल पर तेज हमले बोले। जूनवु जियोंग ने तीसरे क्वॉर्टर क्वॉर्टर में दाएं से तेज पास डी की ओर बढ़ते साथी जुंगहो किम के लिए फेंका और इस पर उन्होंने बाएं से बाएं से तेज से शॉट जमा गोल कर दक्षिण कोरिया को मैच के 35 वें मिनट में 2-1 से आगे कर दिया। जापान ने तीसरे क्वॉर्टर में बराबरी पाने के लिए और दक्षिण कोरिया ने अपनी बढ़त को और मजबूत करने के लिए हमले तेज कर दिए लेकिन और गोल नहीं हुआ। जापान ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में अपनी पूरी ताकत झोंक दी और पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया लेकिन बराबरी पाने में नाकाम रही।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे किदांबी, प्रियांशु



**सिडनी,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत और युवा प्रतिभा प्रियांशु राजावत ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 में गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी।

प्रियांशु ने 59 मिनट चले पुरुष प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के वांग जू वेई को 21-8, 13-21, 21-19 से मात दी। किदांबी ने ताइपे के सू ली यांग को 21-10, 21-17 से हराने में सिर्फ 39 मिनट का समय लिया। क्वार्टरफाइनल में किदांबी और प्रियांशु आमने-सामने होंगे।

इस बीच, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने भी अपने-अपने दूसरे चरण के मुकाबले जीते, जबकि मिथुन मंजूनाथ और किरण जॉर्ज हारकर सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

खराब फॉर्म से जूझ रहीं सिंधु ने महिला एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल में हमवतन आकर्षि कश्यप को 21-14, 21-10 से हराया। प्रणय ने चीनी ताइपे के ची यू जेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट में 19-21, 21-19, 21-13 से जीत दर्ज की।

पहले दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को मात देने वाले मंजूनाथ मलेशिया के ली ज़ी जिया से 21-13, 12-21, 19-21 से हार गये। किरण को इंडोनेशिया के एंथनी गिनटिंग के हाथों 15-21, 18-21 की सीधे सेटों की हार का स्वाद चखना पड़ा।

महिला युगल प्रतियोगिता में, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी जापान की मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा के हाथों 10-21, 20-22 से हारी।

# कोलंबिया पर उलटफेर कर सुपर-16 में मोरक्को



**पर्थ,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व रैंकिंग में 72वें नंबर की मोरक्को ने फीफा महिला विश्व कप 2023 में बड़े उलटफेर को अंजाम देते हुए गुरुवार को कोलंबिया को 1-0 से मात दी। मोरक्को ने निब स्टेडियम पर खेले गये ग्रुप-एच मुकाबले में अनीसा लहमारी (45+4वां मिनट) के गोल की बदौलत जीत हासिल करते हुए सुपर-16 में प्रवेश किया। इस हार के बावजूद कोलंबिया ग्रुप-एच की शीर्ष टीम के रूप में प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी, हालांकि मोरक्को ने विश्व नंबर दो जर्मनी को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। जर्मनी को सुपर-16 में पहुंचने के लिये दिन के एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया को हराना था। एशियाई टीम ने जर्मनी को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया। चो सो ह्यून ने छठे मिनट में गोल जमाकर दक्षिण कोरिया को शुरुआती बढ़त दिला दी। एलेक्ज़ेंड्रा पॉप ने 42वें मिनट में गोल जमाया लेकिन यह जर्मनी को ड्रॉ से आगे नहीं ले जा सका। दूसरी ओर, मोरक्को ने कोलंबिया के विरुद्ध पहले क्वार्टर में ज्यादा से ज्यादा समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखा। शुरुआती मौके गंवाने के कारण मोरक्को पहले हाफ में गोलरहित रह सकती थी, लेकिन अनीसा लहमारी ने अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में लहमारी ने गेंद को नेट में पहुंचाकर अपनी टीम को निर्णायक बढ़त दिला दी। कोलंबिया इसका जवाबी गोल नहीं ढूंढ सकी और मोरक्को ने मुकाबला जीत लिया। मोरक्को सुपर-16 में पहुंचने वाली पहली अरब टीम है, जहां उसका सामना विश्व की नंबर पांच टीम फ्रांस से होगा। कोलंबियाई टीम अगले चरण में जमैका से भिड़ेगी।

# मनोज तिवारी ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**कोलकाता,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और पश्चिम बंगाल के अनुभवी बल्लेबाज मनोज तिवारी ने गुरुवार को क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। तिवारी ने सोशल मीडिया पर साझा किये गये संदेश में लिखा, क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। वे सब जिसका मैंने सपना भी नहीं देखा था, उस समय से जब मेरे जीवन में कई तरह की कठिनाइयां थीं। हमेशा इस खेल का और परमेश्वर का शुक्रगुज़ार रहूंगा, जो हमेशा मेरे साथ रहे।



> क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। वे सब जिसका मैंने सपना भी नहीं देखा था, उस समय से जब मेरे जीवन में कई तरह की कठिनाइयां थीं। हमेशा इस खेल का और परमेश्वर का शुक्रगुज़ार रहूंगा, जो हमेशा मेरे साथ रहे : मनोज तिवारी

पश्चिम बंगाल के हावड़ा में जन्मे तिवारी ने रणजी ट्रॉफी के 2006-07 सीज़न में 99.50 की औसत से 796 रन बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। चोट के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर उतरने के लिये लंबा इंतजार करना पड़ा। तिवारी ने तीन फरवरी 2008 को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ब्रिसबेन वनडे में अंततः भारतीय जर्सी पहनी।

मनोज ने भारत के लिये 12 एकदिवसीय मैचों में 287 रन बनाये जहां उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन रहा। टी20 प्रारूप में वह सिर्फ तीन बार ही भारत का प्रतिनिधित्व कर सके।

पश्चिम बंगाल के पूर्व कप्तान तिवारी ने अपना प्रथम श्रेणी करियर 2004 में ईडन गार्डन में शुरू करने के बाद 2023 में कोलकाता के उसी मैदान पर समाप्त किया। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका आखिरी मैच सौराष्ट्र के विरुद्ध खेला गया रणजी ट्रॉफी फाइनल था जहां दूसरी पारी में अपनी टीम के लिये सर्वाधिक रन बनाने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। तिवारी ने कहा, मेरे बचपन से लेकर पिछले साल तक मेरे सभी कोचों को धन्यवाद, जिन्होंने मेरी क्रिकेट उपलब्धियों में भूमिका निभाई है। मनबेंद्र घोष, मेरे पिता समान कोच इस क्रिकेट यात्रा में स्तंभ की तरह रहे हैं। अगर वह नहीं होते तो मैं क्रिकेट जगत में कहीं भी नहीं पहुंच पाता। धन्यवाद सर और आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। तिवारी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2012 में खिताब जीतने के अलावा राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, दिल्ली डेयरडेविल्स और पंजाब किंग्स का भी प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कुल मिलाकर 183 टी20 मैचों में 3436 रन बनाये, जिसमें 15 अर्द्धशतक शामिल रहे।

# दो बार का विजेता जर्मनी पहली बार ग्रुप चरण में बाहर

**ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया),** 3 अगस्त (एजेंसियां)।। यहां 2023 फीफा महिला विश्व कप में गुरुवार को ग्रुप एच में जर्मनी को दक्षिण कोरिया ने 1-1 से ड्रा पर रोक दिया, क्योंकि दोनों टीमें ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रहीं। यह पहली बार है कि दो बार का टूर्नामेंट विजेता जर्मनी नौ महिला विश्व कप में इस चरण में बाहर हुआ है। इसी समय पर्थ में हुए ग्रुप एच के दूसरे मैच में पहले हाफ में अनीसा लाहमरी के गोल की मदद से मोरक्को ने कोलंबिया को 1-0 से हराया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, समूह में शीर्ष पर रहने के लिए कोलंबिया के पास छह अंक थे, जबकि विश्व कप में पदार्पण करने वाला मोरक्को, जो अपने शुरुआती मैच में जर्मनी से 6-0 से हार गया था, ने लगातार दो जीत के साथ वापसी की और उपविजेता रहा।



अंतिम दौर के ग्रुप मैचों से पहले, कोलंबिया छह अंकों के साथ ग्रुप एच में शीर्ष पर था, उसके बाद जर्मनी और मोरक्को दोनों तीन अंकों के साथ थे। स्कोररहित दक्षिण कोरिया सहित, सभी चार टीमों के पास राउंड 16 के लिए क्वालीफाई करने का मौका था। दक्षिण कोरिया अपने मैच में सिर्फ दो मिनट में स्कोर करने के करीब था, जब केसी फेयर शानदार तरीके से पेनल्टी क्षेत्र में आगे बढ़ी, लेकिन उनके शॉट को जर्मन गोलकीपर मर्ले फ्रोहम्स ने पोस्ट पर गिरा दिया। फ़ेयर के लगभग चूकने के चार मिनट बाद, दक्षिण कोरिया ने एक बार फिर जर्मनी की रक्षा को ध्वस्त कर दिया क्योंकि ली यंग-जू ने एक सटीक थ्रू-पास दिया जिससे चो सो-ह्यून को शुरुआती गोल करने का मौका मिल गया। हाफ टाइम से ठीक पहले, जर्मनी ने एलेक्जेंड्रा पोप के माध्यम से बराबरी की, जिनके हेडर ने स्वेंजा हथ के दाईं ओर से क्रॉस के बाद गेंद को शीर्ष कोने में भेज दिया। नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए जर्मनी को जीत की सख्त जरूरत थी, जर्मनी ने दूसरे हाफ में भी आक्रमण जारी रखा। 57वें मिनट में पोप ने फिर से गोल किया, लेकिन ऑफसाइड के कारण वीएआर द्वारा गोल को अस्वीकार कर दिया गया। तीन मिनट बाद, पोप ने हथ के क्रॉस के साथ अपने बराबरी के गोल को लगभग दोहराया, लेकिन इस बार जर्मनी की कप्तान का शक्तिशाली हेडर क्रॉसबार से टकरा गया। कोलंबिया को अगले मंगलवार को मेलबर्न में जमैका से भिड़ना है, जबकि दुनिया की 72वें नंबर की टीम मोरक्को उसी दिन एडिलेड में फ्रांस से भिड़ेगी।

# स्टोक्स-मैकुलम ने पिछले साल ब्रॉड को संन्यास लेने से रोका था : एंडरसन

लंदन, 3 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया कि स्टुअर्ट ब्रॉड ने पिछले सीजन में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बारे में सोचा था, लेकिन टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था। टेस्ट में 604 विकेट के साथ, स्टुअर्ट ब्रॉड इस प्रारूप में विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में पांचवें स्थान पर हैं और 600 से अधिक विकेट लेने वाले केवल दो तेज गेंदबाजों में से एक हैं। दूसरे तेज गेंदबाज एंडरसन हैं। ब्रॉड ने अगस्त 2006 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से 121 एकदिवसीय मैचों में 178 विकेट और 56 टी20 में 65 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने कहा, तीसरे दिन के खेल के लिए टीम बस में चढ़ने से पहले स्टुअर्ट ने मुझे कॉफी पर अपने संन्यास के बारे में बताया। शुरू में मुझे थोड़ा झटका लगा। लेकिन उसकी बात सुनने के बाद मैंने उसका समर्थन किया। उसने मुझे बताया कि वो पिछले सीजन में भी इसके बारे में सोच रहा था, मगर स्टोक्स और मैकुलम ने उसे रोक लिया था।



## सार संक्षेप

### एमआई केप टाउन ने आगामी नीलामी से पहले खिलाड़ियों को बरकरार रखने की घोषणा की

**केप टाउन/मुंबई।** एमआई केप टाउन ने गुरुवार को एसए20 की आगामी नीलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने की घोषणा की। दक्षिण अफ़्रीकी कोर को रैसी वान डेर डुसेन, रयान रिकेलटन - जिन्होंने 2023 सीएसए पुरस्कारों में डिवीजन 1 वन-डे कप प्लेयर ऑफ़ द सीज़न और डोमेस्टिक प्लेयर ऑफ़ द सीज़न के रूप में कई सम्मान प्राप्त किए -, ग्रांट रोलोफ़सेन, डेलानो पोटगिएटर, जॉर्ज लिंडे, डुआन जेन्सन और ब्यूरन हेंड्रिक्स के साथ बरकरार रखा गया है। पिछले सीज़न के वाइल्डकार्ड पिक जोफ्रा आर्चर और स्पीडस्टर ओली स्टोन दूसरे सीज़न के लिए एमआई केप टाउन के साथ बने रहेंगे। इस बीच, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, डेवाल्ड ब्रेविस, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करेन और टॉम बैंटन सहित खिलाड़ी पूर्व-हस्ताक्षर में शामिल हुए। टिम डेविड और हेनरी ब्रूक्स के साथ ज़ियाद अब्राहम, वेस्ले मार्शल, ओडियन स्मिथ और वकार सलामखिल को रिलीज़ कर दिया गया है, जिन्हें सीज़न प्रतिस्थापन खिलाड़ियों के रूप में अनुबंधित किया गया था।

### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शाजन, मैकार्टन और मुकुल के साथ अनुबंध किया

गुवाहाटी। नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी ने गुरुवार को 2023-24 सीजन से पहले तीन प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों शाजान फ्रैंकलिन, मैकार्टन लुइस निकसन और मुकुल पंवार के साथ अनुबंध की घोषणा की। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शाजन के साथ एक साल, वहीं मैकार्टन और मुकुल दोनों ने हाईलैंडर्स के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। शाजन और मैकार्टन दोनों एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड में मिडफील्ड में टीम के साथी थे और इस साल की शुरुआत में द्वितीय डिवीजन लीग में खेले थे। दूसरी ओर, मुकुल चंडीगढ़ फुटबॉल अकादमी से जुड़े हुए हैं और पेशेवर फुटबॉल में अपना पहला कदम रख रहे हैं। 16 वर्षीय डिफेंडर 2023 अंडर-17 एएफसी एशियाई कप में भारतीय राष्ट्रीय टीम का भी हिस्सा था।

### सुडोकू 6276 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |

# टीम का कोच कोई भी हो मेरा फोकस हमेशा भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर : विवेक सागर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, 3 अगस्त (देशबन्धु)। सदाबहार पूर्व कप्तान और मौजूदा टीम में सबसे ज्यादा 334 अंतराष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने वाले सेंटर हाफ मनप्रीत सिंह भारतीय पुरुष हॉकी की टीम की रीढ़ हैं। मनप्रीत की तरह उन्हीं के नक्शेकदम पर चलने वाले और उन्हें अपना आदर्श मानने वाले 22 बरस विवेक सागर प्रसाद भारत के लिए 114 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल कर हमलों के सूत्रधार और रक्षण की अहम कड़ी के रूप में अब टीम की रीढ़ बन चुके हैं। विवेक सागर प्रसाद ब्रेडा में 2018 में सम्पन्न आखिरी चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक और 2021 के टोक्यो ओलंनिपक में 41 बरस बाद कांसे के रूप में अपना पहला पदक जीतने वाली आठ बार की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे ही अपने घर में पिछल एफआईएच हॉकी विश्व कप में नौवें स्थान पर रहने वाली टीम का हिस्सा थे। अपने जमाने में कलाकार के रूप में ख्यात भारत को 1975 में क्वालालंपुर में विश्व कप जिताने वाली अहम भूमिका निभाने वाले अशोक कुमार सिंह के काबिल शागिर्द हैं। विवेक सागर ने हॉकी का शुरुआती पाठ मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी में अशोक कुमार सिंह जैसे चतुर हॉकी उस्ताद से सीखा। विवेक सागर फिलहाल यहां आठवीं एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अहम हिस्सा हैं। चोट के कारण विवेक सागर 2016 में लखनउ में चीफ कोच हरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जूनियर पुरुष हाकी विश्व कप में स्थान बनाने से चूक गए थे। विवेक की सबसे बड़ी ताकत हॉकी की कलाकारी के साथ भारत हॉकी टीम के हर उस्ताद के मार्गदर्शन में उसी के मुताबिक खेलने की क्षमता है। ग्राहम रीड के ओडिशा हॉकी विश्व कप में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चीफ कोच के पद से इस्तीफा देने के बाद चीफ कोच की जिम्मेदारी संभालने वाले क्रेग फुल्टन की रणनीति के मुताबिक विवेक सागर प्रसाद ने अपने खेल को पिछले करीब ढाई महीने में ढाला है। इस बाबत पूछे जाने पर विवेक सागर कहते हैं, %टीम का कोच कौन होगा इसका फैसला करने का अधिकार तो हॉकी इंडिया का है। भारत के लिए करीब पिछले छह बरस से ज्यादा में मैं अलग-अलग हॉकी उस्तादों के मार्गदर्शन में खेला हूं। मैं तो हॉकी खिलाड़ी हूं। बेशक किसी भी कोच के मार्गदर्शन में उसकी रणनीति के मुताबिक खुद को ढालने में लगता है और नए चीफ कोच क्रेग फुल्टन की रणनीति के मुताबिक भी खुद को ढालने में बेशक कुछ वक्त लगा। टीम का कोच कोई भी हो मेरा फोकस हमेशा भारत के लिए हर मुकाबले और टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर रहता है। आपको इसके लिए जेहनी तौर तैयार करना पड़ता है। भारत के लिए अब करीब सात बरस से खेलने से मैंने बतौर खिलाड़ी खुद को भारत के कोच के रूप में अलग-अलग हॉकी उस्तादों के मार्गदर्शन में उसके मुताबिक खेलना सीख लिया है।बतौर टीम फिलहाल हमारा ध्यान यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत एशियाई खेलों के लिए जेहनी तौर पर बेहतर तैयार होने पर है। मैं खुशकिस्मत हूं कि हमारी टीम में मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह जैसे चतुर और अनुभवी सेंटर हाफ हैं। जब आप अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बतौर खिलाड़ी आपसे अपेक्षाओं के साथ जिम्मेदारी भी बहुत बढ़ जाती है। मैं अब मौजूदा भारतीय हॉकी टीम में मूलत- रक्षात्मक सेंटर हाफ के रूप में खेल रहा हूं लेकिन मौका मिलने और टीम की जरूरत के मुतबिक पर आगे खुद हमले के लिए भी जाता हूं। अब भारतीय टीम में मेरी जिम्मेदारी प्रतिद्वंद्वी टीम के गोल के हमलों को नाकाम करने साथ अपने साथियों को आगे गोल के अभियान में मदद करने की है। हमारी मौजूदा टीम में हर खिलाड़ी टीम की जरूरत के मुताबिक एक साथ दो भूमिकाएं निभा रहे हैं। अब भारतीय टीम में मैं डिफेंसिव मिडफील्डर के रूप में खेल रहा हूं कि लेकिन मौका मिलने पर आक्रामक सेंटर हाफ के रूप में साथी स्ट्राइकर की ओर बराबर गेंद बढ़ाने की कोशिश करता हूं।



■ हमारा ध्यान एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत एशियाई खेलों के लिए बेहतर तैयार होने पर

■ मैं फिलहाल डिफेंसिव मिडफील्डर के रूप में खेल रहा हूं

# जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जाएगी विशेष पहल : कलेक्टर छिकारा

## मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर ने की कांफ्रेंस



**गरियाबंद,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी चुनाव की तैयारी और मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेस की। कांफ्रेस में कलेक्टर छिकारा ने चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की और द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने विशेष प्रयास किए जायेगे। इसके लिए योजना बनाई जा रही है। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जहां मतदान प्रतिशत कम था उन्हे चिंहाकिंत कर वहां वोटिंग बढ़ाने जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में भी मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है। सोशल मीडिया में भी कैपेनियन चलाने की तैयारी है।

इसके अलावा संवेदनशील मतदान केन्द्रो में भी मतदान बढ़ाने के लिए हमारा फोकस है। संवेदनशील मतदान केन्द्रो की सुची तैयार कर ली गई है। सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस विभाग के साथ मिलकर रणनीति बनाई जा रही है। ऐसे मतदान केन्द्रो में मतदान दल और नागरिको की सुरक्षा के लिए अधिक फोर्स लगाई जाएगी। लोगो भयमुक्त करने फ्लेगमार्च निकाला जाएगा। मतदान केन्द्रो में भी समुचित सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। हमारा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक नागरिक निर्भीक होकर मतदान करे। इसके अलावा सभी मतदान केन्द्रो में जरूरी सुविधाओ और व्यवस्थाओ के संबंध में भी जानकारी मंगाने की जानकारी उन्होने दी।

- जिले के पचास प्रतिशत मतदान केन्द्र कैमरे से लेंस, संवेदनशील मतदान केन्द्रो में विशेष तैयारी
- जिले में 2 अगस्त 2023 की स्थिति में 4 लाख 38 हजार 820 मतदाता

कलेक्टर ने आगे बताया कि जिले में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी है। मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन साथ ही अब मतदाता सुची का प्रारंभिक प्रकाशन हो गया है। मतदान केन्द्रो में आम नागरिको और राजनीतिक दलो के वाचन के लिए सुची चश्पा कर दी गई है। बुधवार को सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया गया। उन्होने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 31 अगस्त तक मतदान केन्द्रों में फॉर्म संख्या-06, 07 एवं 08 में नाम जोड़ने व काटने एवं संशोधन से संबंधी दावा आपत्ति लिये जायेंगे। वही 12,13,19 एवं 20 अगस्त को बूथ स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस बार 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता भी मतदान कर सकेंगे। नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन करना होगा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर टी.आर देवांगन सहित जिले के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधिगण पत्रकार-वार्ता में मौजूद रहे।

**जिले में 4 लाख 38 हजार 820 मतदाता:** कलेक्टर ने बताया कि जिले में 02 अगस्त 2023 की स्थिति में 4 लाख 38 हजार 820 मतदाता है। दोनो विधानसभा मे कुल 573 मतदान केन्द्र है। जिसमें 50 प्रतिशत मतदान केन्द्र कैमरे से लेंस है। पहले 10 प्रतिशत ही थे। इसमें अब केन्द्र में कितने मतदाता है वह भी प्रदर्शित होगा। इसके अलावा जिले में 24 मतदान केन्द्र नेटवर्कविहिन है। आयोग द्वारा यहां माइक्रो आब्जर्वर और रनर की व्यवस्था की गई है। वे मतदान की जानकारी अपडेट करते रहेंगे। इसके अलावा इन केन्द्रो को वायरलेंस से भी जोड़ने की कोशिश की जाएगी। जिससे सम्पर्क बना रहे और सुचना मिलती रही। इसमें दोनो विधानसभा में पांच पांच मतदान केन्द्रो को गुलाबी मतदान केन्द्र और आदर्श मतदान केन्द्र बनाया जाएगा। गुलाबी मतदान केन्द्र में मतदान केन्द्र समस्त पोलिंग स्टाफ महिला होगी। मतदान महिला-पुरूष दोनो कर सकेंगे। आदर्श मतदान केन्द्र में मतदाताओ के लिए विशेष सुविधा होगी। जैसे सेल्फी पांइट, बैठक हेतु कुर्सी, पंडाल, जलपान का प्रबंध होगा। कलेक्टर ने जिले के कुछ स्थानो से मतदान के बहिष्कार करने की खबर को लेकर कहा कि कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने मत का उपयोग करना चाहिए यह उनका अधिकार है। बहिष्कार कोई विकल्प नही है। कई दल और यहां तक नोटा भी एक विकल्प है।

# गांव-गांव में हुआ विशेष ग्राम सभा का आयोजन



**बलौदाबाजार,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 को संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया जाना है। इस संबंध में संचालनालय पंचायत विभाग द्वारा निर्देश जारी कर सभी ग्राम पंचायतों में आज विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देश जारी किया था। निर्देशानुसार अहर्ता तिथि 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने जा रहे सभी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाना है। इस संबंध में सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसके तहत आज जिले के ग्राम पंचायत तरेंगा, देवरी, गिधौरी, खर्वे, अमेरा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा संपन्न हुआ।

इस मौके पर आगामी विधानसभा चुनाव में जागरूक मतदाता बनने के लिए ग्रामीणों द्वारा शपथ लेकर संकल्प लिया गया। गौरतलब है कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 अगस्त को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। 2 अगस्त से 31 अगस्त तक दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। 12 अगस्त शनिवार 13 अगस्त रविवार 19 शनिवार एवं 20 अगस्त रविवार को सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। 4 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन तिथि 2 अगस्त को ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया। निर्वाचक नामावली से संबंधित भागों का वाचन बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत उपरोक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार कर नागरिकों में जागरूकता लाई जाएगी। जिससे निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाया जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन कर उक्त कार्यवाही का प्रतिवेदन पंचायत संचालनालय के ईमेल में उपलब्ध कराने एवं वीडियो को ग्राम सभा निर्णय मोबाइल ऐप में अपलोड करते हुए की गई कार्यवाही से कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराने निर्देशित किया है।

# बरसते पानी के बीच मतदाता जागरूकता पर निकाली रैली

**महासमुंद,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2 अगस्त से प्रारम्भ हो रहा है। इस अवसर पर मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज स्थानीय मिनी स्टेडियम में बरसते पानी में महिला समूह, विद्यार्थी, अधिकारी.कर्मचारियों ने शत.प्रतिशत मतदान के लिए शपथ ली। शपथ में कहा गया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस दौरान रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित स्लोगन के साथ लोगो को प्रेरित किया गया। ज्ञात है कि आज मिनी स्टेडियम से शांत्रि बाई कॉलेज तक रैली निकाली जानी थी। लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण इसे एक संकल्प सभा में तब्दील किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी एस आलोक ने कहा कि आने वाले विधानसभा में 90 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। रैली में दिव्यांग मतदाताओं की भी सहभागिता रही। वहीं जिले के अन्य विकासखण्डों में अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में शत.प्रतिशत मतदान की शपथ ली गई। आज विशेष ग्राम सभा के अवसर पर भी ग्राम सभा द्वारा शपथ ली गई। स्थानीय महासमुंद के कार्यक्रम में जनपद सीईओ, विभागीय अधिकारी, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापक, मिशन क्लीन सिटी की महिलाएं सहित कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद थे।




# नगर पालिका द्वारा रोका-छेका के अंतर्गत निरंतर की जा रही कार्रवाई

**बलौदाबाजार,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्रांर्गत मुख्य चौंक-चौराहों एवं आम आवागमन वाले मार्गों में बैठनें एवं खुले में विचरण कर रहे अवारा पशुओं को पकड़ने के लिये नगर पालिका के द्वारा काऊ केचर का उपयोग कर मवेशियों को स्थानीय मवेशी बाजार स्थित काँजी हाऊस में बंद कर रखा जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन के द्वारा दिये गये निर्देश व रोका-छेका अभियान के अंतर्गत नगर पालिका में गठित किये गये दल के द्वारा प्रति दिवस अवारा मवेशियों को मुख्य मार्ग से हटानें की निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिसमें प्रति दिवस 100 से ज्यादा मवेशियों को मार्ग एवं चौक चौराहों से हटानें के साथ ही स्थानीय काँजी हाऊस में 15 मवेशियों को पकड़कर बंद किया गया है।

नगर के आस-पास कृषि क्षेत्र होनें के कारण अवारा पशुओं के द्वारा किये जानें वाली नुक्सान से फसल को बचानें के लिये किसानों द्वारा पशुओं को काँजी हाऊस में बंद रखनें व पशु मालिकों के ऊपर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में चर्चा की गई थी, मुख्य मार्ग में पशुओं के बैठनें से यातायात बाधित होता है व आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है जिससे कभी भी गंभीर घटना घटनें की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आम नागरिकों के साथ-साथ पशु भी वाहन से दुर्घटना ग्रस्त होता है। नगर पालिका द्वारा निरंतर पशु पालकों को अपनें पशुओं को घर पर बाँधकर रखनें संबंधित चेतावनी देते हुए अपील की जा रही है। जिससे नगर में पशुओं की संख्या रोड में न दिखे साथ ही पशु मालिकों के द्वारा अपनें पशुओं को सुरक्षित नहीं रखनें की स्थिति में मवेशियों को चिन्हांकित कर अन्य ग्राम के चारागाह में पशुओं को भेजनें की व्यवस्था किये जानें निदेर्शित किया गया है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

### निविदा सूचना

(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| एन.आई.टी.क्र. /सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 122/143246 | जिला रायपुर के गनौद आंतरिक मार्ग आर.सी.सी. ड्रेन सहित पनखटिया तालाब तक मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. निमार्ण कार्य। | रू. 130.98 लाख |
| 124/143247 | उपसंभाग क्र. - 4 (आरंग) के बनारसी आंतरिक रोड लं. 1.450 कि.मी. का निर्माण कार्य। | रू. 186.99 लाख |
| 121/143248 | उपसंभाग क्र.-4 (आरंग) के कोरासी बस्ती से पिरदा रोड़ लंबाई 0.80 कि.मी. का निर्माण कार्य। | रू. 110.58 लाख |

निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 21.08.2023 समय सायं 5.30 बजे तक

सभी सक्षम एवं उपयुक्त निविदाकार उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी देखने एवं उपलोड करने हेतु ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल-https://eproc.cgstate.gov.in पर इरोल कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल
क्रं.-1 रायपुर (छ.ग.)

जी-3960/3

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएं 'प्रपत्र-ए' में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये DWSM, KABIRDHAM की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव छ्ङ्क्रस्रू द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य का विवरण :- कबीरधाम जिले के स0लोहारा एवं बोडला विकासखण्ड में स्वीकृत एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजनांतर्गत पेयजल प्रदाय एवं इत्यादि कार्य।

| निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक | निविदा सिस्टम क्रमांक | योजना का नाम एवं विकासखण्ड | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) |
|---|---|---|---|
| 137/Dt. 31-07-2023 | 143386 | विकासखंड स.लोहारा के ग्राम बाजगुड़ा (सप्तम आमंत्रण) | 38.71 |
| 138/Dt. 31-07-2023 | 143389 | विकासखंड बोदला के ग्राम जगाबोदरा (चतुर्थ आमंत्रण) | 52.74 |
| 139/Dt. 31-07-2023 | 143390 | विकासखंड बोडला के ग्राम आमाखोदरा (चतुर्थ आमंत्रण) | 49.78 |
| 140/Dt. 31-07-2023 | 143391 | विकासखंड बोड़ला के ग्राम डोगरिया (चतुर्थ आमत्रंण) | 61.61 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्राक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 31.07.2023 से देखी जा सकती हैं।

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि-10.08.2023

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
कबीरधाम (छ.ग.)

जी-03944/2

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अहिवारा, तहसील अहिवारा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

रा.प.क्र./202307104000041/ ब-121/2022.23
मौजा:-अहिवारा, प.ह.न.-05

//उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रविशंकर सिंह पिता पी.एन. सिंह, जाति राजपूत निवासी नंदिनी नगर अहिवारा तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपनी पुत्री नेहा सिंह पिता रविशंकर सिंह की जन्म दिनांक 15.06.2000 को होना लेख करते हुए जन्म का पंजीयन किसी भी जिले या स्थान में दर्ज नहीं होने से संबंधित विभाग में जन्म का पंजीयन कराने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु निवेदन किया जाकर शपथ पत्र आदि दस्तावेज इस न्यायालय में पेश किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। अतएवं इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 18.08.2023 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 28.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक:-18.08.2023
जारी दिनांक:- 28.07.2023

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
अहिवारा

### शपथ पत्र (नाम परिवर्तन)

मैं शपथकर्ता सेनासंख्या-15771076H पूर्वसैनिक नायक (NAIK) राजेंद्र कुमार साहू (RAJENDRA KUMAR SAHU) पिता-श्री स्वर्गीय केशव राम साहू (LATE KESHAV RAM SAHU), निवासी- RAMPUR WARD NO -22 SAPNA PINK CITY BRAM CHOWK DHAMTARI, DIST-DHAMTARI, CHHATTISGARH-493773 का हूँ, जो शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ, यह कि मैं पूर्वसैनिक नायक (NAIK) राजेंद्र कुमार साहू (RAJENDRA KUMAR SAHU) पिता-श्री स्वर्गीय केशव राम साहू (LATE KESHAV RAM SAHU) हूँ, सेना के सभी दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम-हिमांशी (HIMANSHI) दर्ज हो गया है जो की त्रुटीपूर्ण एवं गलत है, यह कि सेना के सभी दस्तावेजों में मैं अपनी पुत्री का नाम-हिमांशी साहू (HIMANSHI SAHU) दर्ज कराना चाहता हूँ जो भारत सरकार के द्वारा बनाये गए आधार कार्ड क्रमांक- 6751 7868 0644 एवं कक्षा दसवीं प्रमाण पत्र क्रमांक-0642892 के अनुसार सत्य एवं वास्तविक है, यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम-हिमांशी (HIMANSHI) व उपरोक्त दस्तावेजों में दर्ज नाम-हिमांशी साहू (HIMANSHI SAHU) दोनों एक ही लड़की का नाम है जो मेरी पुत्री है है अब से मेरी पुत्री-हिमांशी साहू (HIMANSHI SAHU) पिता-राजेंद्र कुमार साहू (RAJENDRA KUMAR SAHU) के नाम से जानी व पहचानी जाएगी, जिसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
सेनासंख्या – 15771076H
पूर्वसैनिक नायक (NAYAK)
राजेंद्र कुमार साहू
(RAJENDRA KUMAR SAHU)

### न्यायालय तहसीलदार गरियाबंद जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं./202307221300049/ अ-24 वर्ष 2022-2023
ग्राम गरियाबंद प.ह.नं.-10

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अमरीन बानू पिता मो. अलारख मेमन जाति मुसलमान निवासी गरियाबंद तहसील व जिला गरियाबंद के द्वारा ग्राम गरियाबंद स्थित भूमि खसरा नंबर 134/1, 153/1 रकबा क्रमशः 0.016, 0.017 हे. को शासन के हित में त्याग करने के संबंध में नक्शा खसरा बी-1 सहित आवेदन पेश किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता या आम मुख्तयार के जरिये दिनांक 10.08.2023 तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपतित पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.07.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार
गरियाबंद

### न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं./ब-121/वर्ष 2022-2023
ग्राम गुल्लू प.ह.नं. 24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर रायपुर के जावक क्रमांक 565/02. 06.2023 दिनांक 01.06.2023 के माध्यम से आवेदक राजकुमार धीवर पिता स्व. श्री लीलकराम निवासी ग्राम गुल्लू द्वारा ग्राम गुल्लू प.ह.नं. 53/24 तहसील आरंग जिला रायपुर में स्थित उनके हक एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 833 रकबा 0.44 हे. आबंटित भूमि 20 वर्ष की अवधि पूर्ण हो जाने के कारण छत्तीसगढ़ नगरेत्तर क्षेत्रों में शासकीय पट्टों पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त भूमि का भूमिस्वामी अधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 23.08.2023 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार
आरंग

### कार्यालय - सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र - दुर्ग

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हरिदत्त शर्मा आ.स्व. हंसराज शर्मा, निवासी-बोरसी, दुर्ग (छ.ग.) को छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एच.आई.जी.- I/130, बोरसी, दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी श्री हरिदत्त शर्मा के देहांत उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों श्री राजकुमार शर्मा आ. श्री हरिदत्त शर्मा एवं श्रीमती ममता शर्मा पति श्री राजकुमार शर्मा ने आबंटित भवन को अपने संयुक्त नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एच.आई.जी.- I/130, बोरसी, दुर्ग (छ.ग.) श्री राजकुमार शर्मा एवं श्रीमती ममता शर्मा के संयुक्त नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. हरिदत्त शर्मा के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा। अत: श्री राजकुमार शर्मा एवं श्रीमती ममता शर्मा के संयुक्त नाम हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालीयन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर कर साथ आज दिनांक 02/08/2023 को जारी किया गया।

सील
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अमीत कुमार रामचंद वासनिक, पिता श्री रामचंद वासनिक, निवासी प्लाट नंबर 70 लक्ष्मीनारायण नगर परसोडी उमरेड नागपुर (महाराष्ट्र) के द्वारा भूमि स्वामी श्री सौरभ मालू पिता श्री मनोज मालू निवासी कालेज रोड महासमुंद के स्वामित्व की भूमि ग्राम-मोहन्दी प.ह.नं 01, रा.नि.म खल्लारी, तहसील, बागबाहरा,जिला महासमुंद स्थित भूमि खसरा नंबर 281/1,281/2 रकबा क्रमशः 1.20, 0.40 कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 1.6000 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना की राशि प्रदान कर चुके है। इस विक्रय सव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो, वह इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय वैधानिक एवं सुसंगत दस्तावेज के मेरे समक्ष कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद म्याद किसी भी तरह की उजरदावा आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी।

अत: सूचना जाने

भवदीय
धर्मेन्द्र डड़सेना
पुराना तहसील परिसर महासमुंद

### कार्यालय - सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र - दुर्ग

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री के.ए. मुथलाली आ. श्री एन.के. मुथलाली एवं श्रीमती शीबा अलेक्जेन्डर पति श्री के.ए. मुथलाली, निवासी- बोरसी दुर्गं (छ.ग.) को छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी.- सी/471, पद्मनाभपुर, दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित हुआ है, आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुग्र से दिनांक 14.06.2005 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 09.11.2020 पश्चात, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 03.03.2022 को श्रीमती माही बत्रा पति श्री अमरलाल बत्रा के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती माही बत्रा के द्वारा पंजीयन दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: नवीन क्रेता श्रीमती माही बत्रा के नाम पर हस्तान्तरण/नामानतरण किया जाता है तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर कर साथ आज दिनांक 03/08/2023 को जारी किया गया।

सील
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नाबय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

नोटिस प्रकाशन

क्रमांक/693/ना.तह/वा/2023
बलौदाबाजार दिनांक 21.07.2023
तुलसीराम रजक पिता फुलसिंग रजक जाति धोबी निवासी ग्राम अर्जुनी तहसील बलौदाबाजार आवेदक
छ.ग. शासन अनावेदक,

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश बलौदाबाजार में व्यवहार अपील क्रमांक 40ए/2013 आवेदक तुलसीराम रजक बनाम फुलसिंह वगैरह के आदेश दिनांक 23.11.2013 लोक अदालत द्वारा निर्णय पारित करते हुए ग्राम अर्जुनी स्थित भूमि ख.नं. 62/1 रकबा 1.080हे. तथा ख.नं. 65/31 हे. भूमि को उभयपक्ष के सहमति के आधार पर आवेदक को प्रदान किये जाने का डिक्री पारित किया गया था। उक्त निर्णय एवं डिक्री अनुसार ख.नं. 62/1 रकबा 1.080हे. भूमि आवेदक के खाते में दर्ज हो गया है किंतु ख.नं.65/31 रकबा 0.120 हे. भूमि दर्ज होने से छूट गया है। वर्तमान में ख.नं. 65/31 का भूमिस्वामी तारण कुमार, पोषण लाल पिसरान भुलाउराम के नाम पर दर्ज है, को नोटिस जारी कर आहूत किया गया अनावेदक तारण कुमार, पोषण लाल पिसरान भुलाउराम का सही पता की जानकारी नही होने से नोटिस अदम तामिल वापस हुआ।

उपरोक्त संबंध में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 07.08.2023 को न्यायालय नायब तहसीलदार बलौदाबाजार में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही किया जावेगा।

यह सूचना आज दिनांक 21.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
बलौदाबाजार

### न्यायालय तहसीलदार पिपरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

ई.कोर्ट क्र.40/ब/121 वर्ष 2022-2023
ग्राम-मिरमिट्टी प.ह.नं. 04
दिनांक 03.08.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश पिता मानसिंह कलार निवासी ग्राम मिरमिट्टी तहसील पिपरिया द्वारा अपने पुत्री रूखमणी के शिक्षा कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र शासकीय कार्य में आवश्यकता पड़ने से जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के पुत्री रूखमणी की जन्म दिनांक 10.09.1990 को ग्राम मिरमिट्टी में हुई है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 11.08.2023

मुहर तहसीलदार
पिपरिया

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष 2022-2023
वाद भूमि ग्राम लिमतरा प.ह.नं.-03

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम लिमतरा प.ह.नं. 03 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी ग्राम दरचुरा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने ग्राम लिमतरा प.ह.नं. 03 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 855 रकबा 0.0500 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति तथा ले-आऊट की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 07.08.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 21.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष 2022-2023
वाद भूमि ग्राम दरचुरा प.ह.नं. 10

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम दरचुरा प.ह.नं. 10 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी ग्राम दरचुरा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने ग्राम दरचुरा प.ह.नं. 10 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 575/1, 576/1 रकबा क्रमशः 0.0500, 0.0520 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.1020 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र, मय शपथ पत्र बी-1 खसरा, नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति तथा ले आऊट की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 07.08.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 21.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

### न्यायालय तहसीलदार गरियाबंद जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं./202307221300048/ अ-24 वर्ष 2022-2023
ग्राम गरियाबंद प.ह.नं.-10

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मो. अनीस मेमन पिता अब्दुल मजीद हबीब मेमन, मो. जावेद मेमन पिता अब्दुल मजीद हबीब मेमन, फरजाना बानो पति मो.अनीस मेमन, साबिया बानो पति मो. जावेद मेमन, मो. युसुपु पिता मो. अनीस मेमन सभी जाति मुसलमान निवासी गरियाबंद तहसील व जिला-गरियाबंद के द्वारा ग्राम गरियाबंद स्थित भूमि खसरा नंबर 42/4, 88/1, 89/1, 90/1, 138/1, 150/1, 151/1, 164/1, 165/2, 166/1, 166/2, 207/2, 208/1, 208/2, 210/8 रकबा क्रमशः 0.014, 0.103, 0.040, 0.091, 0.018, 0.038, 0.029, 0.038, 0.004, 0.049, 0.083, 0.022, 0.065, 0.049, 0.258 हे. में से क्रमशः 0.008, 0.024, 0.012, 89/1 का भाग रकबा 0.008, 0.020, 0.018, 0.038, 0.021, 0.016, 0.002, 0.007, 0.012, 0.008, 0.012, 0.020, 0.012 हे. वर्गफीट शासन के हित में त्याग करने के संबंध में नक्शा खसरा बी-1 सहित आवेदन पेश किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता या आम मुख्तयार के जरिये दिनांक 10.08.2023 तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपतित पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.07.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार
गरियाबंद

### न्यायालय तहसीलदार गुरुर जिला-बालोद (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्रमांक/1410/प्र.तह./2023
गुरूर, दिनांक 03/08/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी मोखा प.ह.नं. 31 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेलूराम आ. पहरसिंह जाति गोड़ निवासी मोखा तहसील पुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के माता फूलमत पति ईतवारी की मृत्यु दिनांक 10/01/1996 को ग्राम मोखा में हुई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 17/08/2023 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/08/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार गुरुर जिला-बालोद (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्रमांक/1410/प्र.तह./2023
गुरूर, दिनांक 03/08/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी मोखा प.ह.नं. 31 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोहन आ. मंगलूराम जाति गोड़ निवासी मोखा तहसील पुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के माता देवकुंवर पति ईतवारी की मृत्यु दिनांक 24/04/2005 को ग्राम मोखा में हुई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 17/08/2023 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/08/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.)

### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

ईश्तहार

क्रमांक/437/अ.कले./रीडर/2023
बलौदाबाजार दिनांक 25.07.2023,

आवेदक श्री लक्ष्मीनारायण मारकण्डे उम्र 22 वर्ष आ. अमरदास मारकण्डे निवासी महासती वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) एवं आवेदिका सीमा यदु उम्र 19 वर्ष आ. भरत यदु निवासी ग्राम राजपुर (बिटकुली) तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति दावा इस कार्यालय में दिनांक 24.08.2023 को प्रात: 11 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार करना संभव नही होगा।

सील
विवाह अधिकारी
बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग)

### न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2022-2023
ग्राम रसेडा प.ह.नं. 04

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबूलाल चंदेल पिता आगरदास चंदेल जाति सतनामी निवासी ग्राम रसेडा तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन किया है कि अपने पुत्री मीना कुमारी पिता बाबूलाल की जन्म दिनांक 17.07.1976 को स्थान ग्राम रसेडा घर में हुआ है। जिसका भूलवश ग्राम पंचायत रसेडा में जन्म पंजीकरण अभिलेख में पंजीयन नही कराया था। जिसका जन्म पंजीकरण किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन के साथ मय दस्तावेज संलग्न किया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11.08.2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
बलौदाबाजार

# युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता: भूपेश बघेल

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में बेरोजगारी भत्ता योजना राज्य के युवाओं के भविष्य के लिए नए रास्ते खोल रही है। योजना के अंतर्गत युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के साथ ही प्रशिक्षण भी मिल रहा है ताकि उन्हें रोजगार भी मिले, उनका भविष्य उज्ज्वल हो और युवाओं के हाथों में काम हो।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं के बैंक खातों में अब तक 01 लाख 22 हजार 625 हितग्राहियों को 112 करोड़ 43 लाख 30 हजार रूपए का अंतरण कर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का काम कर रहे हैं। इसके साथ ही ये युवा हमेशा इस योजना के भरोसे न रहें इसके लिए रोजगार मूलक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि युवा सक्षम बनकर रोजगार प्राप्त कर सकें।

प्रदेश के ऐसे युवा जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने की वजह से उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सहित अन्य खर्चे उठाने में परेशानी उठानी पड़ती है, इस योजना के तहत मिली राशि से वे अपनी जरूरतें पूरी कर पा रहे हैं। यह योजना बेरोजगार युवाओं के भविष्य को एक नया आयाम देने में सहायक बन रही है। योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 2500 रुपए मिलने से बेरोजगार युवाओं को संबल मिल रहा है। योजना को लेकर युवाओं का कहना है कि उनके संघर्ष के दिनों का दर्द कम हो रहा है और जेब खर्च के कारण परिवार पर निर्भरता से भी कुछ राहत मिल रही है।



- बेरोजगारी भत्ता योजना से 1 लाख 22 हजार से अधिक युवाओं के चेहरे पर बिखरी मुस्कान
- अब तक 112 करोड़ से अधिक राशि का किया जा चुका भुगतान

गौरतलब है कि राज्य के 36 आईटीआई के आधुनिकीकरण के लिए 1188.36 करोड़ रूपए की परियोजना के लिए एमओयू भी किया गया है। जिससे युवाओं को 06 नवीन तकनीकी ट्रेड के साथ ही 23 शॉट टर्म कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे लगभग प्रति वर्ष 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को विभिन्न उद्योगों में नियोजित कराया जाएगा। युवाओं को अपनी तरक्की के राह में आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसलिए बेरोजगारी भत्ता देने और पीएससी व व्यापम की प्रतियोगी परीक्षाओं में शुल्क माफ कर उन्हें बड़ी राहत देने का काम किया है।

# बरसते पानी में कलेक्टर व एसपी ने निकाली बाइक रैली, मतदान करने लोगों को दिया संदेश

**खैरागढ़,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के नेतृत्व में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान बरसते पानी में कलेक्टर व एसपी सहित अधिकारियों ने बाईक रैली निकाली जो सीधे नवीन मंगल भवन पहुंची जहां मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुये कहा कि लोगों को जागरूक करें कि वो मताधिकार का प्रयोग अवश्य कर सकें. इसके पहले कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार में बने सेल्फी जोन में दिव्यांगों की उपस्थिति में सेल्फी लेकर स्वीप कार्यक्रम का प्रचार किया।

नवविवाहित मतदाताओं हुआ सम्मान और दिलाई गई शपथ कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन व स्वीप प्रभारी आभा तिवारी के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा जिले के नवविवाहित मतदाताओं को स्वीप कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। नवविवाहित महिलाओं को मंच पर डोली में बैठाकर कलेक्टर व एसपी ने सुहाग पुड़ा देकर समानित किया और परिवार सहित मतदान करने प्रेरित किया. इनके पश्चात कलेक्टर ने सभा में उपस्थित सभी को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मताधिकार का प्रयोग करने शपथ दिलाई इस दौरान नव-मतदाताओं, नागरिकों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने निर्वाचनों में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की शपथ ली।




- नवविवाहित मतदाताओं का हुआ सम्मान, मताधिकार का प्रयोग करने दिलाई शपथ
- पंथी व सुआ गीत में थिरके कलेक्टर व एसपी, नव-मतदाताओं को किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई, इस दौरान कलेक्टर व एसपी ने भी बालिकाओं के साथ सुआ नृत्य का आनंद लिया और युवाओं सहित नव-मतदाताओं को प्रोत्साहित किया. इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि बरसते पानी में इतनी बड़ी संया में युवाओं और नव-मतदाताओं की सहभागिता और उपस्थिति इस बात का सबूत है कि यहां के मतदाता जागरूक हो चुके हैं. अंत में महिला समूहों द्वारा बनाये गये छत्तीसगढ़ी व्यंजन-पकवान और आचार-पापड़ सहित गोबर की राखी आदि प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुये इसे सी-मार्ट में बिक्री के लिये रखने निर्देश दिया. इस दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी व अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, प्रकाश राजपूत, स्वीप नोडल व संयुक्त कलेक्टर आभा तिवारी, एसडीओपी लालचंद मोहले, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू, राजेश देवदास, नवपदस्थ तहसीलदार प्रीति लारोकर, आरके जाबुलकर, आरएस टंडन, गणेश राम वर्मा, सहायक नोडल केके वर्मा व डॉ.मकसूद सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे.

# राष्ट्रपति मुर्मु व सीएम बघेल ने राज्यपाल को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को आज उनके जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही राज्यपाल के सचिव अमृत खलखों, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी सहित राजभवन सचिवालय के अधिकारी कर्मचारी, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं ब्रम्हकुमारी बहनें, परिजनों सहित गणमान्य नागरिकों ने भी राज्यपाल हरिचंदन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।



राज्यपाल को सोशल मीडिया के जरिये बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र अरलेकर, केन्द्रीय मंत्री द्वय अर्जुन मुंडा, श्रीमती रेणुका सिंह, छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, मध्यप्रदेश के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सहित छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रदेशों के जनप्रतिनिधिगण एवं आम नागरिकों ने भी दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

# खपरी हिरू मे बारिश से कच्चा मकान गिरा रहने के लिए जगह नही

**गुण्डरदेही,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। क्षेत्र मे दो दिन से लगातार हो रही बारिश से किलेपार पंचायत के आश्रित गांव खपरी हिरू के एक गरीब परिवार सुरीत यादव का खपरैल का कच्चा मकान बुधवार को शाम पांच बजे भर भराकर गिर गया गनीमत की घर के सदस्य अंदर मौजूद नही थे नही तो बड़ी अनहोनी घटना घट सकती थी उक्त जर्जर मकान मे आठ सदस्य रहते है घटना के समय सुरीत यादव व उनकी पत्नी बरामदा मे ही बैठा था उनकी बहू बेटा काम मे बाहर गए हुए थे और छोटे छोटे बच्चे स्कुल गए थे घर के मुख्या सुरीत यादव ने बताया की बुधवार शाम को हुई तेज़ बरसात से करीब पांच बजे अचानक खपरैल की कच्ची मकान भर भराकर गिर गई और मकान मे रखा सारा समान क्षतिग्रस्त हो गया सुरीत यादव ने बताया कि लगभग पांच साल से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण कराने पंचायत व जनपद मे आवेदन दे चुके है मगर किसी ने ध्यान नही दिया हमारे पास इतने पैसे भी नही है कि पक्का मकान बना सके रोजी मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे है गुण्डरदेही जनपद सीईओ रहे अश्वन कुमार पुशाम को भी अपनी परिस्थिति से अवगत कराया था और तत्काल व्यवस्था दिलाने की मांग की गई थी जिसके बाद सीईओ ने पंचायत को बोलकर गांव मे किसी सरकारी भवन मे व्यवस्था देने की बात कही थी मगर नही कराई परिजनो ने आरोप लगाया की प्रधानमंत्री आवास योजना मे पात्र होने के बावजूद भी पंचायत प्रशासन द्वारा उन्हे लाभ नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते परिवार एक टूटे व कच्चे मकान मे अपने दिन जैसे तैसे गुजार रहे है मकान गिरने से रहने के लिए जगह नही है



- पात्र होने के बावजूद भी नही मिल रहा है पीएम आवास योजना का लाभ

# प्रदेश की बेटी ज्ञानेश्वरी बनी पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निभाया अपना वादा छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की ग्राम भोड़िया पोस्ट सिंघोला निवासी लाड़ली बेटी वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव बनी छत्तीसगढ़ पुलिस में सहायक उप निरीक्षक प्रशासन ने नियुक्ति आदेश जारी किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रीस में आयोजित आईडब्ल्यूएफ जूनियर वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन रजत पदक जीतने वाली छत्तीसगढ़ की बेटी को अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



- जूनियर वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीते तीन रजत पदक

# बेटी के सपनों को साकार करने पिता ने रखा घर गिरवी

**सुकमा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिले कि छवि अब बदल रही है, सुकमा अब नक्सलगड़ के नाम से नहीं बल्कि यंहा के प्रतिभओ के लिए अब देश भर मे चर्चा का विषय बनता जा रहा हैं। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र दुब्बाटोटा मे जन्मी रिया फ़िलिप की पढ़ाई पहली से आठवीं तक दोरनापाल के आइएमएसटी इंग्लिश मीडियम स्कूल में हूई,रिया ने जगदलपुर मे नौवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई की। इसके बाद माता पिता ने जब रिया से पूछा आगे क्या करना चाहते हो तो रिया ने अपने दादी के तरह हेल्थ डिपार्टमेंट मे जाने बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई करने कि इच्छा जताइ जिसके बाद बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई के लिए पिता ने रिया को बैंगलोर भेजा जहां बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी होने के बाद रिया मुम्बई में ही कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में सेवा देने लगी। जहां पर रिया ओईटी परीक्षा ऑक्यूपेशनल इंग्लिश टेस्ट की तैयारी करती रही और कुछ समय बाद रिया ओईटी परीक्षा की अच्छे से तैयारी करने के लिए दोरनापाल अपने घर वापस आ गयी और घर पर ही रह कर रिया ने परीक्षा की तैयारी की और परीक्षा पास कर अब लंदन बेट्सी कैडवाल्डर विश्वविद्यालय स्वास्थ में बतौर नर्स के तौर पर कार्यरत है।



- अब पिता के सपनों को पूरा करने की राह पर निकली बेटी
- ड्यूटी के बावजूद समय निकाल कर ओईटी परीक्षा ओक्यूपेशनल इंग्लिश टेस्ट की करती थी तैयारी
- परीक्षा पास कर अब लन्दन के बेट्सी कैडवाल्डर विश्वविद्यालय स्वास्थ्य मे आईसीयू नर्स की पद पर किया जॉइन

बता दें कि रिया फ़िलिप के पिता आर्थिक तौर पर काफ़ी कमजोर है और रिया की पढ़ाई के लिए पिता संजू फ़िलिप ने ऑटो तक चलाई। वहीं वर्तमान में रिया के पिता दोरनापाल में निजी स्कूल में बस ड्राइवर की नौकरी कर रहे हैं। आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद पिता ने बेटी को शिक्षा दिलाई जिसके चलते आज बेटी लन्दन में नौकरी करेगी। रिया को युनाइटेड किंगडम में नौकरी मिलने के बाद 26 जूलाई को रिया कोच्चि एयरपोर्ट से लंदन के लिए निकली जहां रिया ने कैडवाल्डर विश्वविद्यालय स्वास्थ में आइसीयू नर्स के तौर पर ज्वाइनिंग भी ले ली है। जहां शुरूआत में रिया को एक लाख अस्सी हज़ार रूपये प्रति माह का पैकेज मिला है ,रिया को एक और परीक्षा देनी होगी जिसके बाद तीन लाख रूपये भारतीय पैसे मिलने लगेंगे। रिया की छोटी बहन प्रिया ने कहा कि दीदी सबके लिए एक रोल मॉडल साबित होंगी। मै भी अपने दीदी की तरह सच्चे मन और लगन से पढ़ाई कर अच्छा मुकाम हासिल करना चाहती हुं। माता पिता ने हमारी हर जरूरतों को पुरा किया है। ताकि हम अच्छा मुकाम हसील कर लोगो के लिए प्रेरणा बने।

### पिता ने बेटी की पढ़ाई कराने घर कर दी गिरवी

मध्यम वर्गीय परिवार से होने और तीन बच्चो के साथ घर चलाने की जिम्मेदारी संजू फिलिप्स पर थी। बड़ी बेटी रिया काफी होनहार थी। कुछ अलग करने की चाह रखने वाली बेटी की पढ़ाई मे कोई कमी ना हो इसलिए अपने घर को पिता ने रखा गिरवी और बेटी को अच्छी तालीम दिलाई जिसके बदौलत आज बेटी ओईटी परीक्षा ओक्यूपेशनल इंग्लिश टेस्ट को पास करने मे सफलता अर्जित की और लन्दन के बेट्सी कैडवाल्डर विश्वविद्यालय स्वास्थ्य मे आईसीयू नर्स की नौकरी कर रही है।

# 9 महीने तक रहा जेल में, अब हाईकोर्ट से पुलिस को लगा तगड़ा झटका

**बिलासपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। बिना अपराध 9 माह तक जेल की सजा काटने वाले सुकमा के ग्रामीण पोडियाम भीमा को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक ? लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है।

मालूम हो कि सुकमा पुलिस ने सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान नक्सल प्रभावित मीनपा गांव से पोडियाम भीमा को इनामी नक्सली बताकर गिरफ्तार कर लिया था। बेकसूर भीमा पोडियम और ग्रामीण पुलिस को समझाने की कोशिश करते रहे कि वह नक्सली नहीं है लेकिन पुलिस के रिकॉर्ड में भीमा पोडियम नाम का एक नक्सली दर्ज था। थाने में लाकर उसकी पिटाई भी की गई और कबूल कराया गया कि वही नक्सली भीमा पोडियाम है। ग्रामीण करीब 9 माह तक जेल में सजा काटता रहा। इस बीच मार्च 2022 में असली पोडियम भीमा ने अपने अन्य साथियों के साथ दंतेवाड़ा कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद पुलिस के कान खड़े हुए क्योंकि उसका मानना था कि वह तो पहले ही पोडियम भीमा को गिरफ्तार कर जेल में डाल चुकी है। हाईकोर्ट में बीमा पोडियाम की ओर से अधिवक्ता बीचेम पोंदी और प्रवीण धुरंधर ने उपरोक्त तथ्य रखते हुए याचिका दायर की। कुछ महीने पहले इसकी सुनवाई हुई थी जिसमें हाईकोर्ट में तुरंत बेकसूर ग्रामीण को जेल से रिहा करने का आदेश दिया था।



अब इस मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने निर्दोष ग्रामीण बीमा पोडियाम को एक लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश सरकार को दिया है। साथ ही, उसकी गिरफ्तारी के लिए दोषी पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया है।

# लव जिहाद, धर्मान्तरण व पुलिस प्रशासन के विरोध में आज बागबाहरा बंद

**बागबाहरा,** 3 अगस्त (देशबंधु)। नगर के हिंदू समाज के दो लड़कियों के साथ मुस्लिम समाज के दो युवकों द्वारा किये गये लव जिहाद , धर्मान्तरण एवं पुलिस प्रशासन द्वारा उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किये जाने के विरोध में सर्व हिंदू समाज द्वारा कल 4 अगस्त शुक्रवार को बागबाहरा बंद रखने की अपील सभी व्यापारी भाईयों से की गई है। इस बंद के आह्वान को हिंदू समाज के सभी वर्गों ने भरपूर सहयोग करने की बात कही है। मुस्लिम समाज के खिलाफ हिंदू समाज के लोग सड़क पर उतर आये हैं। बहरहाल पुलिस थाना समेत पूरे नगर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। सर्व हिंदू समाज के लोग मुस्लिम युवकों पर क़ानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग को लेकर थाना के सामने मेन रोड में डटे हुए हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारी बागबाहरा थाने में बैठकर स्थिति पर नियंत्रण बनाए हुए हैं। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा शांति भंग न होने देने के लिए चारों तरफ नगर में पुलिस के जवान तैनात कर दिये हैं। नगर में अभी भी तनाव एवं हंगामे की स्थिति बनी हुई है।

नगर के मुस्लिम युवकों द्वारा नगर के ही हिंदू समाज के दो लड़कियों से जोर जबरदस्ती करके, बहला फुसलाकर लव जिहाद एवं धर्मान्तरण करने के विरोध में नगर के सर्व हिंदू समाज के लोग उनके खिलाफ क़ानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग को लेकर आज गुरुवार को सुबह से लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर मेन रोड में पुलिस थाना के सामने सड़क पर उतर आये हैं। हिंदू समाज के लोग मुस्लिम समाज के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उनके विरुद्ध अपराध कायम किये जाने की मांग को लेकर थाना के सामने अभी भी डटे हुए हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा उन दोनों मुस्लिम युवकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसी मामले के विरोध में नगर के सर्व हिंदू समाज के लोग सड़क में उतर कर अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। वहीं पुलिस प्रशासन नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जुटे हुए हैं। बहरहाल लव जिहाद करने वाले मुस्लिम युवक दोनो हिंदू लड़कियों को लेकर फरार बताये जा रहे हैं।



- क्षेत्र में तनाव, छावनी में तब्दील शहर

# बारिश ने दिया फसलों को जीवनदान किसानों के चेहरे में खुशी की लहर

**बिलासपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में मानसून द्रोणिका बदलते ही सावन की झड़ी लगी हुई है। इससे जहां किसानों ने राहत की सांस ली है। वहीं खरीफ फसल के लिए बारिश वरदान हैं। लगातार बारिश से रोपाई में तेजी आई है। जिसका इंतजार किसान जुलाई माह से कर रहे थे, जो आप जाकर पूरा हुआ है।

मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटे में बिलासपुर समेत आसपास के जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। मंगलवार की शाम से ही भारी बारिश हो रही है। इससे उमस व गर्मी से तो लोगों को राहत मिली है। साथ ही दूसरी ओर खरीफ फसल के लिए भी यह बारिश बेहद उपयोगी मानी जा रही है।



किसान सुबह से ही अपने-अपने खेतों में धानरोपनी में दिनभर व्यस्त हो गए है। किसानों का कहना है कि भगवान को आखिरकार किसानों पर दया आ ही गई। सुख रहे खेत एक बार फिर पानी से भरने लगे हैं। सावन के शुरुआती दौर में भले ही बारिश ना होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई थी।

परन्तु अब 2 दिन से लगी सावन की झड़ी से किसानों की बांछें खिल आई है। रुका हुआ रोपाई का काम फिर तेजी से शुरू हो गया है। बारिश का मौसम शुरू होते ही अच्छी बारिश हुई थी। इस बीच बुवाई का काम जोर-शोर से शुरू हो गया था। फिर बारिश रुकने से तापमान में वृद्धि होने लगा जिससे खेत सूखने लगे थे, जिससे किसानों के चेहरों में चिंता की लकीर खींच दी थी, वही लोग उमस से परेशान हो गए थे। फिर से लगातार बारिश होने से रोपाई का काम शुरू हो गया है इससे किसानों के चेहरे खिल गए हैं।

NECC

| 04.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.00 | 55 | 150 |
| चिल्हर | 5.00 | 70 | 175 |
| डिलीवरी | 415 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 60 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## उल्टा पुल्टा

सुबह-सुबह पत्नी नींद से उठते ही बोली- अजी सुनते हो?
**पति**- बोलो, क्या हुआ?
**पत्नी**- मुझे सपना आया कि आप मेरे लिए हीरों का हार लेकर आए हो
**पति**- ठीक है, तो वापस सो जाओ और पहन लो!

## संपादकीय

### भर्तियों पर सवाल उठना गंभीर

छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के अधीन सिविल सेवा के विभिन्न पदों पर होने वाली भर्तियों को लेकर विवाद उठता रहा है। इन विवादों के कारण एक सामान्य अभ्यर्थी के मन में ऐसी छवि बन गई है कि आयोग की भर्तियां निष्पक्ष नहीं रह गई हैं। सबसे बड़ा विवाद वर्ष 2003 की परीक्षा के बाद हुई भर्तियों को लेकर उठा था। यह मामला कोर्ट में पहुंचा और हाईकोर्ट परीक्षा के नतीजे ही रद्द कर दिए और आदेश दिया कि मेरिट सूची तैयार करने की पूरी प्रक्रिया फिर से की जाए। अभी भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। इस परीक्षा के जरिए कई लोग जो शासकीय सेवा में आए वे तब से सेवा में बने हुए हैं। पिछले वर्ष की राज्य पीएससी की परीक्षा को लेकर भी विवाद उठा है और आरोप लगाया जा रहा है कि इसमें भाई-भतीजावाद हुआ है, हालांकि इन आरोपों को साबित करना बहुत कठिन है। इस साल साक्षात्कार के बाद जो भर्ती सूची जारी की गई उनमें आयोग के अध्यक्ष के परिवार के सदस्य का नाम शीर्ष क्रम पर था। इसके अलावा कुछ अन्य अधिकारियों व नेताओं के परिवार के सदस्यों के नाम भी लिए जा रहे हैं। विपक्ष ने तो इस बड़ा मुद्दा बनाते हुए राज्यभर में प्रदर्शन भी किया। छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षाओं को लेकर उठने वाले विवाद को देखते हुए सरकार चाहती है कि आयोग की प्रतिष्ठा एक ऐसे संस्थान की बने, जिसकी निष्पक्षता पर कोई सवाल न उठाया जा सके। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इन दिनों युवाओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। इस संवाद कार्यक्रम में उन्होंने पीएससी परीक्षा के साक्षात्कार के नंबर कम करने तथा वर्गवार कटआफ सूची जारी करने के बारे में सरकार द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी दी। साक्षात्कार के नंबर कम होने से सरकार का मानना है कि इससे मुख्य परीक्षा के परिणामों को प्रभावित नहीं किया जा सकेगा। वर्गवार कट आफ सूची जारी करने से आरक्षित वर्ग के सीटों में हेरफेर को रोका जा सकेगा। सिविल सेवा के पदों पर भर्तियां करने वाले इस आयोग की भर्तियों पर सवाल न उठे, सरकार को यह सोचना चाहिए। इसके लिए पूरी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की कोशिश होनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि पूरी भत्री प्रक्रिया में जो लोग शामिल हों वे ईमानदारी से अपना काम करें। प्रक्रिया को किसी प्रकार से प्रभावित न किया जा सके। संघ लोग सेवा आयोग की परीक्षाओं व चयन प्रक्रिया को लेकर इस तरह के सवाल नहीं उठते। भर्तियां चाहे उच्च पदों पर हो या निम्न पदों पर निष्पक्ष होनी ही चाहिए। अभ्यर्थी अपनी वर्षों की मेहनत इसमें लगा देते हैं। कोई योग्य अभ्यर्थी किसी गड़बड़ी के कारण भर्ती से वंचित होता है तो उसकी पूरी मेहनत बेकार चली जाती है। उसके लिए इससे बड़ी निराशा की कोई बात नहीं हो सकती। भर्तियों में गड़बड़ी होने की बात ही बेहद गंभीर है।

# बस्तर के खिलाड़ियों ने दिखाया दम, 6 गोल्ड, 3 सिल्वर मैडल जीते



**जगदलपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। केवल मिट्टी की गंध लिए बाजार हरे पेड़ों की खुशबू लिए जंगलों और अपनी आदि संस्कृति जैसी सहज शक्तियों मात्र के लिए देश दुनियां में बस्तर की पहचान नहीं है बल्कि सहज बस्तर असहज युवा प्रतिभाओं धमक के लिए भी जाना जाता है। चाहे सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर फतह हासिल करना हो या शिक्षा, संस्कृति हो या विज्ञान या फिर सौंदर्य बस्तर के युवा प्रतिभागियों ने हर जगह जो झंडे गाड़े है वह अभी तक सुवासित हवाओं के लिए फहरा रहा है। ऐसे में भला खेल, शारीरिक क्षमता को सिद्ध करने की महारत में भला बस्तर कैसे पीछे रह सकता। एशियन मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के हुनर से जो 6 गोल्ड 3 सिल्वर मेडल बस्तर के सीने पर जो चमक रहा यह ऐसे ही प्रतिभाओं के अथक परिश्रम का फल है। यूनाइटेड वर्ल्ड मार्शल आर्टस फेडरेशन (जपान) के तत्वाधान में यूनाइटेड मार्शल आर्ट्स फेडरेशन एशिया द्वारा 21 से 23 जुलाई को त्यागराजन स्पोर्ट्स कॉम्फ्लेक्स नई दिल्ली (भारत) मे आयोजित म्युथाई चेम्पियनशिप की, जिसमें बस्तर के 9 खिलाड़ी कोच, अब्दुल मोईम के साथ रवाना हुए तब विश्वास तो था प्रतिभाओं को मैदान में यह सिद्ध करना था।

**दर्शक दम साधे देखते रहे और बस्तर के युवा खिलाड़ी उपलब्धि गढ़ते रहे:** विदित हो कि चेम्पियशिप में भारत के अलावा 8 देशों के खिलाड़ी ने भाग लिया था। जब खेल शुरू हुआ तो सब दम साधे देखते रहे और बस्तर के खिलाड़ियों ने जौहर दिखाना शुरु किया फिर उपलब्धियों की सीढ़ियां वे चढ़ते चले गए। बस्तर के खिलाड़ी भारत के तरफ से खेलते हुए बालक वर्ग में पंकज मौर्य, वेदांत श्रीवास, ने स्वर्ण पदक व बालिका वर्ग में कु, शानिका मिश्रा, कु, सोनाली कुशवाहा, कु, सुप्रभा नाग, गीताक्षि श्रीवास ने स्वर्ण पदक हासिल किये वही एलेक्स कुमार सुरभि यादव कु, तम्मन्ना कश्यप ने सिल्वर पदक पर कब्जा जमाया। उपलब्धियां बटोरने वाले सभी खिलाडियों ने अपने हुनर के लिए पहचाने जाने वाले कोच अब्दुल मोईम के नैतृत्व में भाग लिया था। अब्दुल के कुशल नेतृत्व में युवा प्रतिभाओं ने बस्तर का लोहा पूरे देश मे मनवाया और बस्तर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया। उनके इस उपलब्धि पर जुडो संघ के अध्यक्ष किरण देव सहित बस्तर के तमाम शीर्ष व्यक्तियों के साथ बस्तर वासियों ने इन सबको अपनी शुभकामनाएं दी है।

# एक दर्जन सीपीआई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में किया प्रवेश



**जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी के समक्ष किया पार्टी में प्रवेश**

**सुकमा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार व मंत्री कवासी लखमा के नेतृत्व में जिले का विकास हो रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है जिससे प्रभावित होकर वर्षों से सीपीआई पार्टी में रहे एक दर्जन कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस में अपनी श्रद्धा जताते हूए प्रवेश किया। जिला अध्यक्षा महेश्वरी बघेल की अनुमति के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी के समक्ष पार्टी में प्रवेश कराया गया। बुधवार को जिला मुख्यालय में जिले के कोर्रा पंचायत के हाथगुड़ा गाँव के एक दर्जन सीपीआई कार्यकर्ता जो सालों से काम कर रहे थे वो लोग पहुँचे और कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी श्रद्धा जताते हूए पार्टी में प्रवेश किया। साथ ही उन लोगो ने कहा कि प्रदेश सरकार व मंत्री कवासी लखमा के मार्गदर्शन में विकास कार्य हो रहे है। हर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। धान की कीमत मिल रही है तेंदुपत्ता की राशि समय पर मिल रही है। रोजगार के साधन उपलब्ध हूए है इसलिए प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में काम करने की इच्छा जताई जिसके बाद जिला अध्यक्षा माहेश्वरी बघेल की अनुमति के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील यादव की मौजुदगी में सभी को कांग्रेस पार्टी की ज्वानिंग दिलाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही आदिवासियों के हित मे काम कर रही है। बस्तर में हर वर्ग के लिए योजनाएं बनी है और धरातल पर उन योजनाओं का संचालन हो रहा है। इस दौरान सुनील यादव, राजू साहू मौजूद रहे।

# आईएनडीआईए की मजबूती के लिए हम तैयार : मणिशंकर



**भरोसे की सरकार बनाने जुट जाए प्रण प्राण से : गीतेश गांधी**

**जगदलपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। संभाग मुख्यालय जगदलपुर में आईटी सेल व सोशल मीडिया की लोकसभा स्तरीय बैठक राजीव भवन जगदलपुर मे प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर संभाग प्रभारी मणि शंकर वैष्णव ने ली। इस दौरान श्री वैष्णव ने कहा कि आईएनडीआईए (इंडिया) की मजबूती के लिए हम तैयार है। इस उदेश्य को लेकर बस्तर लोकसभा क्षेत्र के आईटी सेल के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमे आसन्न विधानसभा चुनाव 2023 व आगामी लोकसभा 2024 को लेकर सोशल मीडिया को मजबूत करने के लिए पदाधिकारियो को टिप्पस दिए गए। श्री वैष्णव ने कहा कि हमारी लड़ाई एक ऐसी विचारधारा के खिलाफ हैं जो आईएनडीआईए को तोड़ने में लगी हैं जिसको हम बेनक़ाब कर रहे हैं और मजबूती से आगे भी करेंगे।

प्रदेश सचिव व लोकसभा प्रभारी गीतेश गांधी ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव मे जिस प्रकार सरकार बनाई जोकि आपके भरोसे से बनी उस भरोसे को बरकरार रखते हुए भरोसे की सरकार बनाने प्रण प्राण से जुट जाए। प्रदेश महासचिव योगेश पानीग्राही, प्रदेश सचिव निश्चल लोहरिया, बस्तर लोक सभा अध्यक्ष आशिष मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। इस बैठक मे प्रदेश सह सचिव शुभम वैष्णव, लोकसभा पदाधिकारी असीम सुत्ता, सादाब खान, जलंधर बघेल, जिला अध्यक्ष आदर्श नायक, नितेश दास, रजत दहिया, विधानसभा अध्यक्ष असीम सुता, गिरजा शंकर पाढी, राघवेन्द्र बघेल सहित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# स्थानीय मुद्दों को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार को घेरा



- **दरभा भाजपा मण्डल ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन**
- **स्थानीय भर्ती, किसानों की कर्जमाफी, पेंशन राशि में वृद्धि आदि वायदों को पूरा करने की मांग**

**जगदलपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी स्थानीय मुद्दों व समस्याओं को लेकर लगातार कांग्रेस सरकार को घेर रही है। बुधवार को दरभा में भाजपा ने स्थानीय मांगों को पुरजोर तरीके से उठाते हुये क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन किया और कांग्रेस सरकार के कार्य व नीतियों के प्रति विरोध दर्ज किया। भाजपा ने स्थानीय मांगों को पूरा करने के संबंध में कलेक्टर के नाम तहसीलदार चित्रसेन साहू को ज्ञापन भी सौंपा।

दरभा बाज़ार स्थल में भाजपा दरभा मण्डल के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ कांग्रेस सरकार के खिलाफ करीब दो घंटे धरने में बैठ विरोध प्रदर्शन किया। जहाँ पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, बैदूराम कश्यप, समुन्दसाय कच्छ, दरभा मण्डल प्रभारी योगेन्द्र पाण्डेय, रामाश्रय सिंह, मण्डल अध्यक्ष फूल सिंह सेठिया, विनायक गोयल, सुब्रतो विश्वास आदि ने धरने को संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस सरकार से क्षेत्र की जनता उनके झूठे वायदों का जवाब मांग रही है। कांग्रेस ने चुनाव में जनता से झूठे वायदे कर सरकार बनायी और साढ़े चार साल से अधिक का समय बीतने के बाद भी अपने वायदों को पूरा नहीं कर रही है। भाजपा सदैव जनता के साथ खडी है। धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया, जिसमें नौकरियों में स्थानीय भर्ती, पेंशन हितग्राहियों को एक हजार रुपये मासिक पेंशन का वादा पूरा करने, किसानों के कर्ज माफी का वादा व महिला स्व सहायता समूहों के कर्जमाफी का वादा आदि को तत्काल पूरा करने का उल्लेख किया गया है। धरना कार्यक्रम का संचालन हरिप्रसाद कश्यप व आभार प्रदर्शन दुर्जन कश्यप ने किया। भाजपा के धरना व विरोध प्रदर्शन में रैली राम, सीता नाग, संतोष बघेल, बाबुल नाग, देवी प्रसाद बेंजाम, महादेव नाग, मेघनाथ कश्यप, लखेश्वर कश्यप, दौलत श्रीवास्तव, बलीराम मांझी, अन्त कश्यप, महादेव कवासी, रामसिंह नाग, मिटकू राम बघेल आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में हो सकेगी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति : लखेश्वर बघेल



**जगदलपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जल-जीवन मिशन अंतर्गत आज बस्तर विधानसभा के 3 ग्राम पंचायत भीरलिंगा, मटनार, फरसीगांव, के लिए 306.46 करोड़ रुपए के कार्यों का भूमिपूजन बस्तर विधायक एवं बविप्रा अध्यक्ष लखेश्वर बघेल द्वारा किया। नल जल योजना के तहत आज ग्राम पंचायत भीरलिंगा, मटनार, फरसीगांव, में बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल द्वारा जल जीवन मिशन का भूमिपूजन किया गया इस योजना के तहत घरेलु नल कनेक्शन 1008 घरों को में शुद्ध पेयजल अब प्राप्त होगा। श्री बघेल ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी इसके साथ ही हमने ऐसी व्यवस्था भी तैयार की है जिससे इस इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हमेशा जल उपलब्ध हो सके ग्राउंड वाटर रिचार्ज की नरवा योजना और जल जीवन मिशन के साथ ही शुरू की गई अन्य व्यवस्थाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा।

**सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं को हो रहा लाभ - लखेश्वर बघेल**

गुरुवार को सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत करपावंड, सोनपुर, फरसीगांव, में कुल- 95 सायकल बस्तर विधायक बविप्रा अध्यक्ष लखेश्वर बघेल द्वारा वितरण किया गया। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की सरस्वती साइकिल योजना से राज्य की लड़कियों का हौसला बढ़ा है। ये योजना छात्राओं के उच्च शिक्षा में सहायक साबित हुई है। मेरा विश्वास है कि एक शिक्षित महिला एक शिक्षित समाज का निर्माण करती है। ये बात मुझे खुशी देती है कि सरस्वती साइकिल योजना छत्तीसगढ़ की लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़ा रही है। सांसद प्रतिनिधि जगमोहन बघेल ने कहा कि ये तस्वीर बता रही है कि इन छात्राओं को पढ़ने और बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। अब ये छात्राएं पढ़-लिखकर अपने सपनों को साकार कर सकेंगी। बस्तर विधानसभा के कई ग्राम पंचायतो को ग्राम विकास कार्य हेतु 65 लाख की सौगात दिया जिसमें झारउमरगांव, टीकनपाल, उसरी, घाटलोहंगा, चोकर, विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा किया जा रहा हैं।

# अवैध रूप से देशी महुआ शराब बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। नगरनार थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व में थाना स्तर पर कार्यवाही हेतु टीम गठित किया गया। पतासाजी दौरान टीम को मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम धनपुंजी निवासी जदूराम बिसाई अपने घर में अवैध हाथ भट्ठी का बना देशी महुआ शराब बनाकर बिक्री हेतु छिपा कर रखा है। सुचना पर तत्काल टीम द्वारा मुखबीर के बताये स्थान ग्राम धनपुंजी पहुंचकर जदूराम बिसाई के घर का तलाशी लेने पर एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरकीन में 10 लीटर हाथ भट्ठी का बना देशी महुआ शराब कीमत 1000 / रूपया एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरकीन में 5 लीटर हाथ भट्ठी का बना देशी महुआ शराब कीमत 500 / रूपया, एक पीला रंग के प्लास्टिक जरकीन में 05 लीटर हाथ भट्ठी का बना देशी महुआ शराब कीमती 500 / रूपया जुमला देशी महुआ शराब 20 लीटर कुल कीमत 2000 / रूपया को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना नगरनार में आबकारी एक्ट का मामला कायम कर विवेचना में लिया गया।

# छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ली बैठक



- **अनुसूचित जाति वर्ग हेतु संचालित योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन करने पर बल**
- **सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र प्रदाय में प्रगति लायी जाए : केपी खाण्डे**

**जगदलपुर, 3 अगस्त (देशबन्धु)।**

**जगदलपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के कल्याण की दिशा में अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित किया जा रहा है। इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर कारगर क्रियान्वयन कर समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किये जाने समन्वित पहल किया जाये, जिससे अनुसूचित जाति वर्ग के लोग सामाजिक-आर्थिक बेहतरी की ओर निरन्तर अग्रसर होकर राज्य और देश के विकास में अहम योगदान निभा सकें। उक्त निर्देश छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खाण्डे ने स्थानीय विश्रामगृह में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन समीक्षा के दौरान दिये। बैठक में सचिव राज्य अनुसूचित जाति आयोग बीएल बंजारे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय चन्देल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खाण्डे ने आयोग के गठन एवं उद्देश्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आयोग द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरणों के निवारण सहित पीड़ित व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के लिये समुचित पहल किया जा रहा है। इस दिशा में समाज प्रमुखों के सहयोग से जागरूकता लाने सहित शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आकस्मिकता योजनान्तर्गत लाभान्वित प्रकरणों की जानकारी ली और इस दिशा में पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित सहायता प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। आयोग के अध्यक्ष श्री खाण्डे ने अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को नियत समय पर छात्रवृत्ति एवं शिष्यवृत्ति प्रदाय के लिए उन्हें सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र प्रदाय में प्रगति लाये जाने कहा। वहीं अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ सद्भावनापूर्वक संव्यवहार सुनिश्चित किये जाने अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में नगरीय प्रशासन विकास, आदिवासी विकास विभाग, स्कूल शिक्षा, पंचायत, समाजकल्याण, छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कम्पनी, अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कौशल विकास प्राधिकरण, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी इत्यादि विभागों की अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी।

# बस्तर को फुटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना सौभाग्य की बात : रेखचंद जैन




**सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ**

**जगदलपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर को राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना सौभाग्य की बात है। खिलाड़ी वही सफल होते हैं जिनकी निगाह गोलपोस्ट पर होती है। 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबाल प्रतियोगिता के उदघाटन अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने यह बात कही। संबोधन से पूर्व श्री जैन ने अन्य अतिथियों संग मां सरस्वती व छत्तीसगढ महतारी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को इंद्रावती विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, महापौर सफिरा साहू, कलेक्टर विजय दयाराम पी, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि विधायक रेखचंद जैन के आग्रह पर कलेक्टर ने मेजबान खिलाडियों को विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात स्थल पूरी सुरक्षा के साथ घुमाने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया। संसदीय सचिव व विधायक रेखचंद जैन के अलावा पद्मश्री धर्मपाल सैनी, एमआइसी सदस्य यशवर्धन राव, राजेश राय, सुरेन्द्र झा, हरीश साहू, कमलेश पाठक, सुनीता सिंह, राजकुमार झा, हेमू उपाध्याय, डीईओ भारती प्रधान, नगर निगम आयुक्त केएस पैकरा, डीएमसी अखिलेश मिश्रा, बीईओ एमएस भारद्वाज, राजेश उपाध्याय, अरुण देवांगन, बीआरसी गरुड़ मिश्रा समेत विभिन्न जिलों से आए खेल प्रशिक्षक, पीटीआई, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र- छात्राएं आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम संचालन करमजीत कौर व अफजल अली ने किया।

# केशकाल के मुख्य मार्ग की जर्जर हालत व गड्ढों में जमा हो रहे बरसाती पानी से लोग परेशान

## विरोध में युवा मोर्चा ने गड्ढों में लगाए बेशरम के पौधे, भूपेश सरकार का किया विरोध

**कोण्डागांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। केशकाल के मुख्य मार्ग की जर्जर हालत और गड्ढों जमा हो रहे बरसाती पानी से वाहन चालकों सहित केषकाल के नागरिकों को हो रही परेषानियों को देखते हुए युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा गड्ढों में बेषरम के पौधों को लगाकर, भूपेश बघेल सरकार का विरोध किया।

राजधानी रायपुर से आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग को जोड़ने वाली रा.रा.30 पर स्थित केशकाल घाट से बेड़मा तक के मुख्य मार्ग और विषेश रुप से नगर पंचायत केषकाल के मष्य से गुजरने वाली सड़क के अत्यंत जर्जर हालत में होने और जर्जर सड़क पर बने गड्ढों में बरसात का पानी जमा होने के कारण आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आम जनता को हो रही परेषानियों की ओर षासन-प्रषासन में बैठे जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का ध्यान आकर्शित करने का प्रयास करने के क्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष व जनपद सदस्य विरेन्द्र महेश बघेल और युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भूपेश सिन्हा के नेतृत्व में युवा मोर्चा द्वारा केशकाल से गुजरने वाली मुख्य मार्ग में हुए गड्ढों में बेशरम के पौधे लगाकर कांग्रेस सरकार, भूपेश बघेल, स्थानीय विधायक संतराम नेताम और पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन के बारे में विरेन्द्र बघेल ने बताया कि बस्तर की लाईफ लाईन कही जाने वाली रा.रा.30 केशकाल घाट से केशकाल नगर के मध्य से गुजरने वाली मुख्य मार्ग की जो दयनीय स्थिति है, वह बरसात के दिनों में बहुत ज्यादा जर्जर हो गयी है, बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बरसाती पानी जमा हो गया है और जिसके कारण दुर्घटनाएं होती रहती है, बस्तर के जितने भी विधायक मंत्री और बड़े अधिकारी हैं, इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं, परंतु उन्होंने कभी इस सड़क के मरम्मत की ओर गम्भीरतापुर्वक कोई ध्यान नहीं दिया, जिसका ही खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय विधायक संत नेताम और पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू इसका मरम्मत तक करवा नहीं पा रहे हैं, जिसके कारण ही युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण, लबरा, ठगरा भूपेश बघेल सरकार और स्थानीय विधायक को जगाने के लिए जैसा सरकार, वैसा पौधा बेशरम को सड़क के इन गड्ढों में लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, इसके बाद भी अगर सड़कों की मरम्मत नहीं होती है, तो आने वाले समय में भारतीय जनता युवा मोर्चा उग्र प्रदर्शन और चक्का जाम करेगी।



विरोध प्रदर्शन में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सदस्य भूपेश चंद्राकर, केशकाल नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष व मंडल महामंत्री नवदीप सोनी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष व जनपद सदस्य विरेन्द्र बघेल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भूपेश सिन्हा, अविनाश सोनी, टीकम कोठारी, गोलू सोलंकी, घनश्याम यादव, मुकेश नाग सुरेंद्र शोरी, मनीष रुपाणी, दिनेश मंडावी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डेनेक्स गॉरमेंट्स फैक्ट्री में मतदाता जागरूकता मुहिम

## महिलाओं को समझाया मतदान का महत्व



**दंतेवाड़ा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रदर्शन जिले के विभिन्न स्थानों में लगातार जारी है।

आज हारम स्थित डेनेक्स में कार्यरत दीदी, महिलाओं, कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन कर प्रयोग कराया गया, जिसमें सभी ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने संकल्प भी लिया। उन्हें बताया गया कि सभी ने अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वायें। ऑनलाईन जुड़वाने के साथ मतदान केन्द्रों पर जाकर भी नाम जुड़वाया जा सकता है। साथ ही उन्हें जागरूक किया गया कि मतदाता सूची में केवल नाम होना पर्याप्त नहीं है। यह तभी सार्थक होगा जब आप वोट अधिकार का इस्तेमाल करें। मतदाता सूची में नाम रहने पर ही कोई नागरिक वोटिंग कर सकता है। इसलिए पात्र व्यक्ति अभी से सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम शामिल है अथवा नहीं। फार्म 6 में आवेदन देकर कोई भी पात्र व्यक्ति अपना नाम जुड़वा सकता है।

# ग्रामीणों की सेहत सुधारने 7 किमी की पैदल यात्रा

**दंतेवाड़ा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के मार्गदर्शन में जिले के पहुंच विहीन क्षेत्रों में मौसमी बीमारी को देखते हुए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बरसात के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने का डर बना रहता है। इसी कड़ी में जिले के गीदम विकासखंड के पहुंचविहीन ग्राम आरला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



- पहुंचविहीन गांव आरला में स्वास्थ्य विभाग की पहल
- स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने मेहनत कर रही टीम

ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गीदम से 25 किलोमीटर दूर ग्राम आरला पहुंचने के लिए टीम के सदस्यों को लगभग 5 से 7 किलोमीटर नदी नाले पार कर वहां तक पहुंचना पड़ा। शिविर में सर्दी, खांसी, बुखार वाले कुल 118 मरीजो ने इलाज कराने पहुंचे, जहां उन्हें निशुल्क जांच, दवा और परामर्श दिया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, 0 से 5 साल के बच्चों का टीकाकरण, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन, मलेरिया की जांच एवं अन्य लैब संबंधी आवश्यक जांच की गई। विभाग के द्वारा आगामी 3 माह के लिए मितानिन के पास आवश्यक दवाई का भंडारण किया गया है। इसमें सामान्यत: बुखार, सर्दी, खांसी की दवाई, ओआरएस के पैकेट, क्लोरीन की गोली उपलब्ध करा दी गई है। समय पर मितानिन के माध्यम से गांव वालों को वितरित किया जा सके। विभाग के द्वारा ऐसे और गांव को चिन्हित कर लगातार स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से जनसामान्य तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का कार्य योजना बनाई गई है।

# प्रसाद से संक्रमितों की संख्या 170 पहुंची, गुरुवार को भी स्वास्थ्य शिविर जारी

**भानुप्रतापपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखंड के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत वह धर्मनगरी कराए जाने वाले गांव संबलपुर मैं प्रसाद खाकर बीमार होने वालों की संख्या 170 पहुंच गई है विदित हो कि सोमवार को इस मंदिर में हलवा और ठंडाई प्रसाद के रूप में वितरित की गई थी जिसे कई श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया था उसके बाद मंगलवार को कई लोगों की तबीयत बिगड़ी और उन्हें पेट में मरोड़ उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी धीरे-धीरे मामला सामने आया और पता चला कि जिन्होंने मंदिर में प्रसाद खाया है अथवा वहां का पानी पिया है उन लोगों को पेट का संक्रमण बुरी तरह से हो चुका है और इससे प्रभावितों की संख्या बहुत अधिक है सूचना पर जिला प्रशासन के द्वारा तत्काल गांव में स्वास्थ्य लगाया गया और मितानिन ओ को घर-घर भेजकर मरीजों का हालचाल जाना गया वहीं गुरुवार को डॉक्टरों ने भी घर-घर दौरा कर मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराएं इसके साथ ही पंचायत भवन में बुधवार और गुरुवार दोनों दिन लगातार स्वास्थ शिविर लगा रहा स्वास्थ्य हमले से मिली जानकारी के अनुसार इस शिविर में तथा घरों में जाने के बाद कुल 170 मरीज ऐसे मिले हैं जिन्हें प्रसाद खाने के बाद पेट का इंफेक्शन हुआ है और वह उल्टी दस्त से पीड़ित है जबकि शिविर में लगभग 35 अन्य मरीजों ने भी आकर अपना इलाज करवाया है बीएमओ डॉक्टर अखिलेश ध्रुव ने बताया कि समय रहते पेट के संक्रमण से पीड़ित सभी मरीजों का इलाज कर लिया गया है स्वास्थ्य मेले के द्वारा दो दिनों से लगातार ऐसे मरीजों को गांव में घर-घर जाकर खोजा गया और उन्हें दवाइयां दी गई मरीजों को परेशानियां तो हो रहे हैं परंतु किसी भी तरह के खतरे की कोई बात नहीं है और सभी मरीज सुरक्षित हैं।



**संक्रमण का कारण पानी या प्रसाद ?**

इतने सारे ग्रामीणों को एक साथ पेट का संक्रमण होने के बाद यह भी जांच की जा रही है कि इसका कारण क्या है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मंदिर में पानी के सैंपल लिए गए हैं आशंका व्यक्त की जा रही थी कि मंदिर के नलकूप में दूषित पानी आदमी व लगाई गई टंकी की साफ सफाई ना होने की वजह से पानी पीने वाले ग्रामीणों को इंफेक्शन हुआ होगा परंतु बीएमओ डॉ अखिलेश ध्रुव ने बताया कि पानी के जो सैंपल लिए गए थे, उनमें किसी भी तरह का कोई प्रदूषण नहीं निकला है, और पानी सही है। यह फूड प्वाइजनिंग का मामला भी नहीं है। फिलहाल संक्रमण के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

**जनप्रतिनिधी पहुंचे संबलपुर**

गुरुवार को कई जनप्रतिनिधियों ने संबलपुर का दौरा किया और मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना विधायिका सावित्री मंडावी ने कई मरीजों से मिलकर उनसे उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ शिविर का भी मुआयना किया और स्वास्थ्य अमले को आवश्यक निर्देश दिए। वही जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने भी मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना हेमंत ने अस्पताल में भी दौरा किया और वहां पर भर्ती मरीजों से मिले।

इस बीच सामाजिक सेवा करने वाली संस्था बस्तर सेना के द्वारा मरीजों के चिन्हांकन में स्वास्थ्य अमले की मदद की गई, और इसके साथ ही पेट के संक्रमण से पीड़ित मरीजों को घर घर जाकर फल व अन्य आवश्यक वस्तुएं मुहैया कराया।

# लोकतंत्र में दिव्यांग मतदाताओं की भी अहम भूमिका

**दंतेवाड़ा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कटेकल्याण विकासखंड अन्तर्गत डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल छात्रावास परचेली में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया गया।



**शिविर में दी गई दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी**

इसमें आस-पास के ग्रामों से बड़ी संख्या में दिव्यांग लोग शिविर का लाभ लेने पहुंचे। इस शिविर स्थल में अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे ने शिविर का अवलोकन किया। शिविर में दिव्यांगजनों का प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाया जा रहा है। दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने से भविष्य में इसका लाभ दिव्यांगजनों को मिल सकेगा। इस शिविर में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत दिव्यांग मतदाताओं को उनके अधिकारों का उपयोग करने जागरुक किया गया। शिविर में सुविधा देने के लिए दिव्यांगता वार पृथक-पृथक पंजीयन काउंटर की व्यवस्था की गयी है, जिसके बाद मरीज संबंधित चिकित्सक के पास पहुँच अपना उपचार करा रहे हैं। शिविर में नेत्र रोग, नाक कान गला रोग, अस्थि रोग मनोरोग विशेषज्ञों के द्वारा दिव्यांग जनों की जांच की गई। दिव्यांगजनों का जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। दिव्यांगजनों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र का नवीनीकरण भी किया गया। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि इस शिविर में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण के अतिरिक्त यूडीआईडी पंजीयन, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण हेतु आवेदन भी दिया गया। शिविर में लगभग 100 दिव्यांग व्यक्तियों का पंजीयन किया गया। इसमें 70 दिव्यांगों का प्रमाणीकरण जारी किया गया। साथ ही 4 व्हील चेयर, 1 ट्रायसायकल 3 बैसाखी, 2 श्रवण यंत्र, 1 ब्लाइंड स्टिक, 5 सामान्य छड़ी कुल 16 दिव्यांगों को सहायक उपकरण का वितरण किया गया।

# 8 को भाजपा करेगी नगर पंचायत का घेराव

## गीदम में मटन मार्केट को हटाने में देरी से नाराजगी

**दंतेवाड़ा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा गीदम मण्डल द्वारा पिछले दिनों गीदम नगर की विभिन्न समस्याओ को लेकर सीएमओ बीपी ध्रुव एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था।



भाजपा मण्डल अध्यक्ष गीदम राजेश कश्यप ने कहा कि समस्या का समाधान एक सप्ताह के अंदर नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी मण्डल गीदम द्वारा आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। श्री कश्यप ने कहा की वार्ड क्रमांक 12 स्थित मटन मार्किट के वजह से वार्डवासी परेशान है इसके गन्दगी व बदबू का दुष्प्रभाव वार्डवासियों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में पत्रचार के माध्यम से कलेक्टर को भी अवगत करवाया गया है साथ ही मटन मार्केट व्यवस्थापन हेतु नगर पंचायत परिषद् की बैठक में भी इसे सर्वसहमति से प्रस्ताव को पास किया गया है। मटन मार्किट व्यवस्थापन में विलम्ब होने से नगर पंचायत गीदम के गैर जिम्मेदाराना रवैय्ये के कारण वार्डवासियों तथा विभिन्न समस्याओ के कारण गीदम नगरवासियो में आक्रोश व्याप्त है। श्री कश्यप ने कहा की आज तक ज्ञापन देने के पश्चात कोई जवाब सम्बंधित विभाग द्वारा नहीं मिला और न ही किसी प्रकार की व्यवस्था बनायीं गयी है। ऐसे में बैठक कर ये निर्णय लिया गया है की नगर की विभिन्न समस्याओ का समाधान न होने के कारण आगामी 8 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी गीदम मण्डल के नेतृत्व में नगर पंचायत गीदम का घेराव किया जायेगा।

# जिले के 18 ग्रामों हेतु कोटवार पद सृजित

**जगदलपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 230 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने जिले के 18 ग्रामों के लिए कोटवार पद का सृजित किया है। ग्राम स्तर पर कोटवारों के माध्यम से कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित प्रशासन का सूचना तंत्र को मजबूत करने का प्रयास का किया जा रहा है। साथ ही कोटवारों के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराने में तथा निर्वाचन कार्यों में भी आवश्यक सहयोग लिया जाता है। कलेक्टर द्वारा कोटवार पद हेतु तोकापाल तहसील के ग्राम मंडवा, बस्तर तहसील के ग्राम मधोता, बागमोहलई, बेसरापाल, चितलवार, खोटलापाल, नारायणपाल, महुपालबारी और चिडईपदर, तहसील बकावंड के ग्राम उलनार और बेलपुटी-2, भानपुरी तहसील के ग्राम तिरथा, रतेंगा-2, कोहकासिवनी, गोंड़ियापाल, कोटगढ़, खड़का और छोटेअलनार हेतु स्वीकृति दी गई है।

# नेशनल लोक अदालत व पांच वर्ष पुराने प्रकरणों के संबंध में आयोजित हुई बैठक



**कोण्डागांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिला एवं सत्र न्यायालय कोण्डागांव के न्यायाधीशों द्वारा नेशनल लोक अदालत एवं पांच वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों के संबंध में बैठक आयोजित किया गया।

3 अगस्त 2023 को जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उत्तरा कुमार कश्यप के द्वारा जिला न्यायालय के अंतर्गत पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में उन्होंने 9 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाली आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों को चिन्हांकित कर पक्षकारों के मध्य राजीनामा व सुलह कराया जाकर निराकरण करने एवं नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने तथा समस्त न्यायालयों में पांच वर्ष से पुराने प्रकरणों को चिन्हांकित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकृत करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उत्तरा कुमार कश्यप, श्रीमति प्रिशिला पॉल होरो अपर जिला न्यायाधीश कोण्डागांव, कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो कोण्डागांव, श्रीमति मोना चैहान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव, श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, सुश्री योगिता कवर न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी कोण्डागांव उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की हुई बैठक

**कोण्डागांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिला कार्यालय के भूतल स्थित सभा कक्ष में बुधवार को कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम की उपस्थिति में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में व्यक्तिगत वनाधिकार, सामुदायिक वनसंसाधन अधिकार, नगरीय निकाय अंतर्गत व्यक्तिगत वनाधिकार के साथ देवगुड़ी, मातागुड़ी, गोटुल एवं प्राचीन स्मारक प्रकरणों हेतु सामुदायिक पट्टो के निर्माण हेतु स्वीकृति पर चर्चा की गयी। इस बैठक में व्यक्तिगत वनाधिकार के 839 प्रकरण प्रस्तुत किये गये, जिनमें 707.043 हेक्टेयर के 728 प्रकरणों को समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी तथा 90 प्रकरणों को अपात्र पाए जाने के कारण निरस्त किया गया। वहीं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के तहत मातागुड़ी के 59, देवगुडी के 45, घोटूल के 11 और मृतक स्मारकों के 2 प्रकरणों को भी स्वीकृति दी गई। नगरीय निकाय क्षेत्र में व्यक्तिगत वनाधिकार के 24 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके साथ व्यक्तिगत वनाधिकार के 17 प्रकरणों को पुनर्विचार हेतु प्रस्तुत किया गया था। जिसमें एक को पात्र एवं 16 प्रकरणों को अपात्र पाए जाने पर निरस्त किया गया।



**व्यक्तिगत 728, सामुदायिक वन संसाधन 117 व 24 नगरीय प्रकरणों का किया अनुमोदन**

इस अवसर पर कलेक्टर ने आपत्ति वाले प्रकरणों को निरस्त करने हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय वन अधिकार समिति को प्रकरण प्रस्तुत करने के पूर्व अनुविभाग स्तर पर गठित समिति द्वारा प्रकरणों की बारीकी से जांच करे और जिला स्तरीय समिति के समक्ष उन्हीं प्रकरणों को रखा जाए, जिनमें प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई हो। उन्होंने इस दौरान फौती नामानंतरण के प्रकरणों का निराकरण शीघ्र किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने इस दौरान वन अधिकार प्राप्त हितग्राहियों की भूमि के विकास के लिए अन्य योजनाओं से लाभ पहुंचाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में अब तक लगभग 60 हजार हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र दिया जा चुका है, जिनमें लगभग 50 फीसदी हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने सभी हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा चैपाल आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कोण्डागांव (उत्तर) वन मण्डलाधिकारी एन गुरूनाथन, संयुक्त कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री कावेरी मरकाम सहित राजस्व विभाग, वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बासुकीनाथ कांवड़ यात्रा मंडली का सभी समाज के लोगों ने किया स्वागत

**जगदलपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। सर्व ब्राह्मण समाज बस्तर के द्वारा श्रावण मास मे श्री 1008 बाबा बासुकीनाथ कांवड़ यात्रा मंडली (कोलकाता) के द्वारा 15 जुलाई को गंगोत्री हरिद्वार से गंगाजल लेकर देश के विभिन्न राज्यों से पैदल यात्रा करते रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग में समाप्त होगी। गुरूवार को सुबह 7 बजे जगदलपुर में कांवड़ यात्रा पहुंची कोतवाली थाना स्टेट बैंक चौक के पास सभी समाज प्रमुखों के द्वारा जयघोष कर फुल बरसाकर कर पैदल यात्रियों का स्वागत किया गया। इस दौरान संजीव शर्मा संभागीय अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज बस्तर, बालकृष्ण शर्मा, रामनरेश पांडे, शिवनारायण चांडक, अनिल अग्रवाल, दिशांत चक्रवर्ती, क्षमाकांत मिश्रा, किरण शुक्ला, शेखर शर्मा प्रकाश झा, कमलेश पांडे, पंकज मिश्रा, अनुराग सिंह, सुदीप कुमार, माधव झा, सुनील पांडे व अन्य उपस्थित थे।

# जन भागीदारी से होगी वाणिज्य शिक्षकों की भर्ती : तुलिका



- गर्ल्स और पीजी कॉलेज समिति की बैठक में अहम फैसला
- ई- लाईब्रेरी कॉलेज छात्रों के लिए वरदान
- लॉ की पढ़ाई के लिए शासन स्तर पर होगा पत्राचार

**दंतेवाड़ा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जनभागीदारी समिति की बैठक आज शासकीय दंतेश्वरी स्नाकोत्तर महाविद्यालय में संपन्न हुई। शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय व दंतेश्वरी स्नाकोत्तर महाविद्यालय दोनों कॉलेजों की जनभागीदारी समिति की बैठक एक साथ की गई। बैठक में प्राचार्य ने बताया कि पीजी कॉलेज में एम कॉम की पढ़ाई प्रारंभ करने अनुमित मिल चुकी है पर शिक्षक नहीं होने के कारण क्लास शुरू नहीं पाई है। जिस पर जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष व जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा समेत सभी सदस्यों ने जेबीएस मद से शिक्षकों की नियुक्ति की सहमति जताई। अब जल्द की शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया जाएगा, ताकि जिले के विद्यार्थियों को एम कॉम की पढ़ाई का लाभ मिल सकें। विधि महाविद्यालय जिले में शुरू किए जाने जमीन नहीं होने की बात भी बैठक में रखी गई, जिसे लेकर जल्द शासन से पत्राचार करने महाविद्यालय को निर्देशित किया गया।

बैठक में कॉलेज प्रबंधन द्वारा जनभागीदारी आय-व्यय का पूरा लेखा जोखा समिति के सामने पेश किया। कन्या महाविद्यालय में आरओ वाटर मशीन, कचरा डंप करने टैंक निर्माण, पौधरोपण हेतु ट्री गार्ड, पुस्तकालय सहायक की नियुक्ति, प्रयोगशाला सहायक की नियुक्ति सहित करीब 11 बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। चर्चा में कुछ मांगों को मौके पर निराकरण किया तथा अन्य मुद्दों पर जल्द निराकरण का भरोसा समिति के सदस्यों ने दिया। बैठक में समिति की अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने कहा कि दोनों कॉलेजों के सभी स्टाफ को बधाई। आप सभी शिक्षकों के कारण हमारे बच्चे आज पढ़-लिख कर जिले का नाम रौशन कर रहे हैं। नेक की टीम ने भी इस कॉलेज निरीक्षण किया और बहुत अच्छे अंक हमारे इस महाविद्यालय को मिला, जो हम सभी के लिए गौरव का विषय है, उन्होंने आगे कहा कि महाविद्यालय के लाइब्रेरी में बहुत अच्छा प्रयोग मुझे देखने को मिला। जो बच्चे महंगी किताबें नहीं खरीद सकतें वो सिर्फ बार कोड स्कैन कर महंगी किताब पड़ सकते हैं। यह प्रयोग हमारे जिले के लिए अतुलनीय है, इसका फायदा सभी बच्चों को मिलना चाहिए। बैठक में समिति के सदस्य देवी सिंह चौहान, सलीम रजा उस्मानी, जितेंद्र चौधरी, गजलु पोड़ियाम, राकेश कर्मा, आसिफ रजा, राकेश मंडावी समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा व आंदोलन स्थगित

## आबकारी व प्रभारी मंत्री कवासी लखमा से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

**कोण्डागांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रभारी मंत्री के कोण्डागांव आगमन की सुचना मिलने के कारण कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के द्वारा एक आवष्यक बैठक रखकर पूर्व में तय रणनीति को बदलते हुए अपने एक दिवसीय आंदोलन को स्थगित करके आबकारी एवं प्रभारी मंत्री कवासी लखमा से मिलने के लिए कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल को भेजने का फैसला लिया है।



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव के शिक्षकों के निलंबन की बहाली को लेकर संयुक्त मोर्चा एवं संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर संभाग के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला कोंडागांव एवं बस्तर संभाग के पदाधिकारियों द्वारा 31 जुलाई 2023 को संयुक्त संचालक बस्तर को ज्ञापन दिया गया और निःशर्त निलंबन वापसी की मांग की गई। निलंबन वापसी ना होने की स्थिति में 4 अगस्त 2023 को एक दिवसीय शैक्षणिक संस्थान एवं कार्यालय बंद करने का अल्टीमेटम दिया गया था। 4 अगस्त 2023 को छत्तीसगढ़ शासन आबकारी मंत्री एवं जिला कोण्डागांव प्रभारी मंत्री कवासी लखमा के आगमन पर मंत्री के सम्मान एवं कार्यक्रम प्रभावित ना हों, इसके मद्देनजर मोर्चा ने स्थानीय पुराना विश्राम गृह में 03 अगस्त 2023 को संध्या 5 बजे आवश्यक बैठक आयोजित कर अपने एक दिवसीय आंदोलन को स्थगित करते हुए, प्रभारी मंत्री कवासी लखमा से मिलकर निलंबन संबंधी कार्रवाई पर चर्चाकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। ज्ञापन सौंपने के पश्चात् परिस्थिति अनुसार छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा द्वारा बैठक आयोजित कर आगे की रणनीति का बनाई जाएगी। उपरोक्त जानकारी नीलकंठ शार्दूल जिला संयोजक एवं ऋषिदेव सिंह जिला सचिव छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला कोण्डागांव छत्तीसगढ़ द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# कन्या छात्रावास में पुरुषों के आवागमन के लिए गठित जांच समिति ने किया संस्थान का निरीक्षण

## कर्मचारी और बच्चों से लिया बयान



**कोण्डागांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिला मुख्यालय में संचालित 250 सीटर आदिवासी कन्या छात्रावास परिसर में पुरुष के अवैध रुप से निवासरत होने की खबर पर कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा तीन सदस्यीय जांच दल बनाया गया। दल के सदस्यों ने बुधवार को संस्थान में जाकर जांच की और वहां कर्मचारियों और बच्चों के बयान लिया। जांच दल में डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सुश्री सुधा कुमार और नायब तहसीलदार सुश्री स्वाती नेताम शामिल थे। लगभग एक सप्ताह पूर्व अपने मूल संस्थान के लिए भारमुक्त की गई शिक्षिका को तत्काल परिसर में स्थित आवास को रिक्त करने के लिए सूचित किया गया।

# आदर्श ग्राम योजना कार्ड का किया गया विमोचन

**कोण्डागांव,** 3 अगस्त (देषबन्धु)। कोण्डागांव जिला कार्यालय के भूतल स्थित सभा कक्ष में बुधवार को कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम की उपस्थिति में आयोजित जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक में आदर्श ग्राम योजना कार्ड का विमोचन किया गया। इस कार्ड में वन अधिकार प्राप्त हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का मिल रहे लाभ का लेखा जोखा रखा जाएगा, जिससे शासन की जनकल्याण्कारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके। इस कार्ड में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन के तहत हितग्राही के घर में शौचालय, जरुरतमंद हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास, कृषि विभाग के तहत केसीसी कार्ड, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, जैविक खेती मिशन, गोधन न्याय योजना, किसान समृद्धि योजना, वन विभाग अंतर्गत वन संपदा योजना और वनोपज संग्रहण, समाज कल्याण विभाग के तहत पेंशन, दिव्यांगों को यंत्र और सहायक उपकरण, खाद्य विभाग अंतर्गत राशन कार्ड तथा धान विक्रय हेतु पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सुपोषण अभियान, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, मलेरियामुक्त, टीबी मुक्त, एनीमिया मुक्त, राजस्व विभाग द्वारा आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका, रोजगार विभाग द्वारा रोजगार पंजीयन और बेरोजगारी भत्ता, शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों का शाला प्रवेश, छात्रवृत्ति और पात्र हितग्राहियों को सायकल वितरण, आदिवासी विकास विभाग द्वारा पट्टा वितरण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन, कौशल विकास विभाग द्वारा कौशल प्रशिक्षण सहित पशुपालन मत्स्यपालन और उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को चिन्हित गांव में घर-घर जाकर लोगों से इन योजनाओं का मिल रहे लाभ की जानकारी लेने और छूटे हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्य मंत्री श्री भूपेश बघेल ने सभी विकास खण्डों के एक-एक गांव को आदर्श वन अधिकार ग्राम के रुप में विकसित करने



के निर्देश दिए हैं, जहां वन अधिकार के सभी घटकों के साथ शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। आदर्श वन अधिकार ग्रामों में शासन के योजनाओं की ट्रेकिंग के लिए कलेक्टर के निर्देश पर आदिवासी विकास विभाग द्वारा कार्ड तैयार किया गया है।

इस बैठक में व्यक्तिगत वनाधिकार, सामुदायिक वनसंसाधन अधिकार, नगरीय निकाय अंतर्गत व्यक्तिगत वनाधिकार के साथ देवगुड़ी, मातागुड़ी, गोटुल एवं प्राचीन स्मारक प्रकरणों हेतु सामुदायिक पट्टो के निर्माण हेतु स्वीकृति पर चर्चा की गयी। इस बैठक में व्यक्तिगत वनाधिकार के 839 प्रकरण प्रस्तुत किये गये, जिनमें 707. 043 हेक्टेयर के 728 प्रकरणों को समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी तथा 90 प्रकरणों को अपात्र पाए जाने के कारण निरस्त किया गया। वहीं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के तहत मातागुड़ी के 59, देवगुडी के 45, घोटूल के 11 और मृतक स्मारकों के 2 प्रकरणों को भी स्वीकृति दी गई। नगरीय निकाय क्षेत्र में व्यक्तिगत वनाधिकार के 24 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके साथ व्यक्तिगत वनाधिकार के 17 प्रकरणों को पुनर्विचार हेतु प्रस्तुत किया गया था, जिसमें एक को पात्र एवं 16 प्रकरणों को अपात्र पाए जाने पर निरस्त किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने आपत्ति वाले प्रकरणों को निरस्त करने हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तरीय वन अधिकार समिति को प्रकरण प्रस्तुत करने के पूर्व अनुविभाग स्तर पर गठित समिति द्वारा प्रकरणों की बारीकी से जांच करें और जिला स्तरीय समिति के समक्ष उन्हीं प्रकरणों को रखा जाए, जिनमें प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई हो। इस दौरान फौती नामानंतरण के प्रकरणों का निराकरण शीघ्र किए जाने पर जोर दिया। इस दौरान वन अधिकार प्राप्त हितग्राहियों की भूमि के विकास के लिए अन्य योजनाओं से लाभ पहुंचाने, जिले में अब तक लगभग 60 हजार हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र दिया जा चुका है, जिनमें लगभग 50 फीसदी हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा चुका है। सभी हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने और इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा चैपाल आयोजित करने के निर्देश दिए।

# रोजगार, शिक्षा व पेयजल पर गंभीरता दिखाए एनएमडीसी

**दंतेवाड़ा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान जनसुनवाई कर प्रकरणों का निराकरण किया। इस दौरान श्री सिंह ने उपस्थित एनएमडीसी प्रतिनिधियों से प्रभावित ग्रामों में एनएमडीसी की भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये।



श्री सिंह ने एनएमडीसी के प्रतिनिधियों से स्कूलों की व्यवस्था, स्वास्थ्य सुलभता, पेयजल प्रबंधन सहित अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि एनएमडीसी द्वारा परियोजना से प्रभावित कुल 53 ग्रामों में सामाजिक आर्थिक विकास के लिए सतत प्रयास जारी रहना चाहिए। इसमें स्थानीय भर्ती में रोस्टर का पालन, एंबुलेंस के साथ-साथ बाइक एंबुलेंस की उपलब्ध कराने एवं ग्रामीण छात्र-छात्राओं के लिए स्मार्ट क्लास तथा दूषित पेयजल के निराकरण हेतु ग्रामों में सोलर डयूलेर पम्प लगाने के कार्य प्राथमिकता दी जाए। साथ ही पहुंचविहीन ग्रामों में पुल-पुलिया का निर्माण भी एनएमडीसी परियोजना का नैतिक दायित्व है। इसके लिए श्री सिंह द्वारा समय सीमा का भी निर्धारण किया गया।

- राज्य अजजा आयोग अध्यक्ष ने जन सुनवाई में की समीक्षा
- 53 प्रभावित गांवों में विकास एनएमडीसी की हो प्राथमिकता

बैठक में एनएमडीसी प्रतिनिधियों द्वारा भी पुनर्वास नीति के तहत प्रभावित ग्रामों में चलाए जा रहे आधारभूत निर्माण कार्य की भी जानकारी दी गई। बैठक में श्री सिंह द्वारा आयोग के समक्ष आए प्रकरणों की जन सुनवाई भी की गई, जिसमें एक अलग रह रहे पति-पत्नी के प्रकरण में विचार करके दोनों में आपसी सहमति करके निराकरण भी किया गया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि आयोग जनजाति वर्ग के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन के प्रति सदैव जागरूक है और इन वर्गों सर्वांगीण उन्नति के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा। राज्य शासन की सभी कल्याणकारी योजनाएं एवं नीतियां इन वर्गों तक पहुंचाना आयोग का प्रमुख उद्देश्य है। इस मौके पर कलेक्टर विनीत नंदनवार, आदिवासी विकास विभाग के उपायुक्त डॉ. आनंद जी सिंह सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# रितेश पटेल व ज्ञानदास कोर्राम बने जिला कांग्रेस के नए महामंत्री

**कोण्डागांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार करके रितेश पटेल व ज्ञानदास कोर्राम को महामंत्री बनाया गया।



झुमुक लाल दिवान अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव द्वारा अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए, दो नए कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी देते हुए महामंत्री नियुक्त किया है, जिनमें रितेश पटेल पूर्व से ही जिला कांग्रेस कमेटी में मिडिया प्रभारी की भूमिका अदा कर रहे थे। वहीं बड़ेराजपुर ब्लॉक के कौंदकेरा निवासी ज्ञानदास कोर्राम को भी महामंत्री बनाया गया है। ज्ञात हो की ज्ञानदास कोर्राम क्षेत्र के सक्रिय कांग्रेस नेता हैं और पूर्व में बड़े राजपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। यह नियुक्ति आगामी विधान सभा व लोक सभा चुनाव 2023-24 को देखते हुए की गयी है। रितेश पटेल शुरू से ही राजनीति में सक्रिय भूमिका में रहे हैं, एनएसयुआई व युवा कांग्रेस के पदों में रहकर कार्य करते रहे हैं। रितेश राजीव ब्रिगेड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्तमान समय में रितेश सामाजिक क्षेत्र में भी मिली जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के कोंडागांव जिला अध्यक्ष एवं मरार पटेल समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष के पद पर आसीन हैं। रितेश के संगठन के प्रति लगाव एवं पार्टी के प्रति समर्पित कार्यों को देखते हुए चुनाव पूर्व यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। दोनों नेताओं के नियुक्ति पर सभी स्थानीय कांग्रेसजनों ने हर्ष जाहिर किया है।

# रिवर फ्रंट व कॉरिडोर से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**दंतेवाड़ा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले में रिवर फ्रंट एवं कॉरिडोर का वृहद स्तर पर निर्माण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत रिवर फ्रंट और कॉरिडोर दो अलग अलग भाग हैं। इसके साथ ही यह परियोजना चार अलग-अलग चरणों में विभक्त है। रिवर फ्रंट और कॉरिडोर के भी कई उप चरण है। इसके अंतर्गत जिन कार्यों को पहले पूर्ण किया जाना है उनकी प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण की गई है। अन्य कार्य, जो आगे किए जाएंगे निविदा प्रक्रियाधीन है तथा यह सभी को ज्ञात है और यही पारदर्शिता का प्रमाण है। परियोजना अंतर्गत नींव निर्माण हेतु मिट्टी खोदने का कार्य और मनरेगा अंतर्गत मिट्टी का कार्य, दोनो भिन्न प्रकृति के कार्य हैं। ऐसे में बारिश में मिट्टी का कार्य किये जाने की बात अस्पष्ट है। उल्लेखनीय है कि यह कार्य राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर (एनआईटी) के तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी और देख रेख में किया जा रहा है। बीते दिनों जिले में भारी बारिश से शंखनी-डंकनी के जलस्तर में वृद्धि एवं तेज जल बहाव के बावजूद निर्माणाधीन कार्य को कोई क्षति नहीं होना इसकी गुणवत्ता व तकनीकी मापदंडों को प्रमाणित करता है।

# नाबालिग ने वाहन चलाया तो मालिक को दंड

## वाहन मालिक को 25 हजार तक जुर्माने का प्रावधान

**दंतेवाड़ा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार नए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते पकड़ा जाता है तो वाहन स्वामी को इसका खामियाजा भुगतना होगा।

इसके अनुसार नाबालिग के गाड़ी चलाने पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना भरना होगा। गाड़ी का रजिस्ट्रेशन भी एक साल के लिए रद्द कर दिया जाएगा। इसके अलावा मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 199 क के तहत जुर्माने और सजा का है प्रावधान अनुसार मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 199 क के तहत किशोर द्वारा अपराध जहां कोई अपराध इस अधिनियम के अधीन किसी किशोर द्वारा किया गया है ऐसे किशोर संरक्षक या मोटर यान का स्वामी उल्लंघन का दोषी समझा जाएगा और उसके विरुद्ध कार्यवाही का उत्तरदायी होगा तथा तदनुसार दंडित भी किया जाएगा। साथ ही अधीन शास्ति के अतिरिक्त ऐसा संरक्षक या स्वामी ऐसे कारावास से जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी और जुर्माने से (जो पच्चीस हजार रुपए तक का हो सकेगा), दंडनीय होगा। साथ ही जहां इस धारा के अधीन कोई अपराध किसी किशोर द्वारा किया गया हो तो यहाँ अपराध किए जाने में प्रयुक्त मोटर यान बारह माह के अवधि के लिए रद्द किया जाएगा। इसी तारतम्य में ऑटो रिक्शा, मिनी बस आदि में बिना परमिट एवं ओव्हरलोड स्कूली विद्यार्थी आवागमन कर रहे वाहनों पर मोटरयान अधिनियम अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

# भाजपा कार्यसमिति की बैठक

**भानुप्रतापपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा मंडल भनुप्रतापपुर की कार्यसमिति की बैठक व बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 अगस्त को यादव सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। इस बैठक मे प्रमुख रूप से पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वेश सिंह चौहान भाजपा मंडल प्रभारी जिला मंत्री देवेंद्र भाऊ. युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजा पांडे प्रदेश आदिवासी मोर्चा कोषाध्यक्ष प्रतापगढ़ जिला भाजपा कार्यालय मंत्री रखने सिंह व मंडल अध्यक्ष भानुप्रतापपुर नरोत्तम सिंह चौहान शहीद भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी बीएलओ शक्ति केन्द्र प्रभारी बुथो के बीएलो व देव तुल्य कार्यकर्ता गण इस बैठक मे सम्मिलित हुए बैठक में भाजपा मंडल प्रभारी देवेंद्र भाव ने आगामी कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की और कहा कि हम अपना भूत जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे हर कार्यकर्ताओं को पदाधिकारियों को अपने-अपने भूत की चिंता जरूर करना चाहिए पार्टी के काम के साथ अपना बूत सबसे मजबूत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वे सिंह चौहान ने इस ओर कार्यकर्ताओं को वालों को कहा कि आप लोग मतदाता लिस्ट का पुनरीक्षण कर लीजिए जो मर गए हैं जो बाहर चले गए हैं ट्रांसफर हो गया यह शादीशुदा बाहर चले गए हैं ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनका नाम उठाएं और जो नए युवा मतदाता हैं उनका को नाम जोड़ने का काम करें घर घर जाएं संपर्क करें नाम जुड़वाने के बाद उनका मोबाइल नंबर नाम भी अपने पास लिख कर रखें युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजा पांडे ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते कहा कि युवा मोर्चा को इस अभियान में पूर्ण रुप से 2 अक्टूबर से 30 अगस्त तक तन-मन-धन लगाकर काम में जुट जाना है 1 दिन भी नहीं बैठना है अधिक से अधिक युवाओं को आप जाएं और मतदाता ले सुनाम दुआएं कालेज में जाएं और गांव टोला मुहल्ले में जाएं सब का नाम जुड़ा है और उनको प्रशस्ति पत्र भी दें इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एक जिला कार्यालय मंत्री रखने सिंह पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री भाग बली जैन ने भी संबोधन किया स्वागत भाषण आज के कार्यक्रम में कार्य योजना विस्तार पूर्वक भाजपा मंडलअध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने रखी एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन ने किया इस अवसर पर प्रदेश भाजपा आदिवासी मोर्चा कोषाध्यक्ष छत्र प्रताप दुग्गा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन जिला अल्पसंख्यक महामंत्री गुरपाल सिंह रंधावा भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी जितेंद्र पांडे वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मोहन ठाकुर महिला मोर्चा मंडल महामंत्री संगीता टांडिया पार्षद राजेंद्र रंधावा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संकेत मशीनें युवा मोर्चा मंडल महामंत्री जग्गा नरेटी आकाश सोलंकी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हेम सोनवानी किसान मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष डालन सिंह राणा युवा मोर्चा मंडल मंत्री राजेंद्र ध्रुव. नानूराम परीक्षा में जगमोहन सुरेंद्र रमेश कोर्राम कमलेश धनकर सुरेंद्र जैन तेजू राम सिन्हा भीम राम धरो भाव सिंघाड़े प्रिंस पांडे अभय गगेल युवा मोर्चा जिला मीडिया सह प्रभारी अंकुर शुक्ला अनिल कुमार सिन्हा सरबजीत विश्वास अशोक खरे रोहित कुमार साहू लवलेश पाठक शामिल थे।



# स्कूली बच्चों ने किया भैरमबंद गौठान का भ्रमण

## रीपा में संचालित गतिविधियों से हुए अवगत



**दंतेवाड़ा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। हाई स्कूल बालपेट के विद्यार्थियों ने विकासखंड दंतेवाड़ा के ग्राम भैरमबंद के महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का भ्रमण किया। छात्रों को रीपा में संचालित कार्यों से अवगत कराते हुए सुराजी ग्राम में उद्योग के महत्व एवं उद्देश्य को बताया गया। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों गोबर पेंट, बायोफर्टीलाइजर, बायो पेस्टिसाइड उत्पादन कार्य को देखा। इस तरह का भ्रमण से बच्चों को एक दूसरे के साथ बातचीत करने और सीखने में सक्षम बनाती है। रीपा के माध्यम से किस प्रकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, इस संबंध में जानकारी दी गई । इस मौके पर अरुण कुमार सोम डिप्टी कलेक्टर (जिला नोडल रीपा),रीपा अध्यक्ष, सरपंच बालपेट, सचिव, प्रबंधक रीपा, खंड शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा, प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

उल्टा पुल्टा

संता ने शौक शौक में उपवास रख लिया
संता- देख सूरज डूबा क्या?
बंता- अभी नहीं।
थोड़ी देर बाद उसने दोबारा पूछा
संता- देख डूबा के नहीं ?
बंता- नहीं डूबा।
संता- लगता है, ये आज मुझे साथ में ले के ही डूबेगा!!!

## संपादकीय

### अवर्षा की स्थिति से उपजी चिंता दूर

*तीन दिन पहले तक छत्तीसगढ़ के एक बड़े हिस्से में अवर्षा के कारण गहरी चिन्ता की स्थिति पैदा हो गई थी। इन्हीं तीन दिनों में हुई भारी बारिश से खेत लबालब हो गए हैं। कई क्षेत्रों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। विशेषकर राज्य के उत्तरी हिस्सों के लिए यह बारिश अमृत वर्षा से कम नहीं है, जहां के किसान धान की रोपाई के लिए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। धान के उनके थरहे सूख रहे थे। दूसरी फसलों के भी सूखने का खतरा उत्पन्न हो गया था। राज्य के इस हिस्से के कई जिलों में औसत से 6 प्रतिशत तक कम बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने इस माह पूरे राज्य में अच्छी वर्षा होने का अनुमान जाहिर किया है। यह किसानों के लिए खुशी बढ़ाने वाला है। खरीफ फसलों में मुख्यतः धान की फसल उगाने वाले राज्य के किसानों को हर साल अच्छी बारिश का इंतजार रहता है। इस वर्ष जून के शुरूआती महीने में भी मानसून पूर्व की बारिश नहीं हुई। जुलाई का महीना भी बारिश का इंतजार करते ही निकल गया। तीन दिनों में पूरे राज्य में अच्छी बारिश हुई है। हालांकि रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में पहले ही औसत से कहीं अधिक बारिश हो चुकी है। हाल की बारिश ने उत्तरी हिस्से के किसानों में भी अच्छी पैदावार की उम्मीद जगा दी है और धान की रोपाई का काम तेजी से शुरू हो गया है। पिछले साल भी इस इलाके में अच्छी बारिश नहीं हुई थी और कई किसानों की फसल खेत में ही सूख गई थी। ऐसे किसानों ने पिछले साल हुए नुकसान के लिए इस साल अच्छी फसल उम्मीद में काफी पहले से ही तैयारी कर ली थी। जब पहली बारिश हुई तो थरहे लगाना शुरू कर दिया। मौसम अनुकूल नहीं रहा, लेकिन अब अवर्षा की स्थिति से उपजी उनकी चिन्ता दूर हो गई है। राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए भी जरूरी है कि खरीफ की अच्छी पैदावार हो। राज्य में अवर्षा की स्थिति राज्य सरकार के लिए भी चिन्ता का एक कारण बनती जा रही थी। छत्तीसगढ़ में इसी साल नवम्बर में जब चुनाव होंगे, किसानों की धान की फसल कटकर खलिहानों में आ रही होगी। सरकार ने इस वर्ष प्रति एकड़ 2 क्विंटल धान खरीदने का फैसला किया है। अब तक प्रति एकड़ 1 5 क्विंटल धान खरीदा जा रहा था। नवम्बर से ही राज्य में धान की सरकारी खरीदी शुरू होती है। किसानों को इसका इंतजार रहता है। सरकार की इस घोषणा से भी धान उत्पादक किसान उत्साहित हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि धान की पैदावार अच्छी हो। राज्य के किसानों से कहा गया है वे फसल बीमा अवश्य कराएं ताकि प्रतिकूल मौसम से होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके। धान की खेती के लिए अभी भी पूरा समय है और मौसम ने साथ दिया तो पैदावार अच्छी हो सकती है। राज्य में औसतन 1 2 मिलीमीटर बारिश होती है। अभी करीब आधी औसत वर्षा हुई है। अगले दो माह में अच्छी बारिश हुई तो औसत बारिश की स्थिति सामान्य होने का उम्मीद की जा सकती है। यह कृषि के लिए अनुकूल होगा।*

# खाद, बीज और कीटनाशक में गड़बड़ी, आधा दर्जन दुकानें सील

**रायपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में किसानों को मानक स्तर के रासायनिक उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर शासन-प्रशासन ने सख्त रूख अख्तियार कर लिया है। पूरे राज्य में खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेता प्रतिष्ठानों की जांच पड़ताल का अभियान तेजी से जारी है। को जिलों में कृषि विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम अपने-अपने इलाके में खाद-बीज विक्रेता प्रतिष्ठानों एवं कृषि सेवा केन्द्रों में औचक रूप से दबिश देकर वहां बेची जा रही खाद एवं बीज के सैम्पल लेने के साथ ही स्टाक पंजी, बिल बुक सहित अन्य दस्तावेज की जांच पड़ताल कर रही है।

दो दिनों में राज्य में खाद-बीज और कीटनाशक औषधि विक्रेता प्रतिष्ठानों की औचक जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर तीन प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया है। 14 के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं और 74 विक्रेताओं को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। इस मामले में सबसे ज्यादा कार्रवाई गरियाबंद जिले में हुई है।गरियाबंद जिले में 62 कृषि सेवा केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस, तीन प्रतिष्ठानों में खाद-बीज विक्रय को प्रतिबंधित किए जाने के साथ ही 13 दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

इसी तरह सक्ती जिले में अमानक खाद का मामला पकड़ में आने पर कृषि सेवा केन्द्र सक्ती, किसान बीज भण्डार सक्ती तथा ज्ञानीराम चंदगीराम सक्ती को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बिलासपुर जिले के कोटा में मेसर्स रमेश कृषि सेवा केन्द्र में जांच पड़ताल के दौरान बिना लाइसेंस कीटनाशक की बिक्री एवं अन्य गंभीर अनियमितता का मामला पकड़ में आने पर इस प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया है।रायपुर जिले के अभनपुर विकासखण्ड के ग्राम पचेड़ा में यदु ट्रेडर्स तथा ग्राम हसदा में चन्द्राकर कृषि केन्द्र में गड़बड़ी का मामला पकड़ में आने पर वहां भंडारित उर्वरक को जब्त करने के साथ ही दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है।



- 14 का लाइसेंस निलंबित
- 74 विक्रेताओं को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

बेमेतरा जिले के खण्डसरा स्थित बाबा कृषि केन्द्र में बिना लाइसेंस खाद एवं कीटनाशक बेचे जाने के मामले में इस प्रतिष्ठान को सील किया गया है। कसडोल में रूबी कृषि सेवा केन्द्र तथा सिमगा ब्लॉक के ग्राम कामता में योगेश कृषि सेवा केन्द्र में जांच पड़ताल के दौरान गड़बड़ी का मामला पकड़ में आने पर दोनों फर्मों के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ठेलकाडीह में बनुठिया कृषि केन्द्र, किसान कृषि केन्द्र, लक्ष्य कृषि केन्द्र, भूमि कृषि केन्द्र तथा साहू कृषि केन्द्र को अनियमितता के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। रायपुर के आरंग ब्लॉक के चंदखुरी स्थित वर्मा कृषि केन्द्र के लाइसेंस को 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। तिल्दा स्थित केशरवानी कृषि सेवा केन्द्र में बिना वैध लाइसेंस के खाद विक्रय की मामला पकड़ में आने पर इस दुकान को सील कर दिया गया है।धरसींवा ब्लॉक के सिलयारी स्थित वर्मा कृषि केन्द्र एवं छत्तीसगढ़ कृषि सेवा केन्द्र में अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में बीज के 89, उर्वरक के 25 और पौध संरक्षण औषधि के 3 सेम्पल अमानक पाए गए हैं।अमानक पाए गए सेम्पल के लाट की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाए जाने के साथ ही संबंधित फर्मों के संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है।राज्य में खरीफ फसलों के बीज के अब तक 3958 सेम्पल लिए गए है, विश्लेषण में 3762 मानक सैम्पल मानक स्तर के और 89 अमानक स्तर के पाए गए हैं. बीजों के 107 सेम्पल की प्रयोगशाला जांच परिणाम अभी आने शेष है। इसी तरह उर्वरकों के लिए गए 3006 सैम्पल को प्रयोगशाला में भेजकर जांच कराने पर 1267 सैम्पल मानक स्तर के तथा 25 अमानक स्तर के पाए गए हैं. उर्वरकों के 1566 सेम्पल की जांच रिपोर्ट अभी आना बाकी है। जबकि 139 सैम्पल कतिपय कारणों से निरस्त कर दिए गए हैं।पौध संरक्षण औषधि के संग्रहित 84 सेम्पल में से 30 सेम्पल मानक स्तर के, 3 अमानक स्तर के पाए गए हैं तथा 37 सैम्पल की जांच अभी प्रक्रियाधीन है. पौध संरक्षण औषधि के 14 सेम्पल निरस्त हुए हैं।

# हिमालयन नर भालू लेकर नागालैंड को देंगे बाघ

**रायपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में पिछले दो साल से हिमालयन मादा भालू अकेली है। उसके अकेलेपन को दूर करने के लिए जंगल सफारी प्रबंधन ने हिमालयन नर भालू की मांग नागालैंड सफारी प्रबंधन से की है। नर भालू के बदले यहां से बाघ भेजा जायेगा। दरअसल हिमालय नर भालू के बदले नागालैंड सफारी की ओर से बाघ की मांग की गई। फिलहाल इस मांग को लेकर पेंच फंस गया है।

जंगल सफारी के अधिकारियों ने बताया कि नर भालू नहीं होने से हिमालयन भालुओं की संख्या नहीं बढ़ पा रही है। फिलहाल नागालैंड जू के अधिकारियों से बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों में सहमति होने पर जंगल सफारी को एक और हिमालयन नर भालू जल्द ही मिल जायेगा। जंगल सफारी के अधिकारियों ने बताया कि यहां शुरू में तीन बंगाल टाइगर थे। वर्तमान में सफारी व जू को मिलाकर कुल सात बाघ हैं। टाइगर किशोरी ने जुलाई 2017 में तीन शावक कान्हा, चेंदरू और बिजली को जन्म दिया था।इसके बाद वर्ष 2015 में सफेद बाघ लाया गया था। फिलहाल इनकी संख्या में अब तक बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। जंगल सफारी में एकमात्र मादा हिमालयन भालू को दो साल पहले यहां लाया गया था,उस समय काफी कोशिश की गई थी कि नर भालू को भी लाकर साथ रखा जाए ताकि हिमालयन भालुओं की संख्यां बढ़ सके, लेकिन किसी कारणवश यह नहीं हो सका। अब एक बार फिर से जंगल सफारी और नागालैंड जू के अधिकारियों के बीच इस संबंध में बातचीत चल रही है। नागालैंड सफारी प्रबंधन हिमालयन नर भालू देने को तैयार है लेकिन इसके बदले बाघ देने की शर्त रख दी है, हालांकि अधिकारी बाघ के बजाए और कोई भी जंगली जानवर देने को तैयार है। अब दोनों पक्षों में सहमति होने पर ही जंगल सफारी को हिमालयन नर भालू मिल पाएगा।



- नर भालू नहीं होने से हिमालयन भालुओं की संख्या नहीं बढ़ रही

रायपुर डीएफओ विश्वेष झा ने बताया कि जंगल सफारी में इकलौते हिमालयन मादा भालू का एकाकीपन दूर करने नर भालू की मांग नागालैंड जूलाजिकल पार्क से की गई है। वे भालू के बदले बाघ देने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों में सहमति बनने के बाद ही नर भालू को यहां लाया जाएगा।

# घोषणा पत्र तैयार करने जनता की राय जानने भाजपा ने शुरू किया अभियान

**रायपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। नभारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र समिति आज से पार्टी के घोषणा पत्र को तैयार करने जनता की राय जानने अभियान शुरू किया।कार्यक्रम के लिए भाजपा के सभी जिलों के अध्यक्ष और प्रमुख पदाधिकारी एकात्म परिसर पहुंचे थे पूजा-पाठ के बाद सुझाव पेटियों का वितरण किया गया।



- पदाधिकारियों को सुझाव पेटियों का किया वितरण

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को अपने चुनावी घोषणापत्र से जुड़ी सुझाव पेटियां लांच की। इन सुझाव पेटियों को प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचाई जाएंगी। इसमें आम लोग घोषणापत्र से जुड़े सुझाव दे पाएंगे। भाजपा ने इसी के साथ ही एक व्हाट्सएप नंबर भी लॉन्च किया है जिसमें लोग अपने सुझाव सीधे भाजपा को भेज पाएंगे। प्रदेश की 90 विधानसभा क्षेत्रों के अलग-अलग जिलों से आए भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को प्रदेश प्रभारी ओम माथुर प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने यह सुझाव पेटियां सौंपी। अब यह पेटियां अलग-अलग क्षेत्रों में जाएंगी। घोषणा पत्र लांच करने के कार्यक्रम में बनाए गए मंच के मुख्य पोस्टर पर छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर भी दिखाई दी। घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल ने कहा कि हर वर्ग नाराज रहा। 5 सालों तक धरना स्थल पर उन्होंने वक्त बिताया अपनी मांग रखी, चाहे कर्मचारी आंगनबाड़ी हो, न्यायालय से लेकर मंत्रालय तक के अधिकारी कर्मचारी हर वर्ग लगातार हड़ताल में रहे, उससे मुक्ति दिलाने का काम भाजपा करेगी। इस विश्वास के साथ हम घोषणापत्र बना रहे हैं। हमारे किसान भाई, भुइंया के भगवान किसान को कहा जाता है।

विजय बघेल ने कहा, किसान हमारे भगवान हैं। आज वर्तमान में केंद्र सरकार के माध्यम से कई प्रकार की योजना किसान के लिए चल रही हैं। जोकि राज्य सरकार नहीं दे रही हैं। उससे 4 गुना ज्यादा केंद्र सरकार के माध्यम से लाभ मिल रहा है। यह सच्चाई हमें उन्हें बताने की जरूरत है। जन-जन तक हमें जाना है घर-घर तक जाना है। हर किसान भाई के साथ बैठना है। उसके सुख और दुख पूछ कर उसे यह बातें बतानी है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा, आपके सपने के अनुसार छत्तीसगढ़ का निर्माण हो सके इसलिए मैं छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता से आह्वान करता हूं कि हमारे सुझाव पेटी, वॉट्सऐप और ईमेल के जरिए अपने मन की बात बताइए। हमारी सरकार जब बनेगी। तो आपके सुझाव के हिसाब से काम करेगी, उसी हिसाब से योजना बनाकर हम छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

गुरुवार को भाजपा कार्यालय में चारों तरफ मन की बात लिखा पोस्टर दिखाई दिया। जिसमें प्रदेश भाजपा के बड़े नेता जिनमें प्रदेश अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह डॉ रमन सिंह नेता प्रतिपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे थे। घोषणा पत्र में भारतीय जनता पार्टी जनता के मन की बात शामिल करना अपना उद्देश्य बता रही है। भारतीय जनता पार्टी ने इस सुझाव पेटी को छत्तीसगढ़िया थीम पर बनाया है। इसमें आदिवासी संस्कृति की पेंटिंग है। छत्तीसगढ़ की मन की बात लिखा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर है। छत्तीसगढ़ का नक्शा और प्रदेश के प्रमुख पर्यटन धार्मिक स्थलों की तस्वीर लगाई गई है।

### जनता को 15 साल धोखा देने वाली भाजपा किस नैतिकता से घोषणा पत्र बनायेगी : कांग्रेस

भारतीय जनता पार्टी को घोषणा पत्र के बजाए प्रायश्चित पत्र बनाना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 15 साल जनता को धोखा देने वाली भाजपा किस नैतिकता से घोषणा पत्र बनायेगी। भाजपा को इस बात का प्रायश्चित करना चाहिये जनता ने उन्हें तीन बार घोषणा पत्र बनाने का मौका दिया था उस घोषणा पत्र के वायदो को पूरा करने के लिये तीन बार सरकार चलाने का अवसर दिया था लेकिन भाजपा वायदा करके वो मुकर गयी। 2003 के घोषणा पत्र में हर आदिवासी परिवार को गाय देने का, हर आदिवासी परिवार से एक को सरकारी नौकरी देने का, युवाओं को 500 रू. बरोजगारी भत्ता देने का वायदा था। 2008 में वायदा किया किसानों को धान का 300 रू. बोनस देने का, 2013 में वायदा किया था धान की कीमत 2100 रू. देंगे और 300 रू. बोनस कुल 2400 रू. प्रति चिंटल धान खरीदी करने का कोई भी वायदा पूरा नहीं किया। एक बार फिर से जनता को ठगने के लिये घोषणा पत्र बनाने जनता के बीच जाने की बात कर रहे है। अब जनता उनके घोषणा पत्र पर क्यों भरोसा करेगी ? हमने अपने घोषणा पत्र के वायदों को पूरा किया हमारे 36 में से 34 वायदें पूरा हुये। सरकार बनने के पहले घंटे से लेकर आज दिनांक तक मुख्यमंत्री अपने वायदा को पूरा कर रहे है।

# जूनियर डाक्टरों ने हड़ताल के चौथे दिन बेची चाय

## प्रदेश भर के कालेजों में हड़ताल से मरीजों को परेशानी



**रायपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के सभी मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टर स्टाइपेंड और बान्ड अवधि कम करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जूनियर डाक्टरों ने हड़ताल के चौथे दिन गुरूवार को आंबेडकर अस्पताल के सामने प्रदर्शनस्थल पर चाय बेचकर विरोध-प्रदर्शन किया। डाक्टरों ने डिग्री के आधार पर मिलने वाले स्टाइपेंड की तरह चाय की भी कैटेगरी निर्धारित की थी। प्रदर्शनकारी डाक्टरों ने बताया कि जितने स्टाइपेंड के हम हकदार हैं, सरकार उससे कहीं कम दे रही है। ठीक उसी तरह चाय का दाम भी रखा गया था।

छत्तीसगढ़ जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष मन्नू प्रताप ठाकुर ने कहा कि तीन प्रकार की चाय रखी गई थी। पहली एमबीबीएस, जिसकी कीमत दो रूपये रखी गई थी। इसी प्रकार एमडी एमएस और डीएम/एमसीएच की कीमत पांच-पांच रूपये रखी गई थी। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डा प्रीतम दास ने बताया कि आंबेडकर अस्पताल के बाहर टेंट में ओपीडी लगाकर मरीजों का इलाज किया गया, साथ ही स्वजन को चाय पिलाकर परेशानी बताई गई। स्वजन को जानकारी दी गई कि उनका मानदेय पिछले चार वर्षों से नहीं बढ़ा है। महंगाई के दौर में आजीविका चलाने उन्हें चाय बेचकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। जुनियर डाक्टरों का कहना है कि पिछली बार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आश्वासन पर हड़ताल वापस ले ली थी। इस बार जब तक मांगों पर ठोस निर्णय नहीं हो जाता, तब तक हड़ताल से वापस नहीं उठेंगे।

रायपुर के अलावा सरगुजा, कांकेर, जगदलपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव के मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टर भी हड़ताल पर हैं। मेडिकल कालेज के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य व्यवस्था जूनियर डाक्टरों के जिम्मे होती है। हड़ताल से सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है। आंबेडकर अस्पताल के बाहर टेंट में ओपीडी लगाकर जूनियर डाक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं, लेकिन अस्पताल के भीतर जांच और इलाज प्रभावित होने लगी है। हड़ताल से पहले अस्पताल की ओपीडी औसतन 1700 से 1800 होती थी, जो निरंतर कम हो रही है। अस्पताल में पहले से प्रस्तावित और आपातकालीन आपरेशन ही किए जा रहे हैं। हालांकि, अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि सीनियर डाक्टरों की डयूटी ओपीडी और आपातकालीन सेवा में लगाई गई है।

### अहंकार के पथ पर चलकर क्रूर हो गई है कांग्रेस सरकार : कौशिक



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने मानदेय में वृद्धि करने की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टरों द्वारा किये जा रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल का समर्थन करते हुए प्रदेश सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि जूनियर डॉक्टर की हड़ताल करना वाजिब है क्योंकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने किए वादों के अनुसार अभी तक उनकी मांगो को पुरा नहीं कर पाई है विभिन्न कर्मचारी संगठनों की हड़ताल में चले जाने से प्रदेश की जनता को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है किन्तु कांग्रेस सरकार इनके मांगो को पुरा करना छोड़ अपने सारे वादों से मुकर रही है और इन पर दमनकारी नीति चला रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जिन घोषणा पत्र एवं झूठे वादों को लेकर सत्ता में आई थी आज उन्हीं बातों से मुकर चुकी है। कांग्रेस ने अपने जन घोषणापत्र में कहा था कि सभी अनियमित-संविदा कर्मचारी साथियों को कांग्रेस की सरकार बनने के 10 दिनों के भीतर सबका नियमितीकरण कर दिया जाएगा। लेकिन पौनें पांच साल गुजर जाने के बाद भी वादा पुरा नहीं कर पाई है और वादों को पुरा करने के बजाय अपनी मांगो को लेकर हड़ताल कर रहे संविदा कर्मचारियों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर रही है।उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या कर्मचारी संगठनों को अपना हक मांगना गुनाह है ? ये कांग्रेस को उनका वादा याद दिला रहे हैं, किंतु सरकार ने इन बेकसूर युवाओं को बर्बरतापूर्वक एस्मा जैसे नियम लगाकर उन पर तानाशाही करके उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर रही है। कांग्रेस की सरकार अहंकार के रास्ते पर चलकर क्रूर हो गयी है। झुठ की बुनियादी पर खड़ी कांग्रेस सरकार के कारण एक संविदा कर्मचारी हड़ताल करते वक्त शहिद हो गए यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि कांग्रेस सरकार की संविदार्मिकयों के विरूद्ध अमानवता, अंसवेदनशीलता और धोखाधड़ी के हाथों हुई एक हत्या है किंतु कांग्रेस के सरकार एवं उनके मुखिया भूपेश बघेल यह जान लें कि अब उनके झूठ का पर्दाफाश हो चुका है और अब प्रदेश के लाखों कर्मचारीगण और छत्तीसगढ़ के करोड़ो आमजन शहिद संविदाकर्मी का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश के संविदा कर्मचारी एवं प्रदेश कि जनता तैयार है इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेकने के लिए।

# बरसात में बीच सड़क पर फव्वारे का आनंद

**रायपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। मानसून अभी सूबे में सक्रिय है और दो दिनों से राजधानी में हो रही निरंतर वर्षा के कारण सभी प्रमुख मार्गों पर पानी भरा हुआ है। ऐसे में अमृत जल मिशन योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन अपने काम के स्तर की कहानी स्वंय बयां कर रही है।



गुरुवार की दोपहर में जब कुछ समय के लिये थम गई तो ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड के अंतर्गत आने वाले डंगनिया मोड़ के पास अमृत जल मिशन योजना के तहत बिछाई गई पाइप अचानक ही फूट गई और उसमें से पानी का फव्वारा फट पड़ा।सड़क पहले से ही पानी से लबालब और ऊपर से पाइपलाइन फूटने से आसपास का इलाका जलमग्न हो गया। पाइपलाइन फटने से दोनो ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

वार्ड पार्षद व योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा को जैसे ही इसकी सूचना मिली तत्काल वहां पहुंचे और नगर निगम दस्ते को तलब किया। निगम ज्ञानेश ने पहले डंगनिया पानी टंकी से होने वाले पानी सप्लाई को बंद करवाया और फिर जाकर पाइप लाइन को ठीक करने का काम शुरु हुआ।

उल्लेखनीय है कि अमृत जल मिशन योजना के तहत शहर के चारों तरफ पाइप लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है और कई जगहों पर कार्य अभी शुरु भी नहीं हुआ और जहां पर शुरु हो गया है वहां पानी की सप्लाई पूरी तरह से शुरु भी नहीं हुई है। ऐसे में पाइप लाइन के लिये खोदे गये गढे भी जानलेवा साबित हो रहे हैं।

# फ्यूचर गोल्ड इन्फ्राबिल्ड के टिकरापारा स्थित जमीन की होगी कुर्की

**रायपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर चिटफंड कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई तेजी से जारी है। एक और चिटफंड कंपनी फ्यूचर गोल्ड इन्फ्राबिल्ड इंडिया लिमिटेड की रायपुर के टिकरापारा स्थित लगभग साढ़े पांच सौ वर्गफुट डायवर्टेड जमीन की कुर्की का निर्देश जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने जारी किया है। कंपनी के खिलाफ सम्पत्ति कुर्की का यह निर्देश छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत जारी किया गया है। चिटफंड कंपनी की संपत्ति के कुर्की से मिलने वाली राशि निवेशकों को लौटायी जाएगी। कंपनी के संबंध में निवेशकों द्वारा शिकायत दर्ज कराने पर पूरी जांच के बाद जिला दण्डाधिकारी द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।

फ्यूचर गोल्ड इन्फ्राबिल्ड इंडिया लिमिटेड द्वारा सुनियोजित ढंग से कूटरचित दस्तावेजों से आमजनता को अधिक ब्याज देने, कम समय में धन दोगुना करने का झांसा देकर कई लोक लुभावनी योजनाएं बताकर निवेशकों से कपटपूर्ण ढंग से राशि जमा करायी गई। निवेशकों द्वारा जमा करायी गई राशि परिपक्वता के बाद भुगतान नहीं करने, जमा की गई राशि को वापस नहीं करने और जमा राशि का ब्याज भी अदा नहीं कर धोखाधड़ी की गई। इस संबंध में निवेशकों द्वारा कंपनी संचालकों के विरूद्ध रायपुर के राजेन्द्र नगर और खरोरा थाना तथा महासमुंद जिले के महासमुंद थाने में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कराया गया था।

**जिला दण्डाधिकारी डॉ. भुरे ने जारी किया आदेश, निवेशकों को वापस मिलेगी राशि**

जांच के दौरान पता चला कि कंपनी फ्यूचर गोल्ड इन्फ्राबिल्ड इंडिया लिमिटेड के द्वारा संचालकों के नाम से रायपुर जिले में रायपुर तहसील के टिकरापारा में खसरा नं. 424/3,5,8 में से 522 वर्गफुट डायवर्टेड भूमि दर्ज है। इस भूमि पर प्रोगेसिव पॉइंट आधार तल में ऑफिस भी स्थित है। शिकायत कर्ता निवेशकों ने इस संपत्ति को निवेशकों द्वारा जमा की गई राशि से क्रय करना और निवेशकों को उनकी राशि वापस नहीं कर धोखाधड़ी करना बताया। संपूर्ण प्रकरण में कंपनी के डायरेक्टर दिनेश भदौरिया, ग्वालियर मध्यप्रदेश, सत्येन्द्र भदौरिया ग्वालियर मध्यप्रदेश, धीरेन्द्र कथवाल भींड मध्यप्रदेश, पुष्पेन्द्र सिंह राठौर, हितेन्द्र सिंह राठौर, अरविंद सिंह राठौर, रविन्द्र सिंह राठौर श्योपुर मध्यप्रदेश को नोटिस जारी कर पक्ष रखने का भी मौका दिया गया।

प्रकरण की जांच के बाद पुलिस प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने कंपनी और उसके संचालकों के नाम पर दर्ज रायपुर तहसील के टिकरापारा में खसरा नं. 424/3,5,8 में से 522 वर्गफुट व्यपवर्तित भूमि को कुर्क किए जाने का आदेश जारी किया है।

**सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स सहायक कमाण्डेन्ट की भर्ती परीक्षा 6 को**

**रायपुर,** 3 अगस्त। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में सहायक कमाण्डेन्ट भर्ती-2023 की परीक्षा 06 अगस्त को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक 07 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी।



# जिले में डेंगू का कोई भी प्रकरण नहीं

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में डेंगू संक्रमक बीमारी डेंगू को सर्तकता बरती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में 01 जनवरी से 31 जुलाई तक कोई भी डेंगू के प्रकरण नहीं पाए गए है। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने नागरिकों से अपील की है कि अपने घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। प्रति सप्ताह ड्राई-डे अवश्य मनाएं। कूलर को हफ्ते में एक बार अवश्य साफ करें। पानी से भरें टंकियों, बर्तनों आदि को ढक कर रखें। डेंगू के लक्षण पाए जाने पर डॉक्टर की सलाह लें और उपचार कराएं।

बरसात का मौसम शुरु होते ही वेक्टर जनित रोगों के संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। बरसात के मौसम में मुख्य रुप से मलेरिया एवं डेंगू के प्रकरण अधिक आते है। रायपुर जिला मलेरिया की दृष्टि से कम इन्सीडेंस वाले जिलो में आता है। डेंगू को लेकर जिले का स्वास्थ्य विभाग सजग रहते हुये कार्य कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1 जून से 31 जुलाई के मध्य 4 हजार 355 घरों का भ्रमण किया गया। जिसमें 7 हजार 291 कूलर, पानी की टंकी इत्यादि की जांच की गई। साथ ही मलेरिया और डेंगू का परीक्षण किया गया। जिसमें कोई भी घनात्मक प्रकरण नही पाए गए।

जिला वेक्टर जनित रोग नियत्रंण ईकाई द्वारा जिले में वेक्टर जनित रोगो के रोकथाम जून माह को मलेरिया रोधी माह के रुप में मनाया गया तथा इसमें डेंगू वेक्टर एडिज के ब्रीडिंग को खत्म करने के लिए सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही की गई। टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर डेंगू के प्रति समुदाय में जनजागरुकता की गई तथा जुलाई माह से प्रति सप्ताह ड्राई डे मनाने के लिए शहरी एवं ग्रामीण मितानिनों का जन समुदाय के सहयोग से प्रति सप्ताह ड्राई डे मनाने



**कलेक्टर ने आमजनों से डेंगू से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील**

के निर्देश दिये गए।

डेंगू के जांच के लिए सभी विकासखण्डों तथा शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू रैपिड किट उपलब्ध है। जिसमें धनात्मक आने पर सैम्पल एलाइजा टेस्ट के लिए भेजा जाता है। जिला अस्पताल पण्डरी रायपुर में डेगू मरीजों के लिए वार्ड बनाया गया है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण ईकाई द्वारा रैपिड किट में धनात्मक पाये जाने पर धनात्मक मरीज के आस-पास 100 घरो में सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही करते हुये टेमीफास नामक लार्वी साइड डालने के निर्देश दिए गए हैं।

डेंगू के लक्षण- डेंगू बुखार एक आम वायरस जनित संचारी रोग है, जो एडिज मच्छर काटने से फैलता है। इसके लक्षण अचानक तेज बुखार, सिर दर्द व, मांसपेशियों तथा जोड़ो में दर्द होना,आखों के पीछे दर्द, जी. मिचलाना एवं उल्टी लगना, आंतरिक रक्त स्त्राय, त्वचा पर चकते उभरना और गंभीर मामलों में नाक मुह मसूड़ो से खून आना आदि है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार डेंगू फैलाने वाला मच्छर एडिज रुके हुए साफ पानी में पनपता है। यह मच्छर दिन के समय काटता है इसलिए ऐसे कपड़े पहने जो बदन को पूरी तरह ढक कर रखे, डेंगू के उपचार के लिए कोई खास दवा या वैक्सीन नहीं है। बुखार उतारने के लिए पैरासीटामाल टेबलेट ले सकते है साथ ही डॉक्टर की सलाह ले। डेंगू घातक भी हो सकता है। समय पर उपचार न होने से जान भी जा सकती है। डेंगू मच्छर को अपने अंडे देने के लिए बहुत कम पानी की आवश्यकता होती हैं। एडिज मच्छर के अंडे कई दिनों तक बिनों तक बिना पानी के भी रह सकते है। डेंगू होने पर घबराये नहीं और समीप के स्वास्थ्य केंद्रों में जाए और सोते समय मच्छरदानी लगाए।

# वसुंधरा सम्मान से सम्मानित होंगे वरिष्ठ पत्रकार-लेखक सुधीर सक्सेना

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। स्वर्गीय देवीप्रसाद चौबे की स्मृति में स्थापित एवं लोकजागरण के लिए प्रदत्त वसुंधरा सम्मान इस वर्ष वरिष्ठ पत्रकार-लेखक सुधीर सक्सेना को प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सक्सेना को वसुंधरा सम्मान से सम्मानित करेंगे।

पत्रकार दिवाकर मुक्तिबोध की अध्यक्षता में गठित निर्णायक समिति के सदस्यों सर्वश्री गिरीश पंकज, ई.वी.मुरली, समीर दीवान, राजेश गनोदवाले, राघवेंद्र प्रताप सिंह, वसुंधरा सम्मान के संयोजक विनोद मिश्र, आयोजन समिति के अध्यक्ष डा.अरुण कुमार श्रीवास्तव, सचिव मुमताज़ ने संयुक्त रूप से इस निर्णय की जानकारी दी है। वसुंधरा सम्मान का यह निरंतर 23 वां आयोजन है। सम्मान समारोह स्वर्गीय देवी प्रसाद चौबे की 47 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर 14 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित होगा। निर्णायक समिति से मिली जानकारी के अनुसार सुधीर सक्सेना राष्ट्रीय ख्याति के पत्रकार हैं जिनका छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान है। 1978 से लेकर आज पर्यन्त तक उन्होंने धर्मयुग, दिनमान, रविवार, कल्पना, संडे आब्जर्वर, जनसत्ता, नवभारत टाइम्स, अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर, नवभारत, नईदुनिया, पत्रिका, देशबंधु, माया, वागर्थ, पहल, बहुमत, अक्षर पर्व, समकालीन भारतीय साहित्य, बहुवचन आदि अनेक पत्र-पत्रिकाओं में विपुल लेखन किया है। सुधीर सक्सेना के 14 कविता संग्रह, वैदेशिक एवं भारतीय भाषाओं में अनुवाद की 11 पुस्तकें, कथेतर गद्य की अन्य 18 पुस्तकें प्रकाशित हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में गांधी, मध्यप्रदेश में आजादी की लड़ाई और आदिवासी, भूमकाल, छत्तीसगढ़ में मुक्तिसंग्राम और आदिवासी,



गुण्डाधुर एक योद्धा जैसी पुस्तकों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सामाजिक-राजनीतिक पृष्ठभूमि पर महत्वपूर्ण लेखन किया है। वे माधवराव सप्रे पुरस्कार, पुश्किन सम्मान, वागीश्वरी सम्मान, प्रमोद वर्मा सम्मान, शमशेर सम्मान, जैसे अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। इन दिनों वे पाक्षिक पत्रिका दुनिया इन दिनों का सम्पादन कर रहे हैं। विगत वर्षों में वसुंधरा सम्मान से स्वर्गीय रमेश नैयर, स्वर्गीय श्याम लाल चतुर्वेदी, स्वर्गीय कुमार साहू, स्वर्गीय बसंत कुमार तिवारी, स्वर्गीय विनोद शंकर शुक्ल, स्वर्गीय शरद कोठरी, स्वर्गीय बबन प्रसाद मिश्र, डा. हिमांशु द्विवेदी, दिवाकर मुक्तिबोध, आशा शुक्ला, गिरिजाशंकर, ज्ञान अवस्थी, श्याम वेताल, अभय किशोर, डा. सुशील त्रिवेदी, गिरीश पंकज, बी. के. एस. रे, प्रकाश दुबे, स्वर्गीय तुषार कांति बोस, ई. वी. मुरली, सतीश जायसवाल और लीलाधर मंडलोई को सम्मानित किया जा चुका है।

**पदस्थापना में भ्रष्टाचार**

# पूरी सरकार मौन है इस भ्रष्टाचार में और कौन कौन है : नारायण चंदेल

**रायपुर,** 3 अगस्त। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा है कि शिक्षा विभाग में पदस्थापनाओं को लेकर हुई कार्रवाई के बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार के राज का एक और नया प्रमाणित भ्रष्टाचार सामने आया है। अब तक इस मामले में दोषी पाए गए अधिकारियों पर हुई कार्रवाई को अपर्याप्त बताते हुए श्री चंदेल ने कहा कि यह पता लगाया जाए कि इन अधिकारियों को किन लोगों का संरक्षण था? क्या उन लोगों का पता लगाकर प्रदेश सरकार उन लोगों पर कार्रवाई करने का साहस दिखाएगी, जिनके संरक्षण में इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि पदस्थापना आदेश में संशोधन करने के इस बेहद गंभीर मामले के परिप्रेक्ष्य में अब तक हुई तमाम पदस्थापनाओं की पूरी जाँच कराई जाए और यह भी पता लगाया जाए कि इस पूरे भ्रष्टाचार में कितने रुपयों का लेनदेन हुआ है? प्रदेश सरकार इस मामले के सारे तथ्यों को सार्वजनिक करे। श्री चंदेल ने कहा कि यह बेहद गंभीर और प्रदेश के शर्मनाक विषय है कि शिक्षा विभाग की पदस्थापना में लेन-देन, कमीशन, करप्शन को लेकर करीब एक दर्जन से अधिकारियों के निलंबन की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि इस कार्रवाई के बाद अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं कि भ्रष्टाचार का यह खेल पता नहीं, कितने सालों से चल रहा है? कौन-कौन इसमें शामिल हैं?

# राष्ट्र कवि डॉ. मैथिली शरण गुप्त को जयंती पर निगम ने दी आदरांजलि



**रायपुर,** 3 अगस्त। आज राष्ट्र कवि डॉक्टर मैथिली शरण गुप्त की जयन्ती पर नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री आकाश तिवारी ने श्री गहोई वैश्य समाज रायपुर के अध्यक्ष श्री अशोक बानी श्री गहोई वैश्य समाज रायपुर के प्रमुख पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य जनों, महिलाओं, नवयुवकों ने बड़ी संख्या में राजधानी शहर के जलविहार कॉलोनी उद्यान परिसर में स्थित राष्ट्र कवि डॉक्टर मैथिली शरण गुप्त की प्रतिमा के समक्ष नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 3 के सहयोग से रखे गये संक्षिप्त एवं गरिमामयी आयोजन में पहुंचकर नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग की ओर से राष्ट्र कवि डॉक्टर मैथिली शरण गुप्त को उनकी जयन्ती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सादर नमन किया. नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री आकाश तिवारी ने कहा कि राष्ट्र कवि डॉक्टर मैथिली शरण गुप्त का देश की आजादी के जनआंदोलन में अद्भुत योगदान रहा है. उनकी कवितायें जन -जन में राष्ट्र भक्ति की भावना को जागृत करने सकारात्मक प्रेरणा शक्ति बनीं. राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने डॉक्टर मैथिली शरण गुप्त को राष्ट्र कवि कहा. डॉक्टर मैथिली शरण गुप्त का महात्मा गाँधी के नेतृत्व में देश के आजादी के जनआंदोलन में दिया गया योगदान एवं राष्ट्रभक्ति भाव जागृत करने वाली उनकी कवितायेँ जन -जन द्वारा सदैव ससम्मान स्मरण की जाती रहेंगी।

# एसबीएच वूमन हॉस्पिटल में मां बनने की इच्छा हुई पूरी

SBH WOMEN'S HOSPITAL

**रायपुर,** 3 अगस्त। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एसबीएच वूमन हॉस्पिटल के अनुभवी विशेषज्ञों ने 43 वर्ष की महिला और उसके 50 वर्षीय पति को उनकी खुशी लौटाई। अधिक उम्र और जोखिम के बावजूद वे माता-पिता बनने में सफल हुए। उल्लेखनीय है कि उक्त महिला को उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी समस्या भी थी। अधिक उम्र के साथ-साथ यह चिकित्सीय परिस्थिति गर्भधारण के लिए जोखिम से भरा होती है। न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर स्थित एसबीएच वूमन हॉस्पिटल के विशेषज्ञों की टीम को स्वयं और अपने साथियों की काबिलियत और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं पर पूरा भरोसा था। साथ ही उक्त दंपति को एसबीएच वूमन हॉस्पिटल पर भी पूरा भरोसा था। एसबीएच वूमन हॉस्पिटल के अनुभवी विशेषज्ञों ने इस भरोसे को टूटने नहीं दिया। मध्य भारत के अत्याधुनिक अस्पताल एसबीएच वूमन हॉस्पिटल में उक्त महिला का आईवीएफ ट्रीटमेंट शुरू किया गया। आईवीएफ उपचार के पहले ही चक्र में वह गर्भवती हो गई। दूसरे ट्राइमेस्टर के अंतिम दिनों और तीसरे ट्राइमेस्टर में शुगर को नियंत्रित करने के लिए उसे अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। इस दौरान इंसुलिन देकर मधुमेह को नियंत्रित किया गया। साथ ही इस दौरान पूरक आहार भी दिया गया ताकि ज़रूरी पोषक तत्व मिलते रहें। इस दौरान महिला को कई बार भरती करना पड़ा।

## इंटैक राष्ट्रीय विरासत क्विज 2023 का आयोजन

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय सांस्कृतिक निधि (इन्टैक), रायपुर अध्याय एवं इनरव्हील क्लब ऑफ रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से इन्टैक राष्टीय विरासत क्विज़ 2023 का आयोजन आज स्वामी आत्मानंद शासकीय शहीद स्मारक उत्कृष्ट विद्यालय, मौदहापारा में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता कक्षा 7वीं से 10वीं के विद्यार्थियों के लिये है। प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता भारत के इतिहास, विरासत, कला, संस्कृति एवं पुरातत्व पर आधारित है तथा इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने विरासत के प्रति समझ विकसित करना है। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि राष्टीय प्रौद्योगिकी संस्थान के वास्तुकला विभाग की प्राध्यापक डॉ. स्वास्ति स्थापक हैं। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों के करीब 150 विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे।

# कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज ने किया पं. रविशंकर शुक्ल का स्मरण

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, आशीर्वाद भवन रायपुर के संस्थापक अध्यक्ष पं. रविशंकर शुक्ल जी की जयंती दिवस (2 अगस्त) को शुक्ल परिवार के सदस्यों, समाज के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं आशीर्वाद इंग्लिश स्कूल के स्टाफ की गरिमामय उपस्थिति में आशीर्वाद भवन स्थित पं. रविशंकर शुक्ल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया 7 कार्यक्रम के प्रारंभ में पं. रविशंकर शुक्ल जी के परिवार से पं. अमितेश शुक्ल विधायक एवं पूर्व मंत्री छ.ग. शासन के द्वारा मूर्ति के ऊपर नवनिर्मित छत्र का अनावरण किया।



परिवार के सम्माननीय सदस्यों में पं. कमलेश शुक्ल, पं. गौतम मिश्र, पं. अनुराग शुक्ल, पं. अनुपम शुक्ल, पं. अमिताभ शुक्ल, पं. अनुभव शुक्ल, उपस्थित रहे 7 इस कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में पं. रविशंकर शुक्ल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश, प्रदेश, शहर एवं समाज के लिए उनके योगदान को याद किया गया एवं योगदान को सादर नमन किया 7 पं. रविशंकर शुक्ल जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके स्वतंत्रता सेनानी तथा राजनीतिक सामाजिक विकास के साथ साथ शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना एवं योगदान की जानकारी प्रदान की। मंच संचालन उपाध्यक्ष पं राघवेंद्र मिश्र ने किया तथा आभार व्यक्त स्कूल प्रभारी पं. अतुल पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर पं. रविशंकर शुक्ल जी के परिवार से पं. अमितेश शुक्ल, पं. कमलेश शुक्ल, पं. अमिताभ शुक्ल, पं. अनुपम शुक्ल, पं. अनुराग शुक्ल, पं. गौतम मिश्र, पं. अनुभव शुक्ल, एवं समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, उपाध्यक्ष पं. राघवेंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष श्रीमती निशा अवस्थी, कोषाध्यक्ष पं.संतोष दुबे, सलाहकार श्रीमती ममता शुक्ला, सहसचिव पं. रञ्जन अग्निहोत्री, सहसचिव पं. गौरव शुक्ल, स्कूल प्रभारी पं. अतुल पाण्डेय कार्यकारिणी सदस्य पं. रामकिशोर दीक्षित, पं. प्रकाश अवस्थी, पं. प्रदीप शुक्ल, पं. चन्द्रिकाशंकर बाजपेयी, पं. प्रशांत शुक्ल (मान), पं. देवेंद्र पाठक (गुड्डु), पं. साजेंद्र पाण्डेय, पं. प्रसून दीक्षित, पं. अनिल शुक्ल, पं. अजय अवस्थी, पं. विदोष द्विवेदी, पं. शारदा प्रसाद बाजपेयी, श्रीमती अर्चना त्रिवेदी, श्रीमती सुनयना शुक्ला, श्रीमती अर्चना मिश्रा, श्रीमती रीता पाण्डेय, तापसी, पं. आलोक पाण्डेय, पं. प्रभात पाण्डेय, पं. सुशील तिवारी, पं. एस.एस. त्रिवेदी, पं. विमल शुक्ल, पं. अशोक दीक्षित, पं. रविन्द्र शुक्ल, पं. कुणाल शुक्ल, पं. एन एल शुक्ल, पं. शशांक त्रिवेदी, पं. नितिन झा सहित बड़ी संख्या समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सीएम के घोषणा अनुसार वित्त विभाग ने जारी किया आदेश प्रदेशभर के कर्मचारियों में जबरदस्त उत्साह : संयुक्त मोर्चा

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के जायज मांगों पर विधानसभा में मुख्यमंत्री के द्वारा गृह भाड़ा भत्ता, केंद्र के समान महंगाई भत्ता,संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि आदि को लेकर की गई घोषणा के बाद मोर्चा ने एक अगस्त से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया था।

**अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री से अन्य मुद्दों को लेकर मंत्रालय में हुई प्रतिनिधियों के साथ सार्थक चर्चा**

छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ अनिल शुक्ला, छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि प्रदेश के 145 कर्मचारी संगठनों ने 5 सूत्रीय मांगों, जिसमे केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता, सातवें वेतनमान अनुसार गृहभाड़ा भत्ता, पिंगुआ कमेटी का रिपोर्ट, अनियमित/दैनिक वेतनभोगी/ संविदा/ कार्यभारित/अन्य कर्मचारियों का नियमितीकरण, पेंशन हेतु प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवाकाल की गणना को लेकर 7 जुलाई को ऐतिहासिक प्रांतव्यापी आंदोलन किया था। इस आंदोलन का व्यापक प्रभाव के कारण मंत्रालय, संचालनालय,कलेक्टर कार्यालय, स्कूल सहित मैदानी कार्यालयों में ताला लगा हुआ था। सरकार ने मोर्चा के 01 अगस्त से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को देखते हुए प्रदेश के लोकप्रिय एवम् संवेदनशील मुख्यमंत्री ने विधानसभा में अनुपूरक बजट के दौरान 19 जुलाई को कर्मचारियों के लिए अनेक घोषणाएं की गई थी।संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने विधानसभा में 20 जुलाई को मुख्यमंत्री से भेंटकर कर्मचारी हित में मुख्यमंत्री की घोषणा तथा अन्य मुद्दों के समाधान हेतु त्वरित प्रशासकीय कार्यवाही करने के लिए मुख्यमंत्री के अश्वासन पर विश्वास करते हुए आपात बैठक उपरांत 1 अगस्त 23 से घोषित अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित रखने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया था।साथ ही बैठक में मोर्चा के शीर्ष पदाधिकारियों को मंत्रालय स्तर पर अन्य मुद्दों के क्रियान्वयन हेतु जिम्मेदारी दी गई।

**निधन**

## रंजीत कुमार चौधरी

**भिलाईनगर,** 3 अगस्त। हरिनगर निवासी रंजीत कुमार चौधरी का आज 3 अगस्त को निधन हो गया। वे विकास चौधरी चरोदा वाले के बड़े भाई थे। विकास चौधरी में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष थे। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में किया गया।



## पारसमल लोढ़ा

**महासमुंद,** 3 अगस्त। रायपुर टैगोर नगर डी अमृतमय निवासी पारस मल लोढ़ा 56 वर्ष का 2 अगस्त को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 3 अगस्त को मरवाड़ी मुक्तिधाम रायपुर में किया गया। वे दीपक, श्रेयांश लोढ़ा के पिता व जसराज लोढ़ा,अलसीचंद, गौतमचंद लोढ़ा के भाई थे।



## हीरालाल बोथरा

**दुर्ग,** 3 अगस्त। गवली पारा निवासी हीरालाल बोथरा (85) का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे वरिष्ठ भाजपा नेता, व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक कांतिलाल बोथरा के बड़े पिताजी, संदीप बोथरा के पिताजी थे। वे बेटे बेटियों, पोते, पोतियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गये है। आज अंतिम संस्कार में जैन समाज के साथ ही भाजपा नेतागण तथा आम नागरिक एवं व्यवसाईगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



# वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण का कार्य जोरों पर

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023 वर्षाऋतु में वन विभाग अंतर्गत हरियाली प्रसार एवं वन संवर्धन के लिए वृक्षारोपण का कार्य जोरों पर है। इसमें विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वृहद पैमाने पर 02 करोड़ 91 लाख 20 हजार पौधों के रोपण एवं वितरण का लक्ष्य है। जिसके विरूद्व 31 जुलाई 2023 की स्थिति में राज्य में 76 लाख 22 हजार पौधों का रोपण एवं 65 लाख 23 हजार पौधों का वितरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।



उल्लेखनीय है कि विभागीय योजनांतर्गत 6 हजार 520 हेक्टेयर तथा 28 कि.मी. में 58 लाख 40 हजार पौधे, मनरेगा अंतर्गत 70 हेक्टेयर एवं 64 कि.मी. में 56 हजार 850 पौधे, कैम्पा मद अंतर्गत 2 हजार 250 हेक्टेयर में 12 लाख 87 हजार पौधे एवं अन्य योजनांतर्गत 478 हेक्टेयर 3 कि.मी. में 4 लाख 39 हजार पौधों के रोपण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

इसके अंतर्गत 5 लाख 10 हजार फलदार पौधे जिसमें आम, जामुन, बेल, कटहल, मुनगा, सीताफल, पपीता, अनार, नींबू, शहतूत, बादाम, बेर, तेंदू, गंगा ईमली, लीची, आदि, प्रजाति के पौधों का रोपण एवं 11 लाख 51 हजार लघु वनोपज एवं वनौषधि पौधे जैसे, पुत्राजीवा, काला सिरस, सिंदूरी, गरूड़, रीठा, चित्राक, एलोविरा, गिलोय, अडूसा, अश्वगंधा, सर्पगंधा, तुलसी, छोटा करोंदा आदि प्रजाति तथा 15 लाख 32 हजार बांस के पौधों का रोपण एवं वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप वन एवं जलवायु परितर्वन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देशानुसार विभाग द्वारा

**चालू वर्षा ऋतु के दौरान लगभग 3 करोड़ पौधों के रोपण एवं वितरण का लक्ष्य**

वृहद वृक्षारोपण का कार्य तेजी से जारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव ने सभी वन मंडलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वृक्षारोपण का कार्य समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री बघेल की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक नदी तट रोपण के तहत विगत वर्षों की भांति वर्षाऋतु में भी प्रदेश की हसदेव, गागर, बांकी, बुधरा, बनास, जमाड़, महानदी, शिवनाथ तथा खारून नदियों के तटों पर 120 हेक्टेयर लगभग 3 लाख 55 हजार पौधों का रोपण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह रोपण न सिर्फ मृदा कटाव को रोकेगा, साथ ही छायादार, फलदार एवं अन्य बहुउद्देश्यों की पूर्ति भी भविष्य में स्थानीय नागरिकों की आवश्यकता के अनुरूप करेगा।

वहीं प्रदेश के मार्गों के किनारे हरियाली को बढ़ाने की दृष्टि से सड़क किनारे वृक्षारोपण अंतर्गत 146 कि.मी. 26 हजार पौधों का रोपण कार्य कर लिया गया है। यह वृहद वृक्षारोपण न सिर्फ वनक्षेत्र के अंदर होंगे अपितु वनक्षेत्र के बाहर, निजी एवं शासकीय भूमियों जैसे आंगनबाड़ी, पुलिस चौंकी, उद्यान, अस्पताल, गौठान, शमशान, शासकीय परिसर, आदि स्थानों में भी किया जाएगा। इस प्रकार वन विभाग विभिन्न संस्थानों एवं आमजन के सामूहिक प्रयास से वर्षाऋतु में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए वृहद वृक्षारोपण तो प्रदेशभर में किया जा रहा है, जिससे भविष्य में वन आधारित निजी जरूरतों की पूर्ति और वनोपज की बिक्री से अतिरिक्त आय का साधन भी प्रदेशभर के निवासियों को प्राप्त होगा।

# फसल बीमा जागरूकता रथों को कृषि मंत्री आज करेंगे रवाना

**प्रदेश में साढ़े 10 लाख से अधिक किसान करा चुके हैं फसल बीमा**

**रायपुर,** 3 अगस्त। कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू 4 अगस्त को दुर्ग स्थित अपने निवास कार्यालय से पूर्वान्ह 11 बजे राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा के प्रचार-प्रसार के लिए 8 जागरूकता रथों को रवाना करेंगे। राज्य में खरीफ फसलों का बीमा ज्यादा से ज्यादा किसान कराएं, इसके लिए यह जागरूकता रथ गांव-गांव घूमकर किसानों को बीमा संबंधी जानकारी देंगे। राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं, कीट और रोगों के कारण फसल नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा कव्हरेज और इसकी सहायता प्रदान की जाती है, ताकि कृषि में होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके। राज्य में खरीफ फसलों के अंतर्गत धान सिंचित एवं असिंचित, मक्का, सोयाबीन, अरहर, मूंग एवं उड़द अधिसूचित फसलें हैं, जिनका बीमा किसान करा सकते हैं। उक्त फसलों का बीमा कराने के लिए किसानों को प्रीमियम राशि का मात्र 2 प्रतिशत राशि देनी होती है, शेष राशि का वहन शासन द्वारा किया जाता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के राज्य प्रभारी ने बताया कि अब तक राज्य के 10 लाख 52 हजार 308 किसान अपनी फसलों का बीमा करा चुके हैं। कृषि विभाग ने शत-प्रतिशत किसानों से अपनी फसलों का बीमा 16 अगस्त तक कराने जाने की अपील की है, ताकि जोखिम से बचा जा सके।

# रविवि की नैक ग्रेड में आई गिरावट



ए प्लस से हुई बी प्लस प्लस

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल नैक की ओर से नई ग्रेडिंग तय कर दी गई है। विश्वविद्यालय को मिली नई ग्रेडिंग के अनुसार गिरावट आई है। पहले विश्वविद्यालय के पास ए प्लस ग्रेड था जो अब बी प्लस प्लस हो गई है। छह साल बाद पिछले महीने 20 जुलाई को नैक टीम विश्वविद्यालय का मूल्यांकन किया था। रविशंकर विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग गिरने के बाद राजधानी रायपुर में उच्च शिक्षा के किसी भी संस्थान के पास नैक की टाप ग्रेड नहीं है। अधिकांश संस्थानों के पास बी और सी ग्रेड है। पिछले बार वर्ष 2016 में रविशंकर विश्वविद्यालय का नैक टीम ने मूल्यांकन किया था। तब 3.02 सीजीपीए के साथ ए ग्रेड मिला था। इस बार बी प्लस प्लस ग्रेड आया है यानी इस बार सीजीपीए 2.76 से 3.00 के बीच है। नैक टीम को कोर्डिनेट कर रहीं पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा आरती परगनिहा ने बताया कि नैक टीम के मूल्यांकन के लिए साथ क्राइटेरिया तय है। इसमें करिकुलम डेवलपमेंट स्टूडेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर लीडरशिप एडमिनिस्ट्रेटिव बेस्ट प्रैक्टिस जैसे क्राइटेरिया में मूल्यांकन होता है। 115 पाइंट में पूरा असेसमेंट किया गया है। अभी इसका अध्ययन नहीं हुआ हैए इस कारण से बता पाना संभव नहीं है कि किसमें विश्वविद्यालय को कम अंक मिले है। किसमें ज्यादा काम करने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा से जुड़े नौ राजकीय विश्वविद्यालय है। इनमें पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन विश्वविद्यालय बिलासपुर के पास ए प्लस ग्रेड है। इसके अलावा इंदिर गांधी कला संगीत विश्वविद्यालय के पास ए ग्रेड है।

**30 प्रतिशत मूल्यांकन होता है आफलाइन :** डा आरती परगनिहा ने बताया कि नैक की टीम ओवर आल मूल्यांकन में 70 प्रतिशत मूल्यांकन आनलाइन कर लेती है। सिर्फ 30 प्रतिशत मूल्यांकन विश्वविद्यालय में विजिट करके करती है। नैक टीम के विजिट के दौरान बहुत अच्छा रिस्पांस था। टीम के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्टिविटी, स्टूडेंट्स को मिलने वाली सुविधाओं की तारीफकिए थे। उनके तरफसे किए गए मूल्यांकन का अभी विश्लेषण नहीं किया गया है।

### नैक में ए प्लस प्लस सबसे अच्छी ग्रेड

नैक ने संस्थानों के मूल्यांकन के लिए कुछ मापदंड तय किए हैं। इसके अनुसार उन्हें ग्रेड दिया जाता है। सबसे टाप ग्रेड ए प्लस प्लस है। कम्यूलेटिव ग्रेड पाइंट एवरेज ;सीजीपीए के अनुसार ग्रेड दिए जाते हैं। जैसे 3.51. 4.00 सीजीपीए प्लस प्लस ग्रेड है। 3.26 से 3.0 के लिए ए प्लस ग्रेड।2.76 से 3.00 बी प्लस प्लस। 2.51.2.75 बी प्लस। 2.01.2.50 बी ग्रेड।1.51.2.00 के लिए ग्रेड सी निर्धारित है।

# एसआई, सूबेदार और प्लाटून कमांडर के लिए 1378 सलेक्ट



17 अगस्त से शुरू होगा साक्षात्कार

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। सूबेदारए उप निरीक्षक संवर्ग और प्लाटून कमाण्डर पद के लिए शारीरिक परीक्षा में पास हुए कुल 1378 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया ह जिसका इंटरव्यू 17 अगस्त से शुरू होगा जो भी अभ्यर्थी सेलेक्ट हुए हैं उल्लेखनीय हैकि सूबेदार, उप निरीक्षक और प्लाटून कमाण्डर भर्ती 2021 के अंतर्गत मुख्य लिखित परीक्षा के बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए पात्र पाए गए थे सूबेदार, उप निरीक्षक, उप निरीक्षक ;विशेष शाखा, और प्लाटून कमाण्डर के पदों के लिए 4755 अभ्यर्थी, उप निरीक्षक ;रेडियो,प्रश्नाधीन दस्तावेज ,अंगुल चिन्ह , के पदों के लिए 90 अभ्यर्थी और उप निरीक्षक,कम्प्यूटर , पदों के लिए 30 अभ्यर्थियों की प्रकाशित सूची अनुसार अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 18 से 30 जुलाई तक आयोजित की गई थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में कुल 4390 अभ्यर्थी उपस्थित हुए इन अभ्यर्थियों में से कुल 1378 अभ्यर्थी पुरूष .1136 महिला.242 साक्षात्कार के लिए पात्र पाए गए और 3012 अभ्यर्थी अपात्र पाए गए शारीरिक दक्षता परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची रोल नंबर के बढ़ते क्रम में पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है साक्षात्कार के लिए पात्र पाए गए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 17 अगस्त से रायपुर में आयोजित किया जाएगा साक्षात्कार के लिये प्रवेश.पत्र 10 अगस्तके बाद पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकेंगे साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए दिनांक समय और स्थान एवं आवश्यक दिशा.निर्देश प्रवेश.पत्र पर दी जाएगी।

# पटवारियों की हर कठिनाइयों का होगा निराकरण : जयसिंह



रायपुर जिला अध्यक्ष कमलेश तिवारी के नेतृत्व में मंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए पटवारियो ने गुरुवार को रायपुर जिला अध्यक्ष कमलेश तिवारी राजस्व पटवारी संघ के नेतृत्व में गुरुवार को राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से उनके निवास स्थान पर सौजन्य मुलाकात की। श्री तिवारी ने काम के दौरान आने वाली कठिनाइयों व कुछ लंबित मांगों से मंत्री को अवगत कराया।

राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने पटवारियों की हर कठिनाइयों का निराकरण करने राजस्व पटवारी संघ को आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से नीरज प्रताप सिंह, राजेश वंजारी प्रांतीय महामंत्री, सतीश चंद्राकर प्रांतीय कोषाध्यक्ष, शिवकुमार साहू प्रांतीय सचिव, जिला सचिव रायपुर सुदर्शन पनका , तहसील अध्यक्ष, श्रीमती सरोज कुजुर , वीरेंद्र यदु, सुरेंद्र बंजारे , अंबिका ध्रुव, जैन सिंह मरावी, सतीश चंद्र महीश व वरिष्ठ साथी नरेंद्र पांडे सहित रायपुर जिले के अन्य पटवारी उपस्थित रहे।

# पत्नी की गला घोंटकर हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार



डीएनए टेस्ट से पकड़ाया

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में गुढियारी थाने की पुलिस ने एक साल पूर्व अंधे कत्ल के मामले को सुलझा लिया है मृतिका की हत्या कोई और नही उसके पति ने गला घोंटकर की थी मामले में आरोपी पति हिरासत में ले लिया गया है। बताया गया कि 25 जून 2022को थाना गुढ़ियारी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि जनता कालोनी गुढ़ियारी स्थित मकान नंबर जे 709 में एक महिला की मृत्यु हो गई है जो संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जिस पर थाना गुढियारी पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मकान के कमरे में देखने पर पाया गया कि मृतिका देवशाह पति लक्ष्मी सागर शाह उम्र 29 वर्ष का शव पलंग पर चीत अवस्था में पडा था जो संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। पुलिस टीम द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉ द्वारा मृतिका की मृत्यु दम घुटने से होना लेख किया गया। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। हत्या की घटना को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभीरता पूर्वक लेते हुए थाना प्रभारी गुढ़ियारी को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया था। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गुढ़ियारी के नेतृत्व में थाना गुढ़ियारी पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में मृतिका के पति लक्ष्मी सागर शाह से विस्तृत पूछताछ करने के साथ ही मृतिका के परिजन एवं मृतक के परिजनों सहित आसपास के लोगों से भी पूछताछ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा मृतिका के पति लक्ष्मी सागर से पूछताछ करने पर वह बार . बार अपना बयान बदलकर लगातार टीम के सदस्यों को गुमराह करता था जो बहुत ही शातिर किस्म का है। लक्ष्मी सागर के गले के दोनों ओर खरोंच व चोट के भी निशान थे। चूंकि टीम के सदस्यों का शक मृतिका के पति लक्ष्मी सागर पर पुख्ता था किंतु साक्ष्य के अभाव में उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रहीं थी। मृतिका के शव का पोस्टमार्टम के दौरान डॉक्टर द्वारा मृतिका के हाथ के नाखून से प्राप्त संदेही के टिशू को सुरक्षित रखा गया था कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टिशू को डी.एन.ए टेस्ट हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया था। रिपोर्ट में विशेषज्ञों द्वारा टिशू को लक्ष्मी सागर शाह के डी.एन.ए से मिलान होना लेख करने पर गुढ़ियारी पुलिस द्वारा मृतिका के पति आरोपी लक्ष्मी सागर को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस का चेकिंग अभियान



**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, देर रात्रि अनावश्यक रूप से घुमने वालों, शराब पीकर दोपहिया/चारपहिया वाहन चलाने वालों, देर रात्रि दोपहिया वाहन में 03 सवारी घुमने/हुल्लड़ मचाने वालों सहित संदिग्धों/अपराधिक तत्वों की चेकिंग के मद्देनजर 2 अगस्त की दरम्यानी रात एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी के नेतृत्व में दिनेश सिन्हा उप पुलिस अधीक्षक क्राईम, मनोज ध्रुव नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन, अविनाश मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक उरला, योगेश साहू नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली, सुरेश ध्रुव नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती, प्रभारी ए.सी.सी.यू., थाना प्रभारी टिकरापारा, उरला, सिविल लाईन, न्यू राजेन्द्र नगर, खरोरा, तेलीबांधा, गोलबाजार, पुरानी बस्ती सहित रायपुर पुलिस के अन्य अधि./कर्म एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम सहित अलग-अलग टीमों द्वारा देर रात्रि01:00 बजे से प्रात: 04:00 बजे तक शहर के भीतर एवं बाहर के विभिन्न स्थानों में नाकेबंदी/चेकिंग पाईंट लगाकर ऐसे लोगों की चेकिंग की गई।

चेकिंग के दौरान देर रात्रि संदिग्ध रूप से घुमते 07 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना आजाद चौक, सरस्वती नगर, आमानाका एवं कबीर नगर में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत, शराब पीकर वाहन चलाने, दोपहिया वाहन में 03 सवारी सहित देर रात्रि तक अनावश्यक रूप से घुमने वाले कुल 20 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर, सिविल लाईन एवं गंज में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् तथा सार्वजनिक स्थान में शराब सेवन करते 02 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना पुरानी बस्ती में आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया।

# गांजा के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियो, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित बस स्टैण्ड में 02 व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी टिकरापारा को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम राजू यादव एवं सोमेश साहू निवासी टिकरापारा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 05 किलोग्राम गांजा जुमला कीमती लगभग 50,000 रूपये जप्त किया इस दौरान आरोपी धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# ऑफिस से लैपटॉप की चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में ट्रांसपोर्ट की ऑफिस से चोरी हुए लैपटाप के मामले को सुलझा लिया हैं ट्रांसपोर्ट की ऑफिस चोरी कर्मचारी ने ही की थी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया हैं बताया गया कि कुमार साहू ने थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका स्वयं का गैरेज कुबेर ट्रांसपोर्ट के नाम से तेलघानी नाका चौक होटल ग्रैण्ड राजपुताना के पीछे रायपुर में स्थित है। 17 जुलाई को प्रतिदिन की तरह रात्रि करीबन 11.00 बजे अपने गैरेज को बंद कर अपने घर चला गया था। दूसरे दिन प्रात: करीबन 08.00 बजे गैरेज आया और ताला खोलकर अंदर प्रवेश कर देखा तो पाया कि काउंटर में रखा हुआ उसका एक नग लैपटॉप नही था तथा गल्ले में रखा हुआ नगदी रकम भी नहीं था। प्रार्थी द्वारा पतासाजी करने पर उसे उसके गैरेज में पूर्व में कार्य करने वाले कान्हा साहू द्वारा चोरी करना ज्ञात हुआ। जिस पर उसके के विरूद्ध थाना गंज में धारा 457 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा स्टॉफसे विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी कान्हा साहू की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त आरोपी कान्हा साहू की उपस्थिति बिलासपुर में पाये जाने से टीम के सदस्यों द्वारा बिलासपुर रवाना होकर आरोपी कान्हा साहू की पतासाजी करते हुए आरोपी को बिलासपुर से पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी कान्हा साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का लैपटॉप जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# अवैध शराब का परिवहन करते युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इस दौरान थाना गोबरानवापारा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोबरानवापारा क्षेत्रांतर्गत छांटा रोड किनारे एक्टिवा वाहन सवार एक व्यक्ति अपने पास थैले में शराब रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गोबरानवापारा के नेतृत्व में थाना गोबरानवापारा पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए उक्त स्थान पर जाकर वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नरेंद्र मांडले निवासी फिंगेश्वर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके वाहन में रखें थैले की तलाशी लेने पर थैले में देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने व परिवहन करने के संबंध में आरोपी नरेंद्र मांडले से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी नरेंद्र मांडले को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें कुल 120 पौवा देशी शराब कीमती 13,200 रूपये तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन क्रमांक सी जी 04 एच के 8335 जुमला कीमती लगभग 40,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34,2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# नहीं जाना पड़ा सरकारी दफ्तर, एक हफ्ते में बना जाति-निवास प्रमाण पत्र

मुख्यमंत्री मितान योजना से आसानी से बना प्रमाण पत्र

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। एक समय था जब बच्चों को स्कूल से छुट्टी लेकर जाति, निवासी संबंधी दस्तावेज बनाने तहसीलों के चक्कर काटने पड़ते थे, पर अब बिना छुट्टी लिए न ही डेली रूटिन काम में ब्रेक किए और दफ्तरों के चक्कर काटे बिना ही सरकारी दस्तावेज घर पहुंच रहे हैं। यह संभव हो रहा है मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल से मुख्यमंत्री मितान योजना से। यह कहना है राजधानी के टिकरापारा निवासी श्री संदीप बघेल का, जिन्हे मितान योजना से अपने बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने में बड़ी सहायता मिली। श्री संदीप व्यवसायी है और मितान योजना से उन्हें उनके बच्चों का जाति और निवास प्रमाण पत्र मात्र एक हफ्ते में बनकर घर पर ही उपलब्ध हो गया।

संदीप ने बताया कि उन्हें अपने बच्चों के लिए निवास, जाति प्रमाण पत्र बनाने की जरूरत थी। उन्होंने इसके बारे में पता लगाया तो शासकीय कार्यालय जाकर प्रक्रियाओं को पूर्ण करने की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि उनका वकालत और आटा चक्की चलाने का व्यवसाय हैं। जिसमें वे सुबह से लेकर शाम तक व्यस्त रहते हैं, बंधे हुए ग्राहक होने के कारण चक्की छोड़कर जाने का समय ही नही मिल पा रहा था।

बार बार छात्रवृति तथा अन्य कार्यों के लिए जाति-निवास प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ने लगी, बच्चों द्वारा बार-बार आग्रह किया जाने लगा परंतु मैं शासकीय कार्यालय जा नही पा रहा था। तभी मुख्यमंत्री मितान योजना के बारे में जानकारी मिली। तुरंत मितान कॉल सेंटर नंबर 14545 में कॉल किया। बुकिंग के पश्चात् मुझसे कॉलर द्वारा आवश्यक कागजात की जानकारी दी गई और सबसे अच्छी बात मेरे अनुकूल समय मांगा गया। मेरे दिए समय में घर आकर मितान ने घर आकर फोटो, आधार कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज एकत्र किया और सिर्फ 50 रूपए का शुल्क लिया। हफ्ते भर में ही बच्चों का जाति-निवास प्रमाण पत्र घर में ही उपलब्ध करवा दिया गया।

# लगातार बारिश से राजधानी में जलभराव के हालात

जायजा लेने पहुंचे सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज शर्मा



**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में लगातार दो दिनों से हो रही तेज बारिश की वजह से रायपुर में कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं रायपुर के सेजबहार इलाके में लोगों के घरों में पानी घुस गया है आसपास के इलाकों में कमर तक पानी भर गया है ऐसे में हालात का जायजा लेने सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने मौके पर पहुंचे। उन्होनें बताया कि सेजबहार में कुछ दिनों पहले जलभराव की बड़ी समस्या हुई थी तब सारे घर जलमग्न हो गए थे हम लोगों ने उस वक्त भी यहां पर दौरा किया जिसमें दो प्रमुख चीज पाई गई जिसके वजह से जलभराव हो रहा था एक तो कुछ समय पहले कुछ दूर में रायपुर नगर निगम की एक पाइप लाइन जाती है जिससे रायपुर नगर निगम को पेयजल व्यवस्था होती है गंगरेल बांध से होकर जाने वाली पाइप लाइन पर पूर्ववर्ती सरकार ने कभी ध्यान नहीं दिया इस दौरान उन्होंनें बताया कि पाइप लाइन के नीचे मिट्टी का जमाव था डायवर्सन रोड बनाई गई थी उसकी मिट्टी भी वहीं थी जिसकी वजह से वहां पानी भर रहा था इसके साथ ही एक किसान ने अपने फॉर्म के लिए रोड के जरिए कुछ पाइप लगाई हुई थी हम लोगों ने एक वहां सफाई कराई दूसरा एक जगह से काटकर पाइप लगाने की व्यवस्था की जा रही ह जिससे बहुत तेजी से पानी निकलने की व्यवस्था हो रही है मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में कभी भी जलभराव की स्थिति भविष्य में नहीं होगी

**उल्टा पुल्टा**

संता ने शौक शौक में उपवास रख लिया
संता- देख सूरज डूबा क्या?
बंता- अभी नहीं।
थोड़ी देर बाद उसने दोबारा पूछा
संता- देख डूबा के नहीं ?
बंता- नहीं डूबा।
संता- लगता है, ये आज मुझे साथ में ले के ही डूबेगा!!!

## संपादकीय

### अवर्षा की स्थिति से उपजी चिंता दूर

*तीन दिन पहले तक छत्तीसगढ़ के एक बड़े हिस्से में अवर्षा के कारण गहरी चिन्ता की स्थिति पैदा हो गई थी। इन्हीं तीन दिनों में हुई भारी बारिश से खेत लबालब हो गए हैं। कई क्षेत्रों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। विशेषकर राज्य के उत्तरी हिस्सों के लिए यह बारिश अमृत वर्षा से कम नहीं है, जहां के किसान धान की रोपाई के लिए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। धान के उनके थरहे सूख रहे थे। दूसरी फसलों के भी सूखने का खतरा उत्पन्न हो गया था। राज्य के इस हिस्से के कई जिलों में औसत से 60 प्रतिशत तक कम बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने इस माह पूरे राज्य में अच्छी वर्षा होने का अनुमान जाहिर किया है। यह किसानों के लिए खुशी बढ़ाने वाला है। खरीफ फसलों में मुख्यतः धान की फसल उगाने वाले राज्य के किसानों को हर साल अच्छी बारिश का इंतजार रहता है। इस वर्ष जून के शुरूआती महीने में भी मानसून पूर्व की बारिश नहीं हुई। जुलाई का महीना भी बारिश का इंतजार करते ही निकल गया। तीन दिनों में पूरे राज्य में अच्छी बारिश हुई है। हालांकि रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में पहले ही औसत से कहीं अधिक बारिश हो चुकी है। हाल की बारिश ने उत्तरी हिस्से के किसानों में भी अच्छी पैदावार की उम्मीद जगा दी है और धान की रोपाई का काम तेजी से शुरू हो गया है। पिछले साल भी इस इलाके में अच्छी बारिश नहीं हुई थी और कई किसानों की फसल खेत में ही सूख गई थी। ऐसे किसानों ने पिछले साल हुए नुकसान के लिए इस साल अच्छी फसल उम्मीद में काफी पहले से ही तैयारी कर ली थी। जब पहली बारिश हुई तो थरहे लगाना शुरू कर दिया। मौसम अनुकूल नहीं रहा, लेकिन अब अवर्षा की स्थिति से उपजी उनकी चिन्ता दूर हो गई है। राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए भी जरूरी है कि खरीफ की अच्छी पैदावार हो। राज्य में अवर्षा की स्थिति राज्य सरकार के लिए भी चिन्ता का एक कारण बनती जा रही थी। छत्तीसगढ़ में इसी साल नवम्बर में जब चुनाव होंगे, किसानों की धान की फसल कटकर खलिहानों में आ रही होगी। सरकार ने इस वर्ष प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने का फैसला किया है। अब तक प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान खरीदा जा रहा था। नवम्बर से ही राज्य में धान की सरकारी खरीदी शुरू होती है। किसानों को इसका इंतजार रहता है। सरकार की इस घोषणा से भी धान उत्पादक किसान उत्साहित हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि धान की पैदावार अच्छी हो। राज्य के किसानों से कहा गया है वे फसल बीमा अवश्य कराएं ताकि प्रतिकूल मौसम से होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके। धान की खेती के लिए अभी भी पूरा समय है और मौसम ने साथ दिया तो पैदावार अच्छी हो सकती है। राज्य में औसतन 1200 मिलीमीटर बारिश होती है। अभी करीब आधी औसत वर्षा हुई है। अगले दो माह में अच्छी बारिश हुई तो औसत बारिश की स्थिति सामान्य होने का उम्मीद की जा सकती है। यह कृषि के लिए अनुकूल होगा।*

# ग्राम पंचायतों में वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत रोपे जाएंगे 75 पौधे

## अभियान के तहत 9 से 15 अगस्त तक चलेंगी जनभागीदारी से विभिन्न गतिविधियां

**दुर्ग,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में जिले में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत ''मेरी माटी, मेरा देश'' वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 75 स्वदेशी पौधे लगाए जाएंगे। इस गतिविधि का आयोजन 9 अगस्त से 15 अगस्त तक संचालित होगा। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में वीरों को याद करते हुए शिलापलकम लगाया जाएगा और पंचप्राण शपथ ली जाएगी। आयोजित कार्यक्रम के साथ सेल्फी अपलोड की जाएगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज के बाद राष्ट्रगान का भी आयोजन किया जाएगा। अभियान को लेकर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन ने सभी जनपद पंचायत को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारियां करने को लेकर निर्देश दिए हैं।




जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि इस अभियान के तहत स्वदेशी पौधे वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के महात्मा गांधी नरेगा द्वारा तैयार नर्सरी के द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। अमृत सरोवर तालाब के आसपास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिस ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर नहीं है ऐसी स्थिति में किसी भी जलाशय के आसपास, पंचायत भवन, स्कूल, ऐसी भूमि जहां पर वृक्षारोपण के लिए पर्याप्त स्थल उपलब्ध हो तथा चारों ओर से बाउण्ड्री बनी हो वहां पर पौधे लगाए जाएंगे।

**देश के मुख्य कार्यक्रम में भेजेंगे गांव की मिट्टी**- जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत गांव की मिट्टी को एकत्रित करते हुए दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भेजा जाएगा। इस दौरान पवित्र मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ लेते हुए अपनी सेल्फी को वेबसाइट पर अपलोड भी किया जाएगा। अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी होगा। जिसमें पंच-प्रण प्रतिज्ञा ली जाएगी, वसुदावंदन के तहत पौधें रोपे जाएंगे साथ ही वीरों के नामपट्टी शिलाफलकम लगाया जाएगा। वीरों, स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों का वंदन किया जाएगा और परिवारों का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा।

# सावन की पहली झड़ी से शहर तरबतर

**दुर्ग,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। इस वर्ष बरसात में पहली बार दो दिन की सावन की झड़ीदार वर्षा हुई। गत 2 अगस्त को पूरे दिन रहरहकर फुहारों की तरह वर्षा हुई किंतु गत पूरी रात तेज वर्षा हुई जो आज दोपहर तक लगातार होती रही। इस वर्षा से बाजार तो प्रभावित हुए ही इनके अलावा शहर के अनेक स्थानों पर पानी भी भर गया। यद्यपि पानी भरने के बाद निकलता भी गया इससे कतिपय स्थानों को छोड़कर स्थिति सामान्य रहीं।

लगभग 20 घंटों की अनवरत वर्षा से पद्मनाभपुर, दुर्गा चौक शंकर नगर सहित कुछ स्थानों पर थोड़े समय के लिये पानी भरा और लोगों को असुविधाजनक स्थिति का सामना करना पड़ा। सुबह 10 बजे तक फिर फुहारों वाली वर्षा होने से इधर उधर भरा हुआ पानी भी निकल गया। दोपहर बाद फिर सड़कें सूखने लगी। पटेल चौक से भी श्री शिवम तक विशेषकर फरिश्ता काम्पलेक्स के सामने वर्षा से तालाब जैसी स्थिति बन जाती है। यह सड़क भी काफी जर्जर हो चुकी है। तेज वर्षा के कारण हाल ही में तैयार सड़कों में भी कहीं कहीं गिट्टी उधड़ने लगी है। आयुक्त नगर निगम के अनुसार बारिश निकलने के बाद ऐसी सभी सड़कों की रिपेयरिंग कर दी जायेगी जो बारिश में डेमेज हो जाती है।

1 जून से 3 अगस्त तक की कुल औसत वर्षा 472.3 मिमी

जिले में 1 जून से 3 अगस्त तक 472.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 673.3 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 222.0 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## बारिश से सड़के हुई बेहाल, बघेरा आनंद सरोवर मार्ग पर लोगों का चलना तक दूभर



लगातार हो रही वर्षा के चलते बघेरा वार्ड स्थित ब्रम्हकुमारी प्रजापिता द्वारा संचालित आनंद सरोवर भवन मार्ग एकदम जर्जर हो गया है। पूरे मार्ग में पानी कीचड़ भर जाने से ब्रम्हाकुमारीज बहनों के साथ ही आम नागरिकों का जीवन दूभर हो गया है। उल्लेखनीय है कि दुर्ग-बघेरा-कोटनी मुख्य मार्ग पर बघेरा से उक्त भवन की दूरी मात्र दो सौ मीटर है मगर कच्चा रास्ता होने के कारण पूरे मार्ग में पानी भर गया है और दलदल हो जाने से लोगों का आवागमन काफी दूभर हो गया है। ब्रम्हाकुमारीज बहनों की टीम महापौर, विधायक, मंत्री से लेकर कलेक्टर व अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के अनगिनत बार चक्कर लगा चुकी है मगर उनकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही है। यहां आसपास के रहने वाले लोग भी इसकी वजह से नारकीय जीवन जीने को बाध्य हो रहे है।

**पुलगांव- अंडा मार्ग :** पुलगांव चौक से अंडा मार्ग का हाल ही में डामरीकरण कार्य कुछ ही दिन पूर्व हुआ है। कार्य चल रहा था मगर बारिश के कारण रोक दिया गया है। यह सड़क पहली बारिश में ही उधड़ गई है। पूरे मार्ग में गिट्टिया उधड़ गई है। लोग इस जर्जर सड़क पर ही चलने को बाध्य है जिससे हमेशा खतरा बना रहता है।

# शहीद वीरनारायण सिंह के प्रतिमा अनावरण स्थल को लेकर गोंड महासभा का विरोध, निगम प्रशासन उहापोह में

## महासभा ने निगम पर लगाया प्रतिमा की उपेक्षा का आरोप

**दुर्ग**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा 9 अगस्त को पुराना बस स्टैंड में प्रस्तावित शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह को लेकर केन्द्रीय गोंड महासभा के स्थल चयन को लेकर विरोध दर्ज करने के कारण विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। गोंड महासभा के अध्यक्ष एम.डी. ठाकुर ने कहा है कि समाज की मंशा के विपरीत बस स्टैंड के एक कोने में महान शहीद की प्रतिमा का अनावरण उनकी घोर उपेक्षा है। आदिवासी समाज यह कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। स्थल चयन सहित पूरे आयोजन को लेकर निगम ने गोंड महासभा के प्रतिनिधियों को कहीं भी विश्वास में नहीं लिया। महासभा ने मालवीय नगर, राजेन्द्र पार्क, अथवा गंजपारा चौक में कहीं भी एक जगह प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव दिया था पर इसके बदले बस स्टैंड के एक कोने में वह भी महासभा की सहमति के बिना प्रतिमा स्थापित करने फैसला कर लिया गया। अतएव महासभा ने निगम द्वारा आयोजित प्रतिमा अनावरण समारोह के विरोध का निर्णय लिया है।



महासभा की मांग है कि अभी भी समय है, निगम प्रतिमा अनावरण स्थल में परिवर्तन कर लें अन्यथा जबर्दस्त विरोध होगा।

महासभा के अध्यक्ष एम.डी.ठाकुर सचिव सीताराम ठाकुर, एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष राजेश ठाकर ने बताया कि महासभा की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहीद ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पूर्वा ने जीता सुर सम्राट पुरस्कार छत्तीसगढ़



**दुर्ग,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की शान गायिका पूर्वा श्रीवास्तव ने राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के लगभग 60 प्रतिभागियों में फाइनल राउंड में राजनादगांव पहुंचे 15 प्रतिभागियों के बीच, यह मुकाबला पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में संपन्न हुआ। जिसमें पूर्वा ने बेहतरीन गायकी का मुजायरा कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार नगद एवं मोमेंटो और चांदी के स्मृति चिन्ह प्राप्त हुआ।

पूर्वा की इस सफलता पर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका कविता वासनिक ने उक्त मंच पर बधाई एवं आशीर्वाद दिया तथा पुलिस के आला अधिकारी एडीजी विवेकानंद सिन्हा, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा एनआईएए दुर्ग पुलिस महानिरीक्षक बद्री नारायण मीणा, पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रशांत अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक दुर्ग शलभ सिन्हा, आईपीएस भोजराम पटेल, आईपीएस त्रिलोक बंसल, शहर एएसपी संजय ध्रुव, ग्रामीण एएसपी अनंत कुमार साहू, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग आईपीएस वैभव बैंकर ने बधाई दी।

पूर्वा के पिता यशवंत श्रीवास्तव सहायक उपनिरीक्षक वर्तमान में थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में पदस्थ है।

# 55 सौ पदों के लिए 10 को रोजगार मेला

**दुर्ग,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा जिले में बेरोजगार युवाओं के लिए नियोजकों द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 10 अगस्त को लाईवलीहुड कॉलेज सेक्टर 6, भिलाई में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला में नियोजक नीड्स मैनपॉवर सपोर्ट सर्विस प्रा. लि. द्वारा लाईन ऑपरेटर के एक हजार पद, चालिटी चेकिंग ऑपरेटर के 5 सौ पद, इलेक्ट्रिशियन व टेक्निशियन के 2 हजार पद एवं रोबो ऑपरेटर व इलेक्ट्रिशियन के 2 हजार पदों की पूर्ति की जाएगी।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आर.के. कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ लाईलीहुड कॉलेज भिलाई में 10 अगस्त को समय प्रात: 10.30 बजे से उपस्थित हो सकते है।

# गंजपारा-सदर भाजपा कार्यसमिति की बैठक में भावी कार्यक्रमों पर मंथन



**दुर्ग,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। गंजपारा-सदर मंडल भाजपा की बैठक में पार्टी के अगले कार्यक्रमों को संपादित किये जाने को लेकर वृहत चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ एवं अनुभवी पदाधिकारियों ने नये पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया और चुनाव के इस दौर में किस तरह संगठन का कार्य करना है इसकी जानकारी दी।

बैठक में बताया गया कि चुनाव सामने होने के कारण अब प्रदेश से पार्टी द्वारा लगातार संगठन स्तर के कार्यक्रम, आंदोलन तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रवास होते रहेगें। इसे लेकर वरिष्ठ नेताओं द्वारा मार्गदर्शन करते हुए दिशा निर्देश दिये गये। जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने विधानसभा व लोकसभा दोनों ही चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिये अभी से भिड़ जाने का आव्हान पार्टी कार्यकर्ताओं से किया। बैठक को उषा टावरी, अलका बाघमार, विनायक नातू, एवं मंडल अध्यक्ष मदन बढ़ई, ने भी संबोधित किया। संचालन महामंत्री कृष्णा निर्मलकर तथा आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष राहूल पंडित ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा, मनोज सोनी, जितेन्द्र राजपूत, डॉ. शरद अग्रवाल, संदीप जैन, महेन्द्र लोढ़ा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे युवाओं से भेंट मुलाकात

**दुर्ग,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार को दुर्ग संभाग के युवाओं से भेंट मुलाकात करेंगें। कार्यक्रम का आयोजन जयंती स्टेडियम के पास होगा। जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पुरी कर ली गई है। युवाओं के साथ भेंट मुलाकात कार्यक्रम में राजनांदगांव, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़, मानपुर-मोहला-अंबागढ़-चौकी और दुर्ग जिले के युवाओं, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं,




प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों सहित अन्य सभी युवा जयंती स्टेडियम भिलाई के पास आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से सीधी बातचीत करेंगे। मुख्यमंत्री युवाओं से लगातार रू-ब-रू हो रहे हैं। युवाओं से भेंट मुलाकात के इस कार्यक्रम में श्री बघेल छत्तीसगढ़ के विकास की मुद्दे, युवाओं के लिए संचालित योजनाओं, उनकी उपलब्धियों और आकांक्षाओं पर बात करेंगे।

# जिले की विधानसभाओं के लिये सौंपी गई, घोषणा पत्र सुझाव पेटिका

**दुर्ग,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, नेता प्रतिपक्ष माननीय नारायण चंदेल की उपस्थिति में घोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक विजय बघेल ने जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा को सुझाव पेटिका सौंपी ।

इस दौरान जिला घोषणा पत्र समिति की संयोजक रमशिला साहू, सदस्य डोमनलाल कोर्सेवाड़ा,



सदस्य डॉ. राहुल गुलाटी के साथ साथ आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से बनाए गए विधानसभा संयोजक के रूप में दुर्ग शहर विधानसभा संयोजक कांतिलाल बोथरा, दुर्ग शहर विधानसभा सहसंयोजक राजेंद्र कुमार, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा संयोजक जागेश्वर साहू, पाटन विधानसभा संयोजक दिलीप साहू, सहसंयोजक राकेश पाण्डेय कुम्हारी, साजा विधानसभा संयोजक नथमल कोठारी उपस्थित रहे।



# महापौर परिषद से विभिन्न विकास कार्यो के लिए मिली स्वीकृति

**भिलाई नगर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई निगम के शिवाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र में 1984 में जारी पटटा का नवीनीकरण तथा अन्य क्षेत्र की भूमि पर काबिज झुग्गी झोपड़ी में निवासरत लोगो को राजीव गांधी आश्रय योजना के लंबित पटटा प्रदान किये जाने हेतु सामान्य सभा के माध्यम से शासन को भेजे जाने का तथा सी.सी.रोड एवं मंच निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में खुर्सीपार क्षेत्र के शिवाजी नगर एवं निगम क्षेत्र की अन्य भूमि पर काबिज रहकर झुग्गी झोपड़ी में निवासरत लोगो को राजीव गांधी आश्रय योजना के लंबित पटटा प्रदान करने तथा 1984 में जारी पटटा का नवीनीकरण के प्रकरणों को तैयार कर सामान्य सभा के माध्यम से शासन को भेजे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार कोहका एवं कुरूद क्षेत्र के मछली पालन हेतु दिये गये तालाबों को निरस्त कर पुन: निविदा आमंत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया है। वार्ड 65 सेक्टर 10 सड़क 18 में अधोसंरचना मद से मंच निर्माण, वार्ड 70 हुड़को ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आज से गवली पारा में जैन व्यापार मेला

- महापौर धीरज बाकलीवाल व विधायक अरूण वोरा करेंगे उद्घाटन
- वर्धमान भवन में आयोजन

**दुर्ग,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जैन महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से जैन व्यापार मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के संयोजक ललित कर्णावट एवं शरद बाफना ने बताया कि 4 से 6 अगस्त तक गवली पारा स्थित वर्तमान जैन भवन में भव्य आनंद मेला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंजू अरुण वोरा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्वेता धीरज बाकलीवाल करेंगी।

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस श्रमण संघ महिला मंडल दुर्ग की अध्यक्ष सरिता श्रीश्री माल कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पायल जैन अध्यक्ष महिला चेंबर ऑफ्कॉमर्स तथा डॉक्टर गुंजा पिंचा करेगी ।

व्यापार मेला के तृतीय दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जैन समाज के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता नवीन संचेती मुख्य अतिथि तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जैन समाज के उभरते सितारे बाल फिल्म कलाकार श्री दर्शन जैन उपस्थित रहेंगे।

जैन समाज की महिलाओं द्वारा तैयार राखियां, खाखरा मुंगड़ी नमकीन एवं मीठे व्यंजन, साड़ियां कुर्तियां ज्वेलरी गेम्स आर्ट एंड क्राफ्ट सजावट सामग्री पूजा एवं सामाजिक उपकरण के सामानों से सुसज्जित स्टाल इस आनंद मेला का आकर्षण रहेंगे।

जैन व्यापार मेला प्रात: 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक व्यापार संचालित रहेगा।

# भिलाई स्टील प्लांट में करंट की चपेट में आया कर्मचारी

- शार्ट सर्किट से हादसा

**भिलाई नगर,** 3 अगस्त (देशबन्धु) ।भिलाई स्टील प्लांट के इलेक्ट्रिकल रिपेयर शॉप में अचानक सुबह करीब 10-05 बजे ऐसा हादसा हुआ कि बिजली रिपेयर शॉप में विस्फोट हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जनरल शिफ्ट में छोटे असेंबली सेक्शन से एक चार्ज-मैन ई-रिजर्व के ट्रायल सेक्शन में परीक्षण के दौरान डीसी मोटर में सुधार कार्य शामिल था। सुबह 10.05 बजे अचानक मोटर के ब्रूस धारक से उसकी उंगली छूने से वह करंट की चपेट में आ गया। मोटर लीड में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। पीड़ित बचाव के लिए चिल्लाया और परीक्षण खंड के भागों ने तुरंत बिजली की आपूर्ति बंद कर दी और परीक्षण खंड के प्रभारी को सूचित किया।

## हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**दुर्ग,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। तितुरडीह स्थित अपने मकान की छत पर चढ़कर घरेलू कार्य करते हुए हाईटेंशन विद्युत लाईन की चपेट में आने से एजाज खान पिता युनूस खान नामक 38 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। जिला अस्पताल से मिली मर्ग सूचना के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मोहन नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एजाज खान अपने घर की छत पर कार्य करते हुए हाईपावर विद्युत लाईन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया ।उसे तत्काल शासकीय जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस की सूचना पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम कराया व शव उसके परिजनों को सौंप दी।

# स्कूल भवन में रंग रोगन व चित्रकारी

## मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से पौने पांच करोड़ों से संवर रहे निगम क्षेत्र के स्कूल

**भिलाईनगर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब स्कूल संवरने लगे हैं। शहर के शाला भवनो का मरम्मत कार्य के साथ रंग रोगन व दीवारों पर उकेरे जा रहे है कलात्मक ज्ञानवर्धक चित्रकारी की जा रही है।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार कार्य के अन्तर्गत भवनों में टाइल्स लगाना, दीवारों में पुट्टी के बाद रंग रोगन व कलात्मक और शिक्षण गतिविधियों से जुड़े ड्राइंग बनाए जा रहे है। स्कूल भवन के खिड़की दरवाजे रिपेयर कराने के साथ ही अध्ययन कक्ष में पर्याप्त रोशनी के लिए लाईट लगाया गया है, जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ है अब वे दीवार में लिखे गये कलात्मक पेंटिंग के जरिए भी पढ़ाई कर सकेंगे। बच्चे अपने शाला भवन को नये कलेवर मे देख कर खुश हैं।




निगम आयुक्त रोहित व्यास ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अधीन स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे है। आयुक्त श्री व्यास ने भिलाई निगम के मैदानी अमले के साथ संयुक्त बैठक लेकर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के लिए सतत निगरानी करने तथा निर्माण कार्य मे लगे एजेंसी को समय सीमा में कार्य पूर्णता हो यहा सुनिश्चित करने कहा है। यह पहली बार होगा कि इतनी संख्या में विद्यालयों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। हर कार्य को लेकर संबंधित जोन के जोन आयुक्त प्रतिदिन स्कूल पहुंचकर संधारण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे है।

**ऐसे संवर रहा स्कूल भवन .**

अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में 4 करोड़ 87 लाख की लागत से 51 स्कूलों काल जीर्णोद्धार किया जाना है। इसमें अब तक 25 स्कूलों में कार्य पूर्ण कर स्कूल प्रबंधन को भवन सौपा जा चुका है। 23 स्कूलों में कार्य प्रारंभ है बारिश की वजह से शेष बचे हुए 3 स्कूलों में शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। स्कूल भवन में मरम्मत कार्य, शौचालय, सफाई, खिड़की दरवाजे का रिपेयरिंग, सभी कक्षों में पर्याप्त रोशनी के लिए लाईट, शुद्ध पेयजल, दीवारों के रंग रोगन व कलात्मक पेंटिंग करवाते हुए पूरे शाला प्रांगण को सुज्जित किया गया है। इससे स्कूलों में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों में अलग ही उत्साह है। निगम प्रशासन के अनुसार निर्धारित समय में सभी स्कूल को संधारण व रंग रोगन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

## नौकरी लगाने का दिया झांसा बेरोजगार युवक से वसूले 10 लाख



**भिलाईनगर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। बीएसपी में नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपए ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक बीएसपी कर्मी राम सिंह और उसका बेटा पर ठगी का आरोप है। थाना प्रभारी भिलाई नगर राजेश साहू ने बताया कि सेक्टर-2 निवासी फरहान ने शिकायत की है कि बीएसपी में नौकरी के नाम पर आरोपी राम सिंह और उसके पुत्र ने ठगी की है। फरहान खान की रिपोर्ट पर भिलाई नगर पुलिस के द्वारा आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ धारा 420 के तहत प्रकरण दर्ज किया। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी। बता दें बुधवार दोपहर को राजनैतिक पार्टी के बेरोजगार युवा थाना पहुंचे। एक युवक अपने हाथ में केरोसिन की केन लिया था। पुलिस के अनुसार मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। पीड़ित युवक ने थाने में नारेबाजी की। पुलिस ने जब आश्वन दिया। तब युवक शांत हुए। शाम तक पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। रात को पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

## 2 टन लोहे की सामग्री सहित 10 गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। हथखोज स्थित टेलीकॉम कंपनी में सुरक्षा गार्डो पर पथराव कर नकबजनी की घटना को अंजाम देने वाले को भिलाई 3 पुलिस के द्वारा पकड़ा गया है। जिसमें एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से 2 टन नट बोल्ट वॉशर जप्त किया गया है। जिसका बाजार मूल्य 3 लाख रुपए बताया गया है। आरोपियों ने बंद पड़ी टेलीकॉम फैक्ट्री की दीवार फांदकर कुछ सदस्य अंदर जाते थे और कुछ बाहर निगरानी करते हुये सुरथा गार्डो पर पथराव करते थे। एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट व थाना पुरानी भिलाई की संयुक्त कार्यवाही को अंजाम दिया। भिलाई-3 थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि प्रार्थी ताराचंद वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि टेलीकॉम फैक्ट्री हथखोज में नौकरी करता है। 21 जुलाई को सुरक्षा डियूटी पर फैक्ट्री के अंदर था। इस दौरान लुकमान, सागर, सुखदेव, अरबाज, इंदर, बाबू लाल एवं 10-11 साथी फैक्ट्री के अंदर घूसकर फैक्ट्री के गोदाम में रखे नट बोल्ट, वायसर को चोरी कर बोरी मे भरकर स्टोर रूम में रखे थे। जिसे ले जा रहे थे। रोक-टोक करने पर पथराव करने लगे जिससे ये लोग पीछे हट गये। रिपोर्ट पर थाना पुरानी भिलाई ने धारा 457, 380, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर विवचेना में लिया गया। एण्टी क्राईम सायबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी पुरानी भिलाई निरीक्षक मनीष शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा नामजद आरोपियों की पतासाजी कर घेराबंदी कर उन्हे पकड़ा गया एवं जिनसे विस्तृत पूछताछ कर उनके अन्य साथियों सूरज, सूर्या, दीपक, ऋषि, किरण, सन्नी, अमन, लोकेष, राहुल एवं विधि के विरूद्ध 1 संघर्षरत् बालक को पकड़ा गया। आरोपियों से चोरी गई मशरुका जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक शमित मिश्रा, प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र मंढरिया, आरक्षक अरविंद मिश्रा, रिंकू सोनी, डी.प्रकाश, राकेश चौधरी, नितिन सिंह, भावेश पटेल, अमित दूबे, गुणित निर्मलकर, सहायक उपनिरीक्षक गोरखनाथ चौधरी, यशवंत श्रीवास्तव, नागेन्द्र बंछोर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## विधायक निकालेंगे 75 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा

**भिलाईनगर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। विधायक देवेंद्र यादव शहर वासियों के साथ मिल कर आजादी के 76 वर्ष पर 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकालेंगे। आजादी दिलाने वाले वीर शहीदों की याद में तिरंगा यात्रा निकालेंगे। और इस यात्रा में नेन्हे मुन्ने महात्मा गांधी, भारत माता, सुभाष चंद्र बोष आदि महापुरूषों का रूप धरे बच्चे भी इस यात्रा में शामिल होंगे। हर साल की तरह इस साल भी विधायक देवेंद्र यादव तिरंगा यात्रा 12, 13 और 14 अगस्त को निकाली जाएगी। शहर के सभी वार्ड और गलियों से होकर यात्रा निकलने। देश की आजादी के 76 वां साल होने पर देश को आजादी दिलाने वीर शहीदों की याद में विधायक देवेंद्र यादव विधानसभा क्षेत्र में 76 किलोमीटर की आजादी की तिरंगा यात्रा करेंगे। साहस बलिदान शांति सत्यता पवित्रता वैभव संपन्नता इन तीनों रंगों से मिलकर बनता है हमारा तिरंगा। तिरंगे की आन बान और शान को बनाए रखते हुए भिलाई के हर गली मोहल्ले से गुजरेगी 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा। क्योंकि भारत के ह्रदय में बसता है भिलाई और भिलाई के दिल में बसता है तिरंगा। देवेंद्र यादव विधायक भिलाई ने जिसमें पूरे शहर वासी आमंत्रित किया गया हैं।



## रौनियार वैश्य समाज कराएगा सामूहिक विवाह



भिलाईनगर, 3 अगस्त (देशबन्धु)। रौनियार वैश्य समाज भिलाई की बैठक में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण गुप्ता व गड़वा झारखंड के अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता रौनियार समाज के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी, अंबिकापुर से गणपत गुप्ता, संजय प्रसाद, रायपुर से विजय गुप्ता विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में समाज के उत्थान के लिए कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान समाज के विवाह योग्य जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन पर भी सहमति बनी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने कहा कि किसी भी समाज को उन्नत बनाने के लिए एकजुटता बेहद जरूरी है। समाज के लोगों को चाहिए कि सुख दुख में शामिल हों और जिन्हे मदद की जरूरत है उनकी खुले दिल से मदद की जाए। श्रवण गुप्ता ने समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की आर्थिक सहायता से लेकर सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन का मुद्दा उठाया। बैठक के दौरान समाज के बच्चों की पढ़ाई व चिकित्सा पर विशेष चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को पढ़ाई व चिकित्सा संबंधी जरूरतों के लिए आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। इसके लिए समाज की अग्रणी पंक्ती के लोगों को आगे आने की जरूरत है। बैठक में जल्द ही छत्तीसगढ़ में प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव किया जायेगा। समाज के पूर्व अध्यक्ष राज किशोर गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये। समाज से आईपीएस बने उमेश प्रसाद गुप्ता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजकुमार प्रसाद, एन के गुप्ता, गुजेश्वर प्रसाद, राजकिशारे गुप्ता, जगशिव प्रसाद, विरेन्द्र कुमार गुप्ता, सियाराम प्रसाद गुप्ता, विरेन्द्र कुमार साह, विवेक कुमार गुप्ता, दीनेश प्रसाद गुप्ता, रमेश गुप्ता, रवीन्द्र साह आदि मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन राजकुमार प्रसाद ने किया।

## सिटी चेम्बर को पदाधिकारी मिलेअधिशासी निदेशक से



**भिलाईनगर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। संयंत्र के अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन पवन कुमार से स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के 13 सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। बैठक में लाइसेंस से लीज में परिवर्तित दुकानों के लीज पंजीयन पिछले 12 वर्षों से लीज पंजीयन की जटिल प्रक्रिया के निराकरण, बाजार क्षेत्र की साफ सफाई, वन टाइम पैनल सिस्टम लागू करने सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापारियों ने अपना पक्ष रखा। अधिशासी निदेशक ने सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया उन्होंने बताया कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को हम सब मिलकर व्यवस्थित करें। पवन कुमार ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द संयंत्र के अधिकारियों एवं स्टील सिटी चेंबर के पदाधिकारियों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे और समस्याओं के त्वरित निदान की दिशा में आवश्यक कार्य करेंग। प्रतिनिधि मंडल में ज्ञानचंद जैन, दिनेश सिंघल, राम कुमार गुप्ता, सुरेश रतनानी, ज्ञानचंद बाकलीवाल, पी एल पाठे, शिखर चंद जैन, विजय भितें, पी रवि नारायण, अजय कनौजिया, प्रदीप बाकलीवाल, शेखर संगेवार सम्मिलित थे। संयंत्र के अधिकारियों से आग्रह किया कि टाउनशिप के बाजार को नया स्वरूप दिए जाने की दिशा में पहल किया जाना चाहिए। संयंत्र के अधिकारियों ने भी इस दिशा में आवश्यक सहयोग व दिशा निर्देश विभागीय अधिकारियों को देने की बात कही है।

## प्रगतिशील लेखक संघ ने मनाई प्रेमचंद जयंती



**भिलाईनगर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में आमदी नगर में कथा मुंशी प्रेमचंद की जयंती की अध्यक्षता कथाकार लोकबाबू ने की। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार रवि श्रीवास्तव, गुलवीर सिंह भाटिया, डा. नलिनी श्रीवास्तव, प्रांतीय प्रलेसं महासचिव परमेश्वर वैष्णव, प्रांतीय इप्टा अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी, डॉ.कोमल सिंह शारवा, पूर्व आयकर आयुक्त दीपक मारू, शाला समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार रुद्रा, उपाध्यक्ष आर सी बागची, महासचिव आरडी साहू, प्राचार्या माधुरी कलस्कर उपस्थित थे। लोकबाबू ने कहा कि आजादी के आंदोलन के साथ हिंदी के विकास और साहित्य की समृद्धि का प्रयास हो रहा था, प्रेमचंद ने विपुल और सार्थक साहित्य रचकर सबसे बड़ा योगदान दिया। रवि श्रीवास्तव ने कहा प्रेमचंद की रचनाएं बड़ों के साथ बच्चों को भी आदर्श का पाठ पढ़ाती हैं। एक आदर्श मनुष्य बनने प्रेमचंद को पढ़ना बहुत जरूरी है। आयोजकीय वक्तव्य में परमेश्वर वैष्णव ने कहा कि नई पीढ़ी में साहित्यिक रुझान बढ़ाने व प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा पूरे प्रदेश में अपनी हर जिला प्रलेसं इकाई में प्रेमचंद जयंती स्कूल में विद्यार्थियों के बीच मनाई जा रही है। जन भाषा में जनप्रिय साहित्य लिखा। माधुरी कलस्कर ने बच्चों में साहित्य के संस्कार डालने प्रलेसं की सराहना की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विद्यार्थियों ने प्रेमचंद पर केंद्रित प्रभावी प्रस्तुति दी। प्रेमचंद की जीवनी का पाठ छात्रा मुस्कान रत्नाकर और नमक का दरोगा का मोहक सारांश कक्षा 8वीं की छात्रा सानिया रत्नाकर ने मुखाग्र सुनाया। प्रेमचंद के उपन्यास गोदान के पात्र होरी और धनिया के बीच हुए संवाद की साभिनय प्रस्तुति अमृता गोस्वामी, वर्णिका बंजारे और दो बैलों की कहानी व पूस की रात कहानियों के सारांश का पाठ क्रमश: मुस्कान और खुशबू रत्नाकर ने किया। कहानी बड़े भाई साहब का प्रभावी नाट्य मंचन कुलदीप देवधर, कार्तिक बड़े भाई साहब, मनीष, जागृति शिवम, सौरभ, रितिक ने किया। इस अवसर पर प्रेमचंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन विद्यार्थियों के बीच किया गया। जिसमें विजेता सानिया, सुमिति, हर्षित, शुभम, मुस्कान, के.साहित्या, प्रियंका, विकास, अमृता विद्यार्थियों को गुलवीर सिंह भाटिया द्वारा भेंट की गई कहानियों की किताबें बतौर पुरस्कार प्राचार्या माधुरी कलस्कर एऔर उपप्राचार्य मंजू सायगल द्वारा प्रदान की गई ।प्रलेसं द्वारा विद्यालय में गठित प्रेमचंद अध्ययन मंच को श्री मारु के सहयोग से दो हजार रुपये की प्रेमचंद की पुस्तकें भेंट की गई। लोकबाबू ने अपना उपन्यास बस्तर बस्तर भेंट तथा साहित्यकार डॉ.नलिनी श्रीवास्तव ने अपनी कथा संग्रह भेंट किए। प्रलेंस की नई सदस्य प्रियंका यादव, तृप्ति नायर, तृष्णा नायर द्वारा काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के साहित्य सत्र का संचालन प्रलेसं के सचिव विमल शंकर झा ने तथा सांस्कृतिक सत्र का संचालन शिक्षिका गायत्री पात्रा ने किया और आभार प्रदर्शन माधुरी कलस्कर, डां. शार्वा ने किया। कार्यक्रम में योगेंद्र शर्मा, शिव मंगल सिंह, मंजू सायगल, गायत्री पात्रा, सुरेखा सोलंकी, शिखा बनर्जी, अम्बिका साहू, चन्द्राणी,रूपा रेणु,अपर्णा गावंड उपस्थित थे।

## होटल बुकिंग के नाम पर ठगी की थाने में शिकायत

**भिलाईनगर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई नगर कोतवाली पुलिस ने बताया कि तालपुरी ए ब्लाक निवासी कोहली ने रिपोर्ट में उल्लेख किया कि 11 जुलाई को बह इंटरनेट से दमन में होटल बुक करने के लिये सर्च कर रहा थी। उसे इंटरनेट से होटल सिल्वर सैंड बिच रिसोर्ट दमन का विज्ञापन मिला। जिसमें मोबाईल नंबर से संपर्क करने पर कुलदीप नाम के व्यक्ति से बात हुई। कुलदीप ने कहा कि होटल बुकिंग के लिए रजिस्टेशन करना पडेगा । उसके द्वारा व्हाटसअप पर एकाउंट डिटेल दिया। तब श्री कोहली द्वारा उक्त खाता जिसका नाम सिल्वर सैंडस् मिस लिखा था। जिसमें उनकी बहु ने 11 जुलाई को होटल बुकिंग करने हेतू पहले 2000 रुपये फिर 19241 रू अपने बैंक खाता जो कि शाखा परेल मुंबई से पैसा ट्रांसफर किया गया । जिसके कंफर्म करने हेतू मोबाईल नंबर पर कुलदीप से बात करने पर उसके द्वारा पैसा नही आया है कहा गया एवं झांसे में लेकर फिर से 19241 रू बुकिंग हेतू ट्रांसफर करने कहने पर ट्रांसफर किया गया फिर से फोन कर कंफर्म किया गया तो एमाउंट नही आया है कहकर 38482 रू एवं पृथक से 100 रुपये का ट्रांसफर धोखे से करया गया। इस दौरान धोखाधडी होने की भनक लगने पर पृथक से बहु द्वारा होटल सिल्वर सैंड बिच रिसोर्ट दमन का नंबर लेकर रूपये ट्रांसफर करने के संबंध में जानकारी लेने पर कोई रकम ट्रांसफर नही होना बताया। आरोपी मोबाईल नंबर के धारक द्वारा साक्षी को अपने बातों में फसाकर झांसा देकर होटल बुकिंग के नाम पर खाता सिल्वर सैंडस मिस में कुल 79064 रू ट्रासंफर कराकर धोखाधडी किया है। इस प्रकार से ससुर एवं बहू से आरोपी द्वारा करीबन 117496 की ठगी की गई। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कोतवाली पुलिस के अनुसार इस मामले में जांच शुरु कर दी गई है। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## हरियर छत्तीसगढ़, निगम कर रहा वृक्षारोपण



**भिलाईनगर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। निगम भिलाई द्वारा हरियर छत्तीसगढ़ के लिए शहर की सुंदरता को बढ़ाने राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनो ओर थिमेटिक क्रम में वृक्षारोपण किया जा रहा है। शहर के सावर्जनिक स्थानों को सुंदर बनाने रंगबिरंगे फूल के पौधे रोपित किये जा रहे है और अब तक 5880 वृक्षो का रोपण किया जा चुका है। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास द्वारा डी मार्ट के पास स्थित गौठान में हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत 9 जुलाई को सघन वृक्षारोपण की शुरूवात करते हुए निगम के पॉच जोन में जोन अध्यक्ष, महापौर परिषद के सदस्य, पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सैंकड़ो की संख्या में पौधा रोपण किया था। जिलाधीश पुष्पेन्द्र मीणा के द्वारा जिला स्तर पर वृक्षारोपण करने विभागों को दिए निर्देश के तारतम्य में आयुक्त श्री व्यास ने निगम के अधिकारियों को सघन वृक्षारोपण के साथ जी.ई.रोड के दोनो ओर गुलमोहर पौधे एवं वृक्ष लगाये। आयुक्त श्री व्यास ने 77 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट से डबरा पारा तक तथा शहर के मुख्य मार्ग से जुड़े अन्य मार्ग, शासकीय कार्यालय भवन, स्कूल, खेल मैदान, आंगनबाड़ी केन्द, अस्पताल, पुलिस थाना, तालाब के चारो तरफ बाजार क्षेत्र, उद्यान, रिक्त शासकीय भूमि में सघन वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये है। निगम द्वारा विभिन्न प्रजाति के 5880 वृक्षो का रोपण अब तक किया जा चुका है। एक अगस्त को पॉचो जोन के विभिन्न क्षेत्रों में 834 वृक्ष लगाए है। आम नागरिकों को वृक्षारोपण से जोड़ने के लिए निगम के नर्सरी कुसुम कानन नेहरू नगर से कचनारए अमलताश, पेल्ट्राफार्म एवं फ्लदार वृक्ष का वितरण किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने शहर के नागरिको, संस्थान, समाज सेवी से अपील किये है, कि पर्यावरण के संरक्षण हेतु सघन वृक्षारोपण अभियान हरियर में भाग लेकर वृक्ष लगाये और पर्यावरण को शुद्व करें।

## 29 वर्षों तक सेवा देने के बाद साहू हुए सेवानिवृत्त

**भिलाईनगर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)।29 वर्षों तक लगातार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीतराई में नान मेडिकल अस्सिटेंट कुष्ठ कार्यकर्ता के पद पर सेवाएं प्रदान करने वाले टी आर साहू को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा के मुख्य अतिथि ओर अध्यक्षता बी ई टी ओ बी एल वर्मा के एंव श्रीमती चंद्र कांता साहू एंव विशेष रूप से सैय्यद असलम की उपस्थिति में विदाइ दी गई। मुख्य अतिथि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि इतने लंबे समय तक एक ही स्थान पर सेवाएं प्रदान करना संबंधित कर्मचारी के आदंश व्यवहार और कुशल कार्य करने की शैली की अनूठी मिसाल है। कुष्ठ कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना एंव अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में भागीदारी निभाएं है। लगातार 29 वर्षा तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीतराई में पदस्थ रहे।बी एल वर्मा ओर विशेष अतिथि सैय्यद असलम श्रीमती चंद्र कांता साहू ने कहा कि कुष्ठ रोगी की पहचान, दवा सेवन करने में टी आर साहू की भूमिका रही है।



## नगर में देवकीनंद का प्रवचन 27 अक्टूबर से



**भिलाईनगर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। दिव्य ज्योति सेवा समिति द्वारा आगामी 27 अक्टूबर से लेकर 2 नवंबर तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन दिव्य ज्योति सेवा समिति द्वारा जयंती स्टेडियम सिविक में किया जायेगा। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष प्रकाश देवांगन ने दी। श्री देवांगन एवं मदन सेन एवं संजय खंडेलवाल ने बताया कि इस कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवकीनंद ठाकुर वृन्दावन आयेगे। संस्था समिति के अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा भोजू, सुरेंद्र कुशवाहा, पवन चौधरी, जेपी कुमार सुराणा, पीत गंधर्व, मदन सेन और नीरा गिरि समिति में शामिल है। कथा में 50 हजार से ज्यादा लोगों के बैठने के लिए डोमशेड का बनाया जायेगा है। कथा प्रतिदिन 1 से शाम 4 बजे के तक होगी। यहां पर बाहर से आयें श्रद्धालओं के रहने और खाने की व्यवस्था के साथ व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। इस दौरान भंडारा का भी आयोजन हुआ। शौचालय के अलावा चिकित्सा की भी व्यवस्था क जायेगी।। कार्यक्रम के एक दिन पहले 26 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे गणेश मंदिर सेक्टर 5 से कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें मातृशक्तियाँ मूर्ति या लाल धारण धारण द्वारा इस कलश यात्रा में शामिल है। श्री देवांगन ने बताया कि इस भिलाई में आम जनमानस को मिनी भारत का स्वरूप देखने को मिलेगा। समिति के लोगों ने बताया कि कथा सुनने आने वालों के लिये पार्किंग की व्यवस्था सेक्टर-2 भिलाई विद्यालय सेक्टर-7 स्कूल, भिलाई निवास (भिलाई होटल) के पास मैदान में की जायेगी। जिसे लेकर स्थानीय प्रशासन से चर्चा की जा रही है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में चलने वाला वजन त्यौहार अपरिहार्य कारण से स्थगित

**बेमेतरा,** 3 अगस्त। आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। वजन त्यौहार बीते मंगलवार 01 अगस्त से आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू हो रहा था। जो 13 अगस्त 2023 तक चलने वाला था। इस वजन त्यौहार में 0 से 06 वर्ष के बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाना था।

# शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का बोलबाला : गोपी



**डोंगरगढ़,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन राजनांदगांव के जिलाअध्यक्ष गोपी वर्मा ने शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे के द्वारा प्रदेश में पदोन्नति में हुए संशोधन में भारी भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद जांच में तथ्यात्मक और प्रमाणित जानकारी प्राप्त होने के बाद प्रदेश के 4 संभागों के संयुक्त संचालकों को एक तरफा निलंबन का कार्य शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया है जिसका छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई ने स्वागत करते हुए शासन प्रशासन के इस कार्यवाही समर्थन किया है।

छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा जिला सचिव जीवन वर्मा जिला कोषाध्यक्ष हंस कुमार मेश्राम जिला प्रवक्ता मनोज वर्मा जिला मिडिया प्रभारी देवेंद्र साहू ने बताया कि महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ-2-96/ 2022/20-दो नवा रायपुर दिनांक 29/03/2023 के तहत प्रदेश के समस्त संभागीय कार्यालय को पत्र लिखकर काउंसलिंग के माध्यम से पदोन्नति को लेकर दिशा निर्देश जारी किया गया था। उक्त दिशा निर्देश में 6 बिंदुओं पर जारी आदेश को अक्षरशः पालन करने के साथ-साथ कहा गया था गलती पाई गई तो जिम्मेदारी संभागीय कार्यालय की होगी।उक्त निर्देश में शिक्षक विहीन, एक शिक्षकीय,दो शिक्षकीय या अत्याधिक छात्र संख्या वाले स्कूलो में शिक्षकों की पदोन्नति करने का आदेश किया गया था। जिसके तहत संयुक्त कार्यालय दुर्ग के द्वारा विकास खंड शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारियों से ऐसे रिक्त पदों की जानकारी पारदर्शिता के साथ मांगी गई थी। जिला शिक्षा कार्यालय में कार्यरत अधिकारीव कर्मचारियों पर जमकर आरोप लगे।राजनांदगांव में भी नियमो को ताक में रखकर भ्रष्टाचारी करते हुए कई शिक्षकों को जुलाई 2023 तक की स्थिति पर निरंतर संशोधन करने का कार्य जारी है यहां पर भी अंतर ब्लॉक अंतर जिला स्थानांतरण से आए हुए शिक्षकों का संशोधन करते हुए उनका गलत तरीका पदांकन किया गया है यहां पर भी जांच किया जाना जरूरी हो गया है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव शैलेंद्र यादव जी प्रांतीय सह सचिव राकेश तिवारी राकेश तिवारी जी जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका यादव बृजेश वर्मा महेश ठाकुर ईश्वर लाल मण्डावी ब्लाक अध्यक्ष गिरीश हिरवानी डोंगरगांव दिनेश कुरैटी छुरिया मनीष पसीने डोंगरगढ़ अनिल शर्मा राजनांदगांव भारती साहू जिला महासचिव संदीप साहू रतिराम साहू जिला महामंत्री राजेश साहू महेश उईके विद्यानंद डोंगरे संतोष टेमरे प्रदीप वर्मा आदित्य तिवारी सुरेंद्र कुमार सान्डे फ्लेश साहू पंचशिला सहारे राजकुमारी जैन नीरज डोंगरेकिसन देशमुख मनीष सोनी दानेश्वर लिल्हारे सुकालू वर्मा चुम्मन देवांगन राजेश राजपूत लक्ष्मी नारायण सिंह रामा रामा ने उच्च प्रशासन से जांच की मांग किया है।

# उद्यानिकी फसलों में मौसम आधारित फसल बीमा कराने की अवधि 16 तक



**बेमेतरा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों में मौसम आधारित फसल बीमा कराने हेतु खरीफ मौसम में 16 अगस्त 2023 तक का समय तय किया गया है। उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे किसानों को अधिसूचित क्षेत्र आधार पर तापमान (कम, अधिक), वर्षा (कम, अधिक बेमौसम वर्षा), वायु गति, कीट एवं व्याधि प्रकोप के अनुकूल मौसम तथा स्थानीय आपदा एवं फसल विशेष के आधार पर ओलावृष्टि खरीफ मौसम हेतु अधिसूचित फसलें मिर्च, केला एवं पपीता, चक्रवाती हवाएं खरीफ मौसम हेतु अधिसूचित फसलें केला एवं पपीता को होने वाले नुकसान से बचाने के लिये पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। खरीफ वर्ष 2023 में जिले के अंतर्गत बीमा कराने वाले कृषकों को अधिसूचित फसल के अनुसार निर्धारित कुल बीमित राशि का अधिकतम 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक प्रीमियम जो भी कम हो राशि कृषक अंश के रूप में ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के कृषकों को जमा करना होंगा। अऋणी कृषक फसल लगाने का स्व घोषित प्रमाण पत्र, नक्शा खसरा, आधार कार्ड, अपने बैंक पासबुक की छायाप्रति जिसमें आईएफएससी कोड इत्यादि का उल्लेख हो जमा कर बीमा करा सकते है। योजना के अंतर्गत ऋणी कृषकों के लिये विकल्प चयन के आधार पर क्रियान्वित होगी। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृति व नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जावेगा। इस मामले में किसी भी प्रकार की त्रुटि संबंधित बैंक किसानों के स्वीकार दावों के भुगतान के लिये उत्तरदायी होगा।

बीमा के दायरे में आयेंगी ये फसलें - टमाटर, बैगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता और अमरूद की फसलें खरीफ मौसम हेतु फसल बीमा के लिये अधिग्रहित की गई है।

बीमा कराने हेतु अधिकृत संस्थाऐं हैं - च्वाइस सेंटर, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि, लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति तथा विकासखण्ड में स्थापित शासकीय उद्यान रोपणी क्रमशः शासकीय उद्यान रोपणी, पड़कीडीह बेमेतरा (मोबा. नं. 78282-81733), शासकीय उद्यान रोपणी मोहगांव साजा (मोबा. नं. 98935-02037) शासकीय उद्यान रोपणी नेवनारा बेरला (मोबा. नं. 94242-14107) शासकीय उद्यान रोपणी, झिलगा, नवागढ़ (मो. नं. 78287-24673) से भी संपर्क किया जा सकता है।

## थाना चंदनू व नवागढ़ पुलिस की कार्रवाई

**बेमेतरा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत दिनांक 02.08.2023 को थाना चंदनू एवं नवागढ में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले का कुल 03 प्रकरणों में 03 आरोपियों के विरूद्ध धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। धन्नू साहू उम्र 26 साल निवासी नरी थाना चंदनू जिला बेमेतरा। शिवकुमार यादव उम्र 55 साल निवासी नादल थाना नवागढ जिला बेमेतरा। शकिल मोहम्मद उम्र 19 साल निवासी नवागढ थाना नवागढ जिला बेमेतरा।

## कांग्रेसियों का भाजपा प्रवेश कहना गलत है : गुलशन



**खैरागढ़,** 3 अगस्त। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने उदयपुर क्षेत्र में कांग्रेसियों के भाजपा प्रवेश किये जाने की बात को गलत बताया है. उन्होंने बताया कि उदयपुर बूथ क्र.173 व 174 में 30 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण किया गया था जिसमें खैरागढ़ विधानसभा से भाजपाई शामिल हुये थे. कार्यक्रम समाप्त होने पश्चात मीडिया के माध्यम से पता चला कि उदयपुर क्षेत्र के 125 युवाओं ने भाजपा का दामन थामा है यह बात सरासर गलत है। कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात फोटो और वीडियो में जो व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं। सभी पहले से ही भाजपाई हैं जिनको गमछा भेट किया गया है। श्री तिवारी ने कहा कि क्या भाजपाईयों को गमछा भेंट कर देने से भाजपाई कांग्रेसी बनकर वापस भाजपा में शमिल हो जाते हैं। यह सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक षडयंत्र है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की योजनाओं से युवा प्रभावित हैं। जिसका साफ उदाहरण पिछले वर्ष संपन्न हुये युवा कांग्रेस चुनाव में देखा जा चुका है। जिसमें विधनसभा से 17000 से भी अधिक युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है साथ ही बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो के माध्यम से भी लगभग 1500 से अधिक युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बनाये गये हैं। कांग्रेस हमेशा तथ्यों के आधार पर बात करती है, युवा कांग्रेस के साथी लगातार प्रत्येक बूथ में जाकर कार्यकर्ता जोड़ रहे हैं जिसका प्रमाण भी है। गुलशन तिवारी ने भाजपा के नेताओं को चुनौती देते हुये कहा कि उदयपुर क्षेत्र में अगर 125 युवा साथी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुये हैं तो उनके नामों को सार्वजनिक करें जिससे सभी को पता चले कि कौन से युवा कांग्रेस के साथी भाजपा में शामिल हुये हैं.

# 7 व 8 को शासकीय कर्मचारियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कलेक्टोरेट में लगेगा विशेष शिविर

### कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए थे निर्देश

**बेमेतरा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत लक्षित व्यक्तियों के कार्ड बनाए जाने के लिए समय-समय और विशेष अवसरों कार्यक्रम आदि में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों के माध्यम से जिले भर में बड़ी संख्या में हितग्राहियों के आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बनाए जाते है। यह कार्य निरंतर जारी है। कॉमन सर्विस सेंटर में भी प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड बनाये जाते है।

कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा ने विगत दिवस समय-सीमा की बैठक में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए थे ताकि शासकीय अधिकारी-कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड व आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) कार्ड बन सके।

कलेक्टर के निर्देश पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में दो दिवसीय विशेष शिविर लगेगा। यह विशेष शिविर इसी महीने की 7 और 8 तारीख को प्रातः 10.30 से सायंकाल 5 बजे तक आयोजित होगा। विभागीय अधिकारियों ने आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए राशन कार्ड और आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ छायाप्रति लाने का अनुरोध किया है। इसके बिना आयुष्मान कार्ड नहीं बनेगा। आभा कार्ड के जरिए स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एक क्लिक पर मिल जाएगी, हर उम्र के लोगों की स्वास्थ्य संबंधी डाटाबेस ऑनलाइन स्टडी करने के लिए आभा एक डिजिटल कार्ड के रूप में काम करेगा, यह आधार कार्ड की तरह है जो लोगों के स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों को ऑनलाइन सुरक्षित रखता है। आपको भी अस्पताल में लंबी लाइन में लगना पड़ता है। आप भी अपनी बीमारी से जुड़े पुराने कागजात संभालते-संभालते परेशान हो गए हैं। अगर आप इन सब परेशानियों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो आपको अपना आभा कार्ड (क्क्र्र ष्ट्रक्रष्ठ) बनवा लेना चाहिए। जान लें कि आभा कार्ड को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (क्क्षष्ठरू) के तहत लॉन्च किया गया है, आभा कार्ड बनवाने पर आपको 14 अंकों का नंबर मिलता है, जैसे आधार कार्ड में नंबर मिलता है, ये वैसा ही होता है। आभा कार्ड के 14 अंकों के नंबर में आपकी हेल्थ से जुड़ा सारा डेटा हता है।

# ऑपरेशन ईगल अभियान के तहत स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**बेमेतरा,** 3 अगस्त। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मानेज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना बेमेतरा सिटी कोतवाली पुलिस स्टाफ के द्वारा माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्र. 658/2021 अपराध क्रमांक 217/2020 धारा 294, 325, 306, 323, भादवि में फरार चल रहे स्थाई वारंटी मोहिन सेन उर्फ आदित्य उर्फ मोंटू पिता सखाराम सेन, उम्र 19 वर्ष निवासी कोंडल, थाना तेंदूखेड़ा, जिला दमोह, मध्य प्रदेश, हाल कुसमी थाना बेमेतरा, जिला बेमेतरा को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को आज दिनांक 03.08.2023 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा,प्रधान आरक्षक देवनारायण तिवारी, छत्रपाल लहरिया, आर. मुकेश माहिरे, लव कुमार यादव एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।

## निधन

### रंजीत कुमार चौधरी



**भिलाईनगर,** 3 अगस्त। हरिनगर निवासी रंजीत कुमार चौधरी का आज 3 अगस्त को निधन हो गया। वे विकास चौधरी चरोदा वाले के बड़े भाई थे। विकास चौधरी में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष थे। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में किया गया।

### पारसमल लोढ़ा



**महासमुंद,** 3 अगस्त । रायपुर टैगोर नगर डी अमृतमय निवासी पारस मल लोढ़ा 56 वर्ष का 2 अगस्त को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 3 अगस्त को मरवाड़ी मुक्तिधाम रायपुर में किया गया। वे दीपक, श्रेयांश लोढ़ा के पिता व जसराज लोढ़ा,अलसीचंद, गौतमचंद लोढ़ा के भाई थे।

### हीरालाल बोथरा



**दुर्ग,** 3 अगस्त। गवली पारा निवासी हीरालाल बोथरा (85) का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे वरिष्ठ भाजपा नेता, व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक कांतिलाल बोथरा के बड़े पिताजी, संदीप बोथरा के पिताजी थे। वे बेटे बेटियों, पोते, पोतियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गये है। आज अंतिम संस्कार में जैन समाज के साथ ही भाजपा नेतागण तथा आम नागरिक एवं व्यवसाईगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# एससी सेल अध्यक्ष बंजारे ने किया कार्यकारिणी का विस्तार



**गंडई पंडरिया,** 3 अगस्त। अनुसूचित जातिब्लॉक गंडई प्रकोष्ट का गठन बीते दिवस नगर के विश्राम गृह में किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष ताराचंद बंजारे ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जहां पवन बघेल, राजेश चतुर्वेदी, अरुण जोशी, तुलसी रात्रे, बिसेलाल मारकंडे, महंगू कोशरिया, सुखदास डहरिया को उपाध्यक्ष बनाया गया। कीर्तन चतुर्वेदी, सुरेंद्र कुर्रे को सचिव का पद दिया गया है। वही कन्हैया कुर्रे, उबारन मांडले, किरण धृतलहरे, चुरावन टंडन, अशोक बंजारे, हेमलाल देशलहरे को महामंत्री बनाया गया है। शिव महिलांगे, सुरेश बंजारे, मोहन चिल्ली,/ननकी चतुर्वेदी को संयुक्त महासचिव मनोनित किया गया। कोषाध्यक्ष चंद्रकांत टंडन, कार्यकारणी सदस्य उमेश बांधे, समुंद दास खांडे, अंजोर धृतलहरे, सूरज जांगड़े, नरेश देशलहरे, संतलाल जांगड़े, महेश चतुर्वेदी, कमला टंडन को बनाया गया। वहीं मीडिया प्रभारी का दायित्व सुखनंदन चतुर्वेदी को दिया गया। समाज के पदाधिकारियों ने उक्त बैठक में आगामी 11 अगस्त को मिनी माता जी की पुण्य तिथि मनाये जाने पर चर्चा किया गया।

## अधेड़ ने अपने ही घर में लगाई फांसी

**गंडई पंडरिया,** 3 अगस्त। नगर से चार किलो मीटर दूर ग्राम ढाबा के एक अधेड़ व्यक्ति ने अपने ही घर में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। घटना का कारण अज्ञात है। गंडई पुलिस के अनुसार ग्राम ढाबा शिव कुमार वर्मा पिता स्व. चमरू राम वर्मा उम्र 45 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात बताई जा रही है। पुलिस को गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे जानकारी होने पर घटना स्थल पहुंचा कर पंचनामा बनाकर शव को फंदे से उतारा गया। पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कृषि मजदूरी का कार्य करता था। उसकी पत्नी की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। उसकी एक बेटी है जो की गांव के ही स्कुल में कक्षा 9वी में पढ़ाई करती है।

# मुख्यमंत्री आगमन की तैयारी शुरू, विधायक बघेल ने बैठक लेकर दिए सुझाव



**डोंगरगढ़,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल जी का जन्म स्थली ग्राम सेम्हरा दैहान में मुर्ति अनावरण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल आगमन 10 अगस्त को हो रहा है तथा मंच स्थल डुमरडीह में होने जा रहे उस कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने विधायक एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण माननीय भुनेश्वर बघेल ने डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर सभी आमजनता, किसान साथी महिलाएं, कांग्रेस कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम स्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने बैठक हुई और 7 अगस्त को पुनः बैठक करने की बात हुई जिसमें बुथ के कार्यकर्ता,बुथ अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी, सभी प्रकोष्ठ के ब्लाक अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक होगी जिसमें उपस्थित थे डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, मंडी सदस्य फिरंगी पटेल, जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री नेतराम साहू, कमलेश वर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहेल खान, ब्लॉक महामंत्री राजू सिंह राजपूत, महिला ब्लॉक अध्यक्ष लता साहू, सरपंच मनीषा नेताम, छतरी वर्मा ,पूर्व जनपद सदस्य पंचकला मेश्राम, राजू वर्मा, फत्तू वर्मा, श्यामसाय टांडेकर, योधन दास साहू, दिनेतू प्रकाश जांगड़े ,आरती वर्मा, मूलचंद साहू, गौतम वर्मा, सतानंद कंवर, दिपेंद्र टाडेकर,धिरन चेलक, कीर्तन कंवर, हरक पटेल, राजेंद्र मंडावी, मूलचंद साहू, टुमेश नेताम, कमलेश (पिंटू )वर्मा, पोमेश वर्मा, रघुवीर साहू एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान साथी उपस्थित थे ।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सावन की पहली झड़ी...

दुर्ग में 454.8 मिमी, तहसील धमधा में 486.4 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 492.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 505.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 3 अगस्त को तहसील दुर्ग में 32.2 मिमी, तहसील धमधा में 63.1 मिमी, तहसील पाटन में 55.0 मिमी, तहसील बोरी में 15.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 42.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 60.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। आज वर्षा से हमेशा की तरह बाजार पूरी तरह प्रभावित रहें। शाम होते तक फिर ग्राहकी शुरू हो गई और बाजार गुलजार रहें।

### शहीद वीरनारायण सिंह के प्रतिमा ...

वीरनारायण सिंह की प्रतिमा निर्माण के लिये 20 लाख रूपये देने की घोषणा की थी। प्रतिमा निर्माण के लिये नगर निगम दुर्ग एजेंसी थी मगर प्रतिमा निर्माण स्थल चयन व अनावरण समारोह के लिये केन्द्रीय गोंड महासभा को विश्वास में नहीं लिया गया। इससे महासभा के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों में भारी नाराजगी है।

श्री ठाकुर ने बताया कि केन्द्रीय गोंड महासभा द्वारा 20 सितंबर 20 को शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर प्रतिमा स्थापना के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 20 लाख रूपये की घोषणा की थी। इस पर महासभा द्वारा प्रतिमा स्थापना के लिये मालवीय नगर चौक, राजेन्द्र पार्क चौक व गंजपारा चौक में से किसी एक स्थान पर प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव देते हुए नगर निगम को निर्माण एजेंसी बनाया था। श्री ठाकुर ने बताया कि नगर निगम द्वारा केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के पदाधिकारियों को बगैर विश्वास में लिये उक्त तीनों चिन्हांकित स्थानों से हटकर अपनी मनमर्जी से नया बस स्टैंड के पास एक कोने में प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इससे गोंड समाज की भावनाओं को गहरा आघात लगा है।

### महापौर परिषद से ...

के पिछे वाले रोड को 14वें वित्त आयोग की स्वीकृत राशि से सी.सी. रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्राकर, केशव चैबे, संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, श्रीमती मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, मीरा बंजारे उपस्थित थे।

# गुरुर नगर में निकाली गई मतदान जागरूक रैली




**गुरुर,** 3 अगस्त। सामुदायिक भवन से अंबेडकर चौक, से धनेली चौक, होते हुए पूरे नगर में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है आगामी विधानसभा निर्वाचन से सभी मतदाताओं द्वारा शत-प्रतिशत मतदान कर उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के साथ मतदाता जागरूक स्वीप कार्यक्रम चलाया गया। इस आयोजन में गुरुर एस डी गंगाधर वाहिले ने लोगों को अपने मताधिकार के बारे में जागरूक किया और जो नए मतदाता है उन्हें उनके अधिकार के बारे में बताया और कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिकों को उनके मताधिकार के महत्व की जानकारी एवं अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का संदेश दिया, इस कार्यक्रम में एसडीएम वाहिले के साथ-साथ गुरुर थाना टीआई भानू प्रताप, नगर पंचायत सीएमओ हितेंद्र यादव, नर्मदा कोठारी ,नविन कॉलेज शिक्षक गण ,छात्र-छात्राओं आदि इस रैली में सम्मिलित हुए ।

## अनिल सिहोरे बने नगर सिन्हा समाज अध्यक्ष लोगों ने दी बधाई



**देवकर,** 3 अगस्त। देवकर नगर सिन्हा समाज के अध्यक्ष पद पर मनोनीत अध्यक्ष बने अनिल सिहोरे। आपको बता दें कि नगर में सिन्हा समाज बहुताय में है ऐसे में समाज को संरक्षित एवं समाज उत्थान करने सदस्यों का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सहित सदस्यों की नियुक्ति की गई जिसमें मनोनीत अध्यक्ष बने अनिल सिहोरे। अनिल सिहोरे पूर्व में भी समाज उत्थान हेतु कई अनेक कार्य किए हैं जिसको लेकर आज समाज ने उनको अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है वही साथी अन्य मनोनीत सदस्यों को भी नियुक्त किया गया है। जिसमें तिजऊ राम सिहोरे , कार्तिक सिन्हा , परेटन सिन्हा , बबला , प्रकाश , रामायण , सुंदर , मोहन सिन्हा सहित सुरेश सिहोरे ने बधाई दी।

# आंगनबाड़ी केन्द्र,गर्भवती शिशुवती माताओं को स्तनपान स्वास्थ्य संबंध में दी जानकारी



**दल्लीराजहरा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका वार्ड 27 गुरू घासीदास वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 49,50,63,64 में गर्भवती माता, शिशुवती ,किशोरी बालिकाओं को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा धात्री माताओं को नवजात शिशु के जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराने एंव छ्माह तक अपने शिशु को सिर्फ स्तनपान कराने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही सभी माताओं को बताया गया कि मां की दुध पौष्टिकता व सबसे उत्तम गुणकारी व अमृत के समान होता है, मां का पहला गाढ़ा दुध शिशु का पहला टीका है जो शिशु में लोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करती है जिससे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बल मिलता है साथ में जच्चा बच्चा के स्वस्थता के बारे मैं भी जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में हाल में तेजी से फैल रही आई फ्लू के बारे मे चर्चा किया गया व इस रोग से बचाव एवं सावधानी बरतनें की जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा बहुत ही सुन्दर रंगोली बनाया गया रंगोली के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के द्वारा बच्चे के रख रखाव की समझाईश दी गई जिसे सभी लोगों ने सराहा इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शरबरी चक्रवर्ती प्रभा ठाकुर अनिता बंजारे कुमारी ईश्वरी सोनवानी एवं सहायिका श्रीमती उषा, रूखमणी चांदनी,सविता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# विधायक संगीता सिन्हा ने व्यवसायियों को बांटे हितग्राही कार्ड

## रजिस्ट्रेशन करने पर मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**बालोद,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा ने गुरुवार को श्भूपेश है तो भरोसा है हितग्राही कार्ड की शुरुआत की। इस दौरान वो हितग्राही कार्ड लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बालोद शहर की सड़कों पर उतरीं और छोटे छोटे व्यवसायियों से चर्चा कर उन्हें हितग्राही कार्ड दिया। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि इस कार्ड में रजिस्ट्रेशन करने से आपको योजनाओं का लाभ मिलेगा और अगर किसी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है तो संगठन के माध्यम से उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने हाथों में हितग्राही पंजीकरण फार्म भी रखा हुआ था। उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी भी मौजूद रहे। विधायक संगीता सिन्हा बरसते पानी में आम जनता के बीच पहुंचीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने सभी वर्गों के लिए कई जनहितकारी योजनाएं लागू कीं। सभी पात्र जनों तक इन्हें पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के जन जन का जीवन बेहतर बनाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने हितग्राही कार्ड के रजिस्ट्रेशन करने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। उन्होंने कहा कि हितग्राही कार्ड में रजिस्ट्रेशन करने के लिए आम लोग इस नंबर पर मिस्ड कॉल देकर सीधे जुड़ सकते हैं।



विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार आई है और किसानों का कर्ज माफ हुआ है तब से किसान आत्महत्या के आंकड़े शून्य हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन भाजपा सरकार में किसान आत्महत्या के आंकड़े बढ़ते जा रहे थे। किसानों की समस्याओं को देखते हुए कांग्रेस की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपना वादा निभाया और कर्ज माफ किया। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि किसान आदिवासी समेत सभी वर्गों के हित में सरकार ने काम किए हैं। पहले 7 लघु वनोपजों की खरीदी होती थी जो बढ़कर 65 हो गई है। शिक्षा के क्षेत्र की बात करें तो 380 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी और हिंदी स्कूलों में मुफ्त पढ़ाई हो रही है। बस्तर में 240 बंद स्कूल फिर से खोले गए हैं जिससे वहां के बच्चों को फायदा हुआ है।

# भाजपा को जीत दिलाने के लिए जीतोड़ मेहनत करें

■ महिला मोर्चा की बैठक में कार्यकर्ताओं से किया आव्हान



**बेमेतरा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी महीप मोर्चा नवागढ़ मण्डल कार्यसमिति की बैठक मुरता में आयोजित की गई। जिसमें महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा सोनी एवं मण्डल अध्यक्ष खेमिन बाई साहू सहित पदाधिकारी उपस्थित रही। बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा गया कि छत्तीसगढ़ में इस साल विधानसभा चुनाव होना है, और अगले साल लोकसभा चुनाव है। पार्टी के कार्यकर्ता इन दोनों चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने के लिए जीतोड़ मेहनत करें। ताकि नवागढ़ विधानसभा सहित राज्य और केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार बने।

मधु राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने गौरवशाली 9 साल पूर्ण कर लिए हैं। मोदी सरकार ने देश को विकास की दौड़ में आगे बढ़ाया है। आमजन के लिए अनेक जन उपयोगी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन भी किया है। देश के लगभग प्रत्येक परिवार को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

दुर्गा सोनी ने कहा कि भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं को जनता के बीच पहुंच सीधा संवाद स्थापित करना है और मोदी सरकार की जन उपयोगी योजनाओं पर चर्चा करनी है। संपर्क से समर्थन का उद्देश्य पूरा करना है। भाजपा महिला मोर्चा को आने वाले चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। घर-घर पहुंचकर महिलाओं से समर्थन मांगना है। ताकि, चुनाव में जीत हासिल की जा सके।

इस दौरान महामंत्री तारकेश्वरी सोनकर व राधा सिन्हा, नेहा तिवारी, अमरौतिन चेलक, उत्तरा सोनकर, सेवती पुरबिया, दुर्गा साहू, गायत्री सोनकर, सुनीता कुम्भकार, अनामिका जोशी, सोनिया साहू, ममता साहू सहित महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# महिलाओं की आर्थिक सुधार की दिशा में सशक्त करने का प्रयास कर रहीं भारती महिला शक्ति फाउंडेशन

**बालोद,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को बालोद के कुन्दुरूपारा ;अटल आवासद्ध मे भारती महिला शक्ति फाउंडेशन कि परियोजना मेरी आजीविका मेरी पहचान के तहत फूल झाड़ू निर्माण उद्योग का शुभारंभ किया गया। जिसमें जिले के इंदिरा गांधी महिला स्व सहायता समूह कुन्दुरूपारा बालोद, शिव शक्ति महिला स्व सहायता समूह पारारास, माँ वैष्णो देवी स्व सहायता समूह जामगाँव साथ ही प्रदीप सोनवानी गुरूर शामिल रहे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारती महिला शक्ति फाउंडेशन के संस्थापक शैलेन्द्र रजक ने बताया कि भारती महिला शक्ति फाउंडेशन संस्था का मुख्य उद्देश्य यह है कि कई व्यक्ति जीवन के लिए विभिन्न कला वादियों में जिस क्षेत्र में काम करता है उसकी अजीविका या वृत्ति कार्य रोजगार या केरियर कह सकते हैं मेरी अजीविका का प्रयास ऐसे कार्यों को कहते हैं जिसमें जीवन यापन होता है हममें से प्रत्येक को किसी ना किसी स्तर पर अपना जीवन यापन करने के लिए जीवन यापन का समाधान चुनना पड़ता है व्यापार क्षेत्र स्वरोजगार तथा अनेक रोजगार में कार्य कर अपना आर्थिक स्थिति सुधार सकता है भारती महिला शक्ति फाउंडेशन आपके ग्राम में पूरा विश्व मे महिलाओं को लेकर जागरूक पर छोटे.छोटे उद्योगों से जोड़ा जा रहा है जिसमें आप 15000 से 60000 रुपए हर महीना कमा सकते हैं और अपना जिवान यापन कर अपना आर्थिक सुधार सकते हैं।



# राजेन्द्र शर्मा भाजपा जिला घोषणा समिति के संयोजक बने

**बेमेतरा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवम पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा को प्रदेश भाजपा संगठन ने बेमेतरा जिला घोषणा पत्र समिति का जिला संयोजक नियुक्त किया है । अपनी नियुक्ति पर राजेन्द्र शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ,संगठन महामंत्री पवन साय,घोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक विजय बघेल ,जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी के प्रति आभार प्रकट करते हुवे कहा कि भाजपा घोषणा पत्र पर काफी गंभीरता से कार्य कर रही है । आने वाले कुछ दिनों में भाजपा प्रत्येक विधानसभा में सुझाव पेटी लगाकर आम जनता से , युवाओं से ,किसानों से ,महिलाओं से सुझाव मांगेगी ,उन सुझाव को एकत्र कर भाजपा अपना घोषणा पत्र तैयार करेगी । सांसद एवम प्रदेश संयोजक विजय बघेल जिला का दौरा कर समाज के सभी वर्गों से संपर्क कर सुझाव मांगेगे,निश्चित रूप से भाजपा का घोषणा पत्र कांग्रेस के घोषणा पत्र से बेहतर होगा ,आने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी ।





**बालोद,** 3 अगस्त । रानीतराई जुंगेरा में 25 अगस्त होने वाले शिवमहापुराण कथा की तैयारी जोर शोर से चल रही है। जंहा डोम पंडाल कारीगरों द्वारा बनाने का काम जारी है। वंही बंजारी धाम में बटकेश्वर महादेव मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है। जंहा निरंतर ग्रामवासी प्रत्येक वार्ड द्वारा प्रतिदिन श्रमदान सेवा दिया जा रहा है।

# बरबसपुर के पास तांदुला नहर पुल क्षतिग्रस्त विभाग नही दे रहे ध्यान

**गुण्डरदेही,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम बरबसपुर के पास तांदुला नहर पर बना पुल सिंचाई विभाग की उदासीनता के कारण क्षतिग्रस्त अवस्था मे पड़ा हुआ है लगभग 10 से 12 गांवो को धमतरी मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली यह मार्ग का पुल दोनो ओर क्षतिग्रस्त हो गया है इस मार्ग मे रोजाना सैकड़ो छोटी बड़ी गाड़िया व लोगो का आना जाना लगा रहता है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है मगर संबंधित विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है शायद कोई बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार कर रही है इस पुल से सैकड़ो लोग व स्कूली बच्चो का आना जाना लगा रहता है जो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है एक साल पहले इसी क्षतिग्रस्त पुल को विभाग द्वारा लीपापोती कर खानापूर्ति की गई थी जो आज फिर क्षतिग्रस्त अवस्था मे पड़ा हुआ है ।



# खाद की कालाबाजारी पर कृषि अधिकारियों की कार्रवाई

**बेमेतरा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। खरीफ बोवाई से लेकर खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में जिला प्रशासन सख्त है। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) व कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में जिले में खाद-बीज की समस्या न आए। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करें कि किसानों को जरूरत के मुताबिक समय पर खाद-बीज उपलब्ध हो। कलेक्टर पदुम सिंह ने खरीफ फसल की शुरुआत में ही कृषि अधिकारियों के साथ ही जिले के सभी एसडीएम को अमानक बीज-खाद के विक्रय तथा कालाबाजारी की रोकथाम के लिए कृषि आधारित दुकानों का औचक निरीक्षण कर कालाबाजारी में लिप्त दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि खाद की कालाबाजारी किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कुछ कृषि सामग्री विक्रेता यूरिया की कालाबाजारी व अधिक दर पर बेचने की शिकायत मिलने पर उप संचालक कृषि श्री मोरध्वज डड़सेना ने उर्वरक निरीक्षक को

■ एक खाद विक्रेता के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध

निजी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने भेजा। बीते बुधवार को कृषि केंद्र खंडसरा बेमेतरा के द्वारा बिना अनुज्ञप्ति पत्र के खाद विक्रय करने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती रिती तिवारी तथा कीटनाशी/ बीज/उर्वरक निरीक्षक डॉ श्याम लाल साहू बेमेतरा द्वारा बाबा कृषि केंद्र खंडसरा का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में पाया गया कि संबंधित द्वारा बिना अनुमोदित प्रिंसिपल सर्टिफिकेट के कीटनाशकों का भंडारण किया गया है साथ ही संबंधित के द्वारा कीटनाशकों के स्कंध तथा मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किया गया है और न ही नियमानुसार कृषकों को बिल दिया जा रहा है। जो कि कीटनाशी अधिनियम 1968 तथा कीटनाशी नियम 1971 का स्पष्ट उल्लंघन है। साथ ही उनके द्वारा बिना अनुज्ञप्ति पत्र के उर्वरकों का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था। अधिनियमों/नियमों के उल्लंघन के फलस्वरूप अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं निरीक्षक द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए खाद बीज कीटनाशकों को जब्त कर उक्त दुकान को सील कर दिया गया है। खाद विक्रेता के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध तथा संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# विधायक निषाद ने जारी किया हितग्राही कार्ड रजिस्ट्रेशन करने पर मिलेगा सरकारी योजना का लाभ

**गुण्डरदेही,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। गुण्डरदेही विधानसभा के विधायक व संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने बुधवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओ के बीच हितग्राही कार्ड जारी किया गया जिसमे मोबाइल नंबर 9090029090 मे काल करने पर हितग्राही का रजिस्ट्रेशन नंबर आएगा और 72 घंटे के अंदर योजनाओं का लाभ मिल रहा है कि नहीं इसकी जानकारी मिल जाएगी भूपेश है तो भरोसा है इस ट्राफिक पर बुधवार को गुण्डरदेही रेस्ट हाउस मे प्रेसवार्ता हुई जिसमें गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के साढ़े चार साल में विकास की उल्लेख किया गया संसदीय सचिव निषाद ने कहा हमर माटी हमर कलेवा हमर तिहार सब्बो झन के छत्तीसगढ़ सरकार ने सभी वर्गों के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं लागू की सभी पात्र जनों के द्वार तक इन्हें पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के जन जन का जीवन बेहतर बनाने के लिए संकल्पित है भूपेश है तो भरोसा है किसान आदिवासी स्वास्थ्य शिक्षा युवा व महिला इन सब की जानकारी इसी कार्ड के माध्यम से मिल पाएगी इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू संतुराम पटेल कोदूराम दिल्लीवार ममता चंद्राकर डॉ नारायण साहू नरूला खान सलीम खान सलीम पार्षद सुनील चंद्राकार रामस्वरूप साहू अनिल कटहरे मोंटू चंद्राकर भूपेन्द्र चंद्राकर डूपेन्द्र साहू ओम प्रकाश यादव अमृतानंद सिन्हा एवं समस्त कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बड़े शहरों की तर्ज में नगर में भी झांकी के साथ होगा गणेश विसर्जन



**खैरागढ़,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। बड़े शहरों की तर्ज पर इस वर्ष नगर में भी झांकी के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा. झांकी व गणेश विसर्जन की अनुमति लेने नगर के सैकड़ों युवा मनराखन देवांगन की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में युवाओं ने बताया है कि नगर के सभी समितियों के द्वारा एकमत होकर निर्णय लिया गया है कि आगामी 29 सितंबर की रात डीजे व धुमाल सहित झांकी निकालकर नगर भ्रमण कराते हुये गणेश विसर्जन किया जायेगा. पुलिस सुरक्षा के साथ झांकी नगर भ्रमण करेगी और बस स्टैंड स्थित रपटा नदी में भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा. इस दौरान मूर्ति विसर्जन के लिये क्रेन मशीन की व्यवस्था करते हुये अनुमति प्रदान करने की मांग की गई है. कलेक्टर गोपाल वर्मा ने युवाओं की इस पहल को लेकर उन्हें बधाई देते हुये झांकी और जुलुस निकालने अनुमति दी है. ज्ञात हो कि इस बार खैरागढ़ में गणेश विसर्जन को लेकर भव्य तैयारी की जा रही है. समितियां इस बार विशेष थीम पर झांकियां तैयार कर रही है जो शहर के अलग-अलग हिस्सों से होकर गुजरेगी. झांकी में कृष्ण लीला, गणेश जन्म उत्सव, भोले शंकर की बारात सहित अलग-अलग थीम पर झांकियां तैयार की जा रही है. इस दौरान गणेश उत्सव समिति से जुड़े सुमित जैन, वासु सारथी, शिवम ताम्रकार, महेश पटेल, राजा, सनी, अखिलेश पटेल, सानू, गौरव रजक, रवि यादव, सन्नी यादव, सागर रजक, गौरव पटेल, गोलू पटेल, प्रथम सारथी, देवा राजपूत, सोनू, देव, राज, शरद ढीमर, विक्की, संदीप, चितरंजन यदु सहित युवा उपस्थित रहे।

# आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के नाम पर रूपये लेने का प्राचार्य पर लगा आरोप

## मामले में कलेक्टर से हुई शिकायत

**खैरागढ़,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिन्दी माध्यमिक स्कूल में प्राचार्य द्वारा बच्चों से प्रवेश के दौरान फीस लिये जाने का मामला सामने आया है। उक्त मामले में कार्यवाही को लेकर अल्पसंयक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव राजा सोलंकी ने कलेक्टर से शिकायत भी की है। शिकायत पत्र में बताया गया है कि कन्या शाला में स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन इसी सत्र से किया जा रहा है जहां छात्रों को निःशुल्क प्रवेश के साथ ही सभी सुविधाएं निःशुल्क दी जानी है। लेकिन प्राचार्य के द्वारा आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के नाम पर फीस लिया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि सोशल मीडिया में एक ऑडियो वायरल हुआ है जिसमें प्राचार्य द्वारा डीईओ के आदेश पर फीस लेने की बात स्वीकार की गई है। राजा ने कहा कि प्राचार्य की उक्त कार्यशैली से शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है.

**मामले की जांच को लेकर टीम गठित की गई है, जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी.**

**केवीराव डीईओ**
**शिक्षा विभाग खैरागढ़**
**जिला केसीजी**



# मुंशी प्रेमचंद जयंती और एक शाम मोहम्मद रफी के नाम का सफल आयोजन




**कुम्हारी,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी के तत्वावधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रेस क्लब भवन में समस्त पत्रकार साथियों द्वारा अत्यंत उल्लास पूर्वक मुंशी प्रेमचंद जयंती और एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया । कार्यक्रम दो चरणों मे प्रस्तुत किया गया प्रथम सत्र में मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में ऋतंभरा साहित्य समिति के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्पहार तथा दीप प्रज्ज्वलित करने के पश्चात मुंशी प्रेमचंद तथा मोहम्मद रफी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार साहू पुलिस अधीक्षक कोरिया जिला तथा जीतेंद्र कुशवाहा मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका परिषद कुम्हारी ने भी संयुक्त रुप से पुष्पहार अर्पित किया । छत्तीसगढ़ी गीतकार, लेखक एवं मंच के कलाकार हेमलाल साहू निर्मोही , सियान सदन के अध्यक्ष मुरारीलाल साव ने भी पुष्पहार कर नमन किया । अतिथियों का स्वागत अभिनंदन प्रेस क्लब अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर एवं पत्रकार साथियों ने पुष्प गुच्छ से किया । मुंशी प्रेमचंद लिखित पंच परमेश्वर कहानी का पाठ रविंद्र कुमार थापा ने किया । जिस पर समीक्षा करते हुए नारायण वर्मा ने अपने विचार रखे । दूसरे सत्र में अमर गायक मोहम्मद रफ़ी की स्मृति में तुम मुझे यूँ भुला न पाओगे कार्यक्रम आयोजित किया गया । आयोजन में सभी पत्रकार साथियों सहित गणमान्य नागरिकों ने भी मो. रफ़ी साहब के गीतों को गाकर उन्हें स्मरण किया । कार्यक्रम का संचालन पत्रकार साथी सुरेश वाहने एवं रविन्द्र कुमार थापा ने किया । देर रात्रि तक चले इस संगीतमय कार्यक्रम ने सभी श्रोताओं को बॉधे रखा । प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी के अध्यक्ष द्वारा अपनी गरिमामयी परंपरा को जीवंत बनाए रखने का प्रण करते हुए तथा समस्त उपस्थित जनों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया ।

# नशे पर प्रहार से अपराधों में दिखी कमी

## पुलिस के नशे के विरुद्ध निजात अभियान का सकारात्मक असर

**राजनांदगांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु) मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नशे के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के आदेश पर इस वर्ष फरवरी माह से डीजीपी अशोक जुनेजा के निर्देशन में आईजी बिलासपुर आनंद छाबड़ा व पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के मार्गदर्शन में अवैध नशा के विरुद्ध अभियान *निजात* चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल देव शर्मा के पर्यवेक्षण में बिलासपुर के सभी थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र में अवैध नशा के कार्य में संलिप्त लोगों के विरुद्ध ताबड़तोड़ तरीके से कार्यवाही व व्यापक जागरूकता कार्यक्रम किए गए है। एसपी संतोष सिंह ने बताया कि कुल अपराधों में 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी होकर 7015 अपराध दर्ज हुए है, जो की मुख्यत: एनडीपीएस और आबकारी में बढ़ी कार्यवाहियां की वजह से हैं। सड़क दुर्घटना की लगातार उत्तरोत्तर बढ़ती दर पर ब्रेक लगा है, पिछले साल जितनी ही सड़क दुर्घटना हुई है।



अभियान दौरान आबकारी के 2849 प्रकरणों में कुल 2955 व्यक्ति व एनडीपीएस के 119 प्रकरणों में कुल 151 आरोपी गिरफ्तार हुए है तथा 1.09 करोड़ कीमती नशीले पदार्थ जप्त हुए है। आबकारी में गिरफ्तार लोगों में बड़ी संख्या सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन कर हुडदंग करने वाले लोग हैं और कुल 11797 लीटर अवैध शराब जप्त हुई। एनडीपीएस प्रकरणों में 749 किलो गांजा और अन्य नशीली वस्तुएं जप्त हुआ है। कार्यवाहियों से अपराधियों में दहशत हुई हैं।कोटपा में 608 लोगों पर कार्यवाही हुई। नशा में गाड़ी चलाने वाले 974 लोगों पर एमवी एक्ट के कार्यवाही करते हुए प्रत्येक प्रकरण को कोर्ट भेजा गया, जहां प्रत्येक ऐसे चालक पर दस-दस हजार रुपए का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है। नशे के विरुद्ध जनजागरुकता के तहत लोगों के सहयोग से स्कूल कॉलेज और सार्वजनिक जगहों पर कुल 2022 कार्यक्रम किए गए और आदी सैकड़ों लोगों की लिस्टिंग कर उनकी विभिन्न संस्थाओं की मदद थाने में काउंसलिंग हुई, जिससे सैकड़ों लोग नशे से दूर हुए हैं।

# मणिपुर राज्य में हो रही हिंसा को रोकने वहां तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करें: कुलबीर

■ हिंसा व महिलाओं पर हो रही तमाम अमानवीय कृत्य को लेकर शहर कांग्रेस ने कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। केन्द्र व राज्य सरकार की असफलता व कानून व्यवस्था लचर होने की वजह से मणिपुर राज्य में पिछले तीन माह से दो समुदायों के बीच आपसी लड़ाई की वजह से हिंसा की आग भड़की हुई है, जिस वजह से वहां की महिलाओं से बर्बरतापूर्वक तमाम अमानवीय कृत्य हो रहे है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा मणिपुर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि केंद्र व स्थानीय राज्य सरकार मणिपुर की हिंसा को रोकने के मामले में पूरी तरह अक्षम साबित हो रही है। वहां के मां, बेटियों के साथ बलात्कार जैसी घिनौनी वारदातें हो रही है। लगातार वहां के निवासियों की हत्याएं की जा रही हैं लेकिन मणिपुर में काबिज भाजपा सरकार इस हिंसा को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है और केंद्र सरकार भी अब तक इस पर लगाम नहीं लगा पाई है। जिसको लेकर गुरूवार 03 अगस्त को राष्ट्रपति महोदया के नाम से जिला कार्यालय में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस तरह की नाकारा मणिपुर सरकार को तत्काल बर्खास्त करने का मांग की व तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाया जाए जिससे वहां की हिंसा में काबू पाया जा सके और शान्ति व्यवस्था बहाल हो सके।



ज्ञापन के दौरान प्रमुख रूप से छग खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, महापौर हेमा देशमुख, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, वरिष्ठ पार्षद सिद्धार्थ डोगरे, अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष शकील रिजवी, खेलकूद प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनीष गौतम, राजेश चंदेल, आरएस चौबे, सुरेन्द्र देवांगन, अमित जंघेल, विशु अजमानी, मयंक सोनी, तौसिफ गोरी, राजा यादव, शुभम प्रजापति, तनवीर सिद्धकी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# भगवान बाबा महाकाल की पालकी यात्रा शनिवार को

**डोंगरगांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजा श्री चंद्रमौलेश्वर जी की पालकी शोभायात्रा नगर में आयोजित की गई है 5 अगस्त शनिवार को आयोजित इस शोभायात्रा में बाबा महाकाल भक्तों का हाल जानने नगर में निकलेंगे। आगामी शनिवार को आयोजित इस संगीतमय शोभा यात्रा में प्रसिद्ध भजन गायक सुनील सीहोरे अपने सुमधुर आवाज में बाबा के भजनों की प्रस्तुति देंगे। वहीं आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष यात्रा में सम्मिलित होने वाले शिव भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था के साथ-साथ ड्रेस कोड का भी निर्धारण किया। गया है। आयोजन समिति के संयोजक सुनील टावरी हेमंत यदु व अन्य ने बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में है वहीं बाबा महाकाल की यात्रा को लेकर शिव भक्तों में अद्भुत उत्साह देखने को मिल रहा है।



भक्ति के मास विशेष रूप से शिव भक्ति के लिए अलौकिक श्रावण मास के अवसर पर आयोजित राजा श्री चंद्रमौलेश्वर जी शोभा यात्रा आगामी शनिवार दोपहर एक बजे नगर के प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर प्रांगण किलापारा से प्रारंभ होकर सदर लाइन, चंडी मंदिर, हंडी पसरा स्थित शिवालय, चौकी रोड, श्री राम दी, मटिया रोड होते हुए साकेत धाम स्थित शिवालय पहुंचेगी। जहा बाबा की महाआरती के पश्चात बाबा के भक्तो को रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा।

श्री महाकाल सेवा समिति डोंगरगांव द्वारा आयोजित इस भव्य पालकी शोभायात्रा में इस बार भक्तों के लिए ड्रेस कोड का निर्धारण किया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि पालकी में सेवा देने वाले भक्तों के लिए धोती अनिवार्य है वही भक्तो को यात्रा में पूर्ण रूप भारतीय परिधान पहनकर आने और नशापान की मनाही की गई है।

# बरसते पानी में बापूटोला के टूटे नहर का मुआयना करने पहुंची विधायक छन्नी साहू

■ अधिकारियों को तत्काल मौके में बुलाकर दिशा निर्देश देकर नाली की मरम्मत एवं प्रभावित किसानों को शासन से मुआवजा का दिलाया भरोसा

**राजनांदगांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम बापूटोला एवं बिसाहूटोला के मध्य स्थित नहर के मेड़ का एक हिस्सा बह जाने से दो किसानों को तकरीबन तीन एकड़ की धान की फसल बर्बाद हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने मौके का मुआयना किया। उन्होंने निराश किसानों को हर संभव मदद दिलाने का वायदा किया। तत्काल उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बुलाकर इस संदर्भ में निर्देशित भी किया।



गौरतलब है कि बुधवार-गुरुवार से लगातार जारी बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। ग्राम ग्राम पंचायत ग्राम बापूटोला एवं बिसाहूटोला के मध्य स्थित नहर में भी पानी का प्रवाह काफी तेज था। गुरुवार की सुबह नहर का एक हिस्सा बह गया। नहर से सटे खेतों में मिट्टी और पानी भर गया। इसके चलते प्रभावित हिस्से में लगी धान की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है।

नहर के बह जाने से खेदूराम पॉल सहित दो किसानों के खेत का कुल 3 एकड़ का हिस्सा प्रभावित हुआ है। विधायक श्रीमती साहू ने बरसते पानी मे मौके पर पहुंचकर जल संसाधन विभाग के एसडीओ श्री मंसूरी को मौके पर ही बुलाकर स्थिति का अवलोकन कर किसानों को समुचित सहायता उपलब्ध करवाने और नहर की मरम्मत के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार से भी चर्चा कर उन्होंने मुआवजा प्रकरण तैयार करने कहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को जल्द से जल्द मदद दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। तकरीबन 3 एकड़ की खेती बर्बाद होना किसानों के लिए बड़ी पीड़ा का विषय है।

इस दौरान विधायक श्रीमती साहू के साथ ब्लॉक कांग्रेस छुरिया अध्यक्ष रितेश जैन, जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि चंदू साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष महेंद्र पाल, वरिष्ठ कांग्रेसी हीरामन पाल सचिव ब्लॉक अमित अग्रवाल, एल्डरमैन सकील कुरैशी, ब्लॉक महामंत्री भावेश सिन्हा, मनेश पाल, खेदूराम पाल, रामु पाल, लीलान्तक पाल, रेखु साहू, योगेश पटेल, कार्तिक पटेल, ललित पटेल, कुँवरसिंग पाल, नरेंद्र पाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से 17 प्रतिभागियों की लौटते वक्त वाहन हुई दुर्घटनाग्रस्त

■ जोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में भाग लेने पहुंचे थे प्रतिभागियों को

■ विधायक इंद शाह ने पीड़ित प्रतिभागियों से की मुलाकात

■ विलम्ब की स्तिथि न हो करके अपने फॉलो वाहन को भेजा तथा डॉक्टरों को उचित इलाज के लिए दिया निर्देश





**चौकी मानपुर मोहला,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। वनांचल के नए जिले में इस छत्तीसगढ़ी ओलंपिक खेल से लौटकर आते वक्त वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से 17 प्रतिभागी दुर्घटनाग्रस्त हो गए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि की सक्रियता ने उन्हें तत्काल बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से अपनी फॉलो वाहन को लगाकर त्वरित मानपुर हॉस्पिटल भेज कर इलाज शुरू कराया जहां सभी की हालत बेहतर बताई जा रही है। ग्राम पंचायत फुलकोड़ो अंतर्गत (बोगा पारा) फुलकोड़ो में दो दिवसीय जोन स्तरीय छत्तीयगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा था जिसे अतिवृष्टि के कारण द्वितीय दिवस स्थगित कर दिया गया। इसी दौरान ओलम्पिक खेल में शिरकत करने गए प्रतिभागी जो फुलकोड़ो (चोरियापारा) के रहने वाले थे उनको वापस ला रहे वाहन रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमे 16 बच्चों को मामूली चोट आई है। दुर्घटना की जानकारी लगते ही विधायक इंद्रशाह मंडावी ने तुरंत बच्चों के इलाज के लिए बीएमओ को दूरभाष कर त्वरित इलाज करने के लिए निर्देशित किया साथ ही उन्हें भर्रीटोला आने कहा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्रीटोला में प्राथमिक उपचार तदुपरान्त उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में भर्ती करने के लिए निर्देशित किया साथ ही शासकीय वाहन में रेफर की स्थिति में विलंब की स्तिथि निर्मित न हो करके अपने फॉलो वाहन को तुरंत बच्चों को रेफर करने के लिए भेजा साथ ही तब तक शासकीय वाहन 108 तथा 102 की व्यवस्था भी हो चुकी थीं। विधायक तुरंत बाद घटना की गंभीरता को समझते हुए अपना कार्यक्रम छोड़कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में गए तथा बीएमओ, सीएमएचओ तथा ड्यूटी डॉक्टर के साथ पीड़ित बच्चों से वन टू वन मुलाकात किया एवं उनका हालचाल जाना तथा डॉक्टरों को हरसंभव उचित इलाज के लिए निर्देशित भी किया। सभी का इलाज मानपुर में चल रहा है सभी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है ।

# राजस्व विभाग की समीक्षा में आयुक्त ने वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर लक्ष्य के अनुरूप वसूली के दिये निर्देश

**राजनांदगांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज अपने कक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में माह में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने बड़े बकायादारों को नोटिस देकर उनके नाम की सूची बनाने के निर्देश दिये और बकाया करों का भुगतान नही करने पर नाम प्रकाशित करने व नाम मुनादी कराने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व वसूली के संबंध में वार्ड वार वसूली की जानकारी ली, उन्होने कहा कि, डिमांड दुरूस्त कर डिमांड के विरूद्ध सतप्रतिशत वसूली करें। पिछला बकाया, कुल मकानों की संख्या, नये मकानों की संख्या, खाली भूखण्ड के आधार पर डिमाण्ड तैयार कर उसके विरूद्ध वसूली करने निर्देशित किये। उन्होंने उपायुक्त श्री मोबिन अली से कहा कि मकान,नये मकान, खाली भूखण्ड के अनुसार वार्डवार सूची तैयार कराये तथा उसके अनुरूप वसूली करावे। इस संबंध में सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित करे। उपायुक्त श्री अली ने कहा कि 51 वार्डो की 31 जुलाई 2023 की स्थिति में सूची तैयार की जायेगी और सूची अनुसार वसूली की जावेगी। वसूली की प्रगति के संबंध में अगली बैठक में वार्डवार जानकारी दी जावेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने सभी वार्डो के वसूली की वार्डवार समीक्षा कर सभी राजस्व उप निरीक्षकों पर कम वसूली के लिये नराजगी व्यक्त करते हुये अपने अपने प्रभार के वार्डो के सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा की जा रही वसूली की प्रतिदिन जानकारी लेकर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वसूली का प्रतिशत बहुत कम है, सभी सहायक राजस्व निरीक्षक गंभीरता से वसूली नहीं कर रहे है, इस प्रकार की वसूली से हम शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली नही कर पायेंगे। उन्होंने माहवार कम वसूली पर नराजगी व्यक्त करते हुये सभी राजस्व उप निरीक्षकों से प्रतिदिन वसूली की जानकारी लेकर स्वयं वार्डो में जाकर वसूली करने के निर्देश दिये।



■ बड़े बकायादारों को नोटिस जारी कर नाम की सूची प्रकाशन की करे तैयारी

उन्होंने कहा कि बडे बकायादारों को अंतिम नोटिस जारी करे, नोटिस उपरांत भी करों का भुगतान नही करने पर नाम की सूची समाचार पत्रों मे प्रकाशित कराये तथा मुनादी करावे। उसी प्रकार जलकर का भुगतान नही करने पर नल विच्छेदन की कार्यवाही करे। 15 दिवस में वसूली की प्रगति से अवगत करावे, अन्यथा संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने दुकान किराया, मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना दुकान किराया,अटल आवास योजना के किराये की वसूली की जानकारी लेकर नियमित वसूली के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि, जिन दुकानों के आबंटन उपरांत अनुबंध नही हुआ है, उसका अनुबंध करायें। जिनके द्वारा अनुबंध नही कराया जा रहा है, उन्हे नोटिस जारी करें। अनुबंध उपरांत किराया वसूली करना सुनिश्चित करें। जिन दुकानदारों के द्वारा कई माह का किराया नहीं दिया गया है, उनसे सम्पर्क कर किराया वसूली करें तथा नव निर्मित दुकानों एवं शेष दुकानों की नीलामी कराये, जिससे राजस्व आय में वृद्धि हो सकें। उन्होंने कहा कि दुकानों से संबंधित दुकान किराया, अनुबंध, लीज अवधि में वृद्धि संबंधी सूची तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने राजीव युवा मितान क्लब योजना की समीक्षा में अब तक वार्डो में गठित समिति को जारी प्रथम किश्त की राशि एवं उपयोगिता की जानकारी ली। संबंधित ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रथम किश्त की राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजा जा चुका है, द्वितीय किश्त की उपयोगिता मंगाकर भेजा जाना है। आयुक्त ने कहा कि जिन वार्डो की जानकारी नही आई है वहा से जल्द जानकारी मंगावे एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे। बैठक में सभी राजस्व उप निरीक्षक उपस्थित थे।

# दिल्ली में आयोजित एशियन गेम्स में भारोत्तोलन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल मिलने पर महापौर ने वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव को दी बधाई

**राजनांदगांव,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में आयोजित एशियन गेम्स में भारोत्तोलन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को सिल्वर मेडल दिलाने पर राजनांदगांव की कु. ज्ञानेश्वरी यादव को महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बधाई देते हुये उन्होंने कहा कि ज्ञानेश्वरी यादव ने इसके पूर्व दिल्ली (ग्रेट नोएडा) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉमन वेल्थ महिला एवं पुरूष वेटलिफ्टिंग चेम्पियन शीप प्रतियोगिता मे जुनीयर व सीनियर 49 किलोग्राम वजन वर्ग में 78 किलोग्राम स्नैच और 98 किलोग्राम क्लीन एण्ड जर्क कुल 176 किलोग्राम वजन उठाकर छत्तीसगढ को स्वर्ण पदक दिलाया है। बल्कि उन्हे पूरे कॉमन वेल्थ प्रतियोगिता में जुनियर वर्ग में सबसे ज्यादा वजन उठाने पर वेस्ट लिप्टर ऑफ कामन वेल्थ की उपाधि से नवाजा गया था, साथ ही ज्ञानेश्वरी ने राष्ट्रीय खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक एवं ग्रीस के हेराक्लिओन में आयोजित जुनियर वर्ग वेटलिफ्टिंग चेम्पीयनशिप में रजत पदक जीती कर देश प्रदेश व जिला में नाम रोशन की थी।



■ सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ कर मुख्यमंत्री के वादा निभाने पर महापौर जताया आभार

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि सिल्वर, रजत एवं स्वर्ण जीतकर ज्ञानेश्वरी ने छत्तीसगढ़ सहित संस्कारधानी का नाम रोशन किया है, वह आगे भी ये इसी प्रकार मेहनतकर उचाईयों में पहॅुचेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तीन रजत पदक जीतने पर मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने 5 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने के साथ साथ उन्हें सहायक उप निरीक्षक के पद पर नियुक्ति देने की घोषणा की थी, घोषणा अनुसार 20 जुलाई 2023 को राजनांदगांव में सहायक उप निरीक्षक के पद पर ज्ञानेश्वरी यादव को नियुक्ति प्रदान की गयी। इसके लिये मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करती हॅू और ज्ञानेश्वरी के उज्जवल भविष्य की कामना करती हॅू। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय द्वारा नियुक्ति देने पर उनका आभार व्यक्त करने ज्ञानेश्वरी को लेकर रायपुर जाकर उन्हें आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया जायेगा।

# जिला पंचायत सदस्य व जनपद उपाध्यक्ष की पहल से गाँव में हो रहा विकास

**डोंगरगढ़,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू साथ में जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा अपने ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विकास को लेकर निरंतर कार्य कर रहे साथ ही ग्रामीणों के मांग के अनुसार उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने जनता की मांग को ही सर्वोपरि कर कार्य किया जा रहा है विकास के इसी कड़ी में डोंगरगढ विकासखंड के ग्राम पंचायत पिपरिया में ग्रामिणो की लंबी मांग को पूरा करते हुए हनुमान मंदिर निर्माण की राशि स्वीकृति प्रदान कर जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू एवं साथ में जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा द्वारा भूमि पूजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा गया कि आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी द्वारा हमारे संस्कृति एवं हमारे धार्मिक स्थलों का उन्नयन करने हेतु लगातार काम किया जा रहा है आज छत्तीसगढ़ की पावन धरा चंदखुरी में माता कौशल्या की धाम को सजाने एवं संवारने का काम किया गया साथ ही राम वन गमन पथ निर्माण भगवान श्री रामचंद्र जी की भव्य मूर्ति स्थापना और आज हमारे ग्राम पंचायत पिपरिया में भगवान श्री हनुमान जी की भव्य मंदिर का निर्माण होगा इसके लिए समस्त ग्रामवासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य विद्या कनक निषाद शीशपाल चंद्रवंशी ग्राम पटेल राम सागर तेजराम कंवर बालकिशन कंवर रामनाथ कंवर नंद कुमार कमल निषाद बीरबल कंवर श्री जय पटेल रामदास कंवर रामेश्वर साहू शिव शंकर कंवर बृजलाल निषाद सुरेंद्र कुमार नरेंद्र कुमार भागचंद कंवर उपसरपंच नरोत्तम कंवर एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थित थे।



उल्टा पुल्टा

सुबह-सुबह पत्नी नींद से उठते ही बोली- अजी सुनते हो?

पति- बोलो, क्या हुआ?

पत्नी- मुझे सपना आया कि आप मेरे लिए हीरों का हार लेकर आए हो

पति- ठीक है, तो वापस सो जाओ और पहन लो!

## संपादकीय

### भर्तियों पर सवाल उठना गंभीर

छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के अधीन सिविल सेवा के विभिन्न पदों पर होने वाली भर्तियों को लेकर विवाद उठता रहा है। इन विवादों के कारण एक सामान्य अभ्यर्थी के मन में ऐसी छवि बन गई है कि आयोग की भर्तियां निष्पक्ष नहीं रह गई हैं। सबसे बड़ा विवाद वर्ष 2003 की परीक्षा के बाद हुई भर्तियों को लेकर उठा था। यह मामला कोर्ट में पहुंचा और हाईकोर्ट परीक्षा के नतीजे ही रद्द कर दिए और आदेश दिया कि मेरिट सूची तैयार करने की पूरी प्रक्रिया फिर से की जाए। अभी भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। इस परीक्षा के जरिए कई लोग जो शासकीय सेवा में आए वे तब से सेवा में बने हुए हैं। पिछले वर्ष की राज्य पीएससी की परीक्षा को लेकर भी विवाद उठा है और आरोप लगाया जा रहा है कि इसमें भाई-भतीजावाद हुआ है, हालांकि इन आरोपों को साबित करना बहुत कठिन है। इस साल साक्षात्कार के बाद जो भर्ती सूची जारी की गई उनमें आयोग के अध्यक्ष के परिवार के सदस्य का नाम शीर्ष क्रम पर था। इसके अलावा कुछ अन्य अधिकारियों व नेताओं के परिवार के सदस्यों के नाम भी लिए जा रहे हैं। विपक्ष ने तो इस बड़ा मुद्दा बनाते हुए राज्यभर में प्रदर्शन भी किया। छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षाओं को लेकर उठने वाले विवाद को देखते हुए सरकार चाहती है कि आयोग की प्रतिष्ठा एक ऐसे संस्थान की बने, जिसकी निष्पक्षता पर कोई सवाल न उठाया जा सके। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इन दिनों युवाओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। इस संवाद कार्यक्रम में उन्होंने पीएससी परीक्षा के साक्षात्कार के नंबर कम करने तथा वर्गवार कटआफ सूची जारी करने के बारे में सरकार द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी दी। साक्षात्कार के नंबर कम होने से सरकार का मानना है कि इससे मुख्य परीक्षा के परिणामों को प्रभावित नहीं किया जा सकेगा। वर्गवार कट आफ सूची जारी करने से आरक्षित वर्ग के सीटों में हेरफेर को रोका जा सकेगा। सिविल सेवा के पदों पर भर्तियां करने वाले इस आयोग की भर्तियों पर सवाल न उठे, सरकार को यह सोचना चाहिए। इसके लिए पूरी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की कोशिश होनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि पूरी भत्री प्रक्रिया में जो लोग शामिल हों वे ईमानदारी से अपना काम करें। प्रक्रिया को किसी प्रकार से प्रभावित न किया जा सके। संघ लोग सेवा आयोग की परीक्षाओं व चयन प्रक्रिया को लेकर इस तरह के सवाल नहीं उठते। भर्तियां चाहे उच्च पदों पर हो या निम्न पदों पर निष्पक्ष होनी ही चाहिए। अभ्यर्थी अपनी वर्षों की मेहनत इसमें लगा देते हैं। कोई योग्य अभ्यर्थी किसी गड़बड़ी के कारण भर्ती से वंचित होता है तो उसकी पूरी मेहनत बेकार चली जाती है। उसके लिए इससे बड़ी निराशा की कोई बात नहीं हो सकती। भर्तियों में गड़बड़ी होने की बात ही बेहद गंभीर है।

# कांग्रेस नेता व जिपं सदस्य परमेश्वर यदु का मनाया गया भव्य जन्म दिवस



**बलौदाबाजार**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व उपाध्यक्ष व बलौदाबाजार जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु का गुरूवार को जन्म दिवस उत्सव मनाया गया। बलौदाबाजार स्थित उनके निवास में आयोजित जन्म दिवस समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शुभचिंतक एवं समर्थकों का बधाई देने हेतु सुबह से शाम तक ताता लगा रहा। वहीं श्री यदु ने बधाई देने वाले लोगो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते रहे। इस अवसर पर राजनीतिक चर्चाएं भी व्याप्त रही।

श्री यदु के निवास कार्यालय में आयोजित जन्मदिवस समारोह में पूर्व राज्य सभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर रूपेश ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी, जनपद सदस्य ललिता यदु, आर्यन शुक्ला, पार्षद सुरेन्द्र जायसवाल, गम्भीर सिंह ठाकुर, सुशील तिवारी, कांग्रेस झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष केके. वर्मा, लेखेश साहू, मनोज प्रजापति, रोहित यादव, सुरेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र जायसवाल, नवनीत अग्रवाल, मनोज पांडेय, नरेन्द्र साहू, तरूण यदु, राहूल यदु, प्रिंस यदु, बोधन यादव, कोमल वर्मा, श्री कुमार यादव, नंदकुमार पैकरा, सुखराम निषाद, जयराम ध्रुव, कलीराम पटेल, गौरी कश्यप, ओम प्रकाश प्रभुवा, मोहन चंद सोनबरसा सहित क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों एवं समर्थको की उपस्थिति में केक काटकर उत्सव मनाया गया। छ.ग. पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, मोतीलाल वर्मा भी श्री यदु को बधाई देने निवास पहुंचे थे जहां बधाई देने के साथ राजनीतिक चर्चाएं भी हुई। वहीं संसदीय सचिव शकुंतला साहू, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, महामंत्री गोपी साहू आदि ने भी बधाई देते हुए दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

उल्लेखनीय है कि श्री यदु के जन्म दिवस समारोह में राजनीतिक लोगों का भी काफी चहल पहल रहा। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भी अनेक चर्चाएं व्याप्त रही।

नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से बधाई देने लोगों का काफी जमवाडा रहा।

# युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन कर रहे नए मतदाताओं को मतदान करने जागरुक



**मतदाताओं से मिलने जा रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों और खेत खलिहान**

**नवापारा राजिम**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार दौरा कर पहली बार मतदान करने का इंतजार कर रहे युवाओं के अलावा ग्रामवासियों से मुलाकात कर उन्हें वोट की अहमियत समझाते हुए ष्हर स्तर के चुनाव मेंष् हर हाल में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। मजे की बात यह है कि देवांगन इस दौरान युवाओं और लोगों के घरों के अलावा खेतों में भी पहुंच रहे हैं और वहां कृषि कार्य में लगे हुए लोगों से संपर्क कर उन्हें मताधिकार की ताकत से अवगत करा रहे हैं। इस सराहनीय अभियान के दौरान उन्हें लोगों का पूर्ण सहयोग मिल रहा है और लोग उन्हें, मताधिकार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए धन्यवाद दे रहे हैं।

अपने अभियान के दौरान श्रीदेवांगन युवाओं को बता रहे हैं कि मतदान करना प्रत्येक मतदाता का अधिकार है जबकि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार। मतदाताओं के एक वोट में इतनी ताकत होती है कि इससे प्रदेश और देश की दशा व दिशा बदल सकते हैं। यह जरूर है कि मतदान के दौरान लोगों को अपनी बारी की प्रतीक्षा करते समय कुछ तकलीफहोती है, लेकिन इससे मतदाता स्थानीय पंचायत व नगरीय निकाय आदि प्रदेश व देश स्तर पर अपने लिए एक सशक्त शासन चुनने में अपनी भूमिका निभाता है। लिहाजा ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर मतदाता अपनी भूमिका का निर्वहन करने से न चूंके।

देवांगन साथ ही लोगों को यह भी बता रहे हैं कि कभी भी किसी के प्रलोभन में आकर मतदान ना करें क्योंकि जो व्यक्ति आपको प्रलोभित करके आपका बहुमूल्य वोट हासिल करेगा, उससे आप जनहित की अपेक्षा कैसे कर पाएंगे ? इसके अलावा मतदान करते वक्त अपने दिमाग में प्रदेश व देशहित को सर्वोपरि रखें। कभी भी यह ना सोचें कि हमारे पूर्वज फ्लां पार्टी को वोट देते आएं हैं तो हम भी उनका अनुसरण करते हुए उसी पार्टी के प्रत्याशी को वोट दें। आप सब शिक्षित हैं और सही व गलत की बेहतर पहचान करने की क्षमता आप में है। लिहाजा एक सजग व जिम्मेदार मतदाता का कर्तव्य निभाते हुए पूरी ईमानदारी से समाज, प्रदेश व देशहित की सोच रखने वाले उम्मीदवार के पक्ष में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

**युवा नेता देवांगन कर रहे नवमतदाताओं को जागरूक:** युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार दौरा कर पहली बार मतदान करने का इंतजार कर रहे युवाओं के अलावा ग्रामवासियों से मुलाकात कर उन्हें वोट की अहमियत समझाते हुए हर स्तर के चुनाव में हर हाल में वोट करने की अपील कर रहे हैं। मजे की बात यह है कि देवांगन इस दौरान युवाओं और लोगों के घरों के अलावा खेतों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई



**बलौदाबाजार**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदा बाजार में हिन्दी विभाग के तत्वाधान में "मुंशीप्रेम चंद की जयंती" का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी.जेम्स के मार्गदर्शन कार्यक्रम के शुभारंभ में मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना कर सरस्वती वंदना किया गया। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष शंकर लाल नेगी के वक्तव्य से प्रेमचंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थिति वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डॉ.ए.के. उपाध्याय, अन्य प्राध्यापक उपस्थिति थे। विभागाध्यक्ष के हिन्दी डॉ.रीता यादव एवं डॉ राजेन्द्र वर्मा के दिशनिर्देश में कार्यक्रम सफलता से एवं संचालन डॉ.आरती बोरकर के द्वारा एम.ए. हिन्दी के समस्त विद्यार्थी के द्वारा मुंशी प्रेमचंद जयंती मनाया गया।

# ट्यूबलर पोल निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे 353 से मुक्तिधाम तक रोशनी से रौशन होगा। इस मार्ग पर 50 लाख की लागत से लगाएं जाएंगे ट्यूबलर पोल। जिसका भूमि पूजन संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की आतिथ्य में संपन्न हुआ। शहर के विकास में एक और कड़ी जुड़ने वाली है। गुरुवार को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने माकड़े मेडिकल स्टोर के पास ट्यूबलर पोल लगाने के लिए उपाध्यक्ष, संभापति, पार्षद तथा नागरिकों की मौजूदगी में भूमि पूजन किया गया। करीब 50 लाख की लागत से माकड़े मेडिकल से लेकर महामाया मंदिर, गांधी चौक, शास्त्री चौक से मुक्तिधाम तक यह ट्यूबलर पोल लगाएं जाएंगे। इस मौके पर विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हुआ है। भूपेश बघेल एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो छत्तीसगढ़ को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाने का काम किया है। सरकार 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा, 25 सौ रुपये बेरोजगारी भत्ता जैसे योजनाएं बनाई है। जिससे लाखों किसान और बेरोजगारों को इसका फायदा मिलेगा। इस दौरान पालिकाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि, भूपेश बघेल सरकार ने गांव सहित शहर के विकास में मूलभूत सुविधाएं मुहैया करा रही है। आज शहर के वार्डों में बहुत से निर्माण कार्य शुरू किया गया है। जहां जैसी आवश्यकता वहां वैसे काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्यूबलर पोल भी उसी विकास का हिस्सा है। यह ट्यूबलर पोल लगाने के बाद माकड़े दुकान से लेकर मुक्तिधाम तक जगमग रोशनी होगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष व सभापति कृष्ण कुमार चंद्राकर, पवन पटेल, निखिलकांत साहू, मीना वर्मा, शोभन यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष येतेन्द्र साहू, हीरा बंजारे, पूर्व पार्षद हरबंस सिंह ढिल्लो, जसबीर सिंह ढिल्लो प्रकाश राव साकरकर सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

# वार्ड नंबर 20 कॉलेज रोड में रश्मि ने किया जनसंपर्क



**महासमुंद**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा रश्मि चन्द्राकर ने कालेज रोड वार्ड नंबर 20 के लोगो से मेल.मलाकात की और मुलाकात के दौरान लोगों से संक्षिप्त चर्चा भी की। एक ओर जहा मोहल्ले के वरीष्ठ जनों तथा महिलाओं से आशिर्वाद मिला वही मोहल्ले के युवाओं से चर्चा काफी सकारात्मक रही। युवाओ ने कहा कि सरकार अच्छा काम कर रही है तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कार्यशैली काफी रोचक है वो लगातार लोगों के बीच जाकर उनसे संवाद करते है, केवल प्रदेश की ही बात नही करते बल्कि देश की समस्याओं पर भी मुखरता से बोलते है व काफी तेजी से निर्णय लेते है। मुख्यमंत्री जो कहते है वो कर दिखाते है इसलिए हमारा विश्वास है की वो आगामी विधानसभा चुनाव जीतकर दोबारा प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। वही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का भी जिक्र कर युवाओं ने कहा की इस यात्रा से राहुल गांधी को नजदीक से जानने का मौका मिला, वो संवेदनशील व कठिन परिश्रम करने वाले नेता है। नगर पालिका के पूर्व एल्डरमेन अविनाश पाण्डे से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुलाकात के दौरान डा रश्मि चन्द्राकर के साथ जिला प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, एल्डरमेन गुरमीत चांवला, पूर्व पार्षद तुलसी साहू, निर्मल जैन, ममता चन्द्राकर भी मौजूद थे। वार्ड के नागरिको मे प्रमुख रूप से सुरेश गोलछा, सतीश गोलछा, हेमंत बोथरा, ऐडवोकेट अमित कसार, अजय साहू, श्रीमति इमला देवी गोलछा, पूर्व प्राचार्या श्रीमति कामिनी कसार, सुश्री निर्मला साहू, श्रीमति सपना गोलछा, श्रीमति सोनम गोलछा, सोमिल लुनिया, अनीश गोलछा, सौरभ सोनी, निखिल बरडिया, अंकित मेहता, हर्ष कोचर, जतीन लुनिया, महावीर कोचर, भावेश कोचर आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता निर्मल जैन ने दी।

# 3 पेटी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, रिमांड मे भेज दिया गया रायपुर सेन्ट्रल जेल



**गोबरा नवापारा के देशी शराब दुकान से प्रतिदिन बडी मात्रा में कर रहा था शराब**

**नवापारा राजिम**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। गोबरा नवापारा पुलिस में पदस्थ थाना प्रभारी आशीष सिंह राजपूत के नेतृत्व में तीन पेटी शराब के साथ कोचिया को रंगे हाथों पकड़ा. व शराब सप्लाई करने वाले आरोपी युवक को रंगेहाथ पकड़ने में सफलता हासिल की. आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में रायपुर के सेंट्रल जेल दाखिल कर दिया गया है।

विदित हो कि अधिकारियों के निर्देशन में थाना गोबरा नवापारा में दर्ज अपराध क्रमांक 293/23 धारा -34(2) आबकारी एक्ट घटना दिनांक 01 अगस्त 23 के 10.35बजे रिपोर्ट 11.40 बजे जरिए मुखबीर से सूचना मिला की नवापारा में एक व्यक्ति सफेद एक्टिवा मोटर सायकल सीजी 04 एचके 8335 में एक थैला ने शराब रखा हुआ है सूचना पर थाना गोबरा नवापारा से प्रधान आरक्षक अमन बघेल पेट्रोलिंग स्टाफ छबी राम यादव, देव रात्रे के साथ रवाना होकर शराब रेड कार्यवाही के लिए बस स्टैंड पहुंचकर मुखबीर द्वारा बताए गए स्थान नवापारा छाटा रोड पहुंचकर गवाहों के समक्ष हमराह स्टाफके घेराबंदी कर रेड कारवाही की है जहां एक व्यक्ति अपने एक्टिवा मोटर सायकल में नीला रंग के थैला में छाटा रोड से नवापारा की ओर जा रहा था जिसे पकड़कर नाम पूछने पर अपना नाम नरेंद्र मंडले पिता अशोक मंडले उम्र 22 वर्ष निवासी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद बताया जो अपने पास रखे प्लास्टिक के थैला में 120 पौवा देसी मदिरा मसाला शराब प्रत्येक पौव्वा में 180-180उस शराब भरी हुई कुल 21.600 लीटर कीमती 13500 रुपये रखे मिला जिसे थाना लाकर आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय रायपुर 15 दिन के रिमांड पर भेजा गया। शराब दुकान में ही कार्यरत विश्वत सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि उक्त युवक के द्वारा पिछले 4 - 5 महीने से शराब की अवैध तस्करी करते हुए आसपास के शराब कोचियो को शराब की सप्लाई की जा रही थी साथ ही उक्त युवक की गोबरा नवापारा के देसी शराब दुकान में जबरदस्त सेटिंग है जिसके चलते इसे बड़ी मात्रा में शराब की खेप उपलब्ध करवाई जाती है ऐसे में अब यह समझा जा सकता है कि शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारी ही अवैध शराब की बिक्री में लगे हुए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा शासन के मंशानुसार समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबिर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# संसदीय सचिव ने सिंघी में किसान कुटीर के लिए किया भूमिपूजन



**महासमुंद**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम पंचायत सिंघी में किसान कुटीर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान कुटीर निर्माण होने से किसानों को सहुलियत हो सकेगी। गुरूवार को ग्राम पंचायत सिंघी में किसान कुटीर निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, दीपक साहू, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि हुमन दीवान मौजूद थे। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों की सरकार है। किसानों के हित में लगातार फैसले लिए जा रहे हैं। सरकार बनते ही जहां किसानों का कर्ज माफका फैसला लिया गया वहीं समर्थन मूल्य में धान खरीदी पर मुहर लगाई गई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री बना है, जो किसानों के विकास का काम कर रहा है। मेहनतकश किसानों, मजदूरों और गरीबों का मर्म समझकर जन सरोकार के अनेक नीतिगत फैसलों से आज किसान, गरीब, मजदूर सहित सभी वर्ग खुशहाल हैं। राज्य सरकार के किसान हितैषी फैसलों से राहत मिल रही है। भूपेश सरकार द्वारा 15 क्विंटल प्रति एकड़ के स्थान पर 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी का फैसला लिया गया है। छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जहां किसानों के हित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कृषि दुकानों पर कार्रवाई जारी, 2 दुकानों को नोटिस



**बलौदाबाजार**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में खरीफ2023 अंतर्गत अद्यतन 93 प्रतिशत बोनी हो चुका है। इसके साथ ही किसान सहकारी समितियों के साथ-साथ निजी कृषि आदान विक्रय केंद्रों में उर्वरक तथा फसलों को किट एवं बीमारियों से बचाने के लिए कीटनाशक खरीदी करने पहुंच रहे हैं। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित दर पर कृषि आदान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिसको अमल कराने कृषि विभाग की कार्यवाही जारी है। कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर तथा जिला स्तर पर निरीक्षण दल तैयार कर लगातार कृषि आदान विक्रय केंद्रों में दबिश दी जा रही है।

इसी कड़ी में कसडोल विकासखंड के कीटनाशक निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा ग्राम रीकोकला के रूबी कृषि सेवा केंद्र में दबिश दी गई। विक्रय केंद्र के निरीक्षण में निर्धारित प्रारूप में बिल बुक नहीं पाया गया। साथ ही स्कंध पंजी संधारित नहीं किया गया था न हीं उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित किया गया था। इसी प्रकार विकासखंड सिमगा के कीटनाशक निरीक्षक रामअवतार राठौर द्वारा ग्राम कामता के योगेश कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विक्रय केंद्र में स्कंध पंजी नहीं पाया गया इससे स्पष्ट हो रहा है कि विक्रय केंद्रों का शासन द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए विक्रय केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। दोनों विक्रय केंद्रों को कड़ी चेतावनी के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसका जवाब प्राप्त होने के पश्चात आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिला के उप संचालक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# इनरव्हील क्लब धमतरी ने मनाया सावन उत्सव



**धमतरी**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। अध्यक्ष पायल गोयल सचिव पूनम मित्तल के नेतृत्व में तथा प्रोजेक्ट डायरेक्टर पिंकी खंडेलवाल एवं ऋतु लूनावत द्वारा आयोजित सावन उत्सव कार्यक्रम अपने आप में नवीनता को समाए एक रचनात्मक सफल एवं मनोरंजन आयोजन था इस प्रोग्राम की थीम रेट्रो थी जोकि गुजरे जमाने के गीत संगीत पिक्चर तथा समकालीन नायक नायिका की यादों को ताजा कर गया प्रतियोगियों को इसमें हिस्सा लेने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी रचनात्मक सोच प्लानिंग भिन्न-भिन्न सामान को एकत्रित करना तथा स्वयं को वर्तमान दौर की मोबाइल फोटोग्राफी एडिटिंग के अनुरूप बेहतर ढंग से डालने का प्रयास था इनरव्हील सदस्यों की उपस्थिति प्रतियोगियों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## 11 को रेत खदानों की खोली जाएंगी बोली


**बलौदाबाजार।** जिले में तृतीय चरण के रूप में कुल 9 रेत खदानों का छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन तथा व्यवसाय) नियम, 2019 के तहत नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से आबंटन हेतु इवेंट क्रमांक बलौदाबाजार-03-28-06-2023 निविदा जारी किया गया है। जिसमें प्राप्त बोलियों को 11 अगस्त 2023 को सर्व संबंधितों की उपस्थिति में खोला जाना नियत है।



# पूर्व डीएमसी श्याम चंद्राकर पर गिर सकती है कार्रवाई की गाज

**गरियाबंद,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में खेलगढ़िया मद में हुए भ्रष्टाचार का मामला एक बार फिर से सुर्खियो में आ गया है। हाल में लोक शिक्षण संचालनालय के अपर संचालक ने कलेक्टर को चिठ्ठी लिख, फिर से पूरे मामले की जांच रिर्पोट मांगी है। मामले में कार्रवाई को लेकर अपर संचालक के दिलचस्पी दिखाने के बाद अब तय माना जा रहा कि लंबे समय से प्रशासनिक और राजनीतिक संरक्षण के चलते कार्रवाई से बचते आ रहे पूर्व डीएमसी श्याम चंद्राकर के विरूध्द जल्द ही कार्रवाई की गाज गिर सकती है। ज्ञात हो कि हाल में लोक शिक्षण संचालनालय चंद्राकर को डीएमसी पद से डीएमसी से हटाया दिया था। जिसके बाद एक बार फिर उनके विरूध्द कार्रवाई की मांग जोरो से उठने लगी थी। वैसे देखा जाए तो बीते सालो में शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार के मामले में लोक शिक्षण संचालनालय ने कड़ी कार्यवाही है।

उल्लेखनीय है चार साल पहले जिले के मैनपुर ब्लॉक में खेलगढ़िया योजना अंर्तगत खेल के विकास और बच्चो को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने शासन द्वारा भेजी गई सरकारी राशि का जमकर दुरुप्रयोग ओर भ्रष्टचार किया गया। पूर्व डीएमसी श्याम चंद्राकर के मौखिक निर्देश में मैनपुर विकासखंड के 149 प्राइमरी, मिडिल और हाई स्कूलों में खेलगढ़िया योजना मद की राशि से खेल सामाग्री के बदले नियम विरूध्द जाकर स्मार्ट क्लास हेतु टीवी खरीद लिए गए। इसमें इको क्लब की राशि भी व्यय कर दी गई। डीएमसी के दखल के चलते ये दोनो योजना भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई और यहां के स्कूली बच्चे योजना से वंचित हो गए। मामले उजागर होने के



बाद काफी दिनो तक सुर्खियो में रहा। जिले से लेकर राजधानी में बैठक बड़ अफसरो और मंत्रियो तक इसकी शिकायत की गई गई। लेकिन मामला लंबे समय तक ठंडे बस्ता में दबा रहा।

**दो बार भेजी गई**

## लोक शिक्षण संचालनालय के अवर संचालक ने मामले में कार्रवाई के लिए दिखाई दिलचस्पी

**जांच रिपोर्ट दोनों बार गायब**

इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खेलबढ़िया मद में सरकारी राशि के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के जांच की जिला स्तरीय जांच रिपोर्ट दो बार लोक शिक्षण संचनालय कार्यालय कार्यवाही हेतु भेजी गई। लेकिन दोनों ही बार रिपोर्ट गायब हो गई। दोनों बार केवल कवरिंग लेटर ही मिला। अब तीसरी बार जांच रिपोर्ट भेजने की तैयारी है। अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने बताया की इसके पहले 21 जनवरी 2022 और 4 अप्रैल 2022 को जांच रिपोर्ट लोक शिक्षण संचालनालय भेजी गई थी। अपर संचालक की चिट्ठी आने के बाद फिर से जांच रिपोर्ट भेजी जा रही है। मालूम हो कि जब पहले दो बार रिपोर्ट भेजी गई थी तब श्याम चंद्राकर डीएमसी के पद पर आसीन थे। कुछ महीने पहले उसे हटा दिया गया। हो न हो इसमें भी कुछ न कुछ खेल जरूर चला है।

**तीन अलग-अलग जांच, सब में दोषी**

मालूम हो की इस मामले को लेकर तीन अलग-अलग स्तर पर जांच की गई, तीनों में ही डीएमसी श्याम चंद्राकर दोषी पाए गए। पहले शिक्षा विभाग ने निम्न स्तर पर जांच की, फिर विकासखंड शिक्षा अधिकारी और विकासखंड स्त्रोत समन्वयक की संयुक्त टीम ने जांच की, लेकिन कार्यवाही नही हुई। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा गठित जिला स्तरीय जांच टीम ने मामले की जांच की। उक्त समिति में अपर कलेक्टर जे आर चौरसिया, जिला कोषालय अधिकारी बी के तिवारी, जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी एस के बंजारे, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एस के सिंह शामिल थे। समिति ने 10 जनवरी 2022 को इस मामले अपनी जांच रिपोर्ट पेश की थी।

रिपोर्ट में उन्होंने डीएमसी चंद्राकर को भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया है। चंद्राकर पर अपने दायरे से बाहर जाकर नियम विरूध्द 149 टीवी खरीदी कराकर शासन को 17 लाख से अधिक रूपए का मितव्ययिता कर नुकसान पहुँचाने की पुष्टि की है। ज्ञात हो कि इसके पहले के भी दो रिर्पोट में श्याम चंद्राकर दोषी पाए गए थे।

# अरूण छाबड़ा को नई दिल्ली में गोल्ड मैडल के साथ मानद उपाधि डॉक्टरेट से नवाजा गया



**भाटापारा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। विगत कई वर्षों से मानवसेवा/समाज सेवा के क्षेत्र के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य एवं रिसर्च पेपर्स के आधार पर समाजसेवी अरूण छाबड़ा को नई दिल्ली में गोल्ड मैडल के साथ मानद उपाधि डॉक्टरेट से संमानित किया गया विगत कई वर्षो से क्षेत्र एवं देश के अंतर्गत मानव सेवा में की भावनाओं को लेकर प्रशासनिक एवं प्रजातांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत मानव सेवा एवं मानव उत्थान की भावना से ओत-प्रोत होकर क्षेत्र प्रदेश राष्ट्रीय स्तर में कार्यक्रम में संमलित होकर एवं कर्तव्य परायणता के आधार पर जो मानव कल्याण हेतु उनके द्वारा किया गया कार्य बहुत ही सराहनीय है जैसे स्वास्थ्य विभाग,। खेलकूद, सांस्कृतिक, साहित्य , एवं ब्लड डोनेशन कैंप दान सेवा भावना एवं भाव पीढ़ी को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करना हम सब के लिए अत्यंत गौरव की बात है।

उन्होंने गोल्डन बूक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया एवं एंटी करेपशन फाऊंडेशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है समाजिक कई मानव कल्याण कर रही संस्था से जुड़े है अरूण छाबड़ा ने विगत वर्षों में मानव सेवा के क्षेत्र में अपने पिता की पुण्यस्मृति में विगत 6 बर्ष से शव वाहन स्वर्ग रथ की अत्यावश्यक नि शुल्क सेवा से 3000 से अधिक की सहायता कर करौना वैक्सीन टीका करण कराने शासन का सहयोग कर करौना योद्धा के रूप में अपनी पहचान बनाई है 400 से अधिक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संस्थानों संमानित किया जा चुका है अरुण छाबड़ा को सम्मान प्राप्त होने पर नितिन भंसाली हरपाल सिंह भामरा रश्मित खुराना हर्ष अग्रवाल सुधीर मिश्रा अजय कांत शुक्ला राजकुमार मल आलोक मोदी देवेंद्र भृगु कैलाश बलानी तंजीव अरोरा दिनेश सोनी इकबाल अहमद अजय गुप्ता सूरज शर्मा गुलशन वर्मा राजा टुटेजा देवेंद्र सचदेव कन्हैया सेठी सुनील छाबड़ा गोपाल शर्मा राज कुमार छाबड़ा आकाश छाबड़ा पूर्वाश छाबड़ा ने शुभकामनाएं व बधाई दी।

# नवीन तहसील व एसडीएम कार्यालय निर्माण की स्वीकृति पर अधिवक्ता संघ ने आभार प्रकट किया



**बिलाईगढ़,** 3 अगस्त (देशबंधु)। बिलाईगढ़ में नवीन तहसील व एसडीएम कार्यालय निर्माण की स्वीकृति मिलने पर आज अधिवक्ता संघ बिलाईगढ़ के सदस्यों ने संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व विधायक बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय से मुलाक़ात कर धन्यवाद दिया और यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट किया, नवीन तहसील भवन के निर्माण से सुचारू रूप से सभी कामों का संचालन होगा।आभार प्रकट करने वालों में उषा किरण मिश्रा, आर. एन. भट्ट संरक्षक, गणेश बंजारे अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष भागवत साहू, यज्ञ कुमार सिंह सचिव, आर एस साहू, जवाहर पड़वार, विष्णु प्रसाद जाटवर, सुनील कुमार देवांगन, मनोहर लाल जाटवर, मनोज साहू, रामकृष्ण जयसवाल, मोहन कुर्रे, विष्णु साहू, रूप नारायण राकेश, राहुल केवर्त उपस्थित थे।

# किसानों की मिटी चिंता, बारिश से खिला चेहरा

**भाटापारा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। सृजन का मौसम बारिश का मौसम जहां किसान कड़ी मेहनत करते हुए फसल सृजन का अनुष्ठान करता है,उसके तप और परिश्रम के साथ प्रकृति की कृपा वर्षा के बूंदों के रुप मे बरसती है,तब कहीं जाकर धरती सोना उगलती है और जनमानस को जीवनदायिनी अन्न प्रदान करती है।

**बारिश का थमना चिंता उत्पन्न होना**

बारिश का मौसम और बारिश का थमना सबसे ज्यादा किसानों को चिंता मे डालता है,भले ही शहरीकरण के प्रभाव और अव्यवस्थित ड्रेनेज सिस्टम बारिश मे शहरों को जरुर दिक्कत मे डालते है, लेकिन किसानों के चेहरे खिले हुए होतें है,बोनी बियासी के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रही कृषि मे जहां वर्षा की निरंतर जरुरत होती है,ऐसे मे वर्षा का थम जाना लाजिमी है किसानों का चिंता मे आ जाना,भाटापारा मे कुछ ऐसे ही परिदृश्य नजर आने लग गये थे,तथा किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींचनी शुरु हो गयी थी, क्योकि बारिश का थमना कृषि को जोखिम में डालती हुई प्रतीत हो रही थी।

**विधायक द्वारा नहर से पानी छोड़ने की मांग**



## नहर से पानी छोड़ने की उठ रही थी मांग

परिस्थितियां इस कदर जोखिम की राह चलती हुई प्रतीत हो रही थी मानों वर्षा की कमी कहीं कृषि को ही प्रभावित न कर दे,इसके मद्देनजर क्षेत्र के विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा सरकार से अविलंब नहर मे जल प्रवाहित कर किसानों और कृषि को राहत प्रदान करनें की मांग की गयी,तथा इस संदर्भ मे उनके द्वारा प्रमुख अभियंता एवं मुख्य अभियंता सिचाई से भी चर्चा की गयी। अर्थात वर्षा अभाव की गूंज और उससे राहत के लिए पहल की मांग भी क्षेत्र मे उठनी शुरु हो गयी।

**रिमझिम बूंदों का आगमन बना समाधान**

चिंता और बैचेनी से गुजरते कृषि समाज तथा जल का इंतजार करती कृषि को प्रकृति की मनोरम भेंट रिमझिम बूंदों के रुप मे बुधवार अल सुबह से ही प्राप्त होनी शुरु हो गयी,निरंतर बरसती बूंदों ने एक प्रकार से कृषि मे आ रही समस्या का समाधान दे दिया,हल्की और मध्यम फुहारों का क्रम गुरुवार तक जारी है,और किसानों के चेहरे से चिंता की लकीरें मिटती हुई जान पड़ रही है,तथा निरंतर हो रही रिमझिम बारिश कृषि और किसानों के चेहरे को खुशी से भरती हुई प्रतीत हो रहीं है।

# ड्यूटी पर उपस्थित हुए संविदा कर्मचारी सरकार पर उनका भरोसा कायम शीघ्र होंगे नियमित



**पिथौरा,** 3 अगस्त। 45 हजार संविदा कर्मचारी, छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय आह्वान पर दिनांक 03 जुलाई 2023 से नियमितीकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे।

2 अगस्त को मुख्यमंत्री भूपेश के मिलने के उपरांत व आश्वासन पर आज 3 अगस्त को निकट के जिले एवं दूरस्थ के जिले 4 अगस्त को कार्य मे उपस्थित हो गये है।

**मुख्यमंत्री के पास जो टीम गये थे मुख्य बिंदु निम्नानुसार है –**

1) नियमितीकरण के संबंध बात किया गया।
2) 27त्न वेतन बढ़ा अभी तक कोई भी सरकार नही बढ़ाई है।
3) 62 वर्षो की जाब के सुरक्षा की बात कहा गया।
4) नौकरी से पर हर साल नही निकाने की बात कहा गया है।
5) चिकत्सा और इन्सुरेंस।
6) अनुकम्पा नियुक्ति के ऊपर में बात कहा गया।
7) हड़ताल अवधि में हुई कार्यवाही शून्य घोषित आदि।

## निधन

### रंजीत कुमार चौधरी

**भिलाईनगर,** 3 अगस्त। हरिनगर निवासी रंजीत कुमार चौधरी का आज 3 अगस्त को निधन हो गया। वे विकास चौधरी चरोदा वाले के बड़े भाई थे। विकास चौधरी में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष थे। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में किया गया।



### पारसमल लोढ़ा

**महासमुंद,** 3 अगस्त । रायपुर टैगोर नगर डी अमृतमय निवासी पारस मल लोढ़ा 56 वर्ष का 2 अगस्त को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 3 अगस्त को मरवाड़ी मुक्तिधाम रायपुर में किया गया। वे दीपक, श्रेयांश लोढ़ा के पिता व जसराज लोढ़ा,अलसीचंद, गौतमचंद लोढ़ा के भाई थे।



### हीरालाल बोथरा

**दुर्ग,** 3 अगस्त। गवली पारा निवासी हीरालाल बोथरा (85) का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे वरिष्ठ भाजपा नेता, व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक कांतिलाल बोथरा के बड़े पिताजी, संदीप बोथरा के पिताजी थे। वे बेटे बेटियों, पोते, पोतियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गये है। आज अंतिम संस्कार में जैन समाज के साथ ही भाजपा नेतागण तथा आम नागरिक एवं व्यवसाईगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



# बिलाईगढ़ के रैली में गूंजा 'जन-जन का नारा है, मतदान अधिकार हमारा है'



**बिलाईगढ़,** 3 अगस्त (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय से स्वामी आत्मानंद विद्यालय बिलाईगढ़ तक में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बिलाईगढ़ के मुख्य मार्ग से होकर तहसील चौक, टिकरीपारा, बस स्टैंड से होते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय पहुंची। एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी के नेतृत्व में स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रैली के दौरान मतदाताओं के जागरूकता के लिए नारा का सामूहिक रूप से ऊर्जावान उद्घोष किया, जिनमें 'मतदाता सूची म नाम लिखाबो, वोट देहे के अधिकार पाबो', 'लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता जागरूक मतदाता', 'जन-जन का नारा है मतदान अधिकार हमारा है' लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सबकी है जिम्मेदारी' का नारा शामिल है रैली के समापन अवसर पर एसडीएम और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. स्निग्धा तिवारी ने सामूहिक शपथ दिलाई। एसडीएम ने अपने कॉलेज के विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए कहा कि युवा देश के भविष्य होते हैं। इनका शत-प्रतिशत पंजीयन हो, ऐसा प्रयास करते हुए अपने क्षेत्र में जागरूकता का प्रसार करें और मतदान के लिए सभी को प्रेरित करें।

## बिलाईगढ़ में रैली, गीत और नुक्कड़ नाटक से किया गया मतदाता जागरूकता

शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुईंहा के विद्यार्थियों द्वारा 'मतदान हमारा अधिकार'' विषय पर लघु-नाटिका प्रस्तुत की गई। साथ ही साथ स्कूली छात्र-छात्राओं 'हम भारत के मतदाता' गीत पर नृत्य के माध्यम से मतदान की ताकत को प्रदर्शित किया गया। इस रैली और सभाकक्ष के कार्यक्रम में स्कूली और कॉलेज के छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधियों, सीईओ बिलाईगढ़, सीएमओ बिलाईगढ़ अधिकारियों-कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कर्मियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

# कब करेंगे कृषि फार्मों की जांच ?

## बगैर लाइसेंस आदान विक्रय की शिकायतें

**भाटापारा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कब होगी कृषि फार्मों की जांच ? बीज, उर्वरक और कीटनाशक विक्रय करने वाली संस्थानों में चल रही जांच के बीच, यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि जिले के कुछ बड़े कृषि फार्मों से उर्वरक और कीटनाशक बेचे जाने की जानकारी सामने आ रही है। कृषि विभाग की सक्रियता किसानों और साफ-सुथरा कारोबार करने वाले आदान विक्रेताओं को भले ही रास आ रही हो लेकिन एक बड़ा वर्ग नाखुश इसलिए है क्योंकि कुछ बड़ी सब्जी बाड़ियां खुलेआम कीटनाशक और उर्वरक बेच रहीं हैं, इन पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है ? जैसे सवाल उठ रहें हैं। इन पर कार्रवाई कब हरियाणा से आए बड़े किसान लगभग हर विकासखंड में बड़े रकबे में कृषि फार्म बना चुकें हैं। हरियाणा में अपने संपर्कों का लाभ उठाकर ऐसे कीटनाशक बेच रहें हैं, जिनकी कीमत कम ही होती है। इसके अलावा कालातीत अवधि के करीब पहुंच चुकी कीटनाशक भी इनके द्वारा बेची जा रहीं हैं। बगैर लाइसेंस चल रहे ऐसे क्रय-विक्रय पर कब लगाम कसी जाएगी ? प्रतीक्षा कर रहा है बीज, उर्वरक और कीटनाशक बाजार।



किराना दुकानों में भी फौरन जरूरत है। शहर जाने और वापसी में व्यर्थ में समय क्यों गवाएं ? जैसी मानसिकता को देखकर जिले के कुछ गांवों में किराना दुकानें भी कीटनाशक का विक्रय करने लगीं हैं। मात्रा भले ही सीमित रखी जा रही हो लेकिन उपलब्धता तो हो रही है। विपरीत असर यहां अवैध कारोबार से अनुमति प्राप्त संस्थानें ही नहीं, गुणवत्तापरक कीटनाशक निर्माता कंपनियां भी प्रतिकूल स्थिति का सामना कर रहीं हैं। इसके अलावा राज्य को नियमानुसार मिलने वाला राजस्व भी नहीं मिल रहा है क्योंकि नियमों से परे ऐसी व्यापारिक गतिविधियां चल रहीं हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन...

में भी पहुंच जा रहे हैं और वहां कृषि कार्य में लगे हुए लोगों से संपर्क कर उन्हें मताधिकार की ताकत से अवगत करा रहे हैं । इस सराहनीय अभियान के दौरान उन्हें लोगों का पूर्ण सहयोग मिल रहा है और लोग उन्हें, मताधिकार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए धन्यवाद दे रहे हैं ।

अपने अभियान के दौरान देवांगन युवाओं को बता रहे हैं कि मतदान करना प्रत्येक मतदाता का अधिकार है जबकि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार । मतदाताओं के एक वोट में इतनी ताकत होती है कि इससे प्रदेश और देश की दशा व दिशा बदल सकते हैं । यह जरूर है कि मतदान के दौरान लोगों को अपनी बारी की प्रतीक्षा करते समय कुछ तकलीफ होती है, लेकिन इससे मतदाता स्थानीय (पंचायत व नगरीय निकाय आदि) प्रदेश व देश स्तर पर अपने लिए एक सशक्त शासन चुनने में अपनी भूमिका निभाता है। लिहाजा ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर मतदाता अपनी भूमिका का निर्वहन करने से न चूंके ।

देवांगन साथ ही लोगों को यह भी बता रहे हैं कि कभी भी किसी के प्रलोभन में आकर मतदान ना करें क्योंकि जो व्यक्ति आपको प्रलोभित करके आपका बहुमूल्य वोट हासिल करेगा, उससे आप जनहित की अपेक्षा कैसे कर पाएंगे ? इसके अलावा मतदान करते वक्त अपने दिमाग में प्रदेश व देशहित को सर्वोपरि रखें । कभी भी यह ना सोचें कि हमारे पूर्वज फ्लां पार्टी को वोट देते आएं हैं तो हम भी उनका अनुसरण करते हुए उसी पार्टी के प्रत्याशी को वोट दें । आप सब शिक्षित हैं और सही व गलत की बेहतर पहचान करने की क्षमता आप में है । लिहाजा एक सजग व जिम्मेदार मतदाता का कर्तव्य निभाते हुए पूरी ईमानदारी से समाज, प्रदेश व देशहित की सोच रखने वाले उम्मीदवार के पक्ष में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

### 3 पेटी शराब के साथ आरोपी...

किए जा रहे है।

जिम्मेदार अधिकारियों पर हो कार्यवाही

मामले में जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही करने की आवश्यकता है। ताकि अंचल में हो रहे अवैध शराब तस्करी पर रोक लगाया जा सके। सूत्र यह भी बताते हैं कि शराब दुकान में कार्यरत कुछ कर्मचारियों के द्वारा शराब दुकान बंद होने के बाद शराब की बड़ी खेप को पुट्ठा में छुपाकर शराब दुकान के बाहर रख दिया जाता है और सुनसान समय देखकर उक्त शराब को चारपहिया वाहनों के माध्यम से आसपास के कोचियो को सप्लाई की जाती है। जिससे प्रतिदिन वे लाखो रु की ऊपरी कमाई कर शासन और आबकरी विभाग को ठेंगा दिखा रहे है ।साथ ही शराब दुकान में ब्लैक लिस्टेड कर्मचारियों का आना जाना भी लगा हुआ रहता है जो कि अपराध की श्रेणी में आता है। अभनपुर वृत्त की नई आबकारी निरीक्षक मेघा मिश्रा की नियुक्ति के बाद अब उक्त मामले में क्या कार्रवाई की जाती है यह आने वाले दिनों में ही पता चल पाएगा ? या मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जायेगा यह तो वक्त ही बताएगा।

### संसदीय सचिव ने सिंघी में ...

में ऐसा निर्णय लिया गया है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनहरण साहू, जनकराम साहू, सुरेश साहू, अश्वनी राजपुत, अंजोर ध्रुव, अशोक साहू, राहुल साहू, श्यामलाल साहू, धनेश ध्रुव, दयालूराम साहू, बरातू यादव, चुम्मन साहू, शगुन साहू, मनोहर निषाद, जगदीश राजपुत, नेमू साहू, गुडडू बरिहा, डोमन विश्वकर्मा, खेमराज निषाद, विजय साहू, यशवंत कन्नौजे, तामेश्वर बरिहा, गोलू चक्रधारी, हिमांशु नेगी, लक्ष्मी नारायण साहू, चंदूलाल साहू, छबि निषाद, संतोष जांगड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### कृषि दुकानों पर कार्रवाई...

कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा जिले के समस्त विकास खंडों में पदस्थ कीटनाशक, उर्वरक एवं बीज निरीक्षकों को लगातार अपने क्षेत्र का निगरानी करने के निर्देश दिए जा रहे हैं तथा किसी भी प्रकार का अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं तथा कृषकों को भी सतर्क रहने तथा आवश्यकता अनुसार कृषि आदान क्रय करने की अपील की गई है।

### इनरव्हील क्लब धमतरी ने...

को उत्साहित करने के लिए पर्याप्त रही ग्रुप बनाकर गेम खिला कर सबको सामिल किया गया सावन चीन का खिताब डॉक्टर स्वीटी नंदा को मिला पोस्टर कंपीटिशन का जजमेंट अमेरिका में रहने वाली सोनू खंडेलवाल द्वारा लाइव कराया गया पोस्टर कंपटीशन में प्रथम स्थान प्रिया

पंजवानी द्वितीय स्थान स्वीटी नंदा मोना जैन और तृतीय स्थान पल्लवी जयसवाल को मिला

सावन उत्सव के साथ ही चार्टर डे और फ्रेंडशिप डे भी मनाया गया चार्टर डे सेलिब्रेट करने में श्रीमती सरोज जयसवाल मनीषा शाह ओम लता राठी जागृति दोषी चार्टर मेंबर शामिल थे उनके आने से प्रोग्राम में चार चांद लग गया प्रोग्राम डायरेक्टर पिंकी खंडेलवाल ऋतु लुनावत दोनों ने बहुत सुंदर ढंग से पूरे प्रोग्राम को ऑर्गेनाइज किया सभी ने बहुत ही एंजॉय किया अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया पूरे प्रोग्राम में इनरव्हील मेंबर्स की सत प्रतिसत उपस्थिति थी।

# मुख्यमंत्री भूपेश के कार्यकाल में जितना विकास हुआ उतना भाजपा शासनकाल में नहीं हुआ : यादव

**बागबाहरा,** 3 अगस्त (देशबंधु)। हम सबके यशस्वी लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साढ़े चार साल के कांग्रेस शासनकाल में जितना विकास कार्य छत्तीसगढ़ में हुआ है, उतना विकास कार्य कभी नही हुआ है। छत्तीसगढ़ में चहुंमुखी एवं बहुमुंखी विकास कार्य हुए हैं। छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों के मॉडल को लेकर यह राज्य भारत देश में अपना अलग पहचान बना चुके हैं। जिसके लिए भारत सरकार द्वारा कई बार पुरस्कृत एवं सम्मानित होने का गौरव भी प्राप्त हो चुका है। छत्तीसगढ़ सरकार सबके हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। जिससे प्रदेश के आम जनता को अच्छा खासा लाभ मिल रहा है। उक्त बातें छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कर्मठ, जुझारू एवं संघर्षशील युवा लोकप्रिय विधायक द्वारिकधीश यादव ने अपने निवास स्थान में देशबंधु के वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी से एक विशेष खास मुलाक़ात में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा। संसदीय सचिव श्री यादव ने अपने क्षेत्र में हुए सर्वांगीण उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके सहयोगी मंत्रियों के माध्यम से खल्लारी क्षेत्र में विकास कार्यों की बड़ी सौगातें मिली है। जो मेरे प्रयासों से सफल हो पाया है। जिसमे नगर के बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जीर्णोद्धार, नए भवन, ,30 से 50 बिस्तर , इंडोर स्टेडियम भवन, कॉलेज में कैंटीन भवन, पौनी पसारी शेड भवन, एसडीएम भवन, व्यवहार न्यायालय, व्यापारी तालाब व मंडी तालाब का सौंदैर्यीकरण , सामुदायिक भवन, गौठान शेड भवन, आम गलियों का डामरीकरण, सीसी रोड, नाली निर्माण , सामाजिक भवन, मिनी स्टेडियम का अहाता निर्माण , टाऊनहाल की मरम्मत, खल्लारी पहाड़ी में रोपवे , धर्मशाला, सामाजिक भवन, घूंचापाली में सामाजिक भवन, हर पंचायत में गौठान , सामुदायिक शौचालय, नये धान खरीदी केंद्र, कोमाखान में नए कॉलेज, तहसील कार्यालय का पदस्थापना , स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल, कोमाखान , खल्लारी , तेंदूकोना, बुंदेली एवं टुहलू में नए थाना व चौकी भवन, प्राचीन देवी स्थल खल्लारी एवं घूंचापाली का चहुंमुखी विकास, गांव-गांव में सामाजिक भवन, सड़क, शिक्षा, स्कूल, आंगनबाड़ी, बिजली, पीने के लिए शुद्ध पानी टंकी एवं घर-घर नल जल योजना , ढेर सारे नये सड़कों का जाल, पुल-पुलिया, स्वास्थ्य केंद्रो एवं स्कूलों का उन्नयन प्रमुखता से क्षेत्र में किया गया है। जिससे आम जनता को लाभ मिल रहा है। इसके अलावा और बहुत सारे छोटे बड़े विकास कार्य मेरे प्रयासों से हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने साढ़े चार साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ का कायाकल्प कर दिया है। उतना विकास कार्य तो



रमन सरकार के 15 साल के कार्यकाल में कभी नहीं हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के नेता केवल अपनी ही झोली भरते रहे। उनको आम जनता के परेशानियों से कोई मतलब नहीं रहा। रमन के कार्यकाल में विकास कार्य बिल्कुल शून्य रहा। जिसके कारण उनके पार्टी की गत विधानसभा चुनाव में बुरी तरह से दुर्गति हो गई। जिसका खामियाजा वे लोग आज भुगत रहे हैं। बघेल सरकार ने युवक-युवती, छात्र-छात्राएं, किसान-मजदूर, भाई-बहन, कर्मचारी अधिकारी, उद्योग धंधे आदि सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखकर काम किया है। उन्होंने किसी का अहित नहीं किया है। प्रदेश के लोग खुशहाल और तरक्की के राह पर हैं। संसदीय सचिव श्री यादव ने आगे कहा कि बल्कि मेरे कार्यकाल में तो खल्लारी क्षेत्र में आम जनता के मुलभुत बुनियादी सुविधाओं को ध्यान में रखकर चुंहुमुखी विकास कार्य किया गया है। इस क्षेत्र के जनता मेरे साथ है। किसी से मेरा कोई शिकवा-शिकायत नहीं है। मैने हमेशा सत्ता और संगठन को साथ लेकर कार्य किया है। मैने कभी जीवन में किसी का बिगाड़ नहीं किया है। बल्कि मैने हमेशा हर सुख-दुख में लोगों का साथ दिया है। जनता का मुझे भरपुर आशीर्वाद मिल रहा है। और हमेशा मुझ पर यह कृपा बना रहेगा। वही इस क्षेत्र के दो प्रसिद्ध देवी खल्लारी मां एवं चंडी मां का कृपा दृष्टि मुझ पर बना हुआ है। देशबंधु पत्रकार से खास मुलाक़ात चर्चा के दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद मंता राम यादव, एल्डरमेन राहुल सलूजा, नवनीत सलूजा, शहर कांग्रेस कमेटी सचिव सतवीर सिंह दुआ, बलबीर बग्गा, मनोहर ठाकुर, खोमेश साहू , रमेश साहू आदि मौजूद थे।

# कौशल उन्नयन से ही होता है व्यक्तित्व निर्माण : कलेक्टर

## 30 से अधिक युवाओं को मौके पर मिला रोजगार, कलेक्टर ने प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**बलौदाबाजार,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 32 आवेदकों को मौके पर ही कलेक्टर चंदन कुमार ने अपने हाथों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। जिससे क्षेत्र के युवाओं में हर्ष का माहौल है। मेले में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 8 सौ आठ रिक्त पदों की अधिसूचना प्राप्त हुआ था। प्राप्त पदों के लिए 5 सौ 66 आवेदकों ने साक्षात्कार में भाग लिया। जिसमें से 2 सौ 92 आवेदकों को प्राथमिक चयन किया गया है। रोजगार मेले से लाभान्वित लवन निवासी सागर कुमार निराला ने बताया कि मुझे बॉम्बे इंटेलिजेंस सेक्युरिटी इंडिया लिमिटेड में नौकरी का ऑफर मिला है। इसमें मुझे 10 हजार से 12 हजार रूपये वेतन मिलेगा। उन्होनें उक्त आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।



इसी तरह ग्राम पाटन निवासी माधुरी वर्मा को अलर्ट प्लेसमेंट सर्विस द्वारा मार्केटिंग का जॉब प्रदान किया गया। उन्होनें ने भी रोजगार मेले के आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि कौशल उन्नयन से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। अत: हम सभी लोगों को अपने रूचि अनुरूप कौशल उन्नयन में जोर देना चाहिए। इस तरह उन्होनें पहले नौकरी को पैसों के लिए न होकर अपने व्यक्तित्व निर्माण के रूप में देखना चाहिए। नौकरी के लिए यदि हमें कही दूर जाने की जरूरत पड़ती है तो निश्चित हमें जाना चाहिए, यह मेरा एक व्यक्तिगत अनुभव है। इससे व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं प्रबल होती है। उन्होनें सभी चयनित युवाओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। कलेक्टर चंदन कुमार ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए रोजगार, कौशल विकास, ग्रामोद्योग, उद्योग एवं व्यापार विभाग को बधाई दिए। साथ ही कलेक्टर ने भविष्य में और अधिक रोजगार मेले आयोजन करने का आश्वासन दिए है। जिससे युवाओं को रोजगार का अवसर मिले। उक्त अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत, महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार श्री एल के लाकरा, लाइवलीहुड कालेज प्रभारी अनिल कुमार, ग्रामोद्योग सहायक संचालक गोरेलाल रात्रे सहित अन्य विभाग अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# बरसते पानी में भी लाखों भक्त पहुंचे कथा सुनने

**कोहका नेवरा/खरोरा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। तिल्दा नेवरा में आयोजित श्री कांवड़ शिव महापुराण कथा में बुधवार को कथा स्थल में भक्त बारिश की परवाह किए बगैर कथा का रसपान करने में अडिग रहे। द्वितीय दिन देर रात से हो रही बारिश से भक्तों को कोई फर्क नहीं पड़ा। भक्त भीगते हुए पहुंचे और बोल बम के नारों के साथ भोले की भक्ति में डूबे रहे। छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों से लाखों लोग पहुंच रहे हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से कथा श्रवण करने वालों में हर उम्र के लोग बच्चे, बूढ़े और जवान शामिल हैं। पंडित मिश्रा ने बुधवार को कथा के दूसरे दिन कहा कि जिस तरह किसी गलत स्थान पर खड़े व्यक्ति को दुनिया गलत मानती है, किसी शराबी के पास खड़े युवक को भी शराबी मान बैठती है, उसी प्रकार कथा श्रवण करने आए भक्त, भगवान नाम के संकीर्तन में शामिल हुए लोगों को भी भगवान के दरबार में भक्त मानती है। उनके नाम भक्तों की लिस्ट में भगवान के दरबार में दर्ज होते हैं। जिसका पुण्य लाभ उसे कभी न कभी जरूर मिलता है। भोले धन और दौलत नहीं मांगते, केवल एक लोटा जल सभी समस्या का हल है।



शिव पुराण कथा स्थल पर जाते हुए श्रद्धालुओं

**भोले बाबा धन और दौलत नहीं मांगते, केवल एक लोटा जल सभी समस्या का हल : पं. प्रदीप मिश्रा**

**सेवा करने वालों को भी भोले बाबा देंगे आशीर्वाद:** पंडित मिश्रा ने तिल्दा में जगह-जगह हो रहे भोग भंडारे का जिक्र करते हुए कहा कि यहां कथा सुनने आए लोगों को तिल्दा नेवरा निवासी जानते पहचानते नहीं, फिर भी अपना मान कर इतने प्रेम भाव से नाश्ता, पानी चाय, बिस्किट, भोजन बांट रहे हैं। ये भक्त नहीं भोले नाथ की सेवा मान कर सेवादारी दे रहे हैं। इन्हें भोले बाबा अवश्य अपनी कृपा आशीर्वाद देंगे। भाजपा महामंत्री अनिल अग्रवाल की टीम एवं दिनेश अग्रवाल निनवा वाले की तरफ से पोहा और चाय की व्यवस्था की गई है। हजारों की संख्या में भक्त प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

# महेन्द्र मोनू साहू बनाये गए भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

**पलारी,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता जिला पंचायत सदस्य भारती साहू के प्रतिनिधि महेन्द्र मोनू साहू को उनकी सक्रियता और ओबीसी समाज और अन्य सभी समाज मे पकड़ को दृष्टिगत रखते हुए एक बड़ी जिम्मेदारी देते हुए, प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा के सदस्य बनाया गया है उनके नियुक्ति पर क्षेत्र वासियों ने भाजपा पदाधिकारियों ने बधाई दिए है। इस नियुक्ति पर महेंद्र मोनू साहू ने प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, ओबीसी अध्यक्ष भरत वर्मा, उपाध्यक्ष शान्तनु साहू, महामंत्री द्वय खिलावन साहू, राकेश चंद्राकर सहित पूरे शीर्ष के प्रति आभार प्रकट किया है।



# उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए हाईस्कूल रोहिना के प्राचार्य को कलेक्टर ने सम्मानित किया

**सरायपाली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत आने पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा शासकीय हाईस्कूल रोहिना के प्रभारी प्राचार्य ए के जायसवाल को सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य जायसवाल ने बताया कि छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2023 में सम्मिलित सभी छात्र उत्तीर्ण हुए। वर्ष 2018 से संचालित हाई स्कूल रोहिना में सिमित संसाधनों एवं विषय शिक्षकों की कमी के बावजूद भी हमारे व्याख्याताओं द्वारा नियोजित तरीके से अध्यापन कार्य संपादित किए जिसके के चलते हम इस वर्ष शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने में सफल रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को छात्रों को दिखाया गया जिसका असर परीक्षा परिणाम पर पड़ा।कलेक्टर महासमुंद के हाथों सम्मानित होना अविस्मरणीय पल रहा। यह ज्ञातव्य हो कि पूरे महासमुंद जिले के 24 स्कूलों के प्राचार्यो को 10वीं 12वीं के परीक्षा परिणाम 100त्न आने पर सम्मानित किया गया। पुरे बसना विखं से हाई स्कूल रोहिना एवं देवरी के प्राचर्यों को ही सम्मान पाने का अवसर मिला। कलेक्टर महासमुंद ने प्राचार्य एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि सकारात्मक परिणाम देते रहें। कलेक्टर के हाथों सम्मानित होने पर हाई स्कूल रोहिना के प्राचार्य एवं शिक्षकों को विखं शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, एबीओ व्ही के शुक्ला, बीपी जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, बीआरसीसी ललित देवता, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष कुंतल प्रसाद साहू, सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणि साहू, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सेठ, बड़ेसाजापाली प्राचार्य यु के पटेल, दुर्गा उमावि लंबर प्राचार्य जीपी पटेल, व्याख्याता आर के पटेल, पूनम साहू आदि ने बधाई दी है।





# मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा को लेकर समाज प्रमुख कलेक्टर से मिले



**सरायपाली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज कुल कार्यकारिणी सभा रायपुर (छग) का प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष गिरधारी साहू एवं संरक्षक हरिचरण प्रधान के नेतृत्व में कलेक्टर प्रभात मल्लिक से मुलाकात कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा रामचंडी दिवस के अवसर पर मां रामचंडी मंदिर गढ़फुलझर में एवं भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान की गई घोषणा पर यथा शीघ्र कार्यवाही करते हुए कार्य आदेश जारी करने विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा शीघ्र कार्य आदेश जारी करने का भरोसा दिलाया गया।

ज्ञातव्य हो कि शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित रामचंडी दिवस को पधारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा उपस्थित सामाजिक जनों के समक्ष गढ़फुलझर स्थित रामचंडी मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई थी। साथ ही मंदिर परिसर में मंगल भवन, सौर ऊर्जा, सार्वजनिक शौचालय, नानकसागर से लौड़ीदरहा मार्ग तक सीसी रोड, मानसरोवर एवं रानी सागर तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की घोषणा की गई थी। इसी तरह भेंट मुलाकात के दौरान सामाजिक भवन हेतु बसना में 20 लाख, पिथौरा में 15 लाख, महासमुंद में 10 लाख रूपये देने की घोषणा की गई थी। उक्त घोषणाओं के परिपालन में समाज प्रमुखों ने कलेक्टर से मिलकर स्वीकृति उपरांत कार्य आदेश जारी करने की मांग की गई

प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री मथामणी बढ़ाई, महिला प्रकोष्ट संरक्षक श्रीमती मंदाकिनी साहू, कर्मचारी प्रकोष्ट अध्यक्ष अरुण प्रधान, शाखा सभा महासमुंद सभापति अमृतलाल भोई, कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश प्रधान, उप सभापति विमल प्रधान, पूर्व शाखा सचिव गोवर्धन प्रधान, शाखा पदाधिकारी किशोर भोई, यशवंत साहू सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कार्यकारिणी सचिव ललित साहू एवं मिडिया प्रभारी कमलेश साहू ने दी है।

# नगर के विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर शिवसेना ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**आरंग,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। शिवसेना आरंग नगर के पदाधिकारियों ने शिवसेना रायपुर जिलाहासचिव राकेश शर्मा के नेतृत्व मे नगर के विभिन्न समस्याओं एवं 10 सूत्रीय मांगो को जनहित मे कार्य कराये जाने हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी आरंग को ज्ञापन सौंपा।श्री शर्मा ने बताया की शहर मे नलजल योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार के बाद खोदे गए गड्ढे का तत्काल मरम्मत कराने,शहर के सभी पानी टंकी एवं नालियों की साफ सफाई कराने, सभी वार्डो मे ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने, सभी तालाबों का सौंदर्यीकरण कराने, स्थानीय सब्जी मार्केट को सुव्यवस्थित कराने, बैठकी बाजार मे चबूतरा निर्माण कराने, जोबा महादेव स्थित गार्डन को व्यवस्थित कराने, रानीसागर तालाब के पास ब्रेकर बनवाने, यात्री प्रतिक्षालय को व्यवस्थित करने एवं सुलभ शौचालय की नियमित साफ सफाई कराने जैसे विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों मे नगर उपाध्यक्ष रिंकू यादव, नगर संगठन प्रमुख व्यास सोनकर, नगर प्रचार प्रमुख टेकु देवांगन,युवासेना प्रमुख महेंद्र लोधी, उजाला जलक्षत्री, शत्रुहन सोनकर, कोमल यादव उपस्थित थे।



# आरंग शहर महिला कांग्रेस कार्यकारिणी का किया गया विस्तार



**आरंग,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक एवं केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के निर्देशानुसार एवं महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष केशरी मोहन साहू के अनुसंशा पर आरंग शहर महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया आरंग शहर महिला कांग्रेस के अध्यक्ष मंजू चंद्राकर ने अपनी टीम विस्तार किया।

आदरणीया श्रीमती शकुन डहरिया, सदस्य-प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति, प्रभारी अ.जा. विभाग एवं प्रदेश महिला कांग्रेस, भारती देवांगन अध्यक्ष शहर कांग्रेस आरंग, पार्षद, धनेश्वरी निषाद, दीक्षा सोनकर, ममता शर्मा, गौरी बाई देवांगन, चंद्रकला साहू, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका आरंग, निर्मला साहू पूर्व सरपंच, सलमा बेगम पूर्व पार्षद विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सामिल किया गया।

शहर अध्यक्ष मंजू चंद्राकर के साथ महिला कार्यकारिणी कोषाध्यक्ष-राजेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष-हेमलता लोधी, रानू सेन, बिन्दू कोशले, बंसती साहू, महासचिव-राजकुमारी शर्मा, शान्ति लोधी, चमेली साहू, मीना साहू, डम्बेश्वरी कोशले, हेमा जलक्षत्री को जिम्मदारी दी गयी।

सचिव-वत्सला लोधी, चंद्रिका जलक्षत्री, हेमीन साहू, चुन्नी यादव, महेश्वरी जलक्षत्री, जागेश्वरी साहू, संध्या सोनी, चंद्रकला जलक्षत्री, गायत्री देवांगन, उषा साहू, खेदीन खेलवार, राखी बंजारे, चंद्रकांता जलक्षत्री, किरण यादव, को जिम्मदारी दी गयी।

कार्यकारिण सदस्य-राधा निषाद, दशोदा साहू, सविता लोधी, यमनेश्वरी साहू, गोदावरी जलक्षत्री, सोना लोधी, लता निषाद, हेम पुष्पा जलक्षत्री, राजेश्वरी जलक्षत्री, चुन्नी जलक्षत्री, संगीता जलक्षत्री, तारा देवांगन, जया जलक्षत्री, पुष्पा साहू, शारदा सोनकर, ओम्पी साहू, जुमना देवांगन, त्रिवेणी जलक्षत्री, चम्पा सेन, दिशन साहू, करूणा यादव, विभा बंजारे, सुनीता सुरतांगे, सुशीला घृतलहरे, गीता जलक्षत्री, झालिन साहू, त्रिवेणी देवांगन, मंजू साहू, मधु निर्मलकर, संतोषी विश्वकर्मा, मालती बाई जलक्षत्री, ममता यादव, दिव्या यादव, इंद्राणी गुप्ता, गोदावरी कोशले, मुन्नी यादव, जामेश्वरी जलक्षत्री, रंभा साहू, टुकेश्वरी साहू, द्रोपती सेन, रंभा गोड़, रेनुका यादव, रेखा कोशले, सोनबाई कोशले, को जिम्मदारी दी गयी।

महिला कांग्रेस कमेटी आरंग के समस्त जम्बो टीम द्वारा माननीय मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया जी एवं माननीय शकुन डहरिया जी का आभार व्यक्त किया।

# लाइन होने उपरांत भी धमनी में अंधेरा

**पलारी,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। विकास खंड पलारी से 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत धमनी मे 30 वर्ष पूर्व बिजली लाईन प्रदाय किया गया था। वर्तमान में कानाकोट विद्युत स्टेशन से 5 किलोमीटर दूर धमनी को महज 3 किलोमीटर खैरी ग्राम से बिजली प्रदाय करने मेन लाईन से जोड़ने के लिए पिछले 3 वर्षो से लगातार ग्राम पंचायत धमनी आवेदन कर रहा है दौरान स्थानीय विधायक एंव प्रभावशाली जनप्रतिनिधि गणो को अवगत कराया गया कि, वर्तमान में धमनी गांव को लगभग 17 किलोमीटर घुमाकर कानाकोट कैलाशगढ, दतान (खैरा) होकर बिजली दिया जा रहा है। इस मार्ग पर लंबे दुरी खेत खार से गुजरते लाईन मे आए दिन फाल्ट का हवाला दिया जाकर धमनी का लाईन काट दिया जाता है। जरा भी बारीश आंधी-तूफान आया कि धमनी के 500 उपभोक्ता गणो को अंधकार में रहने मजबूत होना पड़ता है।

**समस्या दूर नहीं होने पर सत्ताधारी लोगों की बात नहीं सुनेंगे लोग**

ताजा उदाहरण देखिए दिनांक 2/8/2023 को दिनभर और रात भर बिजली नही के समान मिला वहीं निकट किलोमीटर दूर गांव खैरी में दिन रात लाईन है।

ग्राम पंचायत धमनी के सभी विद्युत उपभोक्ताओं ने निर्णय लिया है कि, आचार संहिता लागू होने से पहले जनप्रतिनिधि गण एंव विधायक अविलंब पहल करके खैरी मेन लाईन से धमनी को बिजली प्रदान करने के लिए खंभा गिराने का पहल नहीं होता है तो धमनी में वोट मांगने आने वाले सत्ताधारी जनप्रतिनिधि गणो को कोई नही सुनेगा। अत:अवसर नही खोते हुए अविलंब धमनी को 3 किलोमीटर दूर खैरी से लाईन दैने पहल किया जावै।

# व्दितीय चरण विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का आयोजन 2 से 31 अगस्त तक : संतोष विश्वकर्मा

**नवापारा राजिम,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार स्थानीय नगरपालिका परिषद में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का व्दितीय चरण विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 का आयोजन 2 अगस्त से 31 अगस्त तक किया जायेगा. उक्ताशय की जानकारी देते हुए सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि इसके तहत मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, नाम, स्थान, पता सुधार करवाने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाने, नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने, आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र में जोड़ने एवं विव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करने हेतु आवेदन किया जा सकता है. इस कार्य हेतु मतदान केन्द्रों में 12, 13 तथा 19 एवं 20 अगस्त को विशेष शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है. श्रीविश्वकर्मा ने यह भी बताया कि नवीन मतदाता बनने के लिए फार्म 6, आधार से मतदाता पहचान पत्र जोड़ने के लिए फार्म 6 बी, मृत या स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाने के लिए फार्म 7 संशोधन, स्थानांतरण एवं प्रतिस्थापन इपिक प्राप्त करने के लिए फार्म 8 भरना होगा तथा अधिक जानकारी हेतु वोटर हेल्पलाईन नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं एवं वोटर हेल्पलाईन एप डाउनलोड करें. उन्होंने लोगों से उक्त सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की है.

# सात अगस्त को विधायक धनेन्द्र अपने समर्थक के साथ बुलेट से निकलेंगे पंचकोशी यात्रा पर

**नवापारा-राजिम,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू अंचल वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर द्वितीय श्रावण मास के प्रथम सोमवार सात अगस्त को अपने समर्थको के साथ पंचकोशी यात्रा पर निकलेंगे इस धार्मिक पंचकोशी यात्रा के दौरान तीन प्रमुख जिले रायपुर, महासमुंद एवं गरियाबंद में विराजमान सात प्राचीन शिवलिंग का विधि विधान से पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक करेंगे।

**मागेंगे अंचलवासियों के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना**

विदित हो कि श्री साहू कई वर्षों से हजारों समर्थकों एवं शिव भक्तों के साथ हर साल श्रावण के महीने में सोमवार को अपने बुलेट मोटरसाइकिल से स्वयं चलाते हुए यात्रा पर निकलते हैं एवं परिक्रमा पूरी करते है।



श्रीसाहू पंचकोशी यात्रा की शुरुआत प्रात: 7.30 बजे त्रिवेणी संगम राजिम से जल भरकर कुलेश्वर महादेव का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के साथ करेंगे कुलेश्वर महादेव का दर्शन- पूजन पश्चात श्री साहू का काफिला पटेवा की तरफ बढ़ेगा जहां प्रात: 9 बजे पटेश्वर महादेव की पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक होगा यह पंचकोशी यात्रा का प्रथम पड़ाव होगा इसके पश्चात काफिला चंपारण पहुंचेगा जहां पर स्वयंभू शिवलिंग चंपेश्वर महादेव का विधि विधान पूर्वक प्रात: 10.30 बजे पूजा एवं जलाभिषेक के पश्चात काफिला प्रात: 11.30 बजे छटेरा पहुंचेगा जहां तालाब के बीचो बीच विराजमान विशाल शिवलिंग का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना पश्चात महासमुंद जिला प्रवेश करेगा जहां पर 12.30 बजे ब्रम्हणी के ब्रम्हणेश्वर महादेव का विधी- विधान पूजा अर्चना करेंगे, पश्चात 2 बजे कनेकेरा में जलाभिषेक कर 3 बजे गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर में विराजमान फणीकेश्वर महादेव, संध्या 5 बजे कोपरा के कोपेश्वरनाथ महादेव का अभिषेक पूजन पश्चात पुन: शाम 7 बजे कुलेश्वर नाथ महादेव पहुंचेंगे जो की यात्रा का अंतिम पड़ाव होगा एवं यात्रा का समापन संगवारी में किया जाएगा इस दौरान हजारों समर्थकों एवं शिव भक्तों के बोलबम एवं भोलेनाथ महादेव के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहेगा।